# GORAKHPUR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-23-09-2024

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 997 वाहनों का चालान

**गोरखपुर (एसएनबी)।** शहर की यातायात व्यवस्था के सुगम संचालन हेतु शहर क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 997 वाहनों का चालान किया गया। मानक के विरूद्ध पाये गए तीन वाहनों को सीज किया गया जबकि 38500 रू. शमन शुल्क वसूल कर राजकीय कोष में जमा कराया गया।

- नियम विरुद्ध पाये जाने पर तीन वाहनों को किया गया सीज
- नागरिकों से की यातायात नियमों के पालन की अपील

एसपी यातायात की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक यातायात मनोज कुमार राय, अजीत कुमार पाण्डेय एवं अन्य सहयोगी यातायातकर्मियों ने पूरे शहर में बिना ड्राइविंग लाइसेंस के ई-रिक्शा/आटो चालकों की चेकिंग की गयी। बिना हेलमेट वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठाने, बिना नम्बर प्लेट लगी वाहन न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड से न चलाने एवं अन्य यातायात नियमों का पालन न करने वाले आम नागरिको से यातायात नियमों का पालन करने हेतु अपील की गयी। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 997 वाहनों का चालान विभिन्न धाराओ में किया गया एवं मानक के विरूद्ध पाये गये कुल 03 वाहनों को सीज किया गया।

# प्रस्तावित गैंगस्टर्स व हिस्ट्रीशीटरों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश

**गोरखपुर (एसएनबी)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर ने अपराध और अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए जिले के कानून और व्यवस्था की समीक्षा बैठक की। इस दौरान एसएसपी ने मातहतों को निर्देशित किया कि वह प्रस्तावित गैंगस्टर्स एवं हिस्ट्रीशीटर्स के विरूद्ध तेजी के साथ कार्रवाई करें।

- एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने की कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक

एसएसपी ने समीक्षा के दौरान कहा कि आगामी त्यौहारों (दुर्गा पूजा/दशहरा) को सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के दृष्टिगत छोटी सी छोटी सूचनाओं पर तत्काल निरोधात्मक कार्रवाई की जाए। दुर्गा पांडालों और सुरक्षा व मूर्ति स्थापना से लगायत विसर्जन तक जो भी पूर्व में निर्धारित नियम हैं उनका अक्षरशः पालन कराया जाए। समस्त लंबित विवेचनाओं का त्वरित निस्तारण कर लिया जाए। एसआर केसों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं विवेचना का त्वरित निस्तारण किया जाना चाहिए। थानों पर पंजीकृत गो-वध/गो-तस्करी से संबंधित समस्त लंबित अभियोगों की समीक्षा के उपरांत एसएसपी ने कहा कि वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए। थानों पर चल रहे अनुरक्षण कार्यों की समीक्षा के बाद आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

# सीसीटीवी फुटेज से हुई चोरों की पहचान, एक गिरफ्तार

**चिलुआताल (एसएनबी)।** थाना पुलिस ने मोहरीपुर बाजार स्थित गणेश नगर में जुलाई माह में एक व्यक्ति के घर हुई चोरी में शामिल दो चोरों की पहचान सीसीटीवी कैमरे से मिली फुटेज के आधार पर कर एक चोर को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से पुलिस ने चोरी गए रूपयों में से पांच हजार रुपए बरामद किए जाने का दावा किया है।

जुलाई माह में कुनाल मद्धेशिया के गणेशनगर स्थित नवनिर्मित बन्द मकान में चोरो ने ताला तोड़ कर घर में रखे नगदी सहित कुछ महत्वपूर्ण सामान चोरी कर लिये थे। चोरों की करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी थी। बरगदवा चौकी प्रभारी धर्मवीर सिंह अपने टीम के साथ सीसीटीवी कैमरो की जांच पड़ताल कर चोरी की घटना में शामिल दोनों चोरों की पहचान कर ली।

पुलिस ने इस मामले में एक चोर मोहरीपुर चौहान टोला निवासी मनीष चौहान पुत्र राम बुझारथ को पाँच हजार रुपये के साथ गिरफ्तार कर उसे कोर्ट में पेश किया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया। पुलिस फरार चल रहे दूसरे चोर की तलाश कर रही है।

## मारपीट के मामले में दोनों पक्ष ने दर्ज कराया केस

**बांसगांव (एसएनबी)।** थाना क्षेत्र के सरया गांव में हुई मारपीट के मामले में स्थानीय पुलिस ने दोनों पक्ष की तहरीर पर क्रास एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। सरया गांव निवासी अभय पाल पुत्र सहतु पाल ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया है कि गाँव के ही रत्नेश पुत्र राजकुमार अपने तीन साथियों के साथ मिलकर पुरानी रंजिश को लेकर पीटकर घायल कर दिए तथा जान से मारने की धमकी दिए। दूसरे पक्ष से रत्नेश के पिता राजकुमार ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया है कि अभय, सहतु व राहुल ने मिलकर मेरे पुत्र को गाली देते हुए बुरी तरह से मारे पीटे तथा जान से मार डालने की धमकी दिए।

## दरवाजे से पिकअप चोरी

**ककरही (एसएनबी)।** गोला क्षेत्र के देईडीहा निवासी संजय जायसवाल पुत्र मोती लाल जायसवाल ने पुलिस को तहरीर देकर सूचित किया है कि हमारी बोलेरो पिकअप यूपी 56 टी 5991 हमारे चाचा अनिल जायसवाल के घर के सामने खड़ी थी। जिसे बीती रात तकरीबन 1.30 चोर चुरा ले गए। इस बात की जानकारी हमें अगले दिन सुबह हुई। गायब होने के बाद हमने वाहन की बहुत तलाश की लेकिन नहीं मिला।

# अंतरराज्यीय साइबर ठग गैंग के आठ सदस्य गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** ऑनलाईन गेमिंग पोर्टल रेडी अन्ना में सट्टा खेलाने के नाम पर अलग-अलग बैंको के म्यूल खातों में पैसों की लेन-देन कर लोगों के साथ ठगी करने वाले अन्तर्राज्यीय गैंग के आठ साइबर अपराधी गिरफ्तार किये गए।

सीओ सर्किल ने बताया कि एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना शाहपुर के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना दबिश दी गयी। दबिश के दौरान रोहित प्रसाद पुत्र मदन प्रसाद निवासी प्रतापपुर रामपुर थाना श्रीरामपुर जनपद देवरिया, प्रिंस कुमार पुत्र स्व. अदालत सिंह निवासी सिसवा खुर्द थाना मैरवा जनपद सिवान बिहार, गुड्डू शर्मा पुत्र अनिरुद्ध शर्मा निवासी रामपुर प्रतापपुर थाना श्रीरामपुर जनपद देवरिया, रंजेश यादव पुत्र नंदलाल यादव निवासी रामपुर प्रतापपुर थाना श्रीरामपुर जनपद देवरिया, अमित शर्मा पुत्र रंगलाल शर्मा निवासी ठाकुरपुर छपरा बुजुर्ग थाना श्रीरामपुर जनपद देवरिया, अभय कुमार यादव पुत्र मुन्नी लाल यादव निवासी ठाकुरपुर छपरा बुजुर्ग थाना श्रीरामपुर जनपद देवरिया, संजीत कुमार खरवार पुत्र गंभीरा खरवार निवासी बैकुंठपुर प्रतापपुर थाना श्रीरामपुर जनपद देवरिया व चन्दन कुशवाहा पुत्र स्व. विजय मल्ल भगत निवासी बेलाव थाना दरौल्ली जनपद सिवान बिहारको गिरफ्तार किया। कब्जे से घटना में प्रयुक्त 29 अदद मोबाइल फोन, 2 अदद लैपटाप, 4 अदद टैबलेट व घटना में प्रयुक्त अभिलेख बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपितों के विरूद्ध धारा 111(2), 318 भान्यासं के तहत मुकदमा पंजीकृत कर उन्हें न्यायालय रवाना किया जा रहा है।

- आनलाइन गेमिंग पोर्टल रेडी अन्ना से कर रहे थे एक दिन में 12 लाख रुपए की ठगी

**एक मकान में कार्यालय खोलकर कर रहे थे ठगी**

एक मकान में अभियुक्तों द्वारा आनलाईन गेमिंग मे सट्टा लगाने वाले वेबसाइट रेडी अन्ना के माध्यम से अलग-अलग नाम के म्यूल बैंक खातों मे डिपोजिट व विड्राल किया जा रहा है कि सूचना मुखबिर द्वारा दी गयी। जिसके आधार पर उक्त स्थल पर छापेमारी कर आठ अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों द्वारा पूछताछ के दौरान बताया गया कि उनके द्वारा रेडी अन्ना नाम की वेबसाइट/पोर्टल जो अवैध रुप से आनलाईन गेमिंग में सट्टा लगाने हेतु पैसे का लेन देन किया जाता है, का पैनल खरीदकर एक ब्रांच के रुप में अपना कार्यालय बनाये थे व सट्टे के पैसे को मंगाने के लिए उनके द्वारा लोगों को बहला-फुसलाकर म्युल/फर्जी खाते खुलवाकर उनमें पैसो का लेन-देन करते थे। इस तरह उनके द्वारा एक दिन में लगभग 11-12 लाख रुपये का लेन-देन किया जाता है तथा पैसे आने पर आपस में बांट लिया जाता है।



अंतरराज्यीय साइबर ठग गैंग के गिरफ्तार आठ सदस्यों के साथ पुलिस टीम।

**गुडवर्क टीम में रहे शामिल**

प्रभारी निरीक्षक शाहपुर नीरज कुमार राय, चौकी प्रभारी हड़हवा फाटक कमलेन्द्र सिंह, एसआई दुर्गेश शुक्ला, चौकी प्रभारी रेल विहार एसआई सत्यम सिंह, एएसआई अमरकान्त थाना शाहपुर, मुख्य आरक्षी शशिशंकर राय, शशिकांत जायसवाल साइबर अपराध सेल, आरक्षी मोहित पाण्डेय, सौरभ पाल, राहुल सरोज, रामजी वर्मा, सुधार कुमार, गौरव कुमार यादव, अवधेश कुमार यादव थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर।

# रंजिश में दुकानदार का सिर फोड़ा सात पर केस

**भटहट (एसएनबी)।** गुलरिहा क्षेत्र के करमहा में शनिवार की रात एक दुकानदार को रंजिश में घेरकर पिटाई कर दी। सिर फटने से दुकानदार मौके पर ही बेहोश हो गया। पीड़ित के तहरीर पर गुलरिहा पुलिस तीन नामजद समेत सात के खिलाफ जानलेवा हमला करने का केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

क्षेत्र के करमहा उर्फ कम्हरिहा निवासी गयासुद्दीन किराने की दुकान चलाते है। आरोप है कि शनिवार की रात 9.30 बजे दुकान बंद करके घर वापस जा रहा था। रास्ते में अचानक सलमान, फूल मोहम्मद, शाहरुख व तीन से चार अज्ञात मिलकर गाड़ी रोककर गिरा दिए। सलमान ने पीछे से राड से हमला कर दिया जिससे पीड़ित का सिर फट गया और बेहोश हो गया। राहगीरों की मदद से घायल को मेडिकल कालेज भर्ती कराया गया। पीड़ित की तहरीर पर गुलरिहा पुलिस सात के खिलाफ केस दर्ज कर ली है।

# हत्यारोपितों पर कार्रवाई की मांग को लेकर सड़क जाम

- शव वाहन को थाने से महज दो सौ मीटर दूर बीर बहादुर सिंह चौराहे पर खड़ा कर दिया परिजनों ने
- प्रभारी निरीक्षक कैम्पियरगंज द्वारा कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद परिजन माने
- जमीन बैनामा कराने के बाद अपहरण व हत्या कर शव को राप्ती नदी में फेंकने का आरोप
- परिजनों का यह भी आरोप कि संतकबीरनगर पुलिस समय पर करती कार्रवाई तो नहीं जाती विशाल जायसवाल की जान

**गोरखपुर (एसएनबी)।** हत्यारोपितों पर कार्रवाई की मांग को लेकर रविवार को हुए पोस्टमार्टम के बाद विशाल जायसवाल के शव वाहन को कैम्पियरगंज थाना क्षेत्र के बीर बहादुर सिंह चौराहे पर खड़ा कर जाम कर दिया। परिजनों का आरोप था कि विशाल जायसवाल से भूमि बैनामा कराने के बाद खलीलाबाद के रहने वाले दो लोगों ने अपने साथियों संग उसका अपहरण कर लिया। हत्या करने के बाद शव को राप्ती नदी में ठिकाने लगा दिया। विशाल के अपहरण आदि की घटना की सूचना संतकबीरनगर जिले के मेंहदावल थाना पुलिस को दी गयी लेकिन पुलिस ने समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की। सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक कैम्पियरगंज पंकज गुप्ता ने परिजनों को समझाबुझाकर जाम समाप्त कराया। थानेदार ने कहा कि न्यायोचित कार्रवाई की जाएगी।

कैम्पियरगंज पुलिस ने कैरमैनीघाट के समीप राप्ती नदी से थाना क्षेत्र के डुमरिया गांव निवासी विशाल जायसवाल का शव शनिवार को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। रविवार को विशाल के शव का पोस्टमार्टम हुआ।



पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। परिजन शव वाहन से विशाल के शव को लेकर शाम 6 बजे के आसपास कैम्पियरगंज थाने से तकरीबन दो सौ मीटर दूर बीर बहादुर सिंह चौराहे पर लेकर पहुंचे। यहां चौराहे पर शव वाहन को खड़ा कर जाम लगा दिया। यहां तैनात पुलिसकर्मियों ने समझाने का प्रयास किया लेकिन परिजन और ग्रामीण नहीं मानें बल्कि आक्रोशित होकर उच्चाधिकारियों को बुलाने की मांग करने लगे। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक कैम्पियरगंज पंकज गुप्ता मयफोर्स मौके पर पहुंचे। परिजनों का आरोप था कि खलीलाबाद के रहने वाले दो व्यक्तियों ने विशाल को बहलाफुसलाकर एक योजना के तहत उसकी भूमि को बैनामा करा लिया। भूमि बैनामा कराने के बाद उक्त लोग विशाल को अपहृत कर उसकी हत्या कर शव को राप्ती नदी में ठिकाने लगा दिया। विशाल के अपहरण आदि की सूचना संतकबीरनगर जिले की मेंहदावल थाना पुलिस को दी गयी लेकिन थाना पुलिस ने एक नहीं सुनी। यदि थाना पुलिस ने उचित कार्रवाई की होती तो विशाल की शायद जान बच सकती थी। इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक पंकज गुप्ता ने बताया कि शव को बरामद कर पोस्टमार्टम करा दिया गया है। पीड़ित परिवार के तहरीर पर आगे की कार्रवाई शुरू की जायेगी। उन्होंने कहा कि जो भी तथ्य सामने आयेंगे उस आधार पर न्यायोचित कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित कर दोषियों पर कार्रवाई होगी।

# एम्स के ईडी पर आपत्तिजनक टिप्पणी

## देश के सभी एम्स के ईडी और प्रमुख लोगों के पास स्पीड पोस्ट से भेजी गई चिट्ठी

जागरण संवाददाता, गोरखपुरः एम्स गोरखपुर के कार्यकारी निदेशक (ईडी) प्रो. गोपाल कृष्ण पाल के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी वाला एक पत्र दो दिन से वायरल हो रहा है। इस पत्र की भाषा बहुत ही अशोभनीय है। पत्र देश के सभी एम्स के ईडी के साथ ही प्रमुख लोगों और एम्स गोरखपुर के प्रोफेसरों के पास स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा गया है। ईडी ने पत्र को गंभीरता से लेते हुए पूरी जानकारी स्वास्थ्य मंत्रालय को भेज दी है। पत्र भेजने वाले की गोपनीय जांच शुरू कर दी गई है।

पत्र भेजने वाले की जगह डा. संगीता गुप्ता का नाम है। हालांकि पत्र पर दस्तखत नहीं है। एम्स गोरखपुर में फिजियोलाजी विभाग की एडिशनल प्रोफेसर डा. संगीता गुप्ता सर्जरी के विभागाध्यक्ष डा. गौरव गुप्ता की पत्नी हैं। उन्होंने प्रोफेसर पद पर चयन के लिए आवेदन किया था। 25 जुलाई को हुए साक्षात्कार में वह नहीं चुनी जा सकी थीं। इसके बाद उन्होंने चयन समिति के खिलाफ सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल में याचिका दायर की थी। यहां से याचिका खारिज होने के बाद उन्होंने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी लेकिन इसे भी खारिज कर दिया गया। पत्र में पदोन्नति न होने का भी हवाला दिया गया है। डा. गौरव गुप्ता का कहना है कि पत्र फर्जी है। ऐसे पत्र पर विश्वास न करें। ईडी प्रो. गोपाल कृष्ण पाल ने कहा कि मेरे खिलाफ बहुत गंदे शब्दों का इस्तेमाल करते हुए पत्र लिखा गया है। इसे बर्दाश्त नहीं करूंगा। मंत्रालय में इसकी पूरी जानकारी देने के साथ ही जिसने भी ऐसा कृत्य किया है, उसे छोड़ा नहीं जाएगा। जल्द जांच शुरू होगी।

**ईडी की पत्नी को साक्षात्कार से क्यों रोका गयाः** एम्स गोरखपुर के ईडी के खिलाफ मोर्चा खोलने वाले सर्जरी विभागाध्यक्ष डा. गौरव गुप्ता ने प्रो. प्रभाती पाल के एम्स के ईडी पद के लिए हुए साक्षात्कार में न शामिल होने पर सवाल उठाए हैं। प्रो. प्रभाती पाल, प्रो. गोपाल कृष्ण पाल की पत्नी हैं। डा. गौरव ने कहा कि 18 सितंबर को होने वाले साक्षात्कार में प्रो. प्रभाती पाल को रोक दिया गया था। ईडी प्रो. पाल ने कहा कि प्रो. प्रभाती पाल ने खुद ही साक्षात्कार में न शामिल होने का निर्णय लिया था। उनको साक्षात्कार से कोई नहीं रोक सकता था।

## ईडी के बेटे के प्रमाण पत्र की शुरू हुई जांच

- पटना के डीएम ने तीन सदस्यीय समिति का किया गठन
- शपथ पत्र के साथ लगाए गए प्रमाण पत्रों की होगी जांच

जागरण संवाददाता, गोरखपुर/पटना : एम्स गोरखपुर व पटना के कार्यकारी निदेशक (ईडी) व मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) प्रो. गोपाल कृष्ण पाल के बेटे के अन्य पिछड़ा वर्ग नान क्रीमीलेयर (एनसीएल) प्रमाण पत्र की जांच शुरू हो गई है। पटना के डीएम डा. चंद्रशेखर सिंह ने जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है। इसमें विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी और जिला लेखा पदाधिकारी को शामिल किया गया है। डीएम ने बताया कि प्रमाणपत्र कैसे निर्गत हुआ, क्या शपथ पत्र दिया गया था, जैसे बिंदुओं पर जांच कराई जा रही है। जल्द ही रिपोर्ट आ जाएगी।

30 अगस्त को प्रो. गोपाल कृष्ण पाल के बेटे डा. ओरोप्रकाश पाल ने एम्स गोरखपुर के माइक्रोबायोलाजी विभाग में एमडी पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया था। प्रवेश के समय उन्होंने अन्य पिछड़ा वर्ग नान क्रीमीलेयर प्रमाण पत्र लगाया था। इस पर एम्स गोरखपुर में सर्जरी विभागाध्यक्ष व एडिशनल प्रोफेसर डा. गौरव गुप्ता ने आपत्ति जताते हुए शिकायत की थी। इस बीच तीन सितंबर को डा. ओरोप्रकाश पाल ने अपना प्रवेश रद करा लिया। उन्होंने जुर्माना के तौर पर तीन लाख रुपये भी एम्स गोरखपुर में जमा कराए।



एम्स गोरखपुर• जागरण

# दहेज हत्यारोपित सास गिरफ्तार

**पीपीगंज (एसएनबी)।** विवाहिता को दहेज के लिए जलाकर मार डालने के मामले में फरार चल रही उसकी सास को पीपीगंज पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस आरोपिता को दर्ज मुकदमे की धाराओं के तहत कोर्ट में पेश की जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस इसके पूर्व विवाहिता के आरोपित पति को भी गिरफ्तार कर सलाखों तक पहुंचा चुकी है।

संतकबीरनगर के थाना मेंहदावल के बेलौली गांव निवासी दीनानाथ गौड़ ने अपनी बेटी बंदना की शादी पीपीगंज थाना क्षेत्र के



राजाबारी जसवल गांव निवासी पिंटू से किया था। 17 जुलाई की रात बंदना 27 वर्ष को दहेज के लिए ससुराल वाले जला दिये। गंभीर रूप से जली बंदना को बीआरडी मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था जहां उसने इलाज के दौरान कुछ दिन बाद दम तोड़ दिया। इस मामले में पीपीगंज पुलिस ने विवाहिता के पिता की तहरीर पर पति समेत ससुराल के अन्य लोगों के विरूद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर पति को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश की जहां से उसे जेल भेज दिया गया था। इस मामले में फरार चल रही मृत विवाहिता की सास सोनमती को भी आज गिरफ्तार कर विभिन्न धाराओं के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# लूट के सामानों के साथ एक बदमाश गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। रामगढ़ताल पुलिस ने एक लुटेरे को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूट की एक पर्स और 930 रुपये नकद बरामद किए जाने का दावा किया है।

प्रभारी निरीक्षक थाना रामगढ़ताल के नेतृत्व वाली पुलिस टीम ने लुटेरे को गिरफ्तार किया। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम विजय निषाद उर्फ छोटे पुत्र सुरेन्द्र निषाद निवासी रसूलपुर इन्द्रानगर थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर बताया। आरोपित को पुलिस ने दर्ज मुकदमे की धाराओं के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गुडवर्क टीम में चौकी प्रभारी चिड़ियाघर एसआई चन्दन कुमार सिंह, चौकी प्रभारी पॉमपैराडाइज राम सिंह, मुख्य आरक्षी कयूम अली व आरक्षी राहुल यादव थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर शामिल रहे।

# ईगल सेल फेल, चल रहा कबूतरबाजी का खुला खेल

जितेंद्र पाण्डेय • जागरण

- शहर से लेकर देहात तक ठिकाना बना कबूतरबाज कर रहे ठगी
- दो वर्ष पहले ईगल सेल का हुआ था गठन, तैयार करनी थी सूची

गोरखपुर : विदेश में अच्छी नौकरी व वेतन दिलाने का सब्जबाग दिखा कबूतरबाज पूर्वांचल के बेरोजगारों से ठगी कर रहे हैं। कबूतरबाजों ने शहर से लेकर देहात क्षेत्र तक ठिकाना बना रखा है। ठगी के शिकार पीड़ित जब शिकायत लेकर थाने व पुलिस कार्यालय पहुंच रहे हैं, तो केस दर्ज हो रहा है। लेकिन, प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पा रही है। कबूतरबाजी पर अंकुश लगाने के लिए गठित ईगल सेल पूरी तरह फेल नजर आ रही है।

एसपी सिटी के नेतृत्व में गठित ईगल सेल को जिम्मेदारी दी गई थी कि ठगी करने वालों की सूची बनाएं। एक से अधिक अपराध करने वालों को चिह्नित कर गैंगस्टर की कार्रवाई कराने के साथ ही जिलाधिकारी को रिपोर्ट भेज संपत्ति जब्त कराएं। लेकिन, दो वर्ष पहले गठित ईगल सेल पूरी तरह निष्क्रिय है। इसका फायदा कबूतरबाज उठा रहे हैं। कबूतरबाज टूरिस्ट वीजा देकर बेरोजगारों को नौकरी के नाम पर विदेश भेज रहे हैं। वहां पहुंचने पर पता चल रहा कि उनके साथ ठगी हुई है। किसी तरह से लौटने के बाद जब वह कार्यालय पहुंच रहे हैं, तो ताला बंद मिल रहा है। बेरोजगार युवा और ग्रामीण उनके झांसे में आकर अपनी गाढ़ी कमाई गंवा रहे हैं।

पांच अप्रैल, 2016 को कैंट इलाके में आजाद चौक पर कार्यालय खोल दुबई में नौकरी का विज्ञापन देकर 700 युवकों से ठगी का मामला सामने आया।

जनवरी, 2020 में पिपराइच के ताज पिपरा चौराहे पर कार्यालय खोल कबूतरबाजों ने 53 लोगों से रुपये लेकर दिल्ली एयरपोर्ट पर भेजा, वहां वीजा व टिकट फर्जी होने का पता चला।

16 दिसंबर, 2022 को कैंट क्षेत्र के मोहद्दीपुर में ठगी का मामला सामने आया। जालसाज ने विदेश भेजने के नाम पर 50 लोगों से 25 लाख से अधिक की ठगी की थी।

तीन जनवरी, 2023 को खोराबार थाने में पांच युवकों ने तहरीर देकर रामनगर कड़जहां में एक पेट्रोल पंप के पास कबूतरबाज द्वारा कार्यालय खोलकर ठगी करने की शिकायत की थी।

> विदेश भेजने व नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश थानेदारों को दिए गए हैं। शिकायत आने पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई कर रही है। पूर्व में गठित ईगल सेल की उपयोगिता की समीक्षा होगी। बेरोजगारों से ठगी करने वालों पर गैंगस्टर की कार्रवाई कर उनकी संपत्ति जब्त कराई जाएगी।
>
> अभिनव त्यागी, एसपी सिटी



## विदेश भेजने के नाम पर ठगी का आरोप, केस दर्ज

जासं, गोरखपुर : विदेश भेजने के नाम पर युवकों से जालसाजी के आरोप में कैंट पुलिस ने सिंघड़िया स्थित प्रियांशु टेस्ट एवं ट्रेनिंग सेंटर के संचालक आरएन सिंह व एजेंट बबलू चौहान पर केस दर्ज किया है। एम्स थाना क्षेत्र के रजही के विवेक चौहान ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि विदेश भेजने के नाम पर आरएन सिंह ने एजेंट बबलू चौहान के माध्यम से बुलवाया। वीजा देने के नाम पर उससे 68 हजार रुपये लिया गया, फिर मेडिकल कराया गया। फ्लाइट से वह मुंबई गया, वहां पर मेडिकल में अनफिट बता वापस कर दिया गया। जब पैसे वापस मांगे, तो 49 हजार रुपये देकर पासपोर्ट एवं वीजा रख लिया गया। अब शेष रुपये मांगने पर धमकी दी जा रही है।

# युवक को अगवा कर माफिया ने बनाया फर्जी चोरी का वीडियो

- खनन विभाग ने गीडा थाने में माफिया पर दर्ज कराया था केस
- मुखबिरी की आशंका में युवक को बनाया निशाना, बिगड़ी तबीयत

जासं, गोरखपुर : खनन विभाग की कार्रवाई के बाद खनन माफिया ने चोरी का फर्जी वीडियो बनाकर एक युवक को चोर बना दिया। माफिया को आशंका है कि युवक की मुखबिरी पर वह पकड़ा गया है। इससे घबराकर युवक की तबीयत बिगड़ गई। वह पांच दिन एक नर्सिंग होम में भर्ती रहा। युवक का कहना है जांच में हार्ट अटैक जैसा मामला आया है। उधर, घटना की जानकारी होने के बाद गीडा पुलिस ने गोपनीय तरीके से मामले की जांच शुरू कर दी है। इसके साथ ही पूर्व में दर्ज केस में फरार चल रहे एक और खनन माफिया की तलाश चल रही है।

खनन माफिया व बड़हलगंज निवासी युवक पर गीडा थाने में कुछ दिन पहले अवैध खनन का केस दर्ज किया गया है। खनन विभाग ने उसकी गाड़ी जब्त कर सीज की कार्रवाई भी की थी। लेकिन, इसी बीच अब एक नया मामला सामने आ गया। खनन माफिया मुखबिरी की आशंका में बड़गहन के युवक को अगवा कर एक ईंट भट्ठे पर उठा ले गया। इसके बाद खजनी क्षेत्र में एक कमरे पर ले गया। आरोप है कि वहां पर पहले से बिखरे सामान और नोट का वीडियो बना रहे एक युवक ने बड़गहन के युवक के अंदर आते ही उसका भी वीडियो बना लिया और चोर बता दिया गया। खनन माफिया ने धमकी दी कि अगर पुलिस में शिकायत की तो फिर चोर बताकर केस दर्ज करा देगा। इसके बाद युवक डर गया और बीमार हो गया। सामान्य दर्द समझकर अस्पताल गया, लेकिन वहां पर उसे हार्ट अटैक बताकर आनन-फानन आईसीयू में भर्ती किया गया। सीओ गीडा प्रशाली गंगवार ने कहा कि युवक को डरने की जरूरत नहीं है। अगर उसके साथ घटना हुई है तो वह थाने आकर शिकायत करे। आरोपितों पर कार्रवाई होगी।

# पत्नी को जलाने का आरोपित गिरफ्तार

जासं.गोरखपुर : दहेज के लिए पत्नी को प्रताड़ित करने के आरोपित को गोरखनाथ थाना पुलिस ने रविवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया।

राजघाट क्षेत्र में रहने वाली बानो बेगम ने 17 अगस्त को गोरखनाथ थाना पुलिस को बताया था कि बेटी चांदनी की शादी पचपेड़वा निवासी अशफाक उर्फ मोनू से हुई है। शादी के बाद से ही पति अशफाक व सास शकीला उनकी बेटी को प्रताड़ित कर रहे थे। विरोध पर 16 अगस्त को मारपीट कर घायल करने के बाद पैर जला दिया। सीओ गोरखनाथ योगेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपित पति को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# आनलाइन सट्टा खिलाने वाले गिरोह का पर्दाफाश, आठ गिरफ्तार

## सिवान और देवरिया के रहने वाले जालसाजों ने शाहपुर में बनाया था अड्डा, रेडी अन्ना गेमिंग पोर्टल पर खिलाते थे सट्टा

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : शाहपुर क्षेत्र में किराए पर कमरा लेकर जालसाजों का अंतरराज्यीय गिरोह आनलाइन सट्टा खिला रहा था। साइबर सेल की मदद से शाहपुर थाना पुलिस ने सिवान (बिहार) और देवरिया के रहने वाले गिरोह के आठ सदस्यों को रविवार की सुबह गिरफ्तार कर उनके कब्जे से मोबाइल, लैपटाप, चेकबुक, रजिस्टर व अन्य दस्तावेज बरामद किया। देवरिया जिले के रहने वाले सरगना व गाजियाबाद में रहने वाले उसके साथी की तलाश में पुलिस व साइबर सेल की टीम छापेमारी कर रही है।

सीओ गोरखनाथ योगेंद्र सिंह ने रविवार की शाम कार्यालय में प्रेस वार्ता कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रामजानकी नगर मोहल्ले में किराए पर कमरा लेकर आनलाइन सट्टा खिलाने वाले गिरोह के बारे में सुबह पुलिस को सूचना मिली। शाहपुर थानेदार नीरज राय ने साइबर सेल की टीम के साथ मकान में छापा मारा। यहां से आठ युवक गिरफ्तार किए गए। पूछताछ में पता चला कि यह गिरोह रेडी अन्ना नामक आनलाइन गेमिंग पोर्टल की फ्रेंचाइजी लेने के बाद रुपये कमाने का झांसा देकर युवाओं को सट्टा खिला रहा था। दुबई में रहने वाले रेडी अन्ना गेमिंग पोर्टल का संचालक म्यूल खातों के जरिये रोजाना रुपये की निकासी करता था। प्रतिदिन होने वाली पांच से 10 लाख रुपये की कमाई पर फ्रेंचाइजी लेने वाले गिरोह के सरगना देवरिया जिले के मनीष को कमीशन मिलता था।



अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता करते सीओ गोरखनाथ • जागरण

- म्यूल खाते में भेजते थे रकम, 60 से अधिक खातों में हुआ लेनदेन
- साइबर सेल की टीम छानबीन में जुटी, सरगना की चल रही तलाश

### म्यूल खातों में हुआ दो करोड़ से अधिक का लेनदेन

आरोपितों ने पूछताछ में बताया कि उनके द्वारा रेडी अन्ना नाम की वेबसाइट/पोर्टल से आनलाइन गेमिंग में सट्टा लगाने के लिए पैसे का लेनदेन किया जाता था। उन्होंने इसका चार पैनल खरीदकर एक ब्रांच के रूप में अपना कार्यालय शाहपुर के रामजानकी नगर में बनाया था। सट्टे के पैसे को निकालने के लिए उनके द्वारा लोगों को बहला-फुसलाकर म्यूल/फर्जी खाता खुलवाया गया था। एक दिन में 11-12 लाख रुपये का लेनदेन किया जाता था। पुलिस की जांच में पता चला कि तीन माह के भीतर 60 से अधिक म्यूल खातों में दो करोड़ से अधिक का लेनदेन हुआ है।

**इनकी हुई गिरफ्तारी :** शाहपुर थाना पुलिस ने देवरिया जिले के श्रीरामपुर, प्रतापपुर के रहने वाले रोहित प्रसाद, गुड्डू शर्मा, रंजेश यादव, ठाकुरपुर के रुपवा बुजुर्ग गांव में रहने वाले अमित शर्मा, अभय कुमार यादव, बैकुंठपुर के संजीत खरवार, सिवान (बिहार) के दरौली, बेलाव में रहने वाले चंदन कुशवाहा, मैरवा के सिसवा खुर्द में रहने वाले प्रिंस कुमार को गिरफ्तार किया। गिरोह के सरगना देवरिया के मनीष व गाजियाबाद के रहने वाले सूरज की तलाश चल रही है।

**24 घंटे खुला था कार्यालय :** सट्टा खिलवाने गिरोह का कार्यालय 24 घंटे खुला रहता था। इनके पास आनलाइन गेम खिलाने की चार लाइन की फ्रेंचाइजी थी। कार्यालय की तलाशी में 29 मोबाइल फोन, दो लैपटाप, चार टेबलेट, नौ एटीएम कार्ड, आठ आधार कार्ड, पांच पैन कार्ड, एक निर्वाचन कार्ड, दो चेकबुक, आठ रजिस्टर व अन्य दस्तावेज मिले।

# खनन माफिया ने चोरी का फर्जी वीडियो बनाया, युवक को हार्टअटैक

- खनन माफिया पर खनन विभाग ने की थी कार्रवाई, दर्ज कराया था केस
- पुलिस को मुखबिरी करने के शक पर बड़गहन के मोनू नाम के युवक को बनाया निशाना
- आरोपितों ने सामान और रुपये बिखेरे फिर युवक को जबरन पकड़कर ले गए

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। खनन विभाग की कार्रवाई के बाद खनन माफिया ने एक युवक को निशाना बना दिया। खनन माफिया को शक है कि युवक ने ही उसकी मुखबिरी कर पकड़वाया है और इसके बाद चोरी का एक फर्जी वीडियो बनाकर युवक को चोर बताया गया। इससे डरे युवक को हार्ट अटैक आ गया और उसे एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। उधर, घटना की जानकारी होने के बाद पुलिस गोपनीय तरीके से मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, पूर्व में दर्ज केस में फरार खनन माफिया की तलाश तेज कर दी गई है।

खनन माफिया व बड़हलगंज निवासी युवक पर गीडा थाने में अवैध खनन का केस दर्ज किया गया। खनन विभाग ने उसकी गाड़ी पर कार्रवाई भी की थी। लेकिन, इसी बीच अब एक नया मामला सामने आ गया है। पता चला है कि बड़गहन के रहने वाले एक युवक पर खनन माफिया को संदेह हो गया कि वह सटीक सूचना देकर गाड़ी पकड़वा दे रहा है। इसके बाद खजनी इलाके के एक कमरे में उसे जबरन बुलाया गया। वहीं पर सामान बिखेरा गया और नोट भी बिखेर दिया गया। पहले से वीडियो एक युवक बना रहा था और बड़गहन के युवक के अंदर जाते ही उसका वीडियो बनाकर उसे चोर बता दिया गया। फिर खनन माफिया ने उसे बताया कि अगर तुमने पुलिस में शिकायत की तो फिर चोर बताकर केस दर्ज करा देगा।



### खनिज मोहर्रिर पर भी कर चुका है हमला

26 जून की रात में खनन की जांच करने निकले खनिज मोहर्रिर पर हमला करने का मामला भी सामने आया था। इसमें यही खनन माफिया आरोपी बनाया गया था। तब पुलिस ने आरोपित को जेल भी भेजा लेकिन कुछ दिन बाद जमानत पर बाहर आया और फिर से काम करने लगा। इतना ही नहीं उसने खनन विभाग के अफसर को भी समझा लिया था और वह एसएसपी के पास केस वापस लेने की सिफारिश तक लेकर पहुंच गए थे। लेकिन, उन्होंने डीएम से शिकायत की बात कही तो वह लौट गए थे। अब एक बार फिर वह सक्रिय हो गया है। उस पर पांच से अधिक केस दर्ज हैं।

इसके बाद युवक डर गया और उसे हार्टअटैक आ गया। पहले तो सामान्य दर्द समझकर अस्पताल गया लेकिन वहां पर फिर उसे दूसरा अटैक भी आ गया और आनन-फानन में उसे आईसीयू में भर्ती किया गया। इधर, इस तरह की घटना की जानकारी के बाद पुलिस ने युवक से संपर्क किया तो उसने सच्चाई तो बता दी, लेकिन डरे होने की वजह से अभी तहरीर नहीं दी है। लेकिन, गीडा पुलिस अपने स्तर से इस मामले की जांच कर रही है।

**अब भी पिपराइच का खनन माफिया फरार :** हाल में ही पिपराइच इलाके में खनन टीम पर हमला करने का मामला सामने आया था। उसमें पुलिस ने केस दर्ज कर दो आरोपितों को जेल भी भेजा लेकिन एक आरोपित अब भी फरार है। केस में उसका नाम भी दर्ज है, लेकिन वह पुलिस की पकड़ से दूर है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही उसकी गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

# पूर्व एनाटमी विभागाध्यक्ष पर एफआइआर के खुले हैं रास्ते

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : एम्स गोरखपुर के एनाटमी विभागाध्यक्ष डा. कुमार सतीश रवि के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराने का विकल्प खुला है। एम्स प्रशासन ने इसके लिए विधिक जानकारी ली है। गलत सूचना देकर नियुक्ति पाने के मामलों में केंद्र सरकार ने एफआइआर दर्ज कराने का प्रविधान किया है। एफआइआर कार्यकारी निदेशक की ओर से दर्ज कराई जा सकती है। उनकी गैरमौजूदगी में उप निदेशक प्रशासन एफआइआर दर्ज करा सकते हैं। हालांकि एम्स प्रशासन ने अब तक इस पर कोई निर्णय नहीं लिया है।

शुक्रवार को एम्स प्रशासन ने प्रोफेसर के पद पर डा. कुमार सतीश रवि की नियुक्ति का अनुमोदन न करते हुए उन्हें पद मुक्त कर दिया था। इसके बाद से ही परिसर में एफआइआर दर्ज कराने को लेकर चर्चा हो रही है। विधिक राय में भी कहा जा चुका है कि एम्स प्रशासन को इस मामले में एफआइआर दर्ज करा देनी चाहिए। हालांकि अभी इस पर निर्णय नहीं लिया जा सका है। जीएसवीएम मेडिकल कालेज कानपुर की पूर्व प्राचार्य व एम्स गोरखपुर में बोर्ड आफ गवर्नर की सदस्य प्रो. आरती लाल चंदानी समेत कई सदस्यों ने एफआइआर दर्ज कराने पर सहमति दी है।

**प्रो. सुरेखा किशोर को नोटिस भेजने की तैयारी** : चेयरमैन देशदीपक वर्मा के निर्देश के बाद भी डा. कुमार सतीश रवि को नियुक्ति देने के मामले में एम्स की तत्कालीन कार्यकारी निदेशक प्रो. सुरेखा किशोर को नोटिस भेजने की तैयारी हो रही है। कमेटी ने प्रो. सुरेखा किशोर से स्पष्टीकरण मांगने को कहा है।

प्रो. सुरेखा किशोर वर्तमान में एम्स ऋषिकेश में तैनात हैं। उन्हें एम्स गोरखपुर से दो जनवरी को हटाया गया था। इसके बाद एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रो. गोपाल कृष्ण पाल को एम्स गोरखपुर की भी जिम्मेदारी दी गई।

## आज दाखिल होगी कैविएट

एम्स प्रशासन डा. कुमार सतीश रवि के मुद्दे को लेकर सोमवार को सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल और उच्च न्यायालय में कैविएट दाखिल करेगा। इसकी जिम्मेदारी वरिष्ठ अधिवक्ता विद्यानाथ शुक्ल को दी गई है। उन्होंने तैयारी पूरी कर ली है।

# अभियान के तहत 997 वाहनों का किया चालान

गोरखपुर : एसएसपी के निर्देशन व एसपी यातायात के पर्यवेक्षण में शहर की यातायात व्यवस्था के सुगम संचालन के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। ई-रिक्शा/आटो चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस जांचे गए। लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 997 वाहनों का चालान किया गया। तीन वाहन सीज किए गए। 38500 रुपये वसूले गए। अभियान में प्रभारी निरीक्षक यातायात मनोज कुमार राय, अजीत कुमार पांडेय एवं अन्य शामिल रहे।

# फोरलेन पर लिफ्ट लेकर लूटने वाला गिरफ्तार

जासं, गोरखपुर : फोरलेन पर लिफ्ट लेकर गोंडा के युवक की बाइक, रुपये व मोबाइल लूटने वाले गिरोह के बदमाश को रामगढ़ताल थाना पुलिस ने रविवार की सुबह गिरफ्तार किया।



रामगढ़ताल थाना पुलिस की गिरफ्त में विजय निषाद •

आरोपित के कब्जे से पीड़ित का पर्स व लूट के 930 रुपये बरामद हुए। गिरोह के सरगना को पुलिस ने मुठभेड़ में पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। फरार चल रहे दो अन्य बदमाशों की तलाश चल रही है। एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि गोंडा जिले के मनकापुर इलाके के बंदरही निवासी योगेश उपाध्याय नगर निगम में कूड़ा निस्तारण का काम करने वाली फर्म में आपरेटर के पद पर तैनात हैं। चार सितंबर को सरदारनगर से नौसढ़ में स्थित अपने कमरे पर जा रहे थे। फोरलेन बाईपास पर मिले बदमाशों ने पहले लिफ्ट मांगी उसके बाद तमंचा सटाकर जेब में रखा पर्स, उनकी बाइक व मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। सर्विलांस व सीसी कैमरे की फुटेज से पहचान कर गिरोह के सरगना गोपालपुर में रहने वाले प्रिंस निषाद को पुलिस ने पांच सितंबर की सुबह मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। इंद्रानगर के विजय निषाद को रविवार की सुबह पुलिस ने गिरफ्तार किया।

# गिरोह बना अपराध करने वालों पर कसें शिकंजा

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने रविवार की रात पुलिस लाइन में क्राइम मीटिंग की। पुलिस अधिकारियों के साथ ही थानेदारों को निर्देश दिए कि गिरोह बनाकर अपराध करने वालों पर शिकंजा कसने के साथ ही गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज कराएं।

लंबित विवेचना का निस्तारण करने के साथ ही त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से निपटाने के लिए अभी से तैयारी शुरू कर दें। पूजा समिति के पदाधिकारियों के साथ ही शांति कमेटी की बैठक कर लें। प्रतिमा स्थापित होने के साथ ही विसर्जन तक निगरानी करने वाले नोडल का नाम व मोबाइल नंबर की सूची बना लें। अधिकारी थाने जाकर इसका सत्यापन कर लें। कहीं कोई गड़बड़ी या लापरवाही बरती जा रही है तो उसे ठीक कराएं।फरार चल रहे आरोपितों को गिरफ्तार करने के साथ ही हिस्ट्रीशीटरों का सत्यापन कर लें। अपराध में अ गर कोई सक्रिय है तो उसके विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करें। क्राइम मीटिंग में एसपी सिटी अभिनव त्यागी, एसपी दक्षिणी जितेंद्र कुमार, एसपी यातायात संजय कुमार मौजूदरहें।



पुलिस लाइन में क्राइम मीटिंग करते एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर • सौ. पुलिस मीडिया सेल

ऑनलाइन सट्टा खेलाने वाले गैंग के आठ सदस्य हुए अरेस्ट

# रेडी अन्ना गैंग की कमर तोड़ी

सिवान और देवरिया के जालसाजों ने शाहपुर में बनाया था अड्डा

रेडी अन्ना गेमिंग पोर्टल पर खेलाते थे सट्टा, दो शिफ्ट में कार्यालय

i UPDATE

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (22 Sept): शाहपुर एरिया में किराए पर कमरा लेकर जालसाजों का इंटर स्टेट गैंग ऑनलाइन सट्टा खेला रहा था. साइबर सेल की मदद से शाहपुर थाना पुलिस ने सिवान (बिहार) और देवरिया के रहने वाले गिरोह के आठ सदस्यों को रविवार की सुबह अरेस्ट कर उनके कब्जे से मोबाइल, लैपटॉप, चेकबुक, रजिस्टर व अन्य दस्तावेज बरामद किए. देवरिया के सलेमपुर व गाजियाबाद में रहने वाले उनके साथी की तलाश में पुलिस व साइबर सेल की टीम छापेमारी कर रही है.



**सुबह मिली सूचना**

[illegible]

**दो करोड़ का लेनदेन**

[illegible]

**24 घंटे खुलता ऑफिस**

[illegible]

**दुबई में सिलाली**

[illegible]



**ये किए गए अरेस्ट**

[illegible]

# बिना जेई छापा मारने पहुंच रही विजिलेंस टीम

## बिना जेई के विजिलेंस टीम नहीं कर सकती है कोई जांच

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (22 Sept): चोरी से बिजली का यूज करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए बनाई गई विजिलेंस टीम में मनमानी हो रही है. विजिलेंस टीम बिना अवर अभियंता (जेई) क्षेत्र में पहुंच जा रहे हैं. जेई की गैर मौजूदगी में भी जांच की जा रही है. जबकि नियम है कि विजिलेंस टीम बिना जेई जांच नहीं कर सकती है. यही वजह है कि टीम में जेई की तैनाती की जाती है.

### चीफ इंजीनियर का कंट्रोल

बिजली निगम की विजिलेंस टीम में उत्तर प्रदेश पुलिस के निरीक्षक, उप निरीक्षक और सिपाहियों की तैनाती की जाती है. यह टीम मुख्य अभियंता के अधीन काम करती है. वर्ष 2019 तक बिजली निगम की विजिलेंस टीम चोरी के मामलों को संबंधित थाने में दर्ज कराती थी. कई बार चोरी की एफआइआर दर्ज कराने को लेकर विजिलेंस व संबंधित थाने में टकराव की स्थिति बन जाती थी. इसे देखते हुए हर जिले में एंटी थेफ्ट बिजली थाना खोलने का निर्णय लिया गया. इस थाने में बिजली चोरी के मामलों की ही एफआइआर दर्ज कराई जाती है. यह एफआइआर सामान्य व्यक्ति नहीं बल्कि विजिलेंस की ही टीम दर्ज कराती है. एफआइआर दर्ज होने के बाद एंटी थेफ्ट बिजली थाने की टीम जांच करती है और फाइनल रिपोर्ट लगाकर कोर्ट में भेजती है.

### वसूली का आरोप

पिछले दिनों विजिलेंस की टीम ने नरसिंहपुर क्षेत्र में जांच की थी. यहां मीटर में शंट लगाकर बिजली चोरी का मामला सामने आया था. आरोप लगा कि टीम ने रात में मोहद्दीपुर स्थित कार्यालय बुलाकर एक कंज्यूमर से एक लाख और दूसरे से 80 हजार रुपये लिए थे. कंज्यूमर ने शिकायत की बात कही तो किसी तरह मामला मैनेज हो गया.

**विजिलेंस टीम बिना जेई जांच नहीं कर सकती है. यदि ऐसा हो रहा है तो गलत है. लोग शिकायत दर्ज कराएं, तत्काल कार्रवाई कराई जाएगी. बिजली निगम के अभियंता भी ध्यान दें कि किसी कंज्यूमर का शोषण न होने पाए.**

आशुतोष श्रीवास्तव,
चीफ इंजीनियर

### 24 घंटे में एफआईआर

विजिलेंस टीम को बिजली चोरी के मामलों में 24 घंटे के अंदर एफआइआर दर्ज करनी होती है. टीम को मौके पर ही चेकिंग रिपोर्ट भी भरनी होती है, साथ ही वीडियोग्राफी करनी होती है लेकिन ज्यादातर मामलों में चेकिंग रिपोर्ट नहीं भरी जा रही है.

# दुकानदार का सिर फोड़ा, सात पर मुकदमा

GULRIHA : गुलरिहा थाना क्षेत्र के करमहा उर्फ कम्हरिया में शनिवार की रात एक दुकानदार को रंजिश में घेरकर पिटाई कर दी. सिर फटने से दुकानदार मौके पर ही बेहोश हो गया. पीड़ित के तहरीर पर गुलरिहा पुलिस तीन नामजद समेत सात के खिलाफ जानलेवा हमला करने का केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है. प्राप्त जानकारी के अनुसार गुलरिहा क्षेत्र के करमहा उर्फ कम्हरिहा निवासी गयासुद्दीन किराने की दुकान चलाते है. आरोप है कि शनिवार की रात साढ़े नौ बजे दुकान बंद करके घर वापस जा रहा था कि रास्ते में अचानक सलमान, फूल मोहम्मद,शाहरुख व तीन से चार अज्ञात मिलकर गाड़ी रोककर गिरा दिए. सलमान ने पीछे से हमला कर दिया जिससे पीड़ित का सिर फट गया और बेहोश हो गया.

# विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले पर केस

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (22 Sept): विदेश भेजने के नाम पर युवकों से जालसाजी और रुपये वापस मांगने पर धमकी देने का मामला सामने आया है. दो युवकों के सामने आने के बाद कैंट पुलिस ने सिघड़िया स्थित प्रियांशु टेस्ट एवं ट्रेनिंग सेंटर के संचालक आरएन सिंह व एजेंट बबलू चौहान पर केस दर्ज कर लिया. पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है.

## मेडिकल अनफिट बताया

एम्स इलाके के रजही निवासी विवेक चौहान ने केस दर्ज कराया. विवेक ने पुलिस को बताया कि विदेश भेजने के नाम पर प्रियांशु टेस्ट एवं ट्रेनिंग सेंटर के संचालक आरएन सिंह ने अपने ऐजेंट बबलू चौहान के माध्यम से बुलवाया. वीजा देने के नाम पर मुझसे 68 हजार रुपया लिया गया. फिर मेडिकल कराया गया. फ्लाइट से बाम्बे गया, वहां पर मेडिकल अनफिट बताकर वापस कर दिया गया.

## वापस मांगे पैसे

प्रियांशु टेस्ट एवं ट्रेनिंग सेंटर पर वापस आया तो अपने पैसे वापस करने के लिए मांग किया. ट्रेनिंग से 49 हजार देकर पासपोर्ट एवं वीजा रख लिया गया है.

# तमंचा दिखाकर लूट करने का आरोपित गिरफ्तार

खोराबार, हिन्दुस्तान संवाद। रामगढ़ताल इलाके में तमंचा दिखाकर बाइक, नगदी और एक महिला के गले से चेन लूटने के एक आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के पास से पुलिस ने लूटे गए पर्स व 930 रुपया बरामद कर लिया। आरोपित को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। पूछताछ में आरोपित ने अपने साथियों का नाम भी बताया है, जिसकी तलाश में पुलिस टीम लगी है।

पकड़े गए आरोपित की पहचान रामगढ़ताल इलाके के रसूलपुर इंद्रानगर निवासी विजय निषाद उर्फ छोटे के रूप में हुई है। एसपी सिटी के मुताबिक, गोंडा जिले के मनकापुर इलाके के बंदरही निवासी योगेश उपाध्याय नगर निगम में कूड़ा निस्तारण का काम करने वाली फर्म में ऑपरेटर के पद पर तैनात हैं। वह चार सितंबर को सरदारनगर से नगर निगम जा रहे थे। देवरिया बाईपास रोड पर दोपहर ढाई बजे के करीब तीन बदमाशों ने तमंचा दिखाकर जबरन रोक लिया। बाइक रोकने पर वह जेब में रखा पर्स, उनकी बाइक व मोबाइल लूट कर फरार हो गए। वह पास के पेट्रोल पंप पर पहुंच कर पुलिस को सूचना दी। पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में लूट की बाइक ले जाते तीन बदमाश दिखाई दे रहे थे।

# ससुराल वालों पर केस दर्ज

कैंपियरगंज। विवाहिता ने दहेज के लिए मारपीट कर जबरन मायके के पास छोड़कर जाने का आरोप लगाते हुए ससुराल वालों पर केस दर्ज कराया है। कैंपियरगंज के शिवलहिया गांव के रामबृक्ष मौर्य की बेटी सुमन ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी 2021 में खलीलाबाद थाना क्षेत्र के चौरी गांव निवासी केदारनाथ के पुत्र दीपक मौर्य से हुई थी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति दीपक, ससुर केदारनाथ, सास सुधा देवी, जेठानी कुसुम देवी, चंदन मौर्य के खिलाफ केस दर्ज जांच कर रही है।

# बीआरडी : कमेटी करेगी तीमारदारों की पिटाई की जांच

गोरखपुर। बीआरडी मेडिकल कॉलेज के ट्रामा सेंटर में शनिवार को हुई मारपीट के मामले में तूल पकड़ लिया है। मरीज की मौत के बाद सुरक्षाकर्मियों द्वारा तीमारदारों को पीटने के मामले की जांच अब एक कमेटी करेगी। कमेटी का गठन सोमवार होगा और तीन दिन में प्राचार्य को रिपोर्ट देगी होगी। शनिवार को ट्रामा सेंटर में एक मरीज की मौत हो गई थी।

तीमारदार ट्रामा सेंटर के बाहर शव रखकर कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाने लगे। इस दौरान वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों से तीमारदारों की झड़प हो गई। आरोप है कि सुरक्षाकर्मी तीमारदारों को डंडे से पीटने लगे। किसी ने इस घटना का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। मामला चर्चा में आने के बाद बीआरडी मेडिकल कालेज प्रशासन हरकत में आया है। प्राचार्य डॉ. रामकुमार जायसवाल ने कहा कि मारपीट का मामला गंभीर है। इसकी जांच करके कमेटी तीन दिन में रिपोर्ट सौपेंगी। सोमवार को कमेटी का गठन किया जाएगा।

# शाहपुर में 6 महीने से चल रहा था ठगी का धंधा

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। शाहपुर थाना क्षेत्र के रामजानकी नगर इलाके में अवैध ऑनलाइन सट्टा चला रहे एक अंतरराज्यीय गैंग के आठ जालसाजों को रविवार को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

जालसाजों ने इससे कितने लोगों को शिकार बनाया है, पुलिस टीम अभी इसकी जांच कर रही है। बैंक खाते से अब तक कितने का लेनेदन किया गया है, इसका मिलान जारी है। एक मोटे अनुमान के तौर पर रोजाना 10-12 लाख रुपये का ट्रांजेक्शन होता था और पिछले छह महीने से यह यह धंधा चल रहा था। गिरोह में एक कम्पयूटर एक्सपर्ट गेम पर निगरानी रखता था। वहीं एक व्यक्ति हिसाब-किताब रखता और खाते खुलवाता था। इन लोगों ने इस काम के लिए कई कर्मी भी रखे थे। खुलवाए गए खाते के एटीएम कार्ड से दिन-रात सिर्फ पैसा निकालते थे और ट्रांसफर करते थे।

पूछताछ में जालसाजों ने स्वीकार किया कि पैसा निकालने के लिए लोगों को बहलाकर म्यूल/फर्जी खाते खुलवाए गए। एक दिन में 11-12 लाख रुपये का लेनदेन किया जाता था, जिसे आपस में बांट लिया जाता था।



गिरफ्त में आए अवैध ऑनलाइन सट्टा चला रहे अंतरराज्यीय गैंग के जालसाज।

## इन जालसाजों की हुई गिरफ्तारी

रोहित प्रसाद पुत्र मदन प्रसाद, गुड्डू शर्मा पुत्र अनिरुद्ध शर्मा, रंजेश यादव पुत्र नंदलाल यादव, निवासी प्रतापुर रामपुर, थाना श्रीरामपुर, जनपद देवरिया, अमित शर्मा पुत्र रंगलाल शर्मा, अभय कुमार यादव पुत्र मुन्नी लाल यादव निवासी ठाकुरपुर छपरा बुजुर्ग, थाना श्रीरामपुर, देवरिया, संजीत कुमार खरवार पुत्र श्रीगंभीरा खरवार निवासी बैकुंठपुर प्रतापपुर, थाना श्रीरामपुर, देवरिया और चन्दन कुशवाहा पुत्र स्व. विजय मल्ल भगत निवासी बेलाव, थाना दरौल्ली, जनपद सिवान, प्रिंस कुमार पुत्र दिवंगत अदालत सिंह निवासी सिसवा खुर्द, थाना मैरवा,सिवान, बिहार ।

## इस पोर्टल से खेलाते थे गेम

रेड्डी अन्ना ऑनलाइन सट्टा गेमिंग पोर्टल के माध्यम से लाइव कैसिनो, पोकर गेम, लूडो, फुटबॉल गेम, आनलाइन तीन पत्ती, क्रिकेट, हॉकी, फुटबॉल व अन्य स्पोर्ट्स में लोगों के द्वारा आनलाइन सट्टा खेला जाता हैं। अभियुक्तो ने पोर्टल से **reddyanna, play247, 11 xplay, skyexchange, sky247** का पैनल खरीदा था, जिनका ऑनलाइन संचालन करते थे।

## यह बरामद हुआ

जालसाजों के पास से 29 मोबाइल फोन, दो लैपटॉप, चार टैबलेट, नौ एटीएम कार्ड, आठ आधार कार्ड, पांच पैन कार्ड, एक निर्वाचन कार्ड, दो बैंक चेकबुक, आठ रजिस्टर और अन्य सामान बरामद हुए।

**छह महीने पहले भी पकड़ा गया था एक मामला** : ऑन लाइन गेमिंग/बेटिंग खेलाने और उसका पैसा निकालने वाले एक गैंग का मार्च 2024 में भी खुलासा हुआ था। तब पुलिस ने कोतवाली थाना क्षेत्र के पुर्दिलपुर निकट ओम आर्किड निवासी संजय चौरसिया और सिद्धार्थनगर में खेसरहा कड़जा निकट शिव मंदिर निवासी अजय ठाकुर को गिरफ्तार किया था। दोनों कम पढ़े-लिखे लोगों को लालच देकर बैंक खाते खुलवाते फिर उन खातों का प्रयोग स्वयं करते हुए बड़े पैमाने पर पैसों का लेनदेन करते थे। पैसे खाते से निकालकर मुम्बई सहित अन्य जगहों पर भेजे जाते थे।

# बख्शे न जाएं जमीन कब्जा करने वाले : योगी

## सीएम योगी ने गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन कार्यक्रम में 300 लोगों की समस्याएं सुनीं

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसरों से कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान तत्परता से करें। जनता की हर पीड़ा का निवारण सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है।

जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

रविवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में सीएम योगी ने करीब 300 लोगों से मुलाकात की। उनकी समस्याएं सुनीं और भरोसा दिया कि सबके साथ न्याय होगा। लोगों के प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित निस्तारण की हिदायत दी।

### बोले सीएम- तत्परता से करें लोगों की समस्याओं का निस्तारण

सीएम ने राजस्व और पुलिस से जुड़े मामलों को पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी नाइंसाफी नहीं होनी चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए।

मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। इनमें महिलाओं की संख्या अधिक थी। सीएम योगी ने उनसे आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा और न होने की जानकारी पर उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी।

उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को सौंपते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी एस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। इस दौरान उन्होंने हर पात्र का आयुष्मान कार्ड बनवाने का निर्देश भी अधिकारियों को दिया। जनता दर्शन में कुछ महिलाओं के साथ आए बच्चों को दुलारकर मुख्यमंत्री ने उन्हें चॉकलेट दी और खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# जमीन खरीदकर मुनाफे के नाम पर 35 लाख की ठगी

भटहट, हिन्दुस्तान संवाद। गुलरिहा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसके एक दूर के रिश्तेदार ने जमीन खरीदकर मुनाफा दिलाने के नाम पर 35 लाख रुपये ले लिए। आरोपित ने नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाया और उसका वीडियो बना लिया। महिला ने आरोप लगाया है कि आरोपित अब उसे व उसके बच्चों को जान से मारने की धमकी दे रहा है।

पीड़िता का आरोप है कि सात वर्षों से उसके पति विदेश में रहकर मजदूरी करते हैं और अपनी कमाई उसके पास भेजते थे। इसी थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले परिचित व दूर के रिश्तेदार उसके घर आते-जाते थे। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने अधिक मुनाफा दिलाने का लालच देकर रुपये को जमीन खरीदने में लगवाने के नाम पर 35 लाख ले लिया।

पीड़िता ने अपनी मजबूरी बताई तो आरोपी ने रुपये देने के लिए अपने घर बुलाया। आरोप है कि पेय में नशीला पदार्थ मिलाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। आरोपित ने इसका वीडियो भी बना लिया। अब धमकी दे रहा है।

**चोरी का आरोपित गिरफ्तार :** चिलुआताल। क्षेत्र के मोहरीपुर बाजार स्थित गणेश नगर स्थित जुलाई में दो बाइक सवारों ने बंद घर में चोरी करने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। घटना सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गई थी।

# 997 वाहनों का किया चालान, तीन सीज

गोरखपुर। शहर में यातायात व्यवस्था का पालन कराने के लिए एसपी ट्रैफिक संजय कुमार की अगुवाई में पुलिस ने जांच अभियान चलाया। रविवार को हुई कार्रवाई में कुल 997 वाहनों का चालान काटते हुए तीन वाहनों को पुलिस ने सीज कर दिया। इस दौरान लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया। एसपी ट्रैफिक ने बताया कि कार्रवाई के दौरान बतौर शमन शुल्क कुल 38500 रुपये वसूलकर कोष में जमा कराया गया है।

# लंबित विवेचनाओं का निस्तारण करें

गोरखपुर। एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने रविवार की रात पुलिस लाइन में क्राइम मीटिंग कर पुलिस अधिकारियों के साथ ही थानेदारों को निर्देश दिए कि गिरोह बनाकर अपराध करने वालों पर शिकंजा कसने के साथ ही गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज कराए।

लंबित विवेचना का निस्तारण करने के साथ ही त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से निपटाने के लिए अभी से तैयारी शुरू कर दें। पूजा समिति के पदाधिकारियों के साथ ही शांति कमेटी की बैठक कर लें। प्रतिमा स्थापित होने के साथ ही विसर्जन तक निगरानी करने वाले नोडल का नाम व मोबाइल नंबर की सूची बना लें। अधिकारी थाने जाकर इसका सत्यापन कर लें।कहीं कोई गड़बड़ी या लापरवाही बरती जा रही है तो उसे ठीक कराएं।फरार चल रहे आरोपितों को गिरफ्तार करने के साथ ही हिस्ट्रीशीटरों का सत्यापन कर लें।

# गिरोह बनाकर अपराध करने वालों पर कसे शिकंजा

गोरखपुर। एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने रविवार की रात पुलिस लाइन में क्राइम मीटिंग की। पुलिस अधिकारियों के साथ ही थानेदारों को निर्देश दिए कि गिरोह बनाकर अपराध करने वालों पर शिकंजा कसें और गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज कराएं।

लंबित विवेचना का निस्तारण करने के साथ ही त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए अभी से तैयारी शुरू कर दें। पूजा समिति के पदाधिकारियों के साथ ही शांति कमेटी की बैठक करें। प्रतिमा स्थापित होने के साथ ही विसर्जन तक निगरानी करने वाले नोडल का नाम व मोबाइल नंबर की सूची बना लें।

अधिकारी थाने जाकर इसका सत्यापन कर लें। कहीं कोई गड़बड़ी या लापरवाही बरती जा रही है तो उसे ठीक कराएं। फरार चल रहे आरोपितों को गिरफ्तार करने के साथ ही हिस्ट्रीशीटरों का सत्यापन कर लें।

# तमंचे के बल पर लूट करने का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। रामगढ़ताल इलाके में तमंचे के बल पर बाइक, नकदी और एक महिला के गले से चेन लूटने वाले आरोपी को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से लूट का पर्स व 930 रुपये नकद भी बरामद किए गए हैं।

जानकारी के अनुसार, गोंडा जिले के मनकापुर इलाके के बंदरही निवासी योगेश उपाध्याय नगर निगम में कूड़ा निस्तारण का काम करने वाली फर्म में ऑपरेटर के पद पर तैनात हैं। वह चार सितंबर को सरदारनगर से नगर निगम जा रहे थे। देवरिया बाईपास रोड पर दोपहर ढाई बजे के करीब तीन बदमाशों ने तमंचा दिखाकर उनकी बाइक को जबरन रोक लिया। इसके बाद जेब में रखा पर्स, बाइक व मोबाइल लूटकर फरार हो गए। योगेश ने पास के एक पेट्रोल पंप पर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। संवाद

# पुरानी रंजिश में दुकानदार का सिर फोड़ा, केस

गुलरिहा। करमहा में शनिवार की रात एक दुकानदार की पुरानी रंजिश में घेरकर पिटाई कर दी गई। सिर फटने से दुकानदार घटनास्थल पर ही बेहोश हो गया। पीड़ित की तहरीर पर गुलरिहा पुलिस तीन नामजद समेत सात के खिलाफ जानलेवा हमला करने का केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, करमहा उर्फ कम्हरिहा निवासी गयासुद्दीन किराने की दुकान चलाता है। आरोप है कि शनिवार की रात 9:30 बजे के करीब दुकान बंद करके घर वापस जा रहा था। रास्ते में अचानक सलमान, फूल मोहम्मद, शाहरुख व तीन से चार अज्ञात लोगों ने मिलकर गाड़ी रोककर रॉड से हमला कर दिया। संवाद

# विदेश भेजने के नाम पर ठगी में फर्म पर केस

गोरखपुर। विदेश भेजने के नाम पर युवकों से जालसाजी और रुपये वापस मांगने पर धमकी देने का मामला सामने आया है। दो युवकों के सामने आने के बाद कैंट पुलिस ने सिंघड़िया स्थित प्रियांशु टेस्ट एवं ट्रेनिंग सेंटर के संचालक आरएन सिंह व एजेंट बबलू चौहान पर केस दर्ज कर लिया। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, एम्स इलाके के रजही निवासी विवेक चौहान ने केस दर्ज कराया। विवेक ने पुलिस को बताया कि विदेश भेजने के नाम पर प्रियांशु टेस्ट एवं ट्रेनिंग सेंटर के संचालक आरएन सिंह ने अपने एजेंट बबलू चौहान के माध्यम से बुलवाया। वीजा देने के नाम पर मुझसे 68 हजार रुपया लिया गया। फ्लाइट से मुंबई गया, वहां पर मेडिकल अनफिट बताकर वापस कर दिया गया। वापस अपने पर रुपये मांगे तो 49 हजार देकर पासपोर्ट एवं वीजा रख लिया गया है। संवाद

# स्टांप चोरी : करोड़ों का खेल.. खुल सकते हैं तमाम मामले

## पॉवर ऑफ अटार्नी को लेकर जारी हुआ था दिसंबर 2023 में नया अध्यादेश

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। पॉवर ऑफ अटार्नी को लेकर राजभवन ने 28 दिसंबर 2023 को नया अध्यादेश जारी किया था, जिसमें गैर परिवार में डीड होने पर बाजार मूल्य के हिसाब से स्टांप शुल्क अनिवार्य कर दिया गया। पहले 100 रुपये के स्टांप पर मान्य था, लेकिन यह आदेश निबंधन दफ्तरों में तीन जनवरी 2024 को पहुंचा।

छह दिनों की इस अवधि में ही पुराने नियम पर डीड बनवाकर स्टांप शुल्क की चोरी का बड़ा खेल हो गया। गोरखपुर मुख्यालय में करीब 23 मामले पकड़े गए हैं। सूत्रों की मानें तो तहसीलों में भी ऐसा खेल हुआ है, अगर जांच हो तो बड़ा पर्दाफाश हो सकता है।

निबंधन कार्यालय में स्टांप शुल्क की चोरी का बड़ा मामला तब सामने आया, जब अधिवक्ता पीपी पांडेय ने इसकी शिकायत जनसुनवाई पोर्टल पर की। इसके बाद जब जांच शुरू हुई तो 15 डीड में करीब 100 करोड़ रुपये कम स्टांप शुल्क जमा करने का मामला पकड़ा गया।

**06**

**दिन में ही पुराने नियम पर डीड बनवाकर स्टांप शुल्क की चोरी का बड़ा खेल हुआ**

यह मामला नेपाल के एक थापा परिवार का था, जिसकी जमीन शहर में थी और इसे इलाहाबाद की फर्म एसआर सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड ने कराया था। इसके बाद अधिवक्ता ने ही फिर जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत कर दी।

इस मामले में भी जब जांच हुई तो पांच मामले सामने आए, जिसमें 200 करोड़ रुपये स्टांप शुल्क कम जमा किए गए। विभाग की ओर से अफसरों ने सभी मामलों में केस दर्ज करा दिया, लेकिन तहसीलों में इसकी जांच नहीं हुई।


स्टांप चोरी : पांच पॉवर ऑफ अटार्नी में 200 करोड़ का खेल

22 सितंबर को प्रकाशित खबर।

सूत्रों की मानें तो अगर शासनादेश जारी होने के बाद की डीड की जांच हो तो कुछ और मामले पकड़ में आ सकते हैं।

एआईजी स्टांप संजय दुबे का कहना है कि शिकायत के बाद डीड की जांच कराई गई थी। जितने मामले पकड़े गए थे, सभी में नियमानुसार स्टांप शुल्क की कमी का उल्लेख कर विभाग ने केस दर्ज कराया। अगर शिकायत आती है तो तहसीलों की भी जांच कराई जाएगी।

# यातायात नियमों के उल्लंघन में 997 वाहनों का चालान, तीन सीज

गोरखपुर। ट्रैफिक पुलिस ने रविवार को सघन चेकिंग अभियान चलाया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 997 वाहनों का चालान किया। तीन वाहनों को सीज कर दिया।

जागरूकता अभियान में प्रभारी निरीक्षक यातायात मनोज कुमार राय, अजीत कुमार पांडेय आदि ने भूमिका निभाई। एसपी ट्रैफिक संजय कुमार ने बताया कि बिना ड्राइविंग लाइसेंस के ई-रिक्शा/ऑटो चालकों की चेकिंग की गई। बिना हेलमेट वाहन न चलाने, तीन सवारी न बैठाने, बिना नंबर प्लेट वाहन न चलाने, ओवर स्पीड से न चलाने एवं अन्य यातायात नियमों के पालन के लिए अपील की गई।

एसपी ट्रैफिक ने बताया कि चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 997 वाहनों का चालान विभिन्न धाराओं में किया गया। साथ ही मानक के विरुद्ध पाए गए कुल तीन वाहनों को सीज किया गया। इस 38,500 रुपये शमन शुल्क वसूल कर राजकीय कोष में जमा कराया गया। संवाद

# रेडी अन्ना पोर्टल से सट्टेबाजी के नाम पर ठगी..आठ आरोपी गिरफ्तार

## बिहार और देवरिया के रहने वाले जालसाजों ने शाहपुर में बनाया था अड्डा, सरगना फरार

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोरखपुर।** शाहपुर इलाके के रामजानकी नगर में अवैध तरीके से रेडी अन्ना पोर्टल पर ऑनलाइन गेम के जरिए सट्टेबाजी कराने वाले अंतरराज्यीय गैंग के आठ गुर्गों को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। इनमें छह देवरिया और दो बिहार के हैं।

सरगना फरार है। उसकी तलाश की जा रही है। गैंग के गुर्गे न सिर्फ अवैध तरीके से मनी म्यूल बैंक खातों में लोगों से सट्टा में रुपये लगवाते थे, बल्कि उसकी उसी दिन निकासी भी करवा लेते थे। यह गैंग एक दिन में 10 से 12 लाख रुपये तक की जालसाजी करता था।

सीओ गोरखनाथ योगेंद्र सिंह ने गैंग का पर्दाफाश करते हुए बताया कि शहर में अवैध तरीके से रेडी अन्ना नामक ऑनलाइन गेमिंग पोर्टल चलने की सूचना मिली थी। जानकारी हुई कि इस पोर्टल की फ्रैंचाइजी लेकर गिरोह शाहपुर के रामजानकी नगर में अपना अड्डा बनाया है।

गेम खेलने के लिए यह युवकों को झांसे में लेते थे। यही नहीं, म्यूल बैंक खातों के माध्यम से रोजाना पैसे की निकासी करते हुए रेडी अन्ना ग्रुप तक पहुंचाते थे। इसके बदले उन्हें भी अच्छा-खासा कमीशन मिलता था।

मुखबिर से सूचना मिलने के बाद शाहपुर इंस्पेक्टर नीरज राय और उनकी टीम ने साइबर टीम के साथ मिलकर छापा मारा। इसमें गिरोह के आठ गुर्गों को दबोच लिया। देवरिया



जालसाजी के आठ आरोपी पुलिस की गिरफ्त में। स्रोत-पुलिस

### पुलिस ने इन्हें किया गिरफ्तार

- रोहित प्रसाद पुत्र मदन प्रसाद निवासी प्रतापपुर रामपुर, थाना श्रीरामपुर, देवरिया
- गुड्डू शर्मा पुत्र अनिरुद्ध शर्मा निवासी रामपुर प्रतापपुर, थाना श्रीरामपुर, देवरिया
- रंजेश यादव पुत्र नंदलाल यादव निवासी रामपुर प्रतापपुर, थाना श्रीरामपुर, देवरिया
- अमित शर्मा पुत्र रंगलाल शर्मा निवासी ठाकुरपुर छपरा बुजुर्ग, थाना श्रीरामपुर, देवरिया
- अभय कुमार यादव पुत्र मुन्नीलाल यादव निवासी ठाकुरपुर छपरा बुजुर्ग, थाना श्रीरामपुर, देवरिया
- संजीत कुमार खरवार पुत्र गंभीरा खरवार निवासी बैकुंठपुर प्रतापपुर, थाना श्रीरामपुर, देवरिया
- चन्दन कुशवाहा पुत्र स्व. विजय मल्ल भक्त निवासी केलाव, थाना दरौली जनपद सिवान, बिहार
- प्रिंस कुमार पुत्र स्व. अदालत सिंह निवासी सिसवा खुर्द, थाना मैरवा सिवान, बिहार

**रेडी अन्ना नामक ऑनलाइन गेमिंग पोर्टल पर करा रहे थे अवैध सट्टे का खेल**

का रहने वाला गैंग का सरगना फरार हो गया है। उसकी तलाश की जा रही है।

आरोपियों ने पूछताछ के दौरान बताया कि उनके द्वारा रेडी अन्ना नाम की वेबसाइट/पोर्टल से ऑनलाइन गेमिंग में सट्टा लगाने के लिए पैसे का लेन-देन किया जाता था। उन्होंने इसका पैनल खरीदकर एक ब्रांच के रूप में अपना कार्यालय शाहपुर के रामजानकी नगर में खोला था।

सट्टे के पैसे को निकालने के लिए उनके द्वारा लोगों को बहला-फुसलाकर म्यूल/फर्जी खाते खुलवाए गए थे। उनमें पैसों का लेन-देन करते थे। एक दिन में 10-12 लाख रुपये का लेन-देन किया जाता था। पैसे आने पर आपस में बांट लिया जाता है। पुलिस गिरोह के सरगना समेत अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।

सीओ ने बताया कि आरोपियों के पास से पुलिस ने 29 मोबाइल फोन, दो लैपटॉप, चार टैबलेट, नौ एटीएम कार्ड, आठ आधार कार्ड, पांच पैन कार्ड, एक निर्वाचन कार्ड, दो बैंक चेकबुक, आठ रजिस्टर व अन्य सामान बरामद किए हैं।

# दहेज के लिए पत्नी को जलाने का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। दहेज के लिए पत्नी मारपीट कर पैर को जलाने के आरोपी को गोरखनाथ पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार, राजघाट इलाके के बानो बेगम पत्नी मुस्ताक अहमद ने 17 अगस्त को पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनकी बेटी चांदनी उर्फ हुशनुमा का विवाह गोरखनाथ इलाके के चक्सा हुसैन पचपेड़वा निवासी अशफाक उर्फ मोनू के साथ हुआ है। आरोप है कि शादी के बाद से ही वह बेटी को पति अशफाक व सास शकीला द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा था। वह मायके से रुपये मांगने का दबाव बना रहे थे। आरोप है कि 16 अगस्त को मारपीट कर पैर को जला दिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद रविवार को आरोपी पति अशफाक को गिरफ्तार कर लिया। संवाद

# बीआरडी : तीमारदारों की पिटाई...जांच करेगी कमेटी

## पिपराइच के मरीज की मौत के बाद धरना दे रहे तीमारदारों पर गार्डों ने बरसाई थीं लाठियां

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। बीआरडी मेडिकल कॉलेज में शनिवार को ट्रामा सेंटर के सामने तीमारदारों की पिटाई के मामले की जांच के लिए सोमवार को कमेटी का गठन होगा। तीन सदस्यीय यह कमेटी तीन दिन के भीतर जांच रिपोर्ट प्राचार्य को देगी।

रिपोर्ट के आधार पर आरोपी सुरक्षा कर्मियों पर कार्रवाई होगी। यह कमेटी तीमारदारों के साथ ही आरोपी सुरक्षा गार्डों से भी उनका पक्ष जानेगी। इसके अलावा इलाज में लापरवाही के जो आरोप हैं, वह भी जांच के दायरे में रहेगा।

**जांच रिपोर्ट के आधार पर जिम्मेदारी तय कर की जाएगी कार्रवाई : प्राचार्य**

पिपराइच के जंगल धूसड़ निवासी कमलेश निषाद (40) को भतीजे अनिरुद्ध ने शनिवार की सुबह बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। करीब एक घंटे तक इलाज के बाद मरीज ने ट्रामा सेंटर में दम तोड़ दिया। तीमारदारों ने ट्रामा सेंटर में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर की लापरवाही के कारण कमलेश की मौत का आरोप लगाया। इस पर डॉक्टरों ने गाली देकर वार्ड से भगा दिया।

विरोध में तीमारदार व परिवार के अन्य लोग सुबह करीब 7:30 बजे ट्रामा सेंटर के बाहर शव रखकर प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान सुरक्षा गार्डों ने तीमारदारों की पिटाई कर वहां से खदेड़ना शुरू कर दिया। तीमारदारों पर लाठी बरसाते सुरक्षागार्डों का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है।

बीआरडी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रामकुमार का कहना है कि यह बेहद गंभीर मामला है। हंगामा की जानकारी हुई थी, लेकिन अभी तक कोई शिकायती पत्र नहीं मिला है। मीडिया में प्रकाशित खबर का संज्ञान लेते हुए सोमवार को एक कमेटी का गठन किया जाएगा।

कमेटी इस प्रकरण से संबंधित सभी पक्षों से बात कर अपनी रिपोर्ट देगी। रिपोर्ट में जिसकी जिम्मेदारी तय होगी, उस पर कार्रवाई होगी।

# खोराबार में मारपीट के मामले में चार आरोपियों पर केस दर्ज

खोराबार। स्थानीय कस्बे में युवक को मारपीट कर घायल करने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, खोराबार निवासी रामू 19 सितंबर को शाम करीब पांच बजे खेलने गया था। आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव के नितिन पासवान, वाशु पासवान, अमित एवं प्रिंस ने मिलकर रामू को लाठी, डंडा व बेल्ट से पीटकर घायल कर दिया, जिससे युवक के सिर में गंभीर चोटें आईं। संवाद

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-23-09-2024

# हियुवा के पूर्व नगर अध्यक्ष को मनबढ़ों ने पीटा, केस

**देवरिया(एसएनबी)।** हिन्दू युवा वाहिनी के पूर्व नगर अध्यक्ष की शुक्रवार की शाम को एसएसबीएल स्कूल के पास कुछ मनबढ़ो ने पिटाई कर दी और उनकी बाइक को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। मामले में कोतवाली पुलिस ने तीन नामजद सहित 15 लोगों के विरूद्ध हत्या के प्रयास समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। हियुवा के पूर्व नगर अध्यक्ष साहिल उर्फ बिट्टू मद्धेशिया शुक्रवार की देर रात अपने एक दोस्त के साथ बैतालपुर से घर आए और एसएसबीएल स्कूल के पास एक दूकान पर अंडा खाने के लिए रुके। इसी दौरान 15-20 लोगों ने उन्हें जान से मारने की नियत से हमला कर दिया। जिसमें विट्टू के सिर में गंभीर चोट आयी, मौके पर राहगीरों की भीड़ जुटने पर हमलावर ईट- पत्थर चलाते भाग गये। घायल विट्टू को लोगों ने इलाज के लिए महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। स्थिति नाजुक बनी हुई है। मामले में पुलिस ने आसिफ, मुन्ना,आरिफ तथा 15-20 अज्ञात लोगों के खिलाफ धारा 191(2), 109,324(4), 352,351 (2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# इमरजेंसी के सामने मिला युवक का शव

**देवरिया (एसएनबी)।** स्थानीय महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कलेज की इमरजेंसी के पास रविवार की सुबह एक युवक का शव मिला। वह सड़क हादसे में घायल हो कर इमरजेंसी आया था। इलाज के बाद वह बाहर निकल कर सो गया और उसकी मौत हो गई। रूद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के करिहवां निवासी राजेश (30 वर्ष) पुत्र बलवंत साहनी कहीं सड़क हादसे में शनिवार की शाम को घायल हो गया। लोगों ने उसे इलाज के लिए महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कलेज के इमरजेंसी पहुंचाया। इलाज कराने के बाद राजेश इमरजेंसी के बाहर जाकर सो गया। सोए सोए ही उसकी मौत हो गई। रविवार की सुबह सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमर्टम के लिए भेज दिया।

# रेल के डिब्बे में अग्निशमन गैस के रिसाव की जांच में जुटी रेल पुलिस

**बरहज (एसएनबी)।** शनिवार को भटनी से बरहज आने वाली पैसेन्जर ट्रेन में सिसई गुलाब राय हाल्ट स्टेशन के पास कुछ अराजक तत्वों द्वारा अग्निशमन यंत्र को तोड़ दिया गया। जिससे उसमें से निकलने वाली गैस के कारण ट्रेन में अफरा-तफरी मच गयी।

## पीड़ित छात्राओं से आरपीएफ अधिकारियों ने की पूछताछ

रविवार को रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने इसकी जांच शुरू की। ट्रेन में अग्निशमन यंत्र को तोड़ देने के बाद उसमें से निकलने वाली गैस से डिब्बे में बैठी दो छात्राओं ने खुशी पुत्री जय नारायण कुशवाहा एवं काजल पुत्री राजेन्द्र कुशवाहा निवासी देईडीहा थाना बरहज की बतायी जा रही है, दोनों छात्राओं को इलाज के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर ले जाया गया। इलाज के बाद देर रात चिकित्सक ने घर भेजा।

भटनी जंक्शन आरपीएफ के निरीक्षक प्रदीप कुमार पाण्डेय के निर्देश पर उपनिरीक्षक नित्यानन्द पाण्डेय एवं कांस्टेबल रणधीर रविवार की दोपहर डेईडीहा निवासी पीड़ित छात्राओं के घर जाकर घटना के बारे में पूछताछ करते हुए जानकारी ली।

एसआई नित्यानन्द पाण्डेय ने बताया कि रेलगाड़ी के भीतर अग्निशमन यंत्र के टूटने से हुई घटना की जांच की जा रही है। इस घटना में जो भी सम्मिलित पाया गया उसके विरूद्ध रेलवे अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाएगी। ट्रेन के भटनी से बरहज संचलन पर आरपीएफ निगरानी रखे हुए है। ट्रेन में किसी तरह की क्षति पहुंचाने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# तरकुलवा : अपर पुलिस अधीक्षक ने दर्ज किए पीड़ितों के बयान

**तरकुलवा।** थाना क्षेत्र के परास खाड़ गांव में तीन माह पूर्व दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में दोनों तरफ से हत्या के प्रयास का केस दर्ज है। इस मामले में अपर पुलिस अधीक्षक ने शाम को गांव पहुंच कर दोनों पक्षों का बयान दर्ज किया। इसके बाद वे वापस जिला मुख्यालय लौट गए। ग्राम परास खाड़ निवासी श्री यादव और श्रीकांत यादव के बीच चार जून को जमीन विवाद को लेकर मारपीट हुई थी। इसमें दोनों तरफ से आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने दोनों ओर के आधा दर्जन नामजद समेत 20 अज्ञात के खिलाफ हत्या का प्रयास समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया था। लेकिन, इस मामले में एक पक्ष ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थनापत्र देकर आरोप लगाया कि पुलिस द्वारा जान बूझकर हत्या के प्रयास की धारा बढ़ाई है। इसी मामले में जांच करने अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्र चौधरी ने गांव पहुंचकर पीड़ितों का बयान दर्ज किया। उन्होंने अगल-बगल के लोगों से भी घटना के बाबत पूछताछ की। थाना प्रभारी मृत्युंजय राय ने बताया कि मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर 307 की धारा बढ़ाई गई है। संवाद

# तीन दिनों से महिला लगा रही थाने का चक्कर, दर्ज नहीं हुआ केस

**खुखुन्दू(एसएनबी)**। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव की पीड़ित महिला तीन दिनों से लगातार थाने का चक्कर लगा रही है। आरोप है कि पुलिस रोजाना सुबह बुलाती है और शाम को दूसरे दिन आने की बात कहकर वापस लौटा देती है। पीड़ित महिला ने इस मामले में पुलिस अधीक्षक और जिला अधिकारी को भी पत्रक दिया है। सोमवार को वह फिर एसपी के पास जाएंगी।

थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते बीस दिनों पहले जमीनी विवाद को लेकर एक महिला को पड़ोसियों ने मारपीट कर घायल कर दिया। इतना ही नहीं घर पर अकेली रह रही महिला से छेड़छाड़ भी किया गया। घटना के समय पीड़ित महिला ने मौके पर 112 पुलिस बुला ली। हालांकि इसके बाद आरोपी को पकड़ना तो दूर आज तक मौके पर पुलिस नहीं पहुंची। जबकि पीड़ित महिला ने तत्काल तहरीर दी थी। पीड़िता का आरोप है कि उधर भी लगातार चार पांच दिनों तक कार्रवाई के लिए थाने पर पहुंची। लेकिन पुलिस ने सुनवाई नहीं की। इसके बाद पीड़िता ने 5 सितंबर को पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा और फिर 12 सितंबर को डीएम दिव्या मित्तल से मिलकर प्रार्थना पत्र दिया।

इधर, आरोप है कि तीन दिनों से पुलिस रोजाना थाने पर बुला रही है और फिर शाम को वैसे ही लौटा दे रही है। कार्रवाई नहीं होने से पीड़िता मायूस है। वह फिर सोमवार को एसपी दफ्तर जाने की तैयारी में है।

थानाध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# सात पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

भटनी, हिन्दुस्तान संवाद। पुलिस ने दहेज उत्पीड़न में सात ससुरालियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। नगर निवासी पूजा गुप्ता की तहरीर पर पुलिस ने उनके ससुराल पक्ष के सात लोगों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना और मारपीट का केस दर्ज किया है।

पीड़िता पूजा गुप्ता का आरोप है कि ससुराल में उन्हें लगातार दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता रहा और उनके साथ मारपीट की जाती रही। चारपाहिया वाहन के लिए उसके ससुराल पक्ष के लोग मारपीट कर उसे घर से निकाल दिए हैं। पूजा का विवाह राघव नगर निवासी अजय गुप्त से हुई। पूजा ने आरोप लगाया कि ससुराल वाले दहेज की मांग करने लगे, मांग पूरी न होने पर प्रताड़ित किया जाने लगा। इस घटना से आहत होकर पूजा ने अपने ससुराल पक्ष के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने पूजा की शिकायत पर उनके ससुराल पक्ष के माया देवी, कविता गुप्ता, गीता गुप्ता, मनीष गुप्त, रवि गुप्ता, मुक्तिनाथ गुप्त और नंदन गुप्ता के खिलाफ दहेज प्रताड़ना और मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज किया है।

# मारपीट व पथराव में मां बेटी घायल दो का शांतिभंग में चालान

**खुखुन्दू(एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मझगांवा गांव में रविवार को सार्वजनिक मार्ग पर ईंट रखकर मार्ग अवरूद्ध करने के दौरान दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस दौरान हुए पथराव में मां और बेटी घायल हो गई। दोनों का मेडिकल कालेज देवरिया में इलाज कराया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों से एक-एक का शांतिभंग में चालान किया है।

एक पक्ष का आरोप है कि सुबह के बाद फिर दोपहर में भी मारपीट कर युवती को घायल कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

थाना क्षेत्र के मझगावा गांव निवासी रामबचन कन्नौजिया और देवी शरण शर्मा के परिवार के बीच बीते सात सालों से रास्ते को लेकर विवाद चलता है। आरोप है कि रविवार को सार्वजनिक मार्ग पर देवी शरण पक्ष ने ईंट रखकर आवागमन अवरुद्ध कर दिया।

रामबचन पक्ष ने जब विरोध किया तो पथराव शुरू हो गया। जिसमें राबड़ी देवी घायल हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने पर बुलाया।

थाने पर पुलिस दोनों पक्षों से एक-एक लोगों को हिरासत में लेकर शांतिभंग में चालान कर दी। उधर, आरोप है कि दोपहर बाद फिर से देवी शरण पक्ष मार्ग पर लकड़ी रखने लगा। इसपर सुन्दरी कन्नौजिया ने विरोध किया तो उसके उपर धारदार हथियार से प्रहार कर दिया गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

थानाध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों से एक-एक लोगों का चालान किया गया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# दिगंबर देवस्थान मठ की भूमि क्रय-विक्रय करने वाले पर कार्रवाई का निर्देश

**पिछले वर्ष डीएम के निर्देश पर गठित तीन सदस्यीय टीम ने तीन अक्टूबर को की थी जांच, मठ की भूमि पर प्राकृतिक उत्तराधिकार का नियम लागू नहीं**

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। जिले के गौरीबाजार विकास खंड में मौजूद दिगंबर देवस्थान मठ की जमीन की बड़े पैमाने पर बंदरबांट हुई है। अधिकारियों व कर्मियों की मिलीभगत से मंदिर के महंत की मौत के बाद उनके पद पर आसीन हुए दूसरे महंत ने जमीन अपने नाम दर्ज करवाकर ग्रामीणों को बेच दी।

मठ की जमीन क्षेत्र के मठिया माफी व लखकनी में 100 एकड़ के करीब थी। येनकेन प्रकरण से मठ की जमीन अपने नाम दर्ज कराने वाले महंत ने भू-माफिया व अधिकारियों की मिलीभगत से क्रय-विक्रय करना शुरू कर दिया। इसकी जानकारी होने पर जिला बार एसोसिएशन के तत्कालीन अध्यक्ष कृष्ण बांके तिवारी ने डीएम से शिकायत की।

शिकायत पर तत्कालीन डीएम अखंड प्रताप सिंह ने तीन सदस्यीय जांच टीम गठित कर दी। जांच टीम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण राय, अपर उप जिलाधिकारी मंजूर अहमद, नायब तहसीलदार सुनील सिंह ने जांच कर रिपोर्ट तैयार की। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के आदेश तीन अक्टूबर 2023 के क्रम में नायब तहसीलदार सीलिंग ने जांच आख्या 10 जुलाई 2024 को डीएम दिव्या मित्तल के समक्ष प्रस्तुत की। रिपोर्ट देखने के बाद डीएम दिव्या मित्तल ने पाया कि ग्राम मठिया माफी तप्पा इंदूपुर एवं लखकनी तप्पा इंदूपुर में स्थित मठ की भूमि को गांव के लोगों को गलत तरीके से क्रय-विक्रय की गई है। जबकि मठ की भूमि पर प्राकृतिक उत्तराधिकार का नियम लागू नहीं है।

**जांच रिपोर्ट देखने के बाद डीएम दिव्या मितल ने पाया कि गलत तरीके से क्रय-विक्रय हुआ**

यह सार्वजनिक भूमि होती है, जिसे ट्रस्ट के गठन के द्वारा रिसीवर नियुक्त करके विनियमित किया जाता है। डीएम ने प्रश्नगत भूमि के अनियमित तरीके से किए गए विक्रय के आधार पर राजस्व अभिलेखों में अंकित वर्तमान प्रविष्टियों को सुसंगत धारा में वाद पंजीकृत कर निरस्त कराते हुए दिगंबर देव स्थान के नाम अंकित कराने का निर्देश दिया। साथ ही दिगंबर देव स्थान की भूमि का अनियमित तरीके से नाम अंकित किए गए विक्रय में लिप्त व्यक्तियों, अधिकारियों व कर्मचारियों का चिह्नांकन कर इनके विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

डीएम के आदेश पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने उप जिलाधिकारी देवरिया सदर से कर्मचारी व अधिकारियों का विवरण मांगते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

# सात पर दहेज उत्पीड़न का केस

**भटनी(एसएनबी)।** स्थानीय थाने में देवरिया के सात लोगों जिसमे महिलाएं भी शामिल है । दहेज उत्पीड़न सहित संगीन धराओं मे मुकदमा दर्ज हुआ है । इस मामले में नगर पंचायत भटनी के हरिकीर्तन मुहल्ला निवासिनी पूजा गुप्ता पुत्री स्व. लक्ष्मी प्रसाद द्वारा थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया गया है कि मेरी शादी के बाद से ही ससुराल के लोगों द्वारा अतिरिक्त दहेज की माँग की जाती रही। न देने पर ससुराल के लोग गाली देते हुए मारते पीटते रहते है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर माया देवी, कविता, मनीष गुप्त सहित सात लोगों के विरुद्ध पुलिस ने दहेज उत्पीड़न सहित 3/7 डीपी एक्ट के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज किया है। सभी आरोपी देवरिया कोतवाली के राघव नगर हनुमान मन्दिर के निवासी है।

# कटरैन तोड़ने में मारपीट, चार पर केस

**भटनी(एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम बलुआ अफगान के टोला मौनीछापर में कटरैन तोड़ने से मना करने पर मारपीट के घटना में एक पक्ष के तहरीर पर गाँव के ही चार लोगों पर मुकदमा पुलिस ने दर्ज किया है। धर्मेंद्र कुशवाहा पुत्र वैद्यनाथ भगत द्वारा आरोप लगाया गया है कि मेरे ही गाँव के लक्ष्मण कुशवाहा सहित चार लोगों द्वारा घर पर रखे कटरैन को तोड़ने लगे। मना करने पर मुझे गाली देते हुए मारने लगे। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दिये। तहरीर के आधार पर पुलिस सभी आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विवेचना कर रही है।

# चोरी का प्रयास करते चोर को पुलिस को सौपा

**भटनी(एसएनबी)।** स्थानीय नगर पंचायत के 116 नम्बर गेट पर एक पान की दूकान का ताला तोडकर चोरी का प्रयास करते एक चोर को पकड़कर रात्रि को ही पुलिस को सौप दिया। बताया गया कि रविवार के रात्रि लगभग एक बजे पिन्टू मद्धेसिया पुत्र पोथी निवासी पुराना हतवा की पान की दूकान है। एक युवक पान की दूकान का एक ताला तोड़कर दूसरे ताला को तोड़ने का प्रयास कर रहा था । उसी समय दूकानदार कुछ लोगो के साथ दूकान के तरफ आ गया। युवक लोगो को देख भागने का प्रयास किया। लेकिन लोगो ने पकड़ लिया। शोर पर नगर के लोग आ गये। पूछताछ का एक वीडियो वायरल हुआ है। जिसमें पकड़ा गया युवक लार थाने का निवासी बताया और अपने अन्य साथियों का नाम भी बता रहा है । चोरी का समान कहां बेचता है, उस स्थान को भी बताया। दुकानदार पिन्टू मध्देसिया ने बताया कि एक माह पहले मेरे दुकान से चोरी हुई थी। तबसे रात्रि को दो तीन बार दुकान के पास आते है। चोरी करने का मामला सी सी कैमरे से पता चला। और थोडी देर मे चोरी का प्रयास करने वाले युवक द्वारा सीसी कैमरे का तार तोड़ दिया गया। तब दुकानदार को चोरी की बात बताई। दुकानदार आकर पकड़ लिया। नगर मे शोर होने के बाद भी नगर मे गस्त के लिए तैनात पुलिस कही नजर नही आयी । इस सम्बन्ध मे थाना प्रभारी से फोन पर बात करने की कोशिश की गयी। लेकिन बात नही हो पायी ।

# व्यवसाई के घर पर मनबढों ने किया हमला

देवरिया। शहर में बेखौफ मनबढ़ों ने व्यवसाई घर पर हमला बोल दिया। अचानक हुए हमले से व्यवसाई का परिवार सहम कर घर में दुबक गया। इस दौरान दर्जनों की संख्या में आए मनबढों ने व्यवसाई के घर पर जमकर उत्पात किया और पथराव किया। पथराव में व्यवसाई के घर की खिड़कियां, बुलेट,बाईक और दो कार क्षतिग्रस्त हो गई। व्यवसाई को धमकी देकर हमलावर फरार हो गए।शहर के भटवलिया वार्ड नंबर 5 निवासी प्रभुनाथ गुप्ता पुत्र चोकट साहू का फल मंडी में फलों का थोक का कारोबार है। उनके पड़ोस में ही रहने वाले रामायण गुप्ता के दो पुत्र विशाल और विवेक पुरानी अपनी रंजिश में रविवार शाम को अचानक प्रभुनाथ गुप्ता के घर पर दर्जनों साथियों के साथ हमला बोल दिया दिया। दर्जनों की संख्या में आए हमलावरों के पथराव से व्यवसाई का परिवार सहम कर घर के अंदर दुबक गया।

# विवाद मामले में एएसपी ने दर्ज किया पीड़ितों का बयान

तरकुलवा, हिन्दुस्तान संवाद। थाना क्षेत्र के परास खाड़ गाँव में तीन माह पूर्व दो पक्षों के विवाद में हुई मारपीट के मामले में दोनों तरफ से हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज है। जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक ने शाम को गांव पहुंच करके पीड़ित पक्ष से बयान लेकर वापस जिला मुख्यालय लौट गए।

क्षेत्र के परास खाड़ निवासी श्री यादव तथा श्रीकांत यादव के बीच तीन माह पूर्व खेत में पेड़ के डाल को काटने को लेकर दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई थी जिसमें आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर दोनों तरफ से हत्या का प्रयास समेत गंभीर धाराओ में मुकदमा दर्ज किया था। लेकिन पीड़ित दोनो पक्षों ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि स्थानीय पुलिस जानबूझकर 307 बढ़ाई है। इसी मामले में जाँच करने अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्र चौधरी ने गांव पहुंचकर पंडितों का बयान दर्ज कर अगल बगल के लोगों से पूछताछ कर वापस जिला मुख्यालय लौट गए। इस संबंध में थाना प्रभारी मृत्युंजय राय ने बताया कि पीड़ित दोनों पक्ष जानबूझकर पुलिस पर आरोप लगा रही है।

# प्रेमी-प्रेमिका का तीसरे दिन भी नहीं चला पता

भागलपुर। सरयू नदी में 24 घंटे के अंदर कूदे प्रेमी और प्रेमिका का तीसरे दिन भी कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पुलिस प्रशासन व एनडीआरएफ की टीम रविवार को भी सरयू नदी में कूदे युवक व युवती की तलाश में जुटी रही। पुलिस व एनडीआरएफ की टीम सरयू नदी से गोताखोरों की सहयोग से युवक व युवती की तलाश में जुटी हुई है।

उधर युवक व युवती के सरयू नदी में कूदने की जानकारी होने पर उनके परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। उपनिरीक्षक अरविन्द कुमार ने बताया कि सरयू नदी में कूदे युवक व युवती का एनडीआरएफ की टीम व गोताखोरों की सहयोग से छानबीन कराई गई है।

# हियुवा नेता पर हमले के मामले में 15 पर केस दर्ज

देवरिया,निज संवाददाता। शहर के एसएसबीएल स्कूल के समीप हिन्दू युवा वाहिनी के पूर्व नगर अध्यक्ष पर कुछ लोगों ने शुक्रवार की देर रात में जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित की तरीर पर कोतवाली पुलिस ने तीन नामजद सहित 15 लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

हियुवा के पूर्व नगर अध्यक्ष साहिल उर्फ बिट्टू मद्देशिया पर शुक्रवार की देर रात अपने एक दोस्त के साथ बैतालपुर से घर आ रहे थे। अभी वह एसएसबीएल स्कूल के पास पहुंचे ही थे कि पहले से 15 से 20 लोगों ने घात लगाए अबूबकर नगर निवासी आसिफ ने हमला बोल दिया। उसके साथ देवरिया खास निवासी मुन्ना व पिड़रा निवासी आरिफ अली उर्फ सिड्ढू ने जान से मारने की नियत से घेर कर मारने-पीटने लगे। इस हमले में बिट्टू के सिर सहित शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई। इधर मौके पर राहगीर पहुंचे हमलावर ईंट-पत्थर चलाते हुए भाग खड़े हुए। घायल बिट्टू मद्देशिया का मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है।

# महिला समेत चार का चालान

खुखुन्दू। भूमि पर कब्जे एवं पारिवारिक विवाद को लेकर पुलिस ने थाना क्षेत्र की अलग-अलग जगहों से तीन महिला समेत चार लोगों का शांति भंग में चालान किया है। पारिवारिक विवाद को लेकर मठिया पठान गांव निवासिनी नजमा खातून, समशुन निशा एवं भूमि पर कब्जा करने एवं रास्ते के विवाद को लेकर मजगावां गांव निवासी देवीशरण शर्मा एवं राबड़ी देवी का पुलिस ने शांति भंग में चालान किया है।

# दुष्कर्म के आरोपित को उत्तराखंड पुलिस ने किया गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, देवरिया: उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जिले में 2003 में हुए दुष्कर्म व अपहरण के मामले मे फरार आरोपित को उत्तराखंड पुलिस ने जिले के सुरौली थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उत्तराखंड पुलिस आरोपित को लेकर उत्तराखंड के लिए रवाना हो गई।

- उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जनपद में 2003 में दर्ज हुआ था दुष्कर्म का मुकदमा
- एसटीएफ गोरखपुर के सहयोग से पुलिस को गिरफ्तार करने में मिली सफलता

बिहार के बेतिया जनपद के बरमतियागंज थाना के ग्राम महुआवा का रहने वाला सुरेंद्र महतो के विरुद्ध उधम सिंह नगर जिले के किच्छा थाना में 2003 में दुष्कर्म, अपहरण का मुकदमा दर्ज था, उसके बाद से ही यह फरार चल रहा था, सुरौली थाना क्षेत्र के फुलवरिया लक्ष्मी में उसका लोकेशन लगातार मिल रहा था।

उधम सिंह नगर जिले की पुलिस गोरखपुर पहुंची, इसके बाद एसटीएफ गोरखपुर के सहयोग से आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष अनिल सिंह ने बताया कि एसटीएफ गोरखपुर व उत्तराखंड पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपित को गिरफ्तार किया है।

**यह और अन्य खबरें देखे-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# दरवाजे पर चढ़कर किया पथराव, तीन वाहन क्षतिग्रस्त

देवरिया : शहर के भटवलिया में एक व्यक्ति के दरवाजे पर चढ़कर कुछ लोगों ने पथराव किया, जिससे तीन वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। भटवलिया के रहने वाले गुलाब चंद के दरवाजे पर रविवार की रात बाइक सवार कुछ युवक पहुंचे, दरवाजे पर पथराव किया, जिससे एक कर समय तीन वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। कोतवाल दिलीप सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, मामले की जांच की जा रही है। (जासं)

# पुलिस लाइन से 12 उप निरीक्षकों को मिली तैनाती

देवरिया: एसपी संकल्प शर्मा ने रविवार की रात पुलिस लाइन से 12 उप निरीक्षकों को थाने पर तैनाती दी। जिसमें संतोष सिंह को पुलिस लाइन से तरकुलवा, विनोद यादव को रुद्रपुर, रामबचन यादव व प्रेम शंकर दुबे को लार, सुरेन्द्र बहादुर सिंह को तरकुलवा, स्वामीनाथ सिंह को सुरौली, रामदरश यादव को मईल थाने में तैनाती दी गई है। इसी तरह महिला उप निरीक्षक चंद्रलेखा सिंह को महिला रिपोर्टिंग पुलिस चौकी सलेमपुर, सरवर आलम को भाटपाररानी, अनिल यादव को थाना एएचटीयू, केशव मौर्य को तरकुलवा, अखलाक अहमद को एएचटीयू में तैनाती दी गई है।

# सात लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

भटनी: शहर के राघव नगर मोहल्ले के रहने वाले सात लोगों के विरुद्ध पुलिस ने दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। भटनी उपनगर के हरिकीर्तन मोहल्ले के लक्ष्मी प्रसाद की पुत्री पूजा की शादी देवरिया शहर के राघव नगर मोहल्ले में हुई है। आरोप है कि जबसे वह ससुराल गई, तभी से ससुराल पक्ष के लोग दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे।

इन दिनों मारपीट कर घर से निकाल दिए हैं। पुलिस ने माया, कविता, मनीष समेत सात लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की है।

# घर से नाराज होकर निकली किशोरी लौटी नहीं, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

सलेमपुर: कोतवाली थाना क्षेत्र के मटियरा गांव की एक किशोरी शुक्रवार की सुबह घर से पढ़ने के लिए निकली थी। देर शाम घर नहीं पहुंची तो स्वजन ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। स्वजन के मुताबिक वह स्कूल के लिए क्लिप बोर्ड खरीदने के लिए पैसा मांग रही थी। इसी को लेकर वह घर से गुस्से में निकल गई। कोतवाल तेज जगरनाथ सिंह ने बताया कि किशोरी घर से गुस्सा में निकली है। पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# भागलपुर पुल पर जाली लगाने के लिए लोगों का प्रदर्शन



पुल पर जाली लगाने के लिए प्रदर्शन करते क्षेत्र के लोग। स्रोत प्रधान भागलपुर

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**भागलपुर।** सरयू नदी पर बना यह पुल सुसाइड प्वाइंट के रूप में जाना जाने लगा है। क्षेत्र में लोगों ने पुल पर प्रदर्शन कर जाली लगाने की मांग की है। इससे इस पुल से होने वाली आत्म हत्याओं को रोका जा सके।

बलिया- देवरिया को जोड़ने वाले सरयू नदी पर बने भागलपुर पुल पर रविवार को क्षेत्र के लोगों ने समाजसेवी अंकित सिंह माही और भागलपुर के प्रधान पति बृजभूषण यादव के नेतृत्व में प्रदर्शन कर शासन और प्रशासन के लोगों से पुल पर जाली लगाने की मांग की है।

क्षेत्र के आशुतोष पांडेय, श्रीधर राम त्रिपाठी, आदर्श सिंह, संदीप साहनी, विशाल साहनी, विपिन यादव, अमित जायसवाल, गंगा यादव, नन्हे यादव, अभिनंदन वर्मा, संदीप चौरसिया, श्रेयांश सिंह, सूर्यांश सिंह,मनोज सिंह, अखिलेश सिंह आदि लोगों का कहना है कि परिजनों से नाराज या प्यार में विफल हो जाने के बाद युवक और युवतियां पुल से कूदकर जान दे देते हैं।

पुल पर जाली लग जाने से हो रहे आत्म हत्याओं पर अंकुश लगेगा।

# सार्वजनिक मार्ग पर ईंट रखने को लेकर मारपीट और पथराव

संवाद न्यूज एजेंसी

## मां-बेटी घायल, मझगावा गांव का मामला, पुलिस ने दो का शांतिभंग में किया चालान

खुखुंदू। मझगावा गांव में रविवार को सार्वजनिक मार्ग पर ईंट रखकर मार्ग अवरूद्ध करने के दौरान दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस दौरान हुए पथराव में मां-बेटी घायल हो गईं।

दोनों का मेडिकल कॉलेज देवरिया में इलाज कराया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों से एक-एक का शांतिभंग में चालान किया है। एक पक्ष का आरोप है कि सुबह के बाद फिर दोपहर में भी मारपीट कर युवती को घायल कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा। खुखुंदू थाना क्षेत्र के मझगावा गांव निवासी रामबचन कन्नौजिया और देवी शरण शर्मा के परिवार के बीच सात साल से रास्ते को लेकर विवाद है। आरोप है कि रविवार को सार्वजनिक मार्ग पर देवी शरण पक्ष ने ईंट रखकर आवागमन अवरुद्ध कर दिया। रामबचन पक्ष ने जब विरोध किया तो पथराव शुरू हो गया।

पुलिस ने दोनों पक्षों से एक-एक लोगों को हिरासत में लेकर शांतिभंग में चालान कर दिया। दोपहर बाद फिर से देवी शरण पक्ष मार्ग पर लकड़ी रखने लगा। इस पर सुंदरी कन्नौजिया ने विरोध किया तो उसके ऊपर धारदार हथियार से प्रहार कर दिया गया।

# रेडी अन्ना पोर्टल से ठगी करने वाले देवरिया के छह जालसाज गिरफ्तार

**संवाद न्यूज एजेंसी**

गोरखपुर। शाहपुर के रामजानकी नगर इलाके में अवैध तरीके से रेडी अन्ना पोर्टल पर ऑनलाइन गेम के जरिए सट्टेबाजी कराने वाले अंतरराज्यीय गैंग के आठ सदस्यों को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। इनमें छह देवरिया और दो बिहार के हैं। मुख्य सरगना अभी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा है, उसकी तलाश की जा रही है। गैंग के सदस्य न सिर्फ अवैध तरीके से मनी म्यूल बैंक खातों में लोगों से सट्टा में रुपये लगवाते थे, बल्कि उसकी उसी दिन निकासी भी करवा लेते थे। यह गैंग एक दिन में 10 से 12 लाख रुपये तक की जालसाजी करता था।

सीओ गोरखनाथ योगेंद्र सिंह ने गैंग का खुलासा करते हुए बताया कि शहर में अवैध तरीके से रेडी अन्ना नामक ऑनलाइन गेमिंग पोर्टल चलने की सूचना मिली थी।

जानकारी हुई कि इस पोर्टल की फ्रेंचाइजी लेकर गिरोह शाहपुर के रामजानकी नगर में अपना अड्डा बनाया है। गेम खेलने के लिए यह युवकों को झांसे में लेते थे। यही नहीं म्यूल बैंक खातों के माध्यम से रोजाना पैसे की निकासी करते हुए रेडी अन्ना ग्रुप तक पहुंचाते थे।

इसके बदले उन्हें भी अच्छा-खासा कमीशन मिलता था।

## पुलिस ने इन्हें किया गिरफ्तार

- रोहित प्रसाद पुत्र मदन प्रसाद निवासी प्रतापपुर रामपुर, थाना श्रीरामपुर, देवरिया
- गुड्डू शर्मा पुत्र अनिरुद्ध शर्मा निवासी रामपुर प्रतापपुर, थाना श्रीरामपुर, देवरिया
- रंजेश यादव पुत्र नंदलाल यादव निवासी रामपुर प्रतापपुर, थाना श्रीरामपुर, देवरिया
- अमित शर्मा पुत्र रंगलाल शर्मा निवासी ठाकुरपुर छपरा बुजुर्ग, थाना श्रीरामपुर, देवरिया
- अभय कुमार यादव पुत्र मुन्नीलाल यादव निवासी ठाकुरपुर छपरा बुजुर्ग, थाना श्रीरामपुर, देवरिया
- संजीत कुमार खरवार पुत्र गंभीरा खरवार निवासी बैकुंठपुर प्रतापपुर, थाना श्रीरामपुर, देवरिया

# हियुवा के पूर्व नगर अध्यक्ष पर किया जानलेवा हमला

## तीन नामजद सहित 15 के खिलाफ केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

### शहर के एसएसबीएल स्कूल के समीप हुई घटना

**देवरिया।** एसएसबीएल स्कूल के समीप हिंदू युवा वाहिनी (हियुवा)के पूर्व नगर अध्यक्ष पर कुछ लोगों ने शुक्रवार की देर रात जानलेवा हमला कर दिया। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित की तरीर पर कोतवाली पुलिस ने तीन नामजद सहित 15 लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।

हियुवा के पूर्व नगर अध्यक्ष साहिल उर्फ बिट्टू मद्देशिया पर शुक्रवार की देर रात अपने एक दोस्त के साथ बैतालपुर से घर आ रहे थे। एसएसबीएल स्कूल के पास 15 से 20 लोगों ने घात लगा कर अबूबकर नगर निवासी आसिफ ने हमला बोल दिया। उसके साथ देवरिया खास निवासी मुन्ना व पिड़रा निवासी आरिफ अली उर्फ सिड्डू ने जान से मारने की नियत से घेर कर मारपीट की।

इस हमले में बिट्टू के सिर सहित शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई। इधर मौके पर राहगीर पहुंचे हमलावर ईंट-पत्थर चलाते हुए भाग गए। घायल बिट्टू मद्देशिया का मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। बिट्टू की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आसिफ, मुन्ना, आरिफ तथा 15-20 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। 24 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी पुलिस ने अभी तक एक भी अभियुक्त को गिरफ्तार नहीं किया है। कोतवाल दिलीप सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी हुई है। जल्द ही आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## मारपीट में दोनों पक्ष ने दर्ज कराया केस

**चनुकी।** लार थाना क्षेत्र के रुच्चापार में दस दिन पहले हुई मारपीट में पुलिस ने दोनों पक्ष की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने घायल की तहरीर पर मां व दो बेटों के खिलाफ केस दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष की तहरीर पर तीन के खिलाफ केस दर्ज किया है। रुच्चापार निवासी विकास गौड़ व गांव के सूरज साहनी से किसी बात को लेकर 11 सितंबर को कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। इसमें दो लोग घायल हो गए। दोनों का लार सीएचसी पर इलाज करवाया गया। इंस्पेक्टर कपिल देव चौधरी ने बताया कि दोनों तरफ से एक-दूसरे के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। संवाद

## पेड़ काटकर चुराने का आरोप, कार्रवाई की मांग

**तरकुलवा।** थाना क्षेत्र के ग्राम पड़री में शुक्रवार की रात में कुछ लोगों के नौ शीशम के पेड़ काटकर चुरा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने पुलिस को चार नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पड़री गांव निवासी छोटेलाल यादव ने थाने में तहरीर दी है। कहा कि 20 सितंबर की रात्रि में 9:00 बजे के करीब गांव के ही एक व्यक्ति ने अन्य तीन लोगों के साथ मिलकर उनके नौ शीशम के पेड़ को काटकर ट्रैक्टर-ट्रॉली से लादकर उठा ले गए। आरोप है कि वे लोग चोरी की गई शीशम की लकड़ी घर और कुछ अन्य स्थानों में छुपाकर रखी है। थानाध्यक्ष मृत्युंजय राय ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। संवाद

## बक्से का ताला तोड़कर नकदी और जेवरात चोरी

**लार रोड।** मईल थाना क्षेत्र के कुंडौली गांव में शनिवार रात में घर में घुसकर चोरों ने 30 हजार रुपये व सोने चांदी के जेवरात चुरा लिए। पुलिस ने केस दर्ज दर्ज किया है। कुंडौली गांव निवासी गुड्डू प्रजापति के घर के लोग खाना खाने बाद सो गए। घर में घुसे चोरों ने बक्से का ताला तोड़कर तीस हजार रुपयेव सोने-चांदी के जेवरात चुरा लिए। सुबह उठने पर बक्से का ताला टूटा देख सबके होश उड़ गए। पीड़ित ने मईल पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। थानाध्यक्ष अमित कुमार राय ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा। संवाद

## रंजिश में पीटने के बाद टीन शेड तोड़ा, केस दर्ज

**भटनी।** बलुआ अफगान में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें आरोपियों ने पीड़ित को पीटने के बाद उसका टीनशेड तोड़ दिया। शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों पर मारपीट, तोड़फोड़ आदि का केस दर्ज किया। बलुआ अफगान गांव में धर्मेंद्र कुशवाहा और लक्ष्मण कुशवाहा के बीच जमीन विवाद है। शनिवार को एक पक्ष विवादित जमीन पर कब्जा करने लगा। विरोध पर दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। आरोप है कि मारपीट के बाद लक्ष्मण पक्ष के लोगों ने धर्मेंद्र का टीन शेड तोड़ दिया। पुलिस ने लक्ष्मण कुशवाहा, बच्ची देवी, अभिषेक कुशवाहा, प्रमोद कुशवाहा पर मारपीट, तोड़फोड़ आदि का केस दर्ज किया। प्रभारी निरीक्षक रणजीत सिंह भदौरिया ने बताया कि कार्रवाई के बाद मामले की जांच की जा रही है। संवाद

# युवक की तलाश में पुलिस ने गोरखपुर में डाला डेरा

संवाद न्यूज एजेंसी

## सुरौली थाने की पुलिस एसओजी के साथ गोरखपुर में कई जगह दे चुकी है दबिश

पैकौली। सोशल मीडिया पर खून से लहूलुहान बताकर सुरौली थाना क्षेत्र के कतरारी गांव निवासी एक युवक ने वीडियो वायरल किया। उसने गांव के ही दो लोगों पर चाकू से गोदने का आरोप लगाया था। इसके बाद पुलिस ने गांव के ही दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वहीं गायब युवक की तलाश में लगातार दबिश दे दे रही है।

पुलिस ने एसओजी की मदद से सर्विलांस के माध्यम से गायब युवक तक पहुंचने के फिराक में है। पुलिस ने गोरखपुर में डेरा जमा लिया है। पुलिस का दावा है कि युवक को पुलिस शीघ्र बरामद कर लेगी। कतरारी गांव निवासी अमन कश्यप पुत्र स्व. संजय निषाद का बृहस्पतिवार की रात में एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें वह रो रहा है। वीडियो में वह गांव के ही दो लोगों का नाम लेते हुए चाकू मार कर लहूलुहान करने की बात कह रहा था। इधर, शुक्रवार की सुबह उसकी मां कमलावती देवी ने सुरौली थाने की पुलिस को तहरीर दी थी।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुट गई। पुलिस ने शनिवार को गायब युवक के बारे में जानकारी लेने के लिए एक व्यक्ति को उठाया था, जिससे पूछताछ कर पुलिस ने छोड़ दिया। पुलिस घटना के दिन से गौरीबाजार, चौरीचौरा, गोरखपुर सहित कई जगह पर दबिश दी। पुलिस सूत्रों की माने तो पुलिस ने गोरखपुर में डेरा डाल रखा है।

सीओ आदित्य कुमार ने बताया कि जल्द ही गायब युवक को पुलिस बरामद कर लेगी। पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

# देवरिया एसपी बताएं... अश्लील वीडियो की बरामदगी के लिए क्या किया

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रेमी की ब्लैकमेलिंग से तंग आकर युवती की आत्महत्या मामले की विवेचना पर गंभीर सवाल उठाए हैं। देवरिया के पुलिस अधीक्षक (एसपी) से पूछा है कि पुलिस अधिकारियों ने जब्त मोबाइल से पीड़िता के अश्लील वीडियो की बरामदगी के लिए कदम क्यों नहीं उठाए? यह आदेश न्यायमूर्ति अजय भनोट की अदालत ने आरोपी नितेश चौहान की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। >> पेज 8

# KUSHINAGAR POLICE

5

# सराहनीय कार्य दिनांक:-23-09-2024

# पुलिस ने चार अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**पडरौना।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध तथा वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत रविवार को विशुनपुरा पुलिस ने चार वारण्टी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इनमें भुखल कुशवाहा, तुफानी कुशवाहा निवासी चिरकुटहा व राजमंगल निवासी नरहवा व हरिन्द्र निवासी जंगल नौगावा थाना विशुनपुरा शामिल हैं। टीम में प्रभारी निरीक्षक रामसहाय चौहान, दरोगा विजय शंकर यादव, अमन चौहान आदि शामिल रहे।

## कसया क्षेत्र का मामला, पंडाल की जमीन को तहसील प्रशासन ने किया सुरक्षित

# एसडीएम ने सुलझाया दुर्गा पूजा पंडाल का विवाद, पैमाइश कराई

**विवाद**

**पडरौना, निज संवाददाता।** कसया तहसील क्षेत्र के ग्राम कुड़वा उर्फ दिलीप नगर के टोला धन्नीपट्टी में लंबे समय से चले रहे दुर्गा पूजा पंडाल की जमीन के विवाद को रविवार को एसडीएम कसया सुलझा दिया है। पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में राजस्व टीम ने पैमाइश कराकर दुर्गा पूजा पंडाल की जमीन को सुरक्षित कर दिया तथा दोनों पक्षों को निर्देश दिया कि यह जमीन हमेशा खाली रहेगी।

इसका उपयोग ग्रामीणों द्वारा नवरात्र समेत अन्य पर्व किया जायेगा। दुर्गा सेवा समिति के अध्यक्ष अंबुज कुमार सिंह ने पिछले छह माह में इस संबंध में कई प्रार्थना पत्र तहसील को सौंपा था कि ग्रामसभा में परंपरागत दुर्गा पंडाल के स्थान को रजनिश्वर सिंह पुत्र स्व. अवधेश सिंह समेत अन्य लोगों द्वारा बाउंड्रीवॉल बनाकर पक्का निर्माण कराया जा रहा है। इससे दुर्गा पूजा पंडाल का स्थान अतिक्रमण का शिकार हो जायेगा।



कसया तहसील के कुड़वा उर्फ दिलीपनगर के टोला धन्नीपट्टी में दुर्गा पूजा पंडाल की जमीन का निरीक्षण करते एसडीएम व तहसीलदार।

इसकी जानकारी होने पर एसडीएम कसया पारितोष मिश्र, तहसीलदार धर्मवीर सिंह, नायब तहसीलदार शैलेश सिंह, कानूनगो बृजेश मणि त्रिपाठी, लेखपाल अंगध्वज व प्रभारी निरीक्षक कसया गिरिजेश उपाध्याय के नेतृत्व में राजस्व व पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

उपजिलाधिकारी की मौजूदगी में उक्त जमीन का सीमांकन करा कर मामले का निस्तारण किया गया तथा दोनों पक्षों को यह हिदायत दी गई कि संबंधित भूमि का उपयोग दुर्गा पूजा पंडाल के अतिरिक्त आने जाने के लिए ग्रामीणों द्वारा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त उस भूमि पर किसी भी पक्ष द्वारा कोई स्थाई निर्माण नहीं किया जाएगा। संबंधित भूमि मौके पर खाली रहेगी। सभी पक्षों द्वारा इस निर्णय पर अपनी सहमति व्यक्त की गई तथा मौके पर निशान देही कर पुराने समय से चले आ रहे विवाद का निस्तारण कर दिया गया।

- दुर्गा सेवा समिति की शिकायत पर की कार्रवाई
- टीम ने दोनों पक्षों को जमीन खाली रखने के दिए निर्देश

"तहसील प्रशासन की टीम ने मौके पर दोनों पक्षों की सहमती से लंबे समय से चल रहे जमीनी विवाद को सुलझा दिया गया है। वह जमीन दुर्गा पूजा पंडाल के लिए सुरक्षित कर दिया गया है। इसपर दोनों पक्ष ने अपनी मंजूरी दी है।

**पारितोष मिश्र,** एसडीएम कसया

# कड़ी सुरक्षा के बीच उठा लतवा चट्टी का डोल मेला

- डोल मेला को लेकर फोरलेन के एक साइड को कर दिया गया था बंद
- डोल मेले में पुलिस फोर्स व पीएसी के जवान चप्पे-चप्पे पर रहे तैनात

दाहूगंज, हिन्दुस्तान संवाद। लतवा चट्टी का ऐतिहासिक महावीरी अखाड़े का डोल मेला कड़ी सुरक्षा के बीच रविवार को संपन्न हुआ। मेले में पहले दिन शनिवार की रात कुछ उत्पाती युवकों ने अशांति फैलाने की कोशिश की लेकिन उन्हें पुलिस की सख्ती का शिकार बनना पड़ा। पुलिस की तैनाती से डोल मेला सकुशल संपन्न हुआ।

शनिवार से ही डोल मेला को लेकर फोरलेन के एक साइड को बंद कर दिया गया था। गाड़ियों का आवागमन एक फोरलेन के एक तरफ से हो रहा था। इससे बिहार से यूपी जाने वाले लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। बिहार से सटे बॉर्डर होनें के वजह से लतावा चट्टी का डोल मेला सकुशल संपन्न करना प्रशासन के लिए हमेशा से चुनौती भरा था। डोल मेले में चारो तरफ मौजूद भारी पुलिस फोर्स व पीएसी के जवान चप्पे चप्पे पर तैनात रहे। मेले में डोल देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ी। शनिवार की रात 2 बजे के करीब आर्केस्ट्रा को बंद कराने के लिये पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर नृत्य संगीत बन्द करा दिया। आयोजकों और पुलिस के पूरी सावधानी के वजह से उत्पाती तत्व कंट्रोल में रहे। पुलिस ने कुछ मनचले को मेले से खदेड़ भी दिया। महावीरी आखडा नंबर 3 के आयोजक पूर्व प्रधान घनश्याम गुप्ता ने मेले में सभी लोगों का स्वागत किया और सकुशल मेला संपन्न कराने के लिए प्रशासन को धन्यवाद दिया। आखड़ों में सहयोग करने वाले अजय सिंह, घनश्याम गुप्ता, टुनटुन राय, बुलेट राय, वीरेंद्र ओझा, सुबास यादव, अवध गुप्ता, सूरज गुप्ता, राजू राय, मंटू पटेल, गोविंद सिंह, शशि राय ने दर्शकों व प्रशासन के प्रति आभार जताया।


लतवा चट्टी डोल मेला में उमड़ी भीड़। • हिन्दुस्तान

# गंडक नदी में गिरे युवक की तलाश तीसरे दिन भी जारी

खड्डा। पनियहवा स्थित गंडक नदी में गिरकर लापता हुए युवक की खोजबीन रविवार को तीसरे दिन भी जारी रही। शाम तक उसका पता नहीं चल सका। उसकी पत्नी व बच्चों का रो रोकर बुरा हाल है। सिद्धार्थनगर जिले के ग्राम मिश्रौलिया शिवदास टोला निवासी जोगमणि पाण्डेय शुक्रवार को बिहार के रक्सौल स्थित अपनी ससुराल से पत्नी लालती देवी व दो बच्चों के साथ किसी साधन से पनियहवा पुल पर घूमने पहुंचा। सभी पुल के नीचे उतरकर नदी के किनारे घूम रहे थे। इसी दौरान बोल्डर से पैर फिसलने से जोगमणि नदी में गिरकर लापता हो गया।

# एसटीएफ के तमकुहीराज में धमकने की दिन भर चर्चा

- आधिकारिक जानकारी से पुलिस कर रही परहेज
- रात भर कुछ लोगों की थाने पर रही आवाजाही

तमकुहीराज, हिसं। कस्बे के एक मकान में दावत करते समय गैरकानूनी वस्तुओं के साथ करीब छह लोगों के पकड़े जाने की चर्चा रविवार को दिन भर होती रही। हालांकि, पुलिस के अधिकारी मामले में कुछ भी जानकारी देने से परहेज करते रहे। आधिकारिक रूप से जानकारी नहीं मिलने के बावजूद कस्बे में चर्चा रही कि एक सफेदपोश के घर देर शाम पहुंची एसटीएफ की टीम ने दबिश देकर अपने साथ लैपटॉप एवं अन्य सामान कब्जे में लिया है।

तमकुहीराज कस्बे में रविवार को दिन भर सोशल साइट एवं अन्य तरीकों से चर्चा रही कि शनिवार की देर रात तमकुहीराज थाने की पुलिस ने क़स्बा के सर्विस लेन स्थित एक मकान में दावत कर रहे करीब छह लोगों को गैरकानूनी वस्तुओं के साथ पकड़ा है। मौके से पुलिस ने आरोपियों के वाहन को भी कब्जे में लिया है, जिसमें भारी मात्रा में गैरकानूनी वस्तुएं बरामद हुई हैं। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद आरोपियों के करीबियों की पूरी रात थाने में आवाजाही रही, लेकिन पुलिस के कड़े रुख के कारण उन्हें बैरंग वापस लौटना पड़ा। सोशल साइट पर चर्चा रही कि पुलिस कार्रवाई में भारी मात्रा में गैर कानूनी वस्तुओं के साथ हत्थे चढ़े कुछ सफेदपोश आरोपियों को छोड़ दी है। वहीं कुछ लोग पुलिस द्वारा आरोपियों को छोड़ने की घटना को गलत बता रहे थे। हालांकि, आधिकारिक रूप से पुलिस कोई भी जानकारी देने से परहेज करती रही। रविवार की देर शाम इस मामले में एसटीएफ टीम के कस्बे में पहुंचने की चर्चा होने लगी। लोगों के अनुसार लग्जरी गाड़ियों से एक आरोपी के घर सादे लिबास में पहुंचे लोगों ने तलाशी लिया तथा लैपटॉप व कुछ कागजात कब्जे में लेकर चले गए।

# पिण्डी तोड़ने के मामले में नौ पर केस दर्ज

**पटहेरवा।** मझुअवा स्थित गांव के किनारे अराजक तत्वों द्वारा दुर्गा मंदिर की सात पिंडियों को दुर्गा स्थान का ताला तोड़कर क्षतिग्रस्त करने का मामला सामने आया था। मौके पर जुटे ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मंदिर में स्थापित शंकर जी की मूर्ति को मौके से कुछ दूर खेत से ढूंढ ली, एक मूर्ति अब तक नहीं मिली है। पटहेरवा एसओ दीपक सिंह ने बताया कि मूर्ति क्षतिग्रस्त करने व उखाड़ कर फेंकने के मामले में प्रधान निर्मला देवी की तहरीर पर अज्ञात खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

# यूपी-बिहार सीमा पर जाली नोट के साथ पकड़े गए तीन तस्कर

## भारी मात्रा में अवैध असलहे व बारूद बरामद होने की है चर्चा

**जागरण संवाददाता, पडरौना :** यूपी-बिहार बार्डर पर तरयासुजान थाना क्षेत्र में भारत व नेपाल के जाली नोटों की बड़ी खेप के साथ रविवार की देर शाम तीन तस्करों के पकड़े जाने की खबर है। इनके पास से भारी मात्रा में अवैध असलहे भी बरामद हुए हैं। बारूद भी मिली है, जिससे बम बनाने में प्रयोग करने की बात कही जा रही है। पकड़े गए तीनों तस्कर समुदाय विशेष के हैं और इनके एक प्रमुख राजनीतिक दल से जुड़े होने की भी बात सामने आ रही है। उस दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ वीडियो व फोटो प्रसारित होने की भी चर्चा है। इन तीनों के ऊपर सेवरही, तरयासुजान थाने में गंभीर आपराधिक मामले दर्ज होने की बात भी कही जा रही है। एक पर गुंडा एक्ट की भी कार्रवाई हुई है। हालांकि, पुलिस कुछ भी बताने से इन्कार रही है। चर्चा है

**एक बड़े राजनीतिक दल से संबंध और उसके नेता से मजबूत रिश्ते की भी सामने आ रही बात**

कि जांच में कुछ बड़े नाम भी सामने आ सकते हैं।

सूत्रों की मानें तो इन तीनों तस्करों की गतिविधियों पर पुलिस की पहले से नजर थी। एक प्रमुख सियासी दल से जुडे होने के कारण हाथ नहीं डाल पा रही थी। इस बीच सूचना मिली कि तीनों एक साथ तमकुहीराज के एक होटल में नाश्ता कर रहे हैं। इनके पास भारतीय व नेपाली जाली नोटें की बड़ी खेप भी है। अवैध असलहे हैं तो बारूद भी है। इस पर पुलिस टीम ने होटल में छापामारी की तो सूचना सही मिली और तीनों को पकड़ा। इनके ऊपर सेवरही व तरयासुजान थाने में हत्या के प्रयास, धार्मिक उन्माद फैला दंगा कराने, मादक पदार्थ की तस्करी आदि गंभीर आपराधिक मामलों में मुकदमे दर्ज हैं। इस संबंध में एसपी संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि कुछ संदिग्धों को पकड़ा गया है, पूछताछ की जा रही है। जाली नोटों व असलहों की बरामदगी पर कुछ भी कहने से इन्कार कर दिया है।

**चर्चा में आए यह नाम:** पकड़े गए तस्करों में रफी अंसारी, शेख जमालुदीन व नौशाद खान निवासी गुदरी मोहल्ला कस्बा व थाना तमकुहीराज का नाम चर्चा में आया है। रफी के विरुद्ध 11, शेख जमालुदीन के विरुद्ध चार व नौशाद खान के विरुद्ध अलग-अलग थानों में गंभीर अपराध के चार मुकदमे पंजीकृत हैं। तस्करों से हुई पूछताछ के आधार पर पुलिस ने देर रात तीन और संदिग्धों को हिरासत में लिया है। एसपी के निर्देश पर पुलिस की पांच टीमें जांच में लगीं हैं।

# पिकअप से 24 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद, दो गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, पडरौना : सदर कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के बांसी चौकी के पास रविवार को पिकअप से 24 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया। दोनों की पहचान विजय यादव निवासी मोरबेलवा थाना गबनहा व सुधीर महतो निवासी कुकुरा थाना शिकारपुर जिला पश्चिमी चंपारण बिहार के रूप में हुई। तस्कर शराब की खेप महराजगंज से पश्चिमी चंपारण बिहार ले जा रहे थे।

प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार सिंह मातहतों संग गश्त पर थे। सूचना मिली कि तस्कर शराब की खेप लेकर बिहार जा रहे हैं। टीम ने बांसी चौकी के समीप वाहनों की जांच पड़ताल शुरू कर दी। इस बीच खिरकिया की ओर से आई व बिहार के नंबर लगे पिकअप को रोक पुलिसकर्मियों ने तलाशी ली तो बोरे में छिपाकर रखी गई 24 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई। टीम ने मौके से भागना चाहे दोनों तस्करों को दबोच लिया।

टीम में बांसी चौकी प्रभारी विपिन सिंह, दारोगा हरिकेश्वर सिंह आदि शामिल रहे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पकड़े गए तस्करों का आपराधिक इतिहास है। इनके विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# धंधेबाज करा रहे बालू खनन, नहीं हो रही कार्रवाई

## रामकोला क्षेत्र में छोटी गंडक से बेधड़क निकाला जा रहा बालू, नाव से किया जा रहा एकत्र, रात में हो रही ढुलाई



छोटी गंडक के बरवाडीह घाट पर बालू खनन करते मजदूर● जागरण

जासं, लक्ष्मीगंजः रामकोला क्षेत्र के विभिन्न गांवों से गुजरी छोटी गंडक नदी के किनारे धंधेबाज बेखौफ बालू का खनन कर रहे हैं। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि प्रशासन की ओर से कार्रवाई नहीं किए जाने से इनका हौसला बढ़ रहा है। बालू खनन से नदी का जलस्तर गिर रहा है, आसपास के खेतों के ऊसर होने का खतरा बढ़ रहा है।

स्थानीय गांवों में रहने वाले रामधनी, उमेश, अमरचंद, उदयभान, विवेक कुशवाहा, राजेंद्र, राजू, सूरज आदि का कहना है कि नदी के सुअरहा, कोटिया, पगार, मिश्रौली, टांड़ी टोला, मुरलीछपरा, खोटही के हर्दीछपरा, बरवाडीह, विश्वनाथपुर समेत अन्य गांवों के घाटों पर प्रतिदिन बालू का खनन किया जाता है। धंधेबाज नाव के सहारे बालू निकाल कर जगह-जगह ढेर लगाते हैं। शाम होते ही ट्रालियों पर लादकर सुरक्षित जगह पहुंचा देते हैं। रात भर बालू लदे वाहन सड़कों पर दौड़ते हैं, इसके बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि बालू खनन से नदी के किनारे कृषि योग्य भूमि ऊसर होती जा रही है, भूमिगत जलस्तर गिरता जा रहा है। खान अधिकारी अभिषेक सिंह ने कहा कि शीघ्र छापामारी कर धंधेबाजों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### खान अधिकारी ने बुलडोजर से तोड़वाई नाव

क्रांति चौराहा: नेबुआ नौरंगिया थाने के रायपुर भैंसही व भेड़िहारी घाट पर रविवार की सुबह छोटी गंडक नदी से बालू का खनन कराया जा रहा था। उसी दौरान कुशीनगर के खान अधिकारी अभिषेक सिंह ने छापेमारी की। धंधेबाज नाव पर बालू लादकर किनारे ले जा रहे थे। अधिकारी को देख नाव को छोड़ फरार हो गए। टीम ने नाव पर लदा बालू नदी में गिरा दिया और बुलडोजर मंगाकर नाव को तोड़वा दिया।

# मजदूर की मृत्यु के मामले में पांच के विरुद्ध मुकदमा

जागरण संवाददाता, पडरौना: नगर के ओंकार वाटिका कालोनी में निर्माणाधीन मकान की दूसरी मंजिल से शनिवार को गिरने के कारण हुई मृत्यु के मामले में पुलिस ने व्यवसायी समेत पांच लोगों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा रविवार की देर शाम दर्ज किया है।

कुबेरस्थान के सेमरा हरदो निवासी उमाशंकर चौरसिया की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने व्यवसायी सुभाष अग्रवाल, पत्नी, पुत्र अंकित अग्रवाल, बहू व बेटी के विरुद्ध नामजद मुकदमा किया है। बताया जा रहा कि मोहल्ले के सुभाष अग्रवाल की मकान के दूसरी मंजिल पर निर्माण कार्य चल रहा। सुबह लगभग साढ़े 10 बजे एकाएक बांस-बल्ली टूट गई। इसके सहारे काम कर रहा 50 वर्षीय मजदूर मकान के सामने पक्की सड़क पर गिर पड़ा। सिर में चोट आने से वह अचेत हो गया। मकान मालिक मजदूर को निजी साधन से जिला अस्पताल ले गए। प्रभारी निरीक्षक आशुतोष सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मारपीट के मामले में चार के विरुद्ध मुकदमा

मंसाछापर : पडरौना कोतवाली के धौरहरा में डीजे बजाने को लेकर पांच दिन पहले हुई मारपीट के मामले में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। 15 सितंबर को धौरहरा के इद्रीश अपने दरवाजे पर डीजे बजा रहे थे। पड़ोसी गुलाब खां की पत्नी साबरा खातून ने धीमें आवाज में डीजे बजाने को कहा तो इसको लेकर कहासुनी होने लगी। साबरा का कहना है कि इद्रीश, हसनतारा व उनकी पुत्रियां नाजिया व नजमा लाठी-डंडा से पीटने लगे। उनकी पिटाई से गुलाब गंभीर रूप से घायल हो गए। जिला अस्पताल में उनका उपचार कराया गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज की है।

# चोरों के डर से कौवासार के ग्रामीण भयभीत

क्रांति चौराहा : नेबुआ नौरंगिया थाने के कौवासार के इंद्रासन टोला में शनिवार की रात में चार अज्ञात व्यक्ति घूम रहे थे। कुत्तों ने जब उन्हें दौड़ाया तो धारदार हथियार से प्रहार कर दिए। उससे एक कुत्ता घायल हो गया। अमित राजभर, धनंजय गोविंद राव, कोदई, रामप्रीत, प्रकाश, राधे, प्रवेश, राजू आदि ने बताया कि चोरों के डर से लोग भयभीत हैं। नौरंगिया- घुघली मार्ग के किनारे दुकानों के समीप चोरों को देखे जाने की बात कही जा रही है। प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि पुलिस का गश्त बढ़ा दिया गया है।

# व्यापारी का पुलिसकर्मियों पर पिटाई का आरोप, शिकायत

नेबुआ नौरंगिया : क्षेत्र के पकड़ियार के एक व्यापारी ने रामकोला थाने के तीन सिपाहियों पर रास्ते में अकारण अभद्र व्यवहार व मारपीट करने का आरोप लगाया है। रतन शर्मा की पकड़ियार चौराहे पर इलेक्ट्रानिक की दुकान है। सीओ खड्डा को सौंपे गए पत्रक में व्यापारी ने लिखा है कि शनिवार को चक चिंतामणि के समीप रामकोला थाने के सिपाही निजी गाड़ी के साथ खड़े थे। आरोप लगाया कि सिपाहियों ने पता पूछने के बहाने अपशब्दों का प्रयोग करते हुए मोबाइल छीन लिया तथा मारने लगे। सीओ उमेश चंद भट्ट ने कहा कि जांच कर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# देवी पिंडियों को तोड़ने के मामले में अज्ञात पर केस

जागरण संवाददाता, पटहेरवा : क्षेत्र के गांव मझौवा में अराजकतत्वों द्वारा दुर्गा मंदिर की पिंडियों को तोड़ने व दानपात्र का ताला तोड़कर रुपये निकालने के मामले में पुलिस ने प्रधान निर्मला देवी की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। आरोपितों की तलाश के लिए थाने की दो टीमें लगाई गईं हैं।

शुक्रवार की रात ताला तोड़ कर दुर्गा मंदिर की सात पिंडियां को अराजकतत्वों ने खंडित कर दिया था, दानपात्र तोड़कर रुपये निकाल ले गए थे। घटना की जानकारी होने के बाद ग्रामीण काफी आक्रोशित हो गए थे। सीओ तमकुही जितेंद्र सिंह कालरा व तहसीलदार पुलिस के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तथा स्थित को नियंत्रित किया।

टूटी पिंडियों को बनवाने के लिए प्रधान को निर्देश दिया था। थानाध्यक्ष दीपक कुमार सिंह ने बताया है कि मुकदमा दर्ज कर अज्ञात छह से अधिक आरोपितों की पहचान करने व गिरफ्तारी के लिए दो टीमें गठित की गई हैं।

# कार से ठोकर मारने व पीटने का आरोप, तीन के विरुद्ध मुकदमा

जागरण संवाददाता, पटहेरवा : क्षेत्र के गांव गगलवा चैनपट्टी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि कार से ठोकर मारने के बाद उसमें सवार तीन लोगों ने लोहे की राड व डंडा से मारपीट कर गंभीररूप से घायल कर दिया। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। घटना बीते 16 सितंबर की है।

पीड़ित कमरुल होदा ने तहरीर में लिखा है कि वह पिपराकनक चौराहे पर गए थे। दोपहर में करीब 12.30 बजे लौटते समय रास्ते में चाचा मकसूद आलम की दुकान के सामने खड़ा होकर बात करने लगे। इसी दौरान पीछे से आई कार ने मार दिया, जिससे वह गिर गए। कार में सवार ताहिर अंसारी, मुन्ना अंसारी व अशरफ अंसारी नीचे उतर कर उसे बुरी तरह पीटकर घायल कर दिए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# रात की दावत में पुलिस की दबिश हथियारबंद बदमाशों को दबोचा

## तमकुहीराज कस्बे में पुलिस ने दबिश देकर पांच संदिग्धों को पकड़ा, कई गैर कानूनी चीजें बरामद

संवाद न्यूज एजेंसी

**तमकुहीराज।** कस्बे में शनिवार देर रात चल रही दावत में पुलिस की दबिश से अफरातफरी मच गई। पुलिसकर्मियों ने भगदड़ के बीच संदिग्धों को दबोच लिया। बताया जा रहा है कि पांच से अधिक हथियारबंद बदमाशों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

चर्चा है कि इन संदिग्ध बदमाशों के पास से असलहा, विस्फोटक समेत कई गैरकानूनी चीजें बरामद हुई हैं। एक संदिग्ध को लेकर पुलिस रविवार को उसके घर भी पहुंची और वहां से कुछ गैरकानूनी सामग्री बरामद की गई। हालांकि, इस मामले में पुलिस अधिकारी कुछ भी स्पष्ट बताने से कतराते रहे।

सूत्रों का कहना है कि तमकुहीराज कस्बे में शनिवार की देर रात एक जगह पर दावत में कुछ लोग शामिल हुए थे। इसी बीच वहां कई थानों की पुलिस पहुंच गई। इससे भगदड़ मच गई। दावत में शामिल संदिग्ध भागने लगे। सूत्रों का कहना है कि हथियारबंद पांच बदमाशों को पुलिस हिरासत में लेकर थाने ले गई। उनके पास से एक लग्जरी वाहन के साथ ही आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई है।

मामले की जानकारी के बाद संदिग्धों के करीबी रात में ही थाने पहुंच गए, लेकिन पुलिस की सख्ती के कारण कोई मुलाकात नहीं कर सका। रविवार की सुबह भी संदिग्धों के करीबी थाने पर जमे रहे। पकड़े गए संदिग्धों में एक तमकुहीराज कस्बे का नवधनाढ्य भी शामिल है। सूत्रों का कहना है कि पुलिस उसे लेकर उसके घर पर भी गई थी। यह भी चर्चा है कि उसके घर से भी पुलिस को कई आपत्तिजनक वस्तुएं मिली हैं।

*कुछ संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इनसे जुड़े और लोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम दबिश दे रही है। कुछ आपत्तिजनक सामग्री भी संदिग्धों के पास से बरामद हुई है, जिसकी जांच चल रही है। कार्रवाई में गोपनीयता बरती जा रही है। जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा।*
**-संतोष कुमार मिश्रा**, एसपी-कुशीनगर

### एक संदिग्ध को लेकर उसके घर भी पहुंची पुलिस टीम, की गई छानबीन

**गुडवर्क को लेकर देर शाम तक माथापच्ची :** माना जा रहा है कि हथियारबंद बदमाशों को दबोचने के बाद पुलिस जल्द ही किसी बड़े मामले का खुलासा कर सकती है। रविवार देर शाम तक पुलिस अफसर गुडवर्क को लेकर माथापच्ची करते रहे। सूत्रों का कहना है कि हिरासत में लिए गए संदिग्ध इलाके के रसूखदार और राजनीतिक हनक वाले हैं। तमकुहीराज कस्बे के साथ ही आसपास के इलाकों में भी इस मामले की चर्चा तेज है।

इलाके के लोगों का कहना है कि पुलिस हिरासत में लिए गए संदिग्धों के पास से कुछ ऐसी सामग्री बरामद हुई है, जो सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हो सकती है। यही कारण है कि पुलिस इस मामले में कुछ भी बताने से परहेज कर रही है और गोपनीयता बरत रही है। उनके बारे में पुख्ता जानकारी जुटा रही है।

### एक संदिग्ध को छोड़ने की पोस्ट वायरल

सूत्रों के अनुसार दावत के दौरान पुलिस ने पांच से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लिया था। उनके पास से आपत्तिजनक सामग्री बरामद होने की भी चर्चा है। इस मामले में रविवार की दोपहर कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर एक संदिग्ध को छोड़े जाने की बात कही। हालांकि, पुलिस अधिकारी पूरे दिन इस प्रकरण पर बात करने से कतराते रहे।

# वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पडरौना। रविंद्रनगर थाने की पुलिस ने वारंटी अभियुक्त शाहजहां निवासी चौराखास थाना रविन्द्रनगर धूस को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओ विनय कुमार मिश्रा, एसएसआई जीतबहादुर यादव, हेड कांस्टेबल चंद्रजीत यादव शामिल रहे। संवाद

# विभिन्न मामलों के सात वारंटी दबोचे

**पडरौना।** सेवरही थाने की पुलिस ने विभिन्न मामलों के सात वांछितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार वारंटियों में रूदल निवासी धुरिया इमलिया, कृपई निवासी पकड़ियार पूरब पट्टी, श्यामसुन्दर पांडेय निवासी मंझरिया, सगीर आलम, अहमद हुसैन निवासी पकड़ियार पूरबपट्टी, कैलाश सिंह निवासी पिपराघाट नरवाजोत व भोला सिंह निवासी पिपराघाट तेजू टोला थाना सेवरही शामिल हैं।

टीम में एसओ श्रीप्रकाश राय, एसआई संदीप वर्मा, आकाश सिंह, पंकज कुमार, विद्या भास्कर शुक्ल, हेड कांस्टेबल रमेश यादव, कांस्टेबल उपेंद्र कुमार, प्रवेश कुमार आदि शामिल रहे। संवाद

# 24 पेटी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**मंसाछापर।** पडरौना कोतवाली की बांसी चौकी पुलिस ने रविवार को पिकअप से बिहार जा रही 24 पेटी अवैध शराब को बरामद करते हुए दो को तस्करों को गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई शराब समेत वाहन की कीमत नौ लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने केस दर्ज कर तस्करों को जेल भिजवा दिया है।

### तेल के ड्रम में छिपाकर पिकअप से बिहार ले जा रहे थे शराब

बांसी चौकी प्रभारी विपिन सिंह पुलिस टीम के साथ संदिग्ध वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान खिरकिया होते हुए एक पिकअप बिहार की तरफ जा रहा था। पुलिस ने पिकअप को रोककर उसकी तलाशी ली तो ड्रम में छिपाकर रखी गई 24 पेटी अवैध शराब मिली। मौके से पुलिस ने दो शराब तस्करों को भी गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए दोनों तस्करों की पहचान विजय यादव निवासी मोरबेलवा थाना गबनहा जिला पश्चिमी चंपारण और सुधीर महतो निवासी कुकुरा थाना शिकारपुर जनपद पश्चिमी चंपारण बिहार के रूप में हुई है।

दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें जेल भिजवा दिया गया है। पूछताछ में तस्करों ने बताया कि वे तेल के ड्रम में छिपाकर शराब बिहार तक पहुंचाते थे। पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए वह नए पैंतरे से शराब की तस्करी करते थे। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई हरिकेश्वर सिंह, हेड कांस्टेबल सुनील सिंह, हेड कांस्टेबल देवेन्द्र यादव, हेड कांस्टेबल अखिलेश कुमार सिंह शामिल रहे।

# दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट का वांछित गिरफ्तार

**पडरौना।** खड्डा थाने की पुलिस ने दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट आदि के मुकदमे में वांछित अभियुक्त बालकरन उर्फ बालखंडी निवासी हरिहरपुर थाना खड्डा को गिरफ्तार किया है। पुलिस वांछित की कई दिनों से तलाश में लगी थी। इस मामले में पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई चंदन मौर्य, हेड कांस्टेबल रामसूरत चौहान, कांस्टेबल श्रवण कुमार शामिल रहे। संवाद

# एसपी से की कार्रवाई की मांग

**पकड़ियार बाजार।** क्षेत्र के पकड़ियार गांव निवासी एक व्यवसाई ने एसपी को शिकायती पत्र दिया है। उन्होंने रामकोला थाने के तीन सिपाहियों पर रास्ते में रोककर अपशब्द बोलने और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

पकड़ियार गांव निवासी रतन शर्मा ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में कहा कि गांव के चौराहे पर इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान चलाते हैं। शनिवार की दोपहर वे बरवा बाजार से दुकान का सामान लेकर लौट रहे थे। चिंतामणि गांव के पास रामकोला थाने के एक सिपाही ने उनका पता पूछा। इसके बाद बेवजह उन्हें गाली देने लगा। विरोध किया तो सहयोगी सिपाहियों के साथ उन्हें मारपीट कर घायल कर दिया। संवाद

# पीएम व हिंदू संगठनों पर अमर्यादित टिप्पणी का वीडियो वायरल

**खड्डा।** सोशल मीडिया पर पीएम व हिंदुत्व वादी संगठनों पर अमर्यादित टिप्पणी वाला वीडियो वायरल हो रहा है। पुलिस छानबीन में जुटी हुई है। हालांकि वायरल इस वीडियों का अमर उजाला पुष्टि नहीं करता है।

वायरल 14 सेकेंड के वीडियो में डीजे साउंड सिस्टम से प्रधानमंत्री, बजरंगदल और अन्य संगठनों के बारे में अमर्यादित बातें कही जा रही हैं। वीडियो में दिख रहा है कि कुछ लोग हाथों में झंडा लहराते हुए धार्मिक नारे लगा रहे हैं। यह वीडियो मुहर्रम के समय का प्रतीत हो रहा है। वीडियो को थाना क्षेत्र सारंगछपरा गांव के फरूद्दीन अंसारी के नाम के फेसबुक अकाउंट पर पोस्ट किया गया है।

इसे माहौल को खराब करने की कोशिश माना जा रहा है। इस संबंध में खड्डा थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो के बारे में जानकारी है। जांच की जा रही है। जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# डोल मेला में शामिल हुए सात अखाड़े

## लतवा बाजार में आयोजित दो दिवसीय डोल मेला शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न

संवाद न्यूज एजेंसी

**तमकुहीराज।** लतवा बाजार में आयोजित दो दिवसीय डोल मेला रविवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। डोल मेला में सात अखाड़े शामिल हुए। आखाड़े में संस्कृतिक कार्यक्रम के लिए बिहार व बंगाल के कलाकारों को बुला गया था। मेले में आसपास के लोगों सहित बिहार से भारी संख्या में दर्शकों की भीड़ उमड़ी रही।

बाजार में आयोजित डोल मेला में भगवान श्रीकृष्ण, हनुमान, श्रीराम दरबार आदि की झांकिया आकर्षण का केंद्र रहीं। हालांकि इधर चंद वर्षों से डोल मेले में थोड़ी तब्दीली आई है। मेला के दौरान होने वाली मारपीट, भगदड़ और हिंसक घटनाओं को देखते हुए प्रशासन ने आर्केस्ट्रा नर्तकियों के नृत्य पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है।



तमकुहीराज क्षेत्र के लतवा बाजार में महावीरी डोल मेला में उमड़ी भीड़। संवाद

इसका नतीजा रहा कि मेला भक्तिभाव में सराबोर नजर आया। विभिन्न झांकियों वाले कलाकार भक्तिगीतों पर देवी देवताओं की वेषभूषा में नृत्य करते नजर आए। पुलिस और पीएसी के जवान सभी डोल व अखाड़ों के साथ तैनात किए गए थे, जो पूरी मुस्तैदी से अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे थे।

# देवी पिंडियों को तोड़ने के मामले में केस दर्ज

**उजारनाथ।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के गांव मझौवा में दुर्गा मंदिर की पिंड़ियों को तोड़ने व दानपात्र का ताला तोड़कर रुपये निकालने के मामले में पुलिस ने ग्राम प्रधान की तहरीर पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों को चिह्नित करने में जुटी हुई है।

**पटहेरवा थाना क्षेत्र के गांव मझौवा में शुक्रवार की रात तोड़ी गईं थीं पिंडियां**

शुक्रवार की रात गांव के दुर्गा मंदिर की सात पिंड़ियों को खंडित कर दिया था गया था। अराजक तत्व दानपात्र को तोड़कर रुपये निकाल ले गए थे। भगवान शिव व हनुमानजी की मूर्ति को भी उखाड़कर फेंक दिया था।

घटना की सूचना के बाद गांव के लोग आक्रोशित हो गए थे। सीओ तमकुहीराज जितेंद्र सिंह कालरा व तहसीलदार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करते हुए टूटे पिंड़ियों को बनवाने के लिए प्रधान को निर्देश दिया। गांव वालों को अफसरों ने यह आश्वासन भी दिया था कि अज्ञात अराजक तत्वों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

ग्राम प्रधान निर्मला देवी की तहरीर पर पुलिस ने मामले में अज्ञात अराजकतत्वों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। एसओ दीपक कुमार सिंह ने बताया है कि केस दर्ज कर आरोपित व्यक्तियों की धर पकड़ के लिए टीम गठित कर दी गई है। संवाद

# खनन अधिकारी ने तुड़वा दी नाव

**पकड़ियार बाजार।** खनन अधिकारी अभिषेक सिंह ने रविवार को अवैध बालू खनन की सूचना पर क्षेत्र के रायपुर भैंसही और भेड़िहारी गांव में छापा मारा। दोनों जगहों पर नदी से बालू नाव पर लोड कर किनारे लाया जा रहा था। अधिकारी को देख धंधेबाज नाव छोड़कर भाग गए। नाव पर लदी बालू को खनन अधिकारी ने नदी में फेंकवाकर जेसीबी से नाव को तोड़वा दिया। संवाद

# मारपीट के मामले में पांच पर केस

**गोड़रिया।** विशुनपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत तिलक पट्टी निवासी सुखली देवी ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि उनका पुत्र अपनी पत्नी को डांट रहा था। यह देख गांव के ही सिकंदर, मुकेश, लालमन, अनिता व रीता लाठी-डंडा, धारदार हथियार लेकर पहुंच गए और मारने-पीटने लगे। शोर सुनकर आये लोगों के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। इस संबंध में एसओ रामसहाय चौहान ने बताया कि महिला की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। संवाद

# कपड़ा व्यवसायी पर गैर इरादतन हत्या का केस

## जांच में जुटी पुलिस, निर्माणाधीन मकान से गिरकर मजदूर की मौत का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

अमर उजाला फॉलोअप

**पडरौना।** पडरौना शहर के ओंकार वाटिका कॉलोनी में निर्माणाधीन मकान से गिरकर मजदूर की मौत के मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर कपड़ा व्यवसायी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। इस मामले में पुलिस जांच में जुटी है।

शनिवार की सुबह पडरौना नगर के ओंकार वाटिका कॉलोनी में कपड़ा कारोबारी सुभाष अग्रवाल के निर्माणाधीन मकान पर काम करने के दौरान गिरकर एक मजदूर की मौत हो गई थी। आनन-फानन में कपड़ा व्यवसायी और उनके पुत्र ने घायल मजदूर को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। वहां डॉक्टर ने मजदूर को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद कारोबारी और उनके पुत्र दोनों वहां से भाग निकले।

पहले तो पिता-पुत्र इस घटना से इन्कार करते रहे और मदद के नाम पर मजदूर को मेडिकल कॉलेज पहुंचने का दावा करते रहे। लेकिन, बाद में कॉलोनी वासियों के बताने के बाद कारोबारी और उनके पुत्र दोनों संदिग्ध हो गए। देर शाम तक कोतवाली पुलिस ने मजदूर की पहचान करने की कोशिश की, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। रविवार को इस मामले में कोतवाली पुलिस ने मृतक मजदूर के शव की पहचान कर ली।

पुलिस ने मृतक की पहचान रमाशंकर चौरसिया (50) निवासी सेमरा हरदोई के रूप में किया। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने मृतक के पत्नी की तहरीर पर कपड़ा व्यवसायी सुभाष अग्रवाल के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के मामले में केस दर्ज किया है। इस संबंध में कोतवाल आशुतोष सिंह ने बताया कि मृतक की पत्नी की तहरीर पर कपड़ा व्यवसायी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। इस मामले में पुलिस जांच कर रही है।

# दुर्गा पूजा पंडाल और रास्ते का विवाद सुलझाया

## दिलीप नगर के टोला धन्नी पट्टी में लंबे समय से था विवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**कसया/मल्लूडीह।** क्षेत्र की ग्रामसभा कुड़वा उर्फ दिलीप नगर के टोला धन्नी पट्टी में लंबे समय से चले आ रहे रास्ते व दुर्गा पंडाल के स्थान का विवाद रविवार को निस्तारित हो गया। एसडीएम ने मौके पर सीमांकन कराते हुए मामला सुलझा दिया।

दुर्गा सेवा समिति के आयोजक अंबुज कुमार सिंह ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर कहा था कि ग्राम धन्नी पट्टी में परंपरागत दुर्गा पंडाल के स्थान पर रजनिश्वर सिंह और अन्य की ओर से चहारदीवारी बनाई जा रही है।

### पूजा पंडाल के अलावा आने-जाने के लिए किया जाएगा भूमि का उपयोग

इससे दुर्गा पूजा पंडाल के स्थान पर अतिक्रमण हो रहा है। इसको गंभीरता से लेते हुए एसडीएम परितोष मिश्रा मौके पर पहुंचे और विवादित स्थान का सीमांकन कराकर मामले का निस्तारण करा दिया।

उन्होंने दोनों पक्षों को हिदायत दी गई कि संबंधित भूमि का उपयोग दुर्गा पूजा पंडाल के अतिरिक्त आने-जाने के लिए किया जाएगा। इसके अतिरिक्त उक्त भूमि पर किसी भी पक्ष द्वारा कोई स्थाई निर्माण नहीं किया जाएगा। दोनों पक्षों ने इस निर्णय पर सहमति जताई।

इस दौरान तहसीलदार धर्मवीर सिंह, नायब तहसीलदार शैलेश सिंह, एसएचओ कसया गिरिजेश उपाध्याय, बृजेश मणि त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।



रविवार को कुड़वा दिलीपनगर के धन्नी पट्टी में पूजा पंडाल की जमीन का विवाद सुलझाया गया। स्रोत-सोशल मीडिया

# पुलिस से कार्रवाई की मांग

तरयासुजान। एक गांव के व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी है। उन्होंने नाबालिग बेटी के लापता होने की शिकायत की है। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस को दी तहरीर में पिता ने कहा कि उनकी बेटी से बिहार के गोपालगंज जिले के सल्लेहपुर निवासी युवक फोन पर बात करता था। एसओ तरयासुजान राजप्रकाश सिंह ने बताया कि लड़की के पिता की तहरीर पर तीन लोगों पर केस दर्ज कर कार्रवाई में जुटी है। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-23-09-2024

# पीड़ित परिवार के निवेशकों ने दी गिरफ्तारी, हुए रिहा

## प्रदर्शन

- जिला मुख्यालय से लेकर सदर कोतवाली तक किया प्रदर्शन
- 152 पीड़ितो ने दी गिरफ्तारी, पुलिस ने कार्रवाई कर किया रिहा

**महराजगंज, निज संवाददाता।** ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार के पीड़ित निवेशकों ने पहले से तय कार्यक्रम जेल भरो आंदोलन के दौरान सैकड़ों पीड़ित निवेशकों ने जिला मुख्यालय से लेकर सदर कोतवाली तक जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद सदर कोतवाली में पहुंच कर 152 पीड़ित निवेशकों ने अपनी गिरफ्तारी दी। कुछ देर बाद पुलिस ने कार्रवाई कर सभी को रिहा कर दिया।

जिलाध्यक्ष कृष्ण मोहन गुप्ता ने बताया कि जनता और ठगी पीड़ितों की न्यायपूर्ण मांग की लगातार अनदेखी किया जा रहा है। जिला मुख्यालय पर सैकड़ों ठगी पीड़ित एक सितम्बर से लगातार धरना पर बैठे हैं। इसके बाद भी शिविर लगाकर लोगों का भुगतान नहीं कराया जा रहा है। ऐसे में ठगी पीड़ित अपनी ही गाढ़ी कमाई को निकलवाने को लेकर परेशान हैं। जिलाध्यक्ष ने बताया कि जेल भरो आंदोलन के दौरान प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई। केन्द्र सरकार के स्तर से कोई कार्रवाई नहीं होने से भी ठगी पीड़ित अधिक परेशान हैं। भुगतान को लेकर ऑनलाइन आवेदन करने के बाद भी भुगतान नहीं किया जा रहा है। झूठे कमियों को बताकर निवेशकों के भुगतान को रोक दिया गया है। ऐसे में जनपद स्तर शिविर लगाकर भुगतान की व्यवस्था बनाई जाय। ताकि निवेशकों की गाढ़ी कमाई मिल सके। इस अवसर पर नर्वदेश्वर पटेल, पशुपतिनाथ गुप्ता, राहुल शर्मा, ऋषिकेश शर्मा, रामबृक्ष शर्मा, राकेश शर्मा, अखिलेश प्रजापति, रामनिवास सिंह, छोटेलाल, जयप्रकाश पटेल, संतलाल प्रसाद, अंबिका यादव, सुदामा प्रसाद वर्मा, हीरा वर्मा, शिवमंगल गुप्ता, हरिलाल वर्मा, रामप्रीत सहानी, गणेश प्रसाद चौधरी, दीपचंद्र, रामनेवास चौधरी आदि मौजूद रहें।

### मुंबई में सिर में सरिया घुसने से जर्दी निवासी महेंद्र हुआ था घायल

# मुआवजे के बाद चिता पर पड़े शव का अंतिम संस्कार

**आक्रोश**

**06** घंटे तक चिता पर रोके रखा शव, मुआवजा मिल गया तब किया गया अंतिम संस्कार

■ घर लाते वक्त रास्ते में मौत, शव लेकर आए कंपनी के व्यक्ति को बंधक बनाया

**पनियरा (महराजगंज), हिन्दुस्तान संवाद।** मुम्बई में शटरिंग के दौरान सिर में सरिया घुसने से घायल युवक की मौत के बाद परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर रविवार को चिता पर शव रखकर अंतिम संस्कार रोक दिया। मुम्बई से शव लेकर आए कंपनी मालिक के सहयोगी को ग्रामीणों ने बंधक बना लिया। मृतक की पत्नी के खाते में साढ़े चार लाख रुपये मुआवजा राशि आने पर छह घंटे बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया।

पनियरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जर्दी निवासी महेन्द्र पुत्र रामानंद (32) मुम्बई में शटरिंग का कार्य करता था। डेढ़ माह पूर्व ही वह घर से मुम्बई गया था। वहां उसका बड़ा भाई भी रहता है। बीते 18 सितंबर को शटरिंग का कार्य करते समय महेन्द्र के सिर में सरिया घुस गई। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। कंपनी मालिक ने अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद अपने एक सहयोगी और घायल युवक के बड़े भाई के साथ महेन्द्र को एंबुलेंस से घर भेज दिया। रास्ते में महेन्द्र की मौत हो गई। शनिवार देर रात शव घर पर पहुंचने के बाद परिजन बदहवास हो गए।

मुआवजे को लेकर महेन्द्र के शव के साथ आए कंपनी मालिक के सहयोगी को ग्रामीणों ने बंधक बना लिया। रविवार सुबह बड़हरा लाल पुल के पास रोहिन नदी के किनारे चिता पर शव रखने के बाद अंतिम संस्कार रोक दिया। मुंबई में कंपनी मालिक से फोन पर हुई बातचीत में परिजनों ने कहा कि जब तक मुआवजा नहीं मिल जाएगा, शव का अंतिम संस्कार नहीं होगा। बताया जा रहा है कि कम्पनी मालिक ने साढ़े चार लाख रुपये मृतक की पत्नी के खाते में भेजे तब जाकर ग्रामीणों ने बंधक को छोड़ा और शव का अंतिम संस्कार किया गया।

महेन्द्र की तीन बेटियां हैं। परिजनों में कोहराम मचा है। प्रभारी निरीक्षक निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि सूचना पर पुलिस जब पहुंची तो शव का अंतिम संस्कार किया जा रहा था।

# कॉपर तार संग दो गिरफ्तार

सिन्दुरिया। सिन्दुरिया पुलिस ने मुंडेरा खुर्द में लगे मोबाइल टॉवर से चोरी कॉपर के तार के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। कुशीनगर के रामकोला निवासी शिवकुमार चौधरी की तहरीर पर केस दर्ज किया था। एसओ अखिलेश वर्मा ने बताया कि तार के साथ आरोपित मिठौरा निवासी जितेन्द्र व केदार को पकड़कर चालान कर दिया गया है। इनके कब्जे से दो बोरियों में रखे चोरी के 46 मीटर कापर तार बरामद हुए हैं।

# पीतल के बर्तन के साथ एक गिरफ्तार

खनुआ। एसएसबी 66वीं वाहिनी के बीओपी डंडा हेड के जवानों ने पिलर संख्या 518 के पास बाइक पर लदी पीतल का बर्तन बरामद किया है। कमांडेंट जगदीश प्रसाद धाबाई ने बताया कि पिलर संख्या 518 के पास जवान पहुंचे थे कि भारतीय सीमा क्षेत्र की तरफ से एक युवक नेपाली नम्बर प्लेट की बाइक पर सामान लेकर नेपाल सीमा में प्रवेश करने के फिराक में दिखा। जवानों ने बाइक रोककर तलाशी ली। तलाशी में 54 पीस पीतल के बर्तन बरामद हुए। आरोपी सहित बाइक व बर्तन नौतनवां कस्टम को सौंप दिया गया।

# पुलिस ने किया पॉक्सो एक्ट का वांछित गिरफ्तार

**सिन्दुरिया।** सिन्दुरिया पुलिस ने पाक्सो एक्ट में वांछित को गिरफ्तार कर न्यायालय चालान कर दिया। एसओ अखिलेश कुमार वर्मा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ युवती को झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का केस दर्ज हुआ था। बताया कि आरोपी अंकित वर्मा को मुजहना बुजुर्ग जाने वाली सड़क से गिरफ्तार किया गया है।

# जमीन के विवाद में मारपीट, चार लोग घायल हुए

**निचलौल।** निचलौल थानाक्षेत्र के ग्राम बैदौली में रविवार को जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस दौरान कुल छह लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए निचलौल सीएचसी में भर्ती कराया, जहां इनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने दोनों पक्ष के लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है। एक पक्ष रामकेवल ने पुलिस को तहरीर देकर दूसरे पक्ष पर घर ढाहने का आरोप लगाया है। एसओ गौरव राव कन्नौजिया ने बताया कि मारपीट के मामले की जानकारी मिली है। इस मामले में जरूरी कार्रवाई की जा रही है।

# पैदल मार्च कर पुलिस ने दिया सुरक्षा का भरोसा

**निचलौल।** निचलौल पुलिस ने रविवार की देर शाम को कस्बे में पैदल मार्च कर जनता को सुरक्षा का भरोसा दिया। एसओ गौरव राव कन्नौजिया ने नगर के मुख्य सड़कों के किनारे ठेला और खोमचा लगाने वालों को सड़क से हटकर दुकान लगाने की सलाह दी। इस दौरान कुछ दुकानों को पीछे भी कराया। पैदल मार्च कर पुलिस ने मुख्य तिराहा, चिउटहा रोड, कटरा चौराहा आदि स्थानों का हाल जाना। इस मौके पर मृत्युंजय तिवारी, मनीष कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# नदी पार करते 4 सहेलियों में एक लापता, मचा हड़कंप

## तीन को बचाया

**लक्ष्मीपुर, हिन्दुस्तान संवाद।** लक्ष्मीपुर क्षेत्र के टेढ़ी रोहिनी नदी पार कर खेत गईं चार बच्चियों के लौटते समय एक लापता हो गई। तीन को बगल खेत में काम कर रहे व्यक्ति ने बचा लिया।

रविवार को टेढी निवासी रिशा सहानी पुत्री हरिराम अपनी तीन सहेलियों के साथ रोहिन नदी पार कर खेत गई थी। शाम को लौटते समय चारों नदी पार करते समय डूबने लगीं। नदी के बगल में खेत में काम कर रहे व्यक्ति ने तीन को बचा लिया, जबकि 11 वर्षीय रिशा पुत्री हरिराम लापता हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुरन्दरपुर पुलिस ने लोगों के सहयोग से काफी तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चला।इस घटना से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष पुरंन्दरपुर पुरूषोत्तम राव ने बताया कि बालिका को ढूढने का प्रयास किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिली। कल एनडीआरएफ टीम बुलाकर बालिका को ढूंढा जाएगा।

# कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**भगवानपुर।** परसामलिक पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत महरी टोला पिपरहवा निवासी रामवृक्ष पासवान के कब्जे से डब्बे में रखा 5 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया है।

पुलिस ने कच्ची शराब के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। धारा 60(1) आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय चालान कर दिया। एसओ उमेश कुमार ने बताया कि कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान किया गया है।

# महराजगंज में धर्मांतरण का दबाव बनाने पर तीन नेपाली समेत पांच गिरफ्तार

निचलौल (महराजगंज), हिंस। निचलौल थाना क्षेत्र स्थित भेड़िहारी गांव के कटान टोले पर रविवार को दो नेपाली महिलाओं, एक पुरुष और दो स्थानीय लोगों के साथ मिलकर ग्रामीणों पर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने का मामला सामने आया है। चौकीदार की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों को दबोच लिया।

मिश्रौलिया गांव निवासी चौकीदार कपिल ने पुलिस को तहरीर दी। उसने बताया कि क्षेत्र के भेड़िहारी गांव के कटान टोले पर दो नेपाली महिला और

- गिरफ्तार लोगों में दो नेपाली महिलाएं भी
- चौकीदार की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया

एक पुरुष तथा कुछ स्थानीय लोग पहुंचे हैं। वे टोले की महिलाओं और पुरुषों पर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बना रहे हैं। वे झांसा दे रहे हैं कि धर्म परिवर्तन करने से उन्हें बीमारी नहीं होगी। पैसे की तंगी भी नहीं होगी। वे ग्रामीणों को पैसे का लालच दे रहे हैं। चौकीदार की सूचना पर निचलौल पुलिस मौके पर पहुंची पांचों आरोपियों को दबोच लिया। पुलिस उन्हें लेकर थाने चली गई।

एसओ गौरव कनौजिया ने बताया कि धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने के आरोप में बैठवलिया गांव निवासी मंगल यादव, भेड़ियाहरी गांव निवासी जगरनाथ यादव, नेपाल के नवलपरासी जिला स्थित नरसही निवासी भीम बहादुर गुरूंग और उसकी पत्नी विष्णु माया तथा सुस्ता बेलवानी निवासिनी मीना पर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।

# आठ उप निरीक्षकों का कार्य क्षेत्र बदला

**संवाद न्यूज़ एजेंसी**

## 10 पुलिस कर्मियों को किया गया इधर से उधर

**महराजगंज।** रविवार को पुलिस अधीक्षक ने जिले में कानून व्यवस्था बेहतर बनाने के उद्देश्य से आठ उप निरीक्षकों एवं 10 पुलिसकर्मियों को इधर-उधर किया है।

पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने बताया कि उप निरीक्षक अभय कुमार उपाध्याय वरिष्ठ उप निरीक्षक थाना घुघुली को चौकी प्रभारी खनुआ बनाया गया है। उप निरीक्षक अरुण कुमार सिंह चौकी प्रभारी खनुआ को चौकी प्रभारी बहुआर बनाया गया है। वहीं उप निरीक्षक अख्तर आलम को पनियरा से फरेंदा भेजा गया है। उप निरीक्षक भीम सिंह को पुरंदरपुर से फरेंदा थाने पर तैनात किया गया है, जबकि उप निरीक्षक हरि प्रकाश यादव एवं उप निरीक्षक संजय कुशवाहा को पुलिस लाइन से थाना घुघली तैनात किया गया है। उप निरीक्षक पंकज पाल को पुलिस लाइन से थाना एएचटी भेजा गया है। इसके अलावा 10 पुलिसकर्मियों को विभिन्न थानों में तैनात किया गया है।



कांस्टेबल से अवर अभियंता बनने पर दीपक कुमार का नगर चौकी में माला पहनाकर स्वागत किया गया। ● हिन्दुस्तान

# प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में जेई बना सिपाही

**महराजगंज, निज संवाददाता।** कोतवाली के नगर पुलिस चौकी पर तैनात कांस्टेबल दीपक कुमार का उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियत्रण बोर्ड में अवर अभियंता पद पर चयन हो गया है। नियुक्ति पत्र मिलने के बाद सभी प्रक्रिया पूरी कर कांस्टेबल ने अवर अभियंता का पदभार ग्रहण करने के लिए पुलिस विभाग ने एनओसी लिया। एनओसी मिलने के बाद कांस्टेबल को रविवार को रिलीव कर दिया गया। नगर चौकी में दीपक का अवर अभियंता बनने पर बधाई देकर विदा किया गया।

बलिया जिले के ग्राम कुआं पिपर थाना रेवती निवासी 26 वर्षीय दीपक कुमार वर्ष 2019 बैच का सिपाही है। कोतवाली के कलक्ट्रेट पुलिस चौकी के बाद नगर चौकी में तैनात था।

# समस्याओं को लेकर पुलिस संवाद हुआ

**भिटौली।** भिटौली थाना परिसर में आगामी त्योहार को लेकर भिटौली एसओ दुर्गेश कुमार वैश्य की अध्यक्षता में पुलिस संवाद हुआ। एसओ ने बताया कि अपने-अपने बीट में पुलिस सक्रिय रहे, जिससे आगामी त्योहार के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था कायम रह सके।

उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं को बेहिचक पुलिस से बताएं। तभी आम लोगों की समस्याओं का निदान होगा और पुलिस पर लोगों का भरोसा बढ़ेगा। नवरात्र में उन्होंने किसी भी अवांछनीय सूचना से पुलिस को अवगत कराने को कहा। इस अवसर पर उप निरीक्षक चंद्रपाल, अवधेश सिंह, कृष्ण यादव, सोनू यादव, दिनेश कुशवाहा आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# अभय कुमार चौकी प्रभारी खनुआ, अरुण कुमार बने बहुआर चौकी प्रभारी

जासं, महराजगंज : पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना ने जनपद में शांति व कानून व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के उद्देश्य से 17 पुलिस कर्मियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। उप निरीक्षक अभय कुमार उपाध्याय को घुघली से स्थानांतरित करते हुए चौकी प्रभारी खनुआ बनाया गया है। इसी प्रकार चौकी प्रभारी खनुआ उप निरीक्षक अरुण कुमार सिंह को चौकी प्रभारी बहुआर बनाया है। इसके अलाव 15 और पुलिस कर्मियों को विभिन्न थाने में स्थानांतरित किया है।

# यातायात नियमों के उल्लंघन में 241 वाहनों का चालान

जासं, महराजगंज: जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 241 वाहनों का चालान किया गया। पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर दो पहिया वाहनों व संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की। इस दौरान दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी, बिना हेलमेट लगाए, सवारी गाड़ियों में क्षमता से अधिक सवारी बैठाने तथा तेज गति से वाहन चलाने के आरोप में 241 वाहनों का चालान किया गया। इस दौरान चालकों को यातायात नियमों के पालन की सीख दी गई।

# बालिकाओं व महिलाओं किया गया जागरूक

जासं,महराजगंजः मिशन शक्ति अभियान के तहत नगर के सक्सेना चौक, भिटौली, पनियरा, परतावल, फरेंदा, नौतनवा सहित जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया गया। एसपर सोमेन्द्र मीना ने बताया कि नारी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन के प्रति बालिकाओं, महिलाओं में सशक्तीकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर जाकर महिलाओं, बालिकाओं को जागरूक किया गया।

# टावर से चोरी गए तार के साथ दो गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, सिंदुरिया : टावर से कापर तार की चोरी के मामले का सिंदुरिया पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने चोरी के माल समेत थाना क्षेत्र के हाड़तोड़वा निवासी जितेंद्र और मिठौरा निवासी केदार को गिरफ्तार करते उन्हे न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार वर्मा ने बताया दो दिन पूर्व सिंदुरिया गांव के मोबाइल टावर के संचालक शिवकुमार ने तहरीर देकर टावर से कापर के तार की चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था । इसी क्रम में रविवार की सुबह सूचना के आधार पर निचलौल मुख्य मार्ग के पास पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से चोरी की 46 मीटर कापर की तार बरामद की गई, जो दो प्लास्टिक की बोरियों में छिपाई गई थी। टीम में उपनिरीक्षक सुनील कुमार यादव के साथ मनीष सिंह, राजेश यादव, कन्हैया वर्मा और कृष्ण कुमार यादव शामिल थे।

# पुलिसकर्मी बन महिलाओं को निशाना बना रहे साइबर ठग

- इसके पूर्व एसएसबी का अधिकारी बन ठगों ने व्यापारियों के खाते से उड़ाई थी रकम
- पुलिस के साइबर क्राइम सेल का अधिकारी बन अब रकम मांग रहे ठग

जासं, खनुआ : भारत-नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्र में पुरुषों के साथ साइबर ठगी के कई मामले प्रकाश में आने के बाद जागरूकता आई तो ठगों ने भी पैंतरा बदल दिया। अब वह महिलाओं को ठगी का शिकार बना रहे हैं। सोनौली कोतवाली क्षेत्र के हरदीडाली व सुकरौली उर्फ अरघा गांव में बीते चार दिनों में तीन महिलाओं के साथ ठगी के प्रयास के मामले सामने आए हैं। जिसमें से हरदीडाली की एक महिला ठगों के झांसे में आकर 5000 रुपये गंवा चुकी हैं। दो महिलाएं ठगी का शिकार होने से बाल-बाल बची हैं।

ठगी का शिकार होने से बची महिलाओं का कहना है कि फोन करने वाले ठग खुद को साइबर क्राइम पुलिस का अधिकारी बताते हैं। फिर वह यह कहते है कि इंटनेट मीडिया पर अश्लील वेबसाइट देखना या अश्लील सामग्री परोसना अपराध है। आप ने यह अपराध किया है। पुलिस आपने घर गिरफ्तार करने पहुंच रही है। अगर जुर्माना के तौर पर 10 हजार भेज दो तो पुलिस नहीं जाएगी। साइबर ठग एक मोबाइल नंबर देते हैं या फिर क्यू आर कोड भेजते हैं। जिस पर आनलाइन पैसा मांगते हैं। पीड़ित महिलाओं का यह भी बताना है साइबर अपराधी पुलिसिया अंदाज में बात करते हैं और उनके पास से हूटर बजने की आवाज भी आती है। इसके पूर्व सीमावर्ती क्षेत्र में एसएसबी का अधिकारी बन ठगों ने दर्जन भर से अधिक व्यापारियों को अपना शिकार बनाया था। पुलिस के पास हुई शिकायतों के बाद भी अब तक साइबर ठग पकडे नहीं जा सके हैं। थानाध्यक्ष सोनौली अंकित सिंह ने बताया कि पुलिस निरंतर साइबर ठगी से बचाव के लिए लोगों को जागरूक कर रही है। जिस पर अमल न करने वाले ठगों के शिकंजे में फंस जाते हैं। फिलहाल किसी महिला ने कोई तहरीर नहीं दी है।

# थाने में पुलिस व महिला फरियादियों के बीच धक्कामुक्की

## पति के साथ हुए विवाद में फरियाद लेकर थाने में पहुंची थी महिला, उसकी पुत्री ने वीडियो बना किया प्रसारित

जागरण संवाददाता, नौतनवा : थाना क्षेत्र के नईकोट में पति-पत्नी के बीच हुए विवाद से जुड़े एक मामले में फरियाद लिए रविवार की दोपहर नौतनवा थाने पर पहुंची महिला एवं उसके बच्चों के साथ पुलिस ने धक्का-मुक्की और मारपीट की। महिला के साथ हुई इस घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर काफी तेजी से प्रसारित हो रहा है। जिसमें थाने में अफरा-तफरी जैसी स्थिति नजर आ रही है। पीड़ित महिला की पुत्री (किशोरी) ने नौतनवा पुलिस पर मारपीट व मोबाइल छीनने का आरोप लगाते हुए वीडियो भी फेसबुक पर पोस्ट किया है। आरोप है कि संपतिहा चौकी की पुलिस वीडियो डिलीट कराने का भी दबाव बना रही है।

पूरे घटनाक्रम का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करते हुए किशोरी ने बताया कि शनिवार की रात उसके माता-पिता के बीच घरेलू विवाद हो गया था। अगले दिन रविवार को उसकी मां अपनी पुत्री, बेटे व बहू को साथ लेकर थाने पर तहरीर देने पहुंची थी। किशोरी का आरोप है कि थाने में बातचीत के दौरान ही संपतिहा चौकी पर तैनात प्रशिक्षु उपनिरीक्षक आवेश में आ गए और उन्हें थाने में बैठाने के बाद सभी का



मौके पर जुटी लोगों की भीड़● सौ. इंटरनेट मीडिया



नौतनवा थाने पर पुलिस व फरियादियों के बीच होती धक्का-मुक्की ● सौ. इंटरनेट मीडिया

मोबाइल छीनने लगे। दुर्व्यवहार व मोबाइल छीनने का किशोरी ने जब वीडियो बनाना शुरू किया तो थाने के अन्य पुलिसकर्मी भी आक्रोशित हो गए और फरियाद लेकर थाने पहुंची महिला, किशोरी के साथ मारपीट पर उतर आए। जिससे अफरा-तफरी मच गई। कुछ देर बाद मामला शांत हुआ। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि रविवार को नौतनवा कस्बे में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी का दौरा था, वह ड्यूटी पर तैनात थे। थाने पर वीडियो बनाने से रोकने पर लोगों द्वारा अनावश्यक हो-हल्ला किया गया।

# थाना परिसर में विवाद का वीडियो वायरल

## पारिवारिक विवाद पहुंचा था थाने, पुलिस पर पीटने का आरोप

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**नौतनवा।** थाना परिसर में रविवार शाम एक परिवार के बीच विवाद को लेकर धक्का मुक्की व हंगामा करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में एक युवती नौतनवा पुलिस पर कार्रवाई के बजाय मारने पीटने का आरोप लगा रही है। एक पुलिस कर्मी युवक को पकड़ रहा है।

नौतनवा क्षेत्र के गांव नई कोट निवासी चंद्रमा सिंह की पहली पत्नी से दो बेटे अमित सिंह और विशाल सिंह हैं। पहली पत्नी की मौत हो गई तो दूसरी शादी किए, दूसरी पत्नी लकमी सिंह से एक बेटी है।

पहली पत्नी का छोटा बेटा विशाल सिंह सौतेली मां के साथ रहता है। शनिवार को चंद्रमा सिंह और उनकी पत्नी के बीच फाटक लगाने को लेकर विवाद हुआ और मामला पुलिस तक पहुंचा गया।

रविवार को पुलिस ने दोनों पक्ष से दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार मेडिकल के लिए ले जाते समय लकमी सिंह मेडिकल के लिए तैयार नहीं थी। इस दौरान उसकी बेटी ने वीडियो बनकर वायरल कर दिया। अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस कर्मियों पर आरोप निराधार है। चंद्रमा सिंह और उनकी पत्नी लकमी सिंह के बीच फाटक लगाने को लेकर विवाद हुआ था।

महिला पुलिस मेडिकल के लिए ले जा रही थी तो लकमी सिंह ने भागने का प्रयास किया। इस दौरान उनकी बेटी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। सीओ नौतनवा को जांच के लिए निर्देश दिया गया है।

# कार से बाइक को मारी टक्कर फिर राइफल निकाल धमकाया



रविवार को घटनास्थल पर पहुंची पुलिस। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** सक्सेना चौक के पास अनियंत्रित कार ने बाइक सवार को टक्कर मारते हुए डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए।

शहर के लोगों ने कार चालक को घेरा तो उसने गाड़ी से राइफल निकाल कर गोली मारने की धमकी दी। जानकारी के अनुसार, रविवार देर रात फरेंदा की ओर से एक कार आ रही थी। सक्सेना चौक से पहले एक बाइक सवार को टक्कर मारते हुए डिवाइडर से टकरा गई। यह देखकर शहर के लोगों ने चालक को घेर लिया और कोतवाली पुलिस को सूचना दी।

लोगों से घिरा देखकर कार चालक ने गाड़ी से राइफल निकाल कर गोली मारने की धमकी। मौके पर पहुंची पुलिस आरोपी को पकड़कर कोतवाली लेकर आई। लोगों के मुताबिक कार चालक नशे में धुत बताया जा रहा है। कार में दो लोग सवार थे।

## बाइक सवार दो घायल लोगों ने कार चालक को घेरा तो गोली मारने की दी धमकी

कार पर क्षेत्रीय अध्यक्ष ब्रज क्षेत्र उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ लिखा है। घायल युवक का नाम रफीक व अरसद निवासी गबडुआ बताया जा रहा है। वहीं कार में सवार एक युवक घुघली व दूसरा शाहजहांपुर का रहने वाला है। सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि मामले में पूछताछ की जा रही है।

# अपने-अपने बीट में पुलिस कर्मी सक्रिय रहें

**भिटौली। थाना** परिसर में थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार वैश्य की अध्यक्षता में पुलिस संवाद हुआ। उन्होंने बताया कि अपने-अपने बीट में पुलिस कर्मी सक्रिय रहें, जिससे आम जन पुलिस से सीधे जुड़कर अपनी समस्याओं को बेहिचक बताए। असामाजिक तत्वों को चिन्हित करने का निर्देश दिया, ताकि पुलिस उनसे सख्ती से निपट सके। इस अवसर पर उप निरीक्षक चंद्रपाल यादव, अवधेश सिंह, कृष्ण यादव, सोनू यादव मौजूद रहे। संवाद

# केबल चोरी में दो आरोपियों को भेजा जेल

**सिंदुरिया।** क्षेत्र के मुंडेरा खुर्द में लगे इंडस कंपनी के टावर से तार चोरी के मामले में रविवार को पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

सिंदुरिया, चौक व निचलौल थाना क्षेत्र के छह गांवों में दूरसंचार व्यवस्था के लिए लगे टावर की पावर सप्लाई की केबल तार को बीते कुछ महीनों से काट लिया जा रहा था। मामले में संबंधित टावर टेक्नीशियन ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। शुक्रवार की रात को मुंडेरा खुर्द में लगे टावर की अचानक साइट डाउन हो गई जिसे ठीक करने के लिए टेक्नीशियन शिवकुमार चौधरी व अजय मिश्रा मौके पर पहुंचे, उसी दौरान दो चोर टावर के पावर प्लांट का केबल काटकर ले जाने का प्रयास कर रहे थे।

कर्मचारियों ने घेराबंदी कर एक आरोपी को रंगे हाथों पकड़ लिया, जबकि दूसरा अंधेरे का लाभ उठाकर भाग निकला। पकड़े गए आरोपी को कर्मचारियों ने पुलिस को सौंप दिया। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम जितेंद्र प्रसाद निवासी मिठौरा टोला हड़तोड़वा और दूसरे साथी का नाम केदार निवासी मिठौरा बताया। थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार वर्मा ने बताया कि दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय का चालान किया गया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-23-09-2024

# पैसे के लेनदेन में पिटाई

**गौर (एसएनबी)।** स्थानीय थानान्तर्गत नगर पंचायत बभनान में पैसे की लेनदेन को लेकर आधा दर्जन लोगों ने एक व्यक्ति की जमकर धुनाई कर दिया। पीड़ित के शिकायत पर गौर पुलिस आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा पंजीत कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है। सीमावर्ती जनपद गोंडा के खोड़ारे थाना अंतर्गत अगया बुजुर्ग निवासी परशुराम पाण्डेय पुत्र राधेश्याम पाण्डेय ने गौर पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि 20 सितंबर2024 की रात करीब नौ बजे विजयनगर बभनान गली के पास महेश भुज, दिनेश,भोला, महेश का एक और भाई, फिरोज व अन्य लोग निवासी बभनान गाली गुप्ता देते हुए लाठी डंडे से मारा-पीटा।शोर सुनकर आस-पास के लोग पहुंचे और बीच-बचाव किया।

# विद्युत पोल गिराने वाले वाहन स्वामी के विरुद्ध केस

**गौर(एसएनबी)।** गौर थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव के पास बिजली का तीन खंभा गिरने वाले डंफर के विरुद्ध विद्युत विभाग के अवर अभियंता द्वारा मुकदमा पंजीत कराया गया है। विद्युत उप केंद्र गौर के अवर अभियंता अमित कुमार श्रीवास्तव गौर पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि विगत 16 सितंबर को उपकेंद्र के सुल्तानपुर गांव के निकट एफसीआई गोदाम के पास रात्रि करीब 10रू30 बजे अज्ञात वाहन द्वारा तीन नग विद्युत पोल टक्कर मार क्षतिग्रस्त कर दिया गया। विद्युत पोल से जुड़े लगभग ढाई सौ मीटर एलटीएबी केविल भी क्षतिग्रस्त हो गया है। बिना सूचना दिए वाहन चालक गाड़ी लेकर चला गया ग्रामीणो ने वाहन को रोकना चाहा फिर भी वह नहीं रुका।

# जीआरपी व आरपीएफ ने रेलवे ट्रैक का किया भ्रमण

**बस्ती (एसएनबी)।** अराजक तत्वों की रलवे ट्रैक पर किये जा रहे अवांछिनीय



गतिविधियों के चलते संभावित ट्रेन हादसो को रोकने के उद्देश्य से बस्ती जीआरपी एवं रेवले पुलिस फोर्स द्वारा अपनी टीम के साथ भ्रमणशील रहते हुए रेलवे ट्रैक का निरीक्षण किया तथा आस पास के लोगो से बातचीत कर उन्हें जागरूक किया कि रेलवे ट्रैक पर किसी संदिग्ध की आशंका होने पर पुलिस को तत्काल सूचना दे।पुलिस उपाधीक्षक रेलवे गोरखपुर विनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक जीआरपी बस्ती महेन्द्र प्रताप चतुर्वेदी तथा प्रभारी निरीक्षक रेवले पुलिस बल संजय कुमार मिश्र ने अपनी टीम के साथ रेलवे ट्रैक की सुरक्षा के दृष्टिगत भ्रमणशील होकर रेलवे ट्रैक का निरीक्षण किया तथा रेलवे ट्रैक के आसपास के लोगो को कई जगह हो रही ट्रैक अवरोध की घटना व पत्थर बाजी की घटना की रोकथाम के दृष्टिकोण जागरूक किया गया, तथा इस तरह का अपराध करने वालो के विरुद्ध की जाने वाली सख्त कार्यवाही के बारे अवगत कराते हुए, ऐसे संदिग्ध व्यक्तियों के सम्बंध में जीआरपी, आरपीएफ व जनपदीय पुलिस व 112 पर सूचित किये जाने की अपील किया गया।

# मनबढों ने छात्र को पीटा, चार पर केस

**बभनान (एसएनबी)।** पैकोलिया थाना क्षेत्र के एक विद्यालय के छात्र की पिटाई के मामले में पुलिस ने चार लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। श्री राम गरीब सिंह किसान इंटर कलेज कठौतिया सांवडीह में पढ़ने वाले छात्र राहुल निषाद पुत्र भानु निषाद निवासी पटना ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि शनिवार को दो बजे रोज की भांति छुट्टी होने के बाद वह घर जा रहा था। लगभग 2रू20 बजे जैसे ही वह पैकोलिया गांव के पूरब रवई पुल के पहले पहुंचा ही था कि कठौतिया सांवडीह निवासी सुरजीत पुत्र अजय, जलालाबाद निवासी सुधीर यादव पुत्र रामजनक यादव, सेखुई निवासी पंकज कुमार पुत्र आशाराम और रितिक पुत्र अज्ञात नाम पता अज्ञात पहुंचे और अपशब्द कहते लाठी डंडे से मारने पीटने लगे। शोर करने पर कुछ लोग बीच बचाव के लिए दौड़े तब तक आरोपी जान-माल की धमकी देकर चले गए। थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव ने बताया है कि चारों पर बीएनएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। चोटिल को मेडिकल के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गौर भेजा जा रहा है। उधर थानाध्यक्ष धर्मेंद्र यादव ने बताया, दिन दहाड़े सड़क पर तांडव मचाने वाले सुजीत कुमार, सुधीर कुमारश्रतिक व पंकज को चिन्हत कर गिरफ्तार कर एसडीएम हरैंया द्वारा जेल भेज दिया गया है।

# जमीन दिलाने के नाम पर महिला से ठगी, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** एक विस्वा जमीन दिलाने के नाम पर अभियुक्त ने एक महिला व उसके पति से एडवान्स के रूप में लाखो रूपये ले लिया। महिला द्वारा जमीन दिखाने की बात व जमीन न दिला पाने की स्थिति में पैसे वापस करने के लिए कहने पर टाल मटोला किया गया। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अभियुक्त पर मुकदमा दर्ज किया है।लालगंज थाने पर लिखित तहरीर देकर इसी थाने के ग्राम भद्दीपुरा पोस्ट निरंजनपुर की रहने वाली मंजू यादव पत्नी ओम शंकर यादव ने बताया कि महसो रोड पर उसे विपक्षी महेन्द्र प्रताप द्वारा एक विस्सा जमीन दिलाने के लिए उसकी कीमत ग्यारह लाख रुपये बताया। जिसमें एडवांस मनी के रूप में दो वर्ष पूर्व 3 लाख रुपये भी लिया था। इसके अलावा 4,95,000रूपये नगद व पति ओमशंकर यादव से कई बार में आनलाइन माध्यम से 2,42,100 रुपये ले लिया गाय। इस प्रकार से उससे तथा उसके पति से अभियुक्त महेन्द्र प्रताप द्वारा कुल मिलाकर 10 लाख 37 हजार 100 रुपये लिये गये। मंजू यादव ने जब जमीन दिखाने की बात कही तो महेन्द्र प्रताप टाल मटोल करते रहे। ऐसे में उसने अपना पैसा वापस मांगा तो विपक्षी महेन्द्र ने पैसे हड़पने की नियत से आज कल करते हुए दिन टालने लगे। मामले में लालगंज थाने की पुलिस ने आरोपी महेन्द्र प्रताप पुत्र पुन्वासी निवासी रेहार जंगल वरगहवा भिटिया रोड सल्टौआ थाना वाल्टरगंज के विरुद्ध धारा 420 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# बाइक सवार युवक चुरा ले गये मोबाइल

**कलवारी (एसएनबी)।** कलवारी थाना क्षेत्र के अगौना धोबहट मार्ग पर दहलवा चौराहे के पास गोविन्दापुर गांव में एक घर से बाइक से आये चोरो ने मोबाइल चुरा लिया जब तक भागते घर के लोग जग गये और गुहार मचाने लगे। चोर बाइक चालू न होने पर छोड़कर फरार हो गये। पुलिस को दिये गये तहरीर कलवारी थाना क्षेत्र के गोविन्दापुर निवासी भोलेराम ने लिखा है कि रात में मोबाइल बरामदे में चार्ज पर लगा कर सो गये थे। रात में लगभग दो बजे एक बाइक से आये चोर घर से सामने बाइक संख्या यूपी 45 एएल 4348 खड़ी कर मोबाइल निकालकर इधर उधर देख रहे तब तक वह जग गया। उसके जागते ही चोर पकड़े जाने के डर से बाइक चालू करने लगे न चालू होने पर उसे छोड़ फरार हो गये। भागने वालों की संख्या तीन थी। कलवारी थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरिंया पुलिस के गस्त पर सवाल खड़ा कर रहे है पिछले लगभग एक माह से सात आठ स्थानो पर चोरिंयां हो चुकी। पुलिस चोरी की घटनाओं अनावरण में अब तक सफल नहीं हो पायी है। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने बताया कि मोबाइल चोरी बाइक छोड़ जाने की घटना का जांच किया जा रहा है।

# खेत में शौंच करने पर पीटा, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** खेत में शौंच करेने से नाराज विपक्षियों ने एक व्यक्ति को गालियां देते हुए उसके घर के अन्दर घुसकर मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अभियुक्तो पर मुकदमा दर्ज किया है। कलवारी थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव के रहने वाले जनार्दन जोगा के ही कोमल के खेत में शौंच कर दिये थे। इसी बात से नाराज कोमल व उसके परिवार के संतोष, विकास, रामलखन व मुन्हुरी देवी एकराय होकर गालियां देते हुए जनार्जन के घर पहुंच गये और घर का दरवाजा सहित अन्य घरेलू सामान तोड़ डाला और अन्दर घुसकर जनार्दन की जमकर पिटाई की तथा जान से मारने की धमकी देकर चले गये। मामले में पीड़ित जनार्दन पुत्र रामकिशोर निवासी मिर्जापुर थाना कलवारी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी कोमल, संतोष पुत्रगण जगनरायन, विकास व रामलखन पुत्रगण संतोष तथा मुन्हुरी देवी पत्नी संतोष निवासीगण मिर्जापुर थाना कलवारी के विरुद्ध धारा 147, 323, 504, 506, 452, 427 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# रूठे दम्पति के चार जोड़ों को मना कर किया एक

**बस्ती (एसएनबी)।** आपसी मतभेज के कारण पति पत्नी के बीच में उपजे कलह को महिला थाने पर आपरेशन साथ-साथ के तहत दोनो के बीच में काउंसलिंग की गयी और मतभेदों को दूर कर मिलाया गया। प्रभारी निरीक्षक महिला थाना डा. शालिनी सिंह के नेतृत्व में रविवार को थाना परिसर में ऑपरेशन साथ-साथ का आयोजन किया गाय। जिसमें पति-पत्नी के 4 जोडे को उनके बीच विभिन्न कारणों से हुए मतभेदों को दूर कर मिलाया गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि ममता पत्नी विजय बहादुर निवासिनी कटरा थाना कोतवाली, श्यामकली पत्नी सोनू निवासिनी पटना मुबारकपुर थाना बसखारी जनपद अंबेडकरनगर, चांदनी पत्नी दिनेश निवासिनी नाडार थाना लालगंज व अंशु भारद्वाज पत्नी मनीष भारद्वाज निवासिनी भटोलवा थाना कोतवाली का मामला उनके संज्ञान में आया था। इन सभी के बीच पारिवारिक मनमुटाव के कारण आपसी रिश्ते पिछले कई महीनों से खराब चल रहे थे। अभी तक दोनों पक्ष एक दूसरे के साथ नहीं रहना चाहते थे किंतु अब दोनों पक्षों को काफी कोशिशों और समझाने बुझाने पर एक साथ रहने को तैयार हो गए। महिला थाना पर सुलह समझौता करवाया गया जिसके क्रम में दोनों पति- पत्नी को महिला थाने से राजी-खुशी विदा किया गया।

# छात्राओं से अश्लील हरकत व छेड़खानी, केस

**गौर (एसएनबी)।** स्कूल से घर लौट रही छात्राओं के साथ तीन युवकों ने अश्लील हरकत व छेड़खानी करते हुए जबरन मोटरसाइकिल पर बैठने का प्रयास किया। पीड़िता के तहरीर पर पुलिस ने तीन नाम जद युवकों के विरुद्ध मुकदमा पंजीत कर अभियुक्त की तलाश शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव की सगी दो बहने राजकीय कन्या विद्यालय कछिया कक्षा 12 की छात्रा है। शनिवार को घर लौटते समय गौर- हलुवा मार्ग पर हनना डाबर गांव के निकट एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवकों ने दोनों बहनों के आगे बाइक खड़ी कर अश्लील हरकत करते हुए छेड़खानी करने लगे और जबरन बाइक पर बिठाने लगे। दोनों बहने घबराकर 1090 पर फोन मिलाकर सूचना दिया। तीनों आरोपी की पहचान कप्तानगंज थाना क्षेत्र के हरदी खास निवासी करन कुमार पुत्र प्रदीप कुमार, राहुल कुमार पुत्र जनार्दन प्रसाद व बब्बू पुत्र रामखेलावन के रूप में हुई। पीड़िता के तहरीर का गौर पुलिस ने तीनों के विरुद्ध मारपीट छेड़खानी व अश्लील हरकत की धाराओं में मुकदमा पंजीत कर अभियुक्तो की तलाश शुरू कर दिया है।

# मंदिर के सामने कूड़ा फेंकने की शिकायत

बस्ती। साहूपार ग्रामसभा में स्थिति सिकड़ी दास आश्रम परिसर के दुर्गा मंदिर व बजरंबली मंदिर के आसपास कूड़ा फेंका जाता है। यहां पर कूड़े का ढेर लगा रहता है और दुर्गन्ध उठती है। मंदिर के पुजारी बाबा सुभाष दास ने बताया की कई बार लोगों को कूड़ा फेंकने से मना किया, लेकिन कोई ध्यान नहीं देता है। उन्होंने उच्चाधिकारियों से मांग किया है कि मंदिर के आसपास कूड़ा फेंकने से रोका जाए और उसके निस्तारण की समुचित व्यवस्था हो।

# धनउगाही के विरोध में प्रदर्शन करेंगे कर्मी

बभनान। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद शाखा गौर की बैठक हुई। ब्लॉक परिसर में हुई बैठक में विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई। बैठक में कुछ सदस्यों ने उठाया कि कुछ फर्जी किस्म के लोग ग्राम पंचायतों व सचिवों से धनउगाही के लिए दबाव बना रहे हैं। कर्मचारियों ने निर्णय लिया कि धनउगाही के लिए दबाव बनाने, फर्जी तरीके से सूचनाओं को भेजने व परेशान करने वालों के विरूद्ध धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसके लिए बीडीओ व अधिकारियों को पत्र देकर स्थिति की जानकारी दी जाएगी।

# मंडलीय बैठक में बनी आंदोलन की रणनीति

बस्ती, निज संवाददाता। माध्यमिक शिक्षक संघ ने रविवार को श्रीकृष्ण पांडेय इंटर कॉलेज के सभागार में बैठक की। इस दौरान पांच अक्टूबर 2024 को संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय बस्ती मंडल बस्ती पर आयोजित होने वाले धरने की तैयारी पर चर्चा की। बैठक में बस्ती, संतकबीरनगर व सिद्धार्थनगर के जिलाध्यक्ष, मंत्री व अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

मंडलीय अध्यक्ष रामविलास यादव की अध्यक्षता में शिक्षकों ने सरकार स्तर से जारी यूपीएस को शिक्षकों के साथ एनपीएस से भी बड़ा धोखा बताया। इस विषय पर अपने-अपने विचार रखे। जिलाध्यक्ष बस्ती शिवपाल सिंह, जिलाध्यक्ष सिद्धार्थनगर रामविलास यादव व जिलाध्यक्ष संतकबीरनगर हरिबक्श सिंह ने शिक्षकों की एकजुटता पर जोर दिया। मंडलीय संरक्षक रामेश्वर सिंह ने अधिक से अधिक संख्या में धरने में शामिल होने की अपील की।

बैठक में डॉ. विकास भट्ट, रामनिवास कुशवाहा, योगेंद्र सिंह, किशोर कुमार, बृजभूषण चौधरी, अनिल कुमार सिंह, राजाराम यादव, चंद्रशेखर सिंह, शंभू नाथ, सर्वेंद्र नारायण द्विवेदी, डॉ. वीरेंद्र प्रसाद , चंद्र प्रकाश व अन्य मौजूद रहे।

# हरित पट्टी घोषित करने के विरोध में होगा आंदोलन

बस्ती, निज संवाददाता। शहर से सटे बस्ती-बांसी रोड पर हर्दिया से मनौरी चौराहा के बीच हाईवे किनारे की जगह को हरित पट्टी घोषित कर दिया गया है। इस इलाके हाईवे फैसेलिटी जोन भी बना दिया गया है। इसको लेकर क्षेत्रीय नागरिकों में भारी आक्रोश है। इस संबंध में हर्दिया और मनौरी के नागरिकों ने बैठक की और विरोध में आंदोलन की रणनीति बनाया।

हर्दिया चौराहे पर जागरूक नागरिकों ने बताया कि बस्ती विकास प्राधिकरण बस्ती ने जिस क्षेत्र को ग्रीन जोन बनाया है, यह आवासीय और व्यवसायिक इलाका है। यह इलाका शहर से सटा हुआ है। शहरी क्षेत्र के तमाम व्यवसायिक काम्पलेक्स यहां पर बन रहे हैं। लोग आवासीय क्षेत्र के रूप में इस क्षेत्र को अपनाते हुए आवास बनवाया है।

ऐसे में इस क्षेत्र को हरित पट्टी और हाईवे फैसिलिटी जोन घोषित करना उचित नहीं होगा। यह इलाका नगर पालिका के विस्तारीकरण योजना में भी शामिल है। ऐसे में आवासीय इलाका ही होना चाहिए। जनहित में इस स्थिति में तत्काल बदलाव किया जाए।

# कोतवाली क्षेत्र में अमहट पुल के नीचे मिली बुजुर्ग की लाश

बस्ती। शहर कोतवाली क्षेत्र में रविवार को अमहट पुल के नीचे एक बुजुर्ग की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त का प्रयास किया, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली राणा देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शव की शिनाख्त न हो पाने के चलते लाश को 72 घंटे के लिए सुरक्षित रखा जाएगा।

पुलिस के अनुसार मृतक के शरीर के कपड़ों व हुलिए को देखकर लोग उसे मंद बुद्धि बता रहे थे। स्थानीय लोगों के अनुसार वह इधर उधर भटकता देखा जाता था।

# आयुष्मान वार्ड में शार्ट-सर्किट से निकला धुंआ, भागे मरीज

## महिला अस्पताल के आयुष्मान वार्ड का है मामला, वायरिंग में शार्ट-सर्किट से लगी आग

**बस्ती, निज संवाददाता।** जिला महिला अस्पताल के आयुष्मान वार्ड में रविवार दोपहर में शॉर्ट-सर्किट से आग लग गई। इससे अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई। धुंआ निकलता देख मरीज और तीमारदार सहम गए और वार्ड छोड़कर बाहर आ गए। हालांकि, कोई जनहानि नहीं हुई।

दोपहर 2.40 बजे महिला अस्पताल के आयुष्मान वार्ड में अंडरग्राउंड वॉयरिंग में चिंगारी उठने लगी। बाद में चिंगारी से अंदर का केबल जल गया। धीरे-धीरे आग फैलता गया और बोर्ड में आ गया। आग फैलता देख और धुंआ उठने पर वार्ड में सांस लेने में तकलीफ हुई तो मरीज और तीमारदार बाहर निकल आए। तीमारदारों ने इसकी सूचना अस्पताल प्रबंधन को दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे कर्मियों ने बिजली कटवाई और आग को बुझाया। उसके बाद शार्ट-सर्किट से जले तार और बोर्ड को बदला गया। बाद में आपूर्ति बहाल हुई। दो घंटे तक मरीजों और तीमारदारों को परेशानी झेलनी पड़ी। बताया गया कि जैसे-तैसे लाइन को जोड़कर आपूर्ति बहाल करा दी गई। नया उपकरण नहीं लगाया गया है।

**वार्ड में भर्ती हैं छह मरीज:** महिला अस्पताल के आयुष्मान वार्ड में छह मरीज भर्ती हैं। चिंगारी के बाद आग लगने के बाद उठे धुंआ से मरीज और तीमारदार सहज गए थे। तत्परता दिखाते हुए मरीज बाहर निकल आए। वार्ड में धुंआ भरने और जले हुए तार, बोर्ड व सर्किट के दुर्गंध से सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। बाद में स्थिति सामान्य होने पर मरीज अंदर गए। बस्ती के महिला अस्पताल के सीएमएस डॉ.एके वर्मा ने कहा कि आयुष्मान वार्ड में चिंगारी से धुंआ उठने की सूचना मिली थी। मौके पर बिजली कर्मियों को भेजा गया। तार को सही करा दिया गया है। सुरक्षा के लिहाज से कर्मियों को अलर्ट किया गया है।



शार्ट-सर्किट से जले बोर्ड और तार को सही करता बिजली कर्मी।। ●हिन्दुस्तान

### मरीज बोले, वार्ड में नहीं है अग्निशमन यंत्र

आयुष्मान वार्ड में चिंगारी से लगी आग के बाद उठे धुंआ से सहमें मरीजों ने साहस का परिचय दिया। मरीज तीमारदारों के तत्पराता से बड़ा हादसा होने से बच गया। सही वक्त पर सूचना दी गई और बिजली काट कर लाइन दुरुस्त की गई। इससे बड़ी घटना होने से टल गई। मरीजों ने बताया कि वार्ड में अग्निशमन यंत्र नहीं है। यदि आग तेज होती तो समस्या हो जाती।

# केबल काटने पर एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश

**बभनान, हिन्दुस्तान संवाद।** बिना एनओसी के जल निगम की पाइप डालने के लिए खुदाई करते समय 11 हजार वोल्ट वाली अंडरग्राउंड केबल कटने पर मौके अधीक्षण अभियंता ने मुआयना किया। उन्होंने एसडीओ बभनान को दोषी के विरुद्ध एफआईआर कराने का निर्देश दिया। तीसरे दिन कटी केबल को जोड़ने की कवायद युद्धस्तर पर शुरू हुई। देर रात तक 900 घरों में बिजली सप्लाई की संभावना है।

विद्युत उपकेंद्र बभनान का रेलवे स्टेशन के पूर्व स्थित रेलवे गेट संख्या 221 सी के बगल से ग्यारह हजार वोल्ट की सप्लाई केवल अंडरग्राउंड डाली गई है। पिछले शुक्रवार की सुबह 11:30 जल निगम विभाग बिना एनओसी लिए पाइप लाइन बिछाने के लिए खुदाई करने लगा। जेसीबी से खुदाई करते समय 11 हजार वोल्ट की अंडरग्राउंड केबल कट गई। केबल कटने से 900 घरों की बिजली गुल हो गई। सूचना पर अधिकारी व कर्मचारी पहुंचे और इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। सूचना के बाद विभाग हरकत में आया। तीसरे दिन अधीक्षण अभियंता बस्ती ने घटनास्थल का मुआयना किया और कटे हुए 11 हजार वोल्ट के केवल को ज्वाइंटर लगाकर कार्रवाई तेज कराया।



नगर पंचायत बभनान के तोखई पुरवा बभनान में जेसीबी मशीन से कटी केबल का निरीक्षण करते अधीक्षण अभियंता बस्ती मनोज सोनकर।

### पोल व तार क्षतिग्रस्त करने वाले के विरुद्ध केस

**बभनान।** अज्ञात डंपर से विद्युत के तीन पोल व ढाई सौ मीटर तार को क्षतिग्रस्त कर देने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। विद्युत उपकेंद्र बेलहिया गौर 33/11 के अवर अभियंता अमित कुमार श्रीवास्तव ने गौर पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि पिछले 16 सितंबर 2024 की रात 10 :30 बजे अज्ञात डंपर ने थानाक्षेत्र के एफसीआई गोदाम सुल्तानपुर के पास विद्युत के तीन पोल तोड़ दिया गया। 250 मीटर एलटीएडी केवल को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। डंपर से क्षतिग्रस्त किए गए पोल व केबिल का आकलन करने पर पता चला है कि 1.9 लाख रुपए के सामान का नुकसान हुआ है।

# स्कूल से लौट रहे छात्र को पीटा, वीडियो वायरल

बस्ती, निज संवाददाता। जिले के पैकोलिया थानाक्षेत्र में रवई पुल के पास मनबढ़ों ने स्कूली छात्रों की पिटाई कर दी। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया वायरल हो रहा है। 'हिन्दुस्तान' वायरल वीडियो के सत्यता की पुष्टि नहीं करता है। इस वीडियो में साइकिल से जा रहे दो छात्रों को बाइक से आए युवक रोकर पीटते नजर आ रहे हैं। पुलिस ने घायल छात्र की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ रविवार को केस दर्ज कर लिया है।

इसी थानाक्षेत्र के पटना गांव निवासी राहुल निषाद ने तहरीर देकर बताया है कि वह क्षेत्र के श्री राम गरीब सिंह किसान इंटर कालेज कठौतिया सांवडीह विद्यालय का छात्र है। वह रोज की भांति शनिवार को छुट्टी होने पर घर जा रहा था। करीब सवा दो बजे

- पैकोलिया थानाक्षेत्र की घटना, चार के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

पैकोलिया गांव के पूरब रवई पुल के पहले कठौतिया सांवडीह गांव निवासी सुरजीत, जलालाबाद गांव निवासी सुधीर यादव, सेखुई गांव निवासी पंकज कुमार और रितिक बाइक से पहुंचे। आरोप है कि अपशब्द कहते हुए मारने-पीटने लगे। उसके साथ मौजूद एक और छात्र को भी पीटा। शोर मचाने पर आस पास जा रहे लोग बचाव के लिए दौड़े तो जान-माल की धमकी देकर भाग गए। प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र यादव ने बताया है कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। चोटिल छात्र का मेडिकल कराने के साथ अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी गई है।



पुलिस की गिरफ्त में गोकसी के आरोपी।

# गोकसी के मामले में दो आरोपी पुलिस व स्वॉट टीम के हत्थ चढ़े

मुंडेरवा (बस्ती), हिन्दुस्तान संवाद। जिले के मुण्डेरवा थानांतर्गत रेलवे लाइन के पास सामने आई गोकसी की वारदात में थाना व स्वॉट की टीम ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस कार्यालय के अनुसार रविवार को टीम ने आरोपी अब्दुल सलाम निवासी साफियाबाद थाना दुधारा जनपद संतकबीरनगर और सोहराब निवासी ग्राम बटेला थाना मुण्डेरवा को गिरफ्तार कर लिया है। उनके कब्जे से एक बांका, दो चाकू सहित अन्य सामान बरामद किया गया है।

इसी थाने के बटेला निवासी अजीत गुप्ता ने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। उनके अनुसार गुरुवार को वह घास लेने रेलवे लाइन के पास खेत में गए थे। यहां देखा कि एक व्यक्ति काले रंग के बछड़े को क्रूरतापूर्वक रेलवे लाइन के किनारे झाड़ी में बांधे हुए है और उसका वध करने के लिए किसी व्यक्ति को बुला रहा है। नजदीक पहुंचने पर वहां मौजूद व्यक्ति भाग गया। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम के तहत केस दर्ज किया था। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष द्वारिका प्रसाद

# भूमि दिलाने के नाम पर दस लाख का फ्राड, मुकदमा

बस्ती। लालगंज पुलिस ने जमीन का सौदा कराने के नाम पर धोखाधड़ी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि दस लाख 37 हजार रुपया लेने के बाद जमीन भी नहीं दी।

लालगंज थानाक्षेत्र के भद्दीपुरा निवासी मंजू यादव पत्नी ओमशंकर यादव वर्तमान में शहर के बभनगावां मोहल्ले में रह रही हैं। उनका आरोप है कि 2021 में महसो रोड पर उन्हें आरोपी महेन्द्र प्रताप ने एक बिस्वा जमीन दिखाई। उसकी 11 लाख रुपया बताया। इस तरह कुल दस लाख 37 हजार 100 रुपया ले लिया। फिर जमीन के पूछने पर टालमटोल करने लगा। जमीन नहीं मिलने पर पैसा वापस मांगना शुरू किया तो फिर टालने लगा। आरोप है कि धोखे में रखकर पूरा रुपया रख लिया। पुलिस ने आरोपी वाल्टरगंज थाने के रेहार जंगल वरगहवा भिटिया रोड सल्टौआ निवासी महेन्द्र प्रताप पर अभियोग पंजीकृत कर छानबीन शुरू कर दी है।

# पुलिस उपाधीक्षक रेलवे ने ट्रैक का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

जासं, पुरानी वस्तीः पुलिस उपाधीक्षक रेलवे गोरखपुर विनोद कुमार सिंह ने रविवार को प्रभारी निरीक्षक जीआरपी महेन्द्र प्रताप चतुर्वेदी, प्रभारी निरीक्षक आरपीएफ संजय कुमार मिश्र के साथ रेल ट्रैक का निरीक्षण किया। ट्रैक के आसपास रहने वाले लोगों से बातचीत कर बताया गया कि यदि रेल ट्रैक पर कोई अवरोध दिखे तो उसे तत्काल हटा दें। इसकी सूचना जीआरपी या स्थानीय पुलिस को भी तत्काल दें। कई जगह ट्रैक पर अवरोध की घटना की जानकारी देते हुए कहा कि रेल दुर्घटनाओं को रोकने में जन सहयोग जरूरी है। सीओ ने कहा कि यदि रेल ट्रैक पर अवरोध पैदा करने वालों के बारे में जानकारी मिले तो इसकी जानकारी तत्काल दें। संदिग्ध व्यक्तियों के बारे में जीआरपी, आरपीएफ, स्थानीय पुलिस व डायल 112 को सूचित करें।



ट्रैक पर हो रही घटनाओं को लेकर ग्रामीणों को जागरूक करते सीओ रेलवे विनोद कुमार सिंह व अन्य • सौ. विभाग

# पोल व तार क्षतिग्रस्त करने वाले के विरुद्ध मुकदमा

जागरण संवाददाता, बभनान, बस्ती: गौर थाना क्षेत्र के एफसीआई गोदाम सुल्तानपुर के समीप अज्ञात डंपर द्वारा विद्युत के तीन पोल व ढाई सौ मीटर तार को क्षतिग्रस्त कर देने का मामला सामने आया है। अवर अभियंता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

विद्युत उपकेंद्र बेलहिया गौर 33/11 के अवर अभियंता अमित कुमार श्रीवास्तव ने गौर पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि गत 16 सितंबर 2024 की रात 10:30 बजे अज्ञात डंपर द्वारा थाना क्षेत्र के एफसीआई गोदाम सुल्तानपुर के पास विद्युत के तीन पोल तोड़ दिया गया और 250 मीटर एलटीएडी केबल को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। ग्रामीणों ने डंपर को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह घटना को अंजाम देकर भाग निकला। डंपर द्वारा क्षतिग्रस्त किए गए पोल व केबिल का आकलन करने पर पता चला है कि एक लाख नब्बे हजार रुपये के सामान का नुकसान हुआ है। पुलिस ने अज्ञात डंपर व चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक गौर रामकुमार राजभर ने बताया कि अवर अभियंता की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर मामले की छानबीन की जा रही है।

# शहर में बेतरतीब लगाए गए ठेलों को हटवाया गया



शास्त्री चौक पर ठेले को पीछे कराते यातायात प्रभारी अवधेश तिवारी ● सौ.पुलिस

जागरण संवाददाता, बस्तीः शहर में सड़क के किनारे बेतरतीब तरीके से लगाए गए सब्जी व फलों के ठेलों को रविवार को यातायात पुलिस ने हटवाकर उन्हें सड़क की पटरी से दूर लगवाया। बताया कि सड़क से सटकर ठेला लगाने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ऐसे में सभी को अपना ठेला सड़क से दूर लगाना चाहिए।

यातायात प्रभारी अवधेश तिवारी की अगुवाई में यातायात पुलिस की टीम ने शास्त्री चौक के आस पास लगाए गए फल व सब्जी के ठेलों को सड़क से दूर करा कर अतिक्रमण मुक्त कराया। वहीं टेंपो चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। उन्हें बताया कि टेंपो चालकों के पास लाइसेंस होना बहुत आवश्यक है। यातायात प्रभारी ने कहा कि सड़क के बीच में न तो सवारी उतारें और न ही बैठाएं।

# गोवध के दो आरोपितों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जासं,मुंडेरवा,बस्ती: मुंडेरवा थानाक्षेत्र के खझौला चौकी अतर्गत बटेला गांव में रेलवे लाइन के पास शुक्रवार को गोवंश का अवशेष मिलने के बाद मामले में पुलिस ने रविवार को दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को मुंडेरवा पुलिस व स्वाट की संयुक्त टीम ने देवरिया रेलवे क्रासिंग के पास स्थित बाग से गिरफ्तार किया है।

मुंडेरवा पुलिस को सूचना मिली थी कि बटेला के पास रेलवे लाइन के किनारे पेड़ से एक गोवंशीय पशु बंधा है और कुछ अवशेष भी नीचे पड़े हैं। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष मुंडेरवा द्वारिका प्रसाद चौधरी को मौके पर कोई पशु तो नहीं मिला, मगर उसके अवषेष जरूर मिले। पुलिस की छानबीन के दौरान दो आरोपितों के नाम सामने आए। स्थानीय पुलिस व स्वाट टीम ने एक सूचना के आधार पर आरोपित अब्दुल सलाम निवासी साफियाबाद थाना दुधारा जनपद सन्तकबीरनगर व सोहराब निवासी बटेला थाना मुंडेरवा को गिरफ्तार कर लिया।



गिरफ्तार आरोपितों के बारे में जानकारी देते सीओ संजय सिंह • जागरण

इनके पास से एक बांका, दो चाकू, रबर ट्यूब, 20 प्लास्टिक की पन्नी, एक तराजू बरामद हुआ है। क्षेत्राधिकारी रुधौली संजय सिंह ने बताया कि आरोपितों के विरुद्ध गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम के आलावा शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय रवाना कर दिया गया। आरोपितों का आपराधिक इतिहास भी है। उनके विरुद्ध दुधारा थाने में गोवध, पशुक्रूरता के दो, गुंडा एक्ट का एक मुकदमा पहले से ही दर्ज है।

- मुंडेरवा पुलिस व स्वाट की संयुक्त टीम को मिली सफलता
- शुक्रवार को बटेला गांव में पेड़ के नीचे मिला था गोवंश का अवशेष

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

आरोपितों को गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष के अलावा वरिष्ठ उप निरीक्षक कन्हैया पांडेय,उप निरीक्षक अजय कुमार पांडेय,स्वाट टीम प्रभारी उमाशंकर तिवारी,मुख्य आरक्षी प्रमोद द्विवेदी, रमेश कुमार, निकेश यादव,भगवान दयाल यादव, रंजीत कनौजिया,अमित यादव,किशन सिंह,अभिलाष प्रताप सिंह व सुभेन्द्र तिवारी शामिल रहे।

# जनसमस्याओं के निस्तारण में दिखाएं तत्परता वरना कार्रवाई

## मुख्यमंत्री ने लगातार तीसरे दिन किया जनता दर्शन, दिया हर समस्या के संतुष्टिपरक निस्तारण का आश्वासन

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार तीसरे दिन रविवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन कर लोगों की समस्या सुनी और संतुष्टिपरक निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वह हर समस्या को संवेदनशीलता के साथ सुनें और तत्परता के साथ निस्तारण सुनिश्चित करें। ऐसा न करने वाले अधिकारी व कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। क्योंकि जनता की हर पीड़ा का निवारण सरकार की प्राथमिकता है। रविवार को उन्होंने 300 लोगों से मुलाकात कर समस्या सुनी। तीन दिन में उन्होंने 900 लोगों से सीधे मिलकर समस्या के जल्द निस्तारण के लिए आश्वस्त किया।

जनता दर्शन में आए लोगों को गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर कुर्सियों पर बैठाया गया था। योगी एक-एक कर सभी लोगों तक पहुंचे, उनकी समस्या सुनीं और भरोसा दिया कि सबके साथ न्याय होगा। लोगों के प्रार्थना पत्रों को उन्होंने इस आशय के साथ अधिकारियों को सौंपा कि जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित हो सके। हमेशा की तरह रविवार के जनता दर्शन में भी महिलाओं की संख्या अधिक रही।

ज्यादातर महिलाएं पारिवारिक विवाद और जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत व समस्या लेकर आई थीं। पारिवारिक विवाद को आपसी सामंजस्य के साथ समाधान कराने का निर्देश मुख्यमंत्री ने दिया जबकि



गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। • सौ. गोरखनाथ मंदिर

अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को कहा। बहुत सी महिलाएं इलाज में आर्थिक मदद की उम्मीद लेकर जनता दर्शन में पहुंची थीं। मुख्यमंत्री ने ऐसी सभी महिलाओं से आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा और न होने की जानकारी पर उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज में भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को देते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी एस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा शासन में उपलब्ध कराया जाए। इस दौरान उन्होंने हर पात्र का आयुष्मान कार्ड बनवाने का निर्देश भी अधिकारियों को दिया। जनता दर्शन में कुछ महिलाओं के साथ आए बच्चों को दुलार कर मुख्यमंत्री ने उन्हें चाकलेट देकर खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया। इससे पहले रविवार की सुबह मुख्यमंत्री की दिनचर्या परंपरागत रही। उन्होंने पहले गुरुपूजा की और उसके बाद मंदिर भ्रमण करते हुए गोशाला जाकर गोसेवा की।

# छेड़खानी के आरोप में तीन पर केस

**गौर।** थाना क्षेत्र के एक गांव की छात्रा से स्कूल से घर आते समय रास्ते में तीन युवकों ने बाइक रोककर अश्लील बातें की। आरोप है कि उसे जबरदस्ती बाइक पर बैठाने लगे। वह विरोध करने लगी तो उसके साथ छेड़खानी करने लगे। जैसे ही छात्रा ने 1090 पर फोन लगाया, तीनों युवक भाग गए। छात्रा की तहरीर पर गौर पुलिस ने कप्तानगंज क्षेत्र के हरदी खास गांव के करन कुमार, राहुल कुमार व बब्बू पर छेड़खानी का केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक रामकुमार राजभर ने बताया कि तीन युवकों पर छेड़खानी का केस दर्ज किया गया। संवाद

# खड़े ट्रक से 25 गत्ता वनस्पति घी गायब

**बस्ती।** कप्तानगंज क्षेत्र के दुधौरा पेट्रोल पंप के पास से चोरों ने 25 गत्ता वनस्पति घी एक खड़े ट्रक से चुरा लिया। रायबरेली के लालगंज क्षेत्र के रहने वाले रमणेश प्रताप सिंह ने तहरीर देकर बताया है कि 16 सितंबर को वह अपनी डीसीएम में गोरखपुर से वनस्पति घी लादकर अयोध्या जाने के लिए निकले थे। बस्ती में कप्तानगंज के दुधौरा पंप के पास रात में आराम करने के लिए गाड़ी खड़ी कर दी। रात करीब 11 बजे डीसीएम में रखा 25 गत्ता वनस्पति घी चोरी हो गया। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। संवाद

# पुरानी रंजिश में मारपीट

**बस्ती।** वाल्टरगंज पुलिस ने श्रीपालपुर खास में पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट के मामले में केस दर्ज किया है। गांव के सत्येंद्र कुमार का आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते विपक्षियों ने शुक्रवार को उनके दरवाजे पर आकर अपशब्द कहा। मना करने पर उन्हें मारापीटा। शोर सुन भाभी चंद्रावती व बहन निशा बीच-बचाव करने आईं तो अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी और उन्हें भी मारापीटा। सत्येंद्र के कपड़े भी फाड़ दिए। पुलिस ने गांव के फूलचंद्र, सूरज चौधरी, शिवशंकर चौधरी व आकाश चौधरी पर केस दर्ज किया है। संवाद

# नौकरी दिलाने के नाम पर रुपये हड़पे

**बस्ती।** हर्रैया पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम रुपये हड़पने के मामले में केस दर्ज किया है। लखनऊ के डिफेंस कॉलोनी निवासी राजीव सिंह ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि विपक्षी ने नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी कर उनसे रुपये ले लिए। नौकरी न मिलने पर रुपये वापस मांगा तो देने से मना कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर हर्रैया थाने के सिकटिहवा निवासी अनिल कुमार पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। संवाद

# अंडरग्राउंड लाइन पर खोदाई कराने के आरोपियों पर केस दर्ज कराने के निर्देश

**बभनान।** बिना एनओसी व पूर्व सूचना के पेयजल पाइपलाइन डालने के लिए 11 हजार की अंडरग्राउंड लाइन के ऊपर खोदाई कराने के मामले में अधीक्षण अभियंता मनोज सोनकर ने उपखंड अधिकारी को आरोपियों पर केस दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। रविवार को उन्होंने मौके का निरीक्षण भी किया।

केबल की क्षति को देखकर उन्होंने कहा कि यह मनमानी है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संबंधित ठेकेदार, जेसीबी संचालक आदि पर केस दर्ज कराया जाएगा। विद्युत निगम को हुई क्षति की पूर्ति कार्यदायी संस्था से वसूल की जाएगी। 20 सितंबर की सुबह 11 बजे रेलवे के समपार फाटक संख्या 221सी पर पाइप लाइन डालने के लिए खोदाई चल रही थी। यहीं से 11 हजार लाइन की केबल अंडर ग्राउंड होकर पुरानी बाजार की ओर जाती है। जेसीबी चालक ने केबल के ऊपर ही खोदाई कर दी।

केबल क्षतिग्रस्त हो गई है। इसे ठीक कर लिया गया है। अधीक्षण अभियंता के निर्देश पर सोमवार को कार्यदायी संस्था, ठेकेदार आदि पर केस दर्ज करने की तहरीर दी जाएगी। -**उदय प्रताप**, उपखंड अधिकारी, बभनान

# उधारी नहीं देने पर युवक की पिटाई, केस

- नपं बभनान के विजय नगर तिराहे की घटना
- पुलिस ने पांच लोगों पर दर्ज किया मुकदमा

**बभनान, हिन्दुस्तान संवाद।** उधारी रुपए न देने पर बाजार में युवक की पिटाई करने व आक्रोशित स्थानीय लोगों द्वारा पिटाई करने वाले को भी पीटने का मामला प्रकाश में आया है। पहले मारपीट करने को दरकिनार कर पुलिस ने बाद में मार खाने वाले की तहरीर पर पुलिस ने पांच नामजद पर मारपीट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

शुक्रवार की देर रात पड़ोसी जिला गोंडा के खोड़ारे थाना क्षेत्र के अगया बुजुर्ग गांव निवासी परशुराम पाण्डेय व महागौरी नगर नगर पंचायत बभनान थाना गौर निवासी महेश भुज के बीच रुपए के लेन-देन को लेकर आमने-सामने आ गए। महेश की पत्नी ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि उक्त व्यक्ति द्वारा मेरे खाते में रुपए भेजे गए। कुछ समय बाद से रुपए मांगने लगे। उधारी न चुकाने पर रुपए के एवज में सम्बन्ध बनाने की बात कही गई। मेरे पति द्वारा विरोध किया गया तो विजय नगर तिराहे पर गाली गलौज देते हुए मारा पीटा गया और जान से मार देने की धमकी दी गई। वही परसुराम पाण्डेय ने गौर पुलिस को तहरीर देकर बताया कि विगत् 20 सितंबर 2024 की रात करीब 9 बजे विजय नगर बभनान के गली के पास महेश भुज, दिनेश, भोला, महेश का एक और भाई, फिरोज व अन्य लोगो ने मारा पीटा। जिसमें गंभीर चोटें आई। जिस पर पुलिस ने परसुराम पाण्डेय की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक गौर राम कुमार राजभर ने बताया कि परसुराम पाण्डेय की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

# छात्र को रास्ते में पीटा, चार नामजद

पैकोलिया। क्षेत्र के एक विद्यालय के छात्र को कुछ लोगों ने रास्ते में घेरकर पीट किदया। पुलिस ने घायल छात्र की तहरीर पर चार लोगों पर रविवार को केस दर्ज किया है । पटना गांव निवासी राहुल निषाद ने तहरीर में आरोप लगाया है कि वह शनिवार को विद्यालय में छुट्टी होने पर घर जा रहा था। पैकोलिया गांव के पूरब रवई पुल के पहले कठौतिया सांवडीह गांव निवासी सुरजीत, जलालाबाद गांव निवासी सुधीर यादव, सेखुई गांव निवासी पंकज कुमार और रितिक पहुंचे। आरोप है कि सभी गाली देते हुए लाठी-डंडे से मारने-पीटने लगे। शोर मचाने पर लोग बचाव के लिए दौड़े। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र यादव ने बताया है कि आरोपियों पर बकेस दर्ज कर लिया गया है। संवाद

## अमहट पुल के नीचे मिला बुजुर्ग का शव

**बस्ती।** शहर कोतवाली क्षेत्र के अमहट पुल के नीचे एक वृद्ध का शव मिला। शव की शिनाख्त न हो पाने के चलते लाश को 72 घंटे के लिए सुरक्षित रखा जाएगा। जानकारी के अनुसार, रविवार की सुबह अमहट पुल के पास कुछ लोगों ने एक वृद्ध का शव देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली राणा देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। संवाद

## वाल्टरगंज में पांच वारंटी गिरफ्तार

**वाल्टरगंज।** मुकामी पुलिस ने पांच वारंटियों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष मोती चंद ने बताया कि रणजीत निवासी चोरवा गनेशपुर, अशोक कुमार निवासी सरैया गनेशपुर, नवल किशोर निवासी भोगईपुरवा, भागवत, पलटू निवासी रघुनाथपुर को विभिन्न मामले में गिरफ्तार किया गया। सभी के खिलाफ कोर्ट से वारंट जारी है। संवाद

## गबन की आरोपी महिला गिरफ्तार

**बस्ती।** छावनी व परशुरामपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने गबन की आरोपी सविता निवासी सुरैला थाना परशुरामपुर को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ छावनी व परशुरामपुर में चार केस दर्ज है। संवाद

# शोर मचा तो बाइक छोड़कर भागे मोबाइल चोर

संवाद न्यूज एजेंसी

बहादुरपुर। कलवारी थाना क्षेत्र के गोविंदापुर गांव में एक घर से बाइक से आए चोरों ने मोबाइल चुरा लिया। भागते समय लोग शोर मचाने लगे। बाइक चालू न होने पर चोर छोड़कर भाग गये।

पुलिस को दी गई तहरीर में भो ले रा म नि वा सी गोविंदापुर ने कहा है कि रविवार की रात में मोबाइल बरामदे में चार्जिंग पर लगा कर सो गए थे। रात में करीब दो बजे चोर एक बाइक से आए। घर के सामने बाइक खड़ी कर उनका मोबाइल चुरा लिया, तब तक उनकी नींद टूट गई। उसके जागते ही चोर पकड़े जाने के डर से बाइक चालू करने लगे। बाइक चालू न होने पर उसे छोड़कर भाग। भागने वालों की संख्या तीन थी थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## बाइक के आधार पर जांच कर रही पुलिस

## चोरी से काटे दो पेड़ रखवाले को देख भागे

बभनान (बस्ती)। पैकोलिया थाना क्षेत्र के भौखरी गांव में चहारदीवारी के अंदर लगे यूकेलिप्टस के दो पेड़ों को चोर काट कर गिरा दिए। उसे ले जाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन रखवाली करने वाले को देखकर भाग गए। सरनागी गांव निवासी जय हरगोविंद सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उनका भौखरी गांव में भूमि है। शनिवार की सुबह भौखरी गांव में उनके चहारदीवार के अंदर लगे दो यूकेलिप्टस के पेड़ को चोरों ने काट डाला। वे कटे हुए पेड़ को उठाकर ले जाने की फिराक में थे। इसी बीच रखवाली करने वाला मौके पर पहुंचा गया। इससे दोनों भाग गए। दोनों की पहचान हो गई है और भौखरी गांव के रहने वाले हैं। एसएचओ पैकोलिया धर्मेंद्र यादव ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। मौके पर पुलिस भेजी गई है। कटा हुआ पेड़ भी मौके पर मौजूद है। संवाद

# ऑटो चालकों की हुई जांच, हटवाया गया अतिक्रमण

**बस्ती।** शहर में ऑटो चालकों की मनमानी पर यातायात पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। रविवार को टीम ने चालकों की जांच की। उनके ड्राइविंग लाइसेंस आदि के बारे में पूछताछ की। यातायात उपनिरीक्षक अवधेश तिवारी ने शास्त्री चौक चौराहे पर लगाए गए फल के ठेलों को सड़क से दूर कराकर अतिक्रमण हटवाया। ऑटो चालकों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया। हिदायत दी है कि ऑटो चालकों के पास लाइसेंस होना बेहद आवश्यक है। सड़क के बीच में सवारी उतारने व चढ़ाने के बारे में नसीहत दी गई कि ऐसा करते पाए पाए जाने पर कार्रवाई तय है। उन्हें समझाया गया कि सवारी को रोड से हटकर उतारें और बैठाएं। संवाद

# आग लगने से किराने का सामान राख

**सोनहा।** सफीपुर उर्फ नौआगांव में शनिवार की रात में किराने की एक दुकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। दुकान का सारा सामान जलकर राख हो गया। नौआगांव निवासी रामकरन की बरगदवा-चैसार मार्ग पर टीन शेड में किराने की दुकान है। रात करीब नौ बजे वह दुकान बंद कर घर चले गए। रात में करीब 12 बजे डायल 112 की टीम गश्त से लौट रही थी। दुकान में आग लगा देख टीम ने ग्राम प्रधान को सूचना दी। ग्राम प्रधान की सूचना पर दुकानदार व आसपास के लोग पहुंचे। सिपाहियों की मदद से ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। तब तक दुकान में रखा सारा सामान जल गया था। दुकान में आग कैसे लगी, इसकी जानकारी नहीं हो पाई। संवाद

# गोकशी के दो आरोपी गिरफ्तार

**मुंडेरवा।** थानाक्षेत्र के रेलवे लाइन के पास क्रूरता पूर्वक झाड़ी में गोवंशीय पशु को बांधने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस कार्यालय के अनुसार रविवार को टीम ने आरोपी अब्दुल सलाम निवासी साफियाबाद थाना दुधारा जनपद संतकबीरनगर और सोहराब निवासी ग्राम बटेला थाना मुण्डेरवा को गिरफ्तार कर लिया है। उनके कब्जे से एक बांका, दो चाकू सहित अन्य सामान बरामद किया गया है।

इसी थाने के बटेला निवासी अजीत गुप्ता ने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। तहरीर के अनुसार बृहस्पतिवार को वह घास लाने रेलवे लाइन के पास खेत में गए थे। यहां देखा कि एक व्यक्ति काले रंग के बछड़े को क्रूरतापूर्वक रेलवे लाइन के किनारे झाड़ी में बांधा हुआ देखा।

आरोप है कि उसका वध करने के लिए किसी व्यक्ति को बुला रहा था। नजदीक पहुंचने पर वहां मौजूद व्यक्ति भाग गया। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम के तहत केस दर्ज किया था। इसके बाद आरोपियों की तलाश कर रही थी। संवाद

# मारपीट के पांच आरोपियों पर केस दर्ज

**बस्ती।** कलवारी पुलिस ने मिर्जापुर गांव में चार महीने पहले हुए विवाद में पांच आरोपियों पर केस दर्ज किया है। जनार्दन ने तहरीर देकर बताया कि खेत में शौच करने पर विपक्षी उसके घर का दरवाजा तोड़कर अंदर घुस आए। जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीटा और पंखे तोड़ दिया। पलिस ने कोमल, संतोष, विकास, राम लखन और मुन्हुरी देवी पर मारपीट, बलवा आदि आईपीसी की अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। संवाद

# ट्रक चालक पर एफआईआर

**बस्ती।** लालगंज पुलिस ने बाइक में टक्कर मारने के आरोपी ट्रक के चालक पर केस दर्ज किया है। शुक्रवार की रात हथियांव कला के पास ट्रक के चालक ने तेज गति व लापरवाही पूर्वक ट्रक चलाते हुए बाइक में पीछे से टक्कर मार दिया। बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। बाइक सवार अमित त्रिपाठी निवासी खर्चा थाना धनघटा की मौत् हो गई थी। जबकि बाइक चला रहे विपिन कुमार शुक्ल निवासी शुक्लपुरा थाना सिकरीगंज जनपद गोरखपुर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। संवाद

# मारपीट के आरोप में पांच नामजद

**गौर।** बभनान कस्बे के विजय नगर चौराहे पर शुक्रवार की रात करीब नौ बजे रुपये के लेनदेन को लेकर मारपीट हुई थी। इस मामले में गोंडा जिले के खोड़ारे थाना क्षेत्र के अगया बुजुर्ग गांव निवासी परशुराम पांडेय की तहरीर पर गौर पुलिस ने पांच नामजद सहित कुछ अज्ञात पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। परशुराम ने तहरीर में आरोप लगाया है कि बभनान नगर पंचायत के महेश भुज से रुपये को लेकर विवाद हो रहा था। तभी महेश के भाई और कुछ अन्य लोग आ गए। सभी लोग एक होकर लाठी डंडे से मारने-पीटने लगे। संवाद

# पंचायत भवन से इनवर्टर की बैटरी चोरी

**सल्टौआ।** परसा खाल ग्राम पंचायत में पंचायत भवन का ताला तोड़कर चोरों ने इनवर्टर की दो बैटरी चोरी कर ली। इस बात की जानकारी रविवार की सुबह हुई। विकास खंड सल्टौआ गोपालपुर के ग्राम पंचायत परसा खाल के कंथुई पोखरे के पास बने पंचायत भवन का ताला तोड़कर अज्ञात चोर कमरे में रखा इनर्वटर की दो बैटरी चोरी कर ले गए। सभी कमरों में रखे सामान को बिखेर दिया। रविवार की सुबह पास में बने सामुदायिक शौचालय की केयर टेकर मालती ने पंचायत भवन का ताला टूटा देखा। इसकी सूचना ग्राम प्रधान नीतू दूबे को दी। संवाद

# बिजली का खंभा तोड़ने पर केस दर्ज

**गौर।** बेलहिया (गौर) विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत गौर-टिनिच मार्ग पर सुल्तानपुर गांव के एफसीआई गोदाम के पास शुक्रवार की रात करीब 10:30 बजे अज्ञात वाहन की ठोकर से बिजली का खंभा टूट गया था। इससे विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई थी। इस मामले में पावर हाउस के अवर अभियंता अमित कुमार श्रीवास्तव की तहरीर पर अज्ञात वाहन पर गौर पुलिस ने केस दर्ज किया है। संवाद

# बच्चों के विवाद में मारपीट, चार नामजद

**बस्ती।** बच्चों के विवाद में पुरानी बस्ती के झलकटिया में मारपीट हो गई। इसी गांव की ममता देवी का आरोप है कि बच्चों के विवाद को लेकर विपक्षियों ने उनके पिता को अपशब्द कहते हुए धमकाया। पति व बेटी के साथ मारपीट की। पुलिस ने गांव के दिपलेश, शुभम, सुग्धरा व सन्नो पर केस दर्ज किया है। संवाद

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-23-09-2024

# बीस रैपर बंटी बबली के साथ एक महिला धराई

**उसका बाजार(एसएनबी)।** कस्बा के शिवाजी नगर वार्ड के उसकिया से रविवार को पुलिस ने एक महिला को झोले में भरकर बंटी बबली ले जाने के आरोप में पड़कर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की है। मुखबीर की सूचना पर पुलिस महिला को उसके घर झोले में शराब के साथ पकड़ी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में हेड कांस्टेबल शैलेंद्र, महिला कांस्टेबल पूनम विश्वकर्मा, कांस्टेबल राम करन रहे। थाना प्रभारी रवीन्द्र कुमार सिंह ने बताया की मुखबीर की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को बंटी बबली के साथ गिरफ्तार की। महिला के ऊपर अबकारी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# चला प्रशासन का बुलडोजर, हटा अतिक्रमण



बेंवा डुमरियागंज मार्ग पर अतिक्रमण हटवाते पुलिस प्रशासन के लोग। फोटो : एसएनबी

**डुमरियागंज/बेंवा (एसएनबी)।** डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के डुमरियागंज-वस्ती मार्ग स्थित हल्लौर, भटगंवा, जबजौआ, सिकहरा व बेंवा में अवैध निर्माण पर रविवार को प्रशासन का बुलडोजर चला। कुछ अवैध निर्माण लोगों की मदद से हटवाए गए तो पक्के अवैध निर्माण को बुलडोजर की मदद से तोड़ दिया गया। लोगों को यह भी चेतावनी दी गई कि यदि दुबारा अतिक्रमण किया गया तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। अतिक्रमण हटाते समय आस-पास के लोगों में काफी अफरा तफरी का माहौल रहा।

प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की सूचना एक सप्ताह पहले ही दे दी थी। कुछ लोगों ने अवैध निर्माण को स्वतरू हटा लिया था। जहां अतिक्रमण शेष रहा गया था वहां आज बुलडोजर चलाया गया। दोपहर करीब 12 बजे एसडीएम डुमरियागंज डा. संजीव दीक्षित, सीओ सतीश पाण्डेय, तहसीलदार रवि यादव, कोतवाल रमेश यादव, बीडीओ अमित सिंह मय पुलिस बल हल्लौर पहुंचे। वैसे तो ज्यादातर लोगों ने घोषणा के बाद अतिक्रमण हटा लिया था। जहां बचा था बुलडोजर से हटा दिया गया। यहां से जबजौआ पहुंचे अवैध बाउंड्री को बुलडोजर की मदद से ध्वस्त किया गया। सिकहरा को अतिक्रमण मुक्त करने के बाद सभी बेवां चौराहा पहुंचे। जहां बेवां-बस्ती मार्ग, बेवां-बलरामपुर मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। नालियों पर बने पक्के एप्रोच को तोड़ दिया गया। तोडे गए टिन सेड, सीढ़ियों, बाउंड्री, फ्लैक्स बोर्ड के मलबे को ट्रैक्टर ट्राली से हटवाया गया। सुरक्षा की दृष्टि से भारी संख्या में पुलिस के जवान मुस्तैद रहे। इस मौके पर राजस्व निरीक्षक लालकृष्ण श्रीवास्तव, लेखपाल गंगोत्री प्रसाद पाण्डेय, देवेन्द्र कुमार राठौर आदि लोग मौजूद रहे। इस बारे में एसडीएम डुमरियागंज डा. संजीव दीक्षित ने बताया कि अवैध अतिक्रमण हटाने की सूचना पूर्व में दी गई थी। उन्होंने कहा कि अगर दोबारा अतिक्रमण किया जाता पाया गया तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**सप्ताह भर पूर्व प्रशासन ने दिया था अतिक्रमण हटाने का अल्टीमेटम**

**डुमरियागंज क्षेत्र के हल्लौर, सिकहरा, जबजौआ, बेवां चौराहे से हटाया गया अतिक्रमण**

# दस माह के मासूम के सिर से उठा पिता का साया

**भवानीगंज(एसएनबी)।** आदमी सारी तकलीफ मुसीबत झेल कर अपना घर बार छोड़ दूसरे प्रदेश कमाने जाता है ताकि उसका परिवार खुशहाली का जीवन जी सके,लेकिन मौत एक ऐसा शब्द है जो चंद मिंटो में परिवार की सारी खुशियो को गम में बदल देती है।जी हां एक ऐसा ही मामला सामने आया है जिसमें अपने परिवार की खुशियों के लिये बाहर कमाने गये एक युवक की मौत की खबर आई जिसे सुनकर हर किसी की आंखें नम हो गई।आपको बताते चलें कि 26 वर्षीय शिवकुमार पुत्र शिव नारायण निषाद करमाला सोलापुर महाराष्ट्र में पीओपी का काम करके देर शाम अपने कमरे भिगवन जिला पूना के लिए शाम को मोटरसाइकिल से अकेले निकला था तभी रास्ते में दुर्घटना में शिव कुमार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौप दिया।इतवार को मृत युवक का शव उनके निवास स्थान भवानीगंज थाना क्षेत्र के भड़रिया पहुंचा जहां अंतिम दर्शन को भारी भीड़ इकट्ठा हो गई।घटना से हर किसी की आंखे नम हो गई।मृतक की शादी दो वर्ष पूर्व हुई थी जिनके दस माह का एक लड़का नितेश है जिसके सर से पिता का साया उठ गया उसे क्या पता कि उसके पिता अब इस दुनिया में नहीं रहे।मृतक की 50 वर्षीय मां अवतारी फालिज की शिकार हैं,पिता शिव नारायण मेहनत मजदूरी करते हैं जो चारो धाम की यात्रा पर गये थे घटना की जानकारी होते ही वह भी घर वापस आये।घटना से मृतक की मां, पत्नी व बहनों का रो रो कर बुरा हाल है।मृतक दो भाई व तीन बहनों में बड़ा था उसके ऊपर परिवार की सारी जिम्मेदारियां थीं,उसे अभी अपने तीनों बहनों की शादी भी करनी थी लेकिन उक्त घटना ने परिवार के सारे अरमानो पर पानी फेर दिया,घर एक कमाऊ पूत अब इस दुनिया में नहीं रहा घर का वह चिराग बुझ गया जिसकी कमी परिवार को हमेशा महसूस होगी।युवक बहुत ही मिलनसार था जिससे उक्त घटना से हर किसी की आंखे नम हैं पूरा गांव उक्त घटना से शोकाकुल है हर कोई दुःख के इस घड़ी में परिजनों को सांत्वना दे रहा है।



पिता का अंतिम दर्शन करता दस माह का मासूम बेटा।

# सराफा की दुकान में हुई चोरी का पुलिस ने किया पर्दाफाश

- पकड़े गए चार चोरों के पास से नकदी समेत आभूषण बरामद
- कपिलवस्तु थाने के महदेवा मिश्र में चोरों ने दिया था घटना को अंजाम

जागरण संवाददाता, शोहरतगढ़ : शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र में पकड़ी बाजार में 10 सितंबर की रात में हुई सराफा की दुकान की चोरी का रविवार को पुलिस, एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने पर्दाफाश किया है। घटना में शामिल चार चोरों को गिरफ्तार किया है। चोरी का सामान भी बरामद किया गया। है। चोरों का नाम रंजीत निषाद पुत्र जयमूरत निषाद निवासी नौडिहवा थाना मिश्रौलिया, अकरम अली पुत्र सफी मोहम्मद निवासी सेहरिया टोला औरहवां थाना शोहरतगढ़, करीमुल्ला पुत्र अदालत निवासी मधवापुर थाना शोहरतगढ़ व मोहम्मद रफीक उर्फ पंचर पुत्र हबीबुल्लाह निवासी सेहरिया टोला औरहवां थाना शोहरतगढ़ है।

सीओ अरुण कांत सिंह ने बताया कि विनोद वर्मा ने तहरीर देकर बताया की पकड़ी बाजार में उनकी सर्राफ की दुकान में चोरों ने पीछे से नकब लगा कर नकदी समेत आभूषण की चोरी की है और सीसी कैमरे का डीवीआर भी उठा ले गए हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पर्दाफाश के लिए एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम को भी लगाया।



शोहरतगढ़ थाने में संयुक्त टीम की अभिरक्षा में चोरी के आरोपित • सौ. पुलिस टीम

रविवार सुबह साढ़े 10 बजे नकथर परिगवा मार्ग से पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ में चोरों द्वारा बताया गया कि हम चारों आपस में दोस्त हैं। हम एक साथ ही चोरी आदि करके सामान नेपाल में बेचकर अपनी जीविका चलाते हैं।

अक्सर नेपाल में ही रहते हैं। कुछ दिनों के अंतराल पर जनपद में आते हैं। चोरों ने पुलिस को बताया कि जो सामान अकरम अली के पास से बरामद हुआ है।

वह हम चारों 30 जून 2024 को कपिलवस्तु थाने के ग्राम महदेवा मिश्र में इसी बाइक से जाकर सीमा गुप्ता पुत्री चंद्रिका गुप्ता के घर में चोरी की थी। जिसका कुछ माल नेपाल में बेचे थे और कुछ सामान बचा हुआ था। फिर शोहरतगढ़ के पकड़ी बाजार में एक सोनार की दुकान में नकब लगाया गया।

दुकान में जो सामान मिला है, वह सब सामान रंजीत निषाद के पास से अभी बरामद हुआ है। डीवीआर और करधन आदि को हम लोगों ने नेपाल में 10 हजार में बेच दिए थे और दुकान से चोरी का 1500 नकद करीमुल्ला के पास से बरामद हुआ है। हम लोगों ने इसी बाइक से यहां भी चोरी की थी।

बरामदगी : चारों के पास से चोरी की दो मंगलसूत्र, दो अंगूठी, पांच नाक का किल, एक मक्खी, दो पैर का बिछुआ, दो पायल व घटना में प्रयुक्त दो बाइक व 25 हजार नकद बरामद हुआ है

यह थे टीम में शामिल: प्रभारी निरीक्षक बिन्देश्वरी मणि त्रिपाठी प्रभारी, एसओजी प्रभारी शेषनाथ यादव, सर्विलांस सेल प्रभारी सुरेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक गोवर्धन, मुख्य आरक्षी, राजीव शुक्ला, मुख्य आरक्षी दिलीप कुमार, आरक्षी सत्येन्द्र यादव, छविराज यादव, रोहित, वीरेंद्र तिवारी, परमानन्द राय, रविशंकर शुक्ला, दिलीप कुमार, सुरेश कन्नौजिया, अमरनाथ यादव, जनार्दन प्रजापति, विवेक मिश्रा शामिल रहे।

# एसपी के ट्रांसफर को लेकर जिद पर अड़े विधायक जी दो एसओ के ट्रांसफर पर माने

सिद्धार्थनगर। राजनीतिक हठ को लेकर विधायक विनय वर्मा एसपी को हटाने की माँग के साथ धरना पर बैठ गए और नौ दिनों तक लगातार धरने पर बैठे रहे। उन्होंने एसपी पर तमाम आरोप लगाए। लेकिन यथोचित समर्थन नहीं मिला।न ही एसपी की तरफ से धरना समाप्त करने का कोई पहल किया गया। उनके अपने दल, अपना दल(एस) ने भी कोई घास नहीं डाला। भाजपा के तवज्जह देने का कोई प्रश्न ही नहीं था। विधायक जी की जिद थी कि एसपी के तबादले पर ही वे धरने से उठेंगे। राजनीतिक विचारक यह कहते है कि यह जिद एक नेता के लिए कदापि उचित नहीं होता है। विधायक को समर्थन देने वालों तक कह दिया कि उनका कोई समर्थन नहीं है। भाजपा के दो बड़े नेताओं ने विधायक से बात किया। लेकिन मामला नहीं बना। आखिरकार विधायक जी का धैर्य टूट गया और विधायकगण ध्रुव कुमार त्रिपाठी व श्याम धनी राही, भाजपा जिलाध्यक्ष सहित कई नेतागण की मौजूदगी में दो एसओ का ट्रांसफर करने की घोषणा पर ससम्मान मान गए। लोगों ने विधायकजी को जूस पिलाने की रस्म अदायगी के बाद विधायक जी धरने से उठ गए। उनके धरने से उठने के बाद एसपी ने कई एसओ का तबादला किया, जिसमें दो एसओ को उनके क्षेत्र से हटाकर और थाने पर तैनात कर दिया गया। इस तरह से न तो लाठी टूटी, न ही साँप मरा। फिलहाल विधायक जी का ईगो शांत हो गया।इस तरह से नौ दिवसीय राजनीतिक खेल का पटाक्षेप हो गया।

## दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

इटवा (एसएनबी) । स्थानीय पुलिस द्वारा दुष्कर्म के आरोपी को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा शहियापुर राप्ती नदी पुल के पास गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

उक्त जानकारी प्रभारी निरीक्षक थाना इटवा श्रीप्रकाश यादव ने दी है।उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के निर्देश पर क्षेत्र में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध सफल अभियान चलाया जा रहा है। थाना स्थानीय पर पंजीत मु0अ0सं0 157/2024 धारा 376, 313, 406, 506 भा0द0वि0 से संबंधित एक वांछित अभियुक्त राजेन्द्र प्रसाद पुत्र कल्लू निवासी छोटकी भरहिया को मुखबिर की सूचना पर सहियापुर राप्ती नदी के पास से इटवा थाना की पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है।पकड़े गए अभियुक्त को विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय भे= गया है।

## शातिर चोर के कब्जे से चोरी के जेवरात, नकदी व अन्य सामान बरामद

सिद्धार्थनगर(एसएनबी)। थाना शोहरतगढ़ व जनपदीय एसओजी/ सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 4 शातिर चोर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के 2 अदद मंगलसूत्र, 2 अदद अंगूठी, 5 अदद नाक का किल, एक अदद मक्खी, 2 अदद पैर का बिछुआ, 2 अदद पायल व घटना में प्रयुक्त 2 अदद मोटरसाइकिल आदि व रू. 25,000 नगद बरामद किया गया।

जनपद में हो रही चोरी की घटना के अनावरण हेतु एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण में, आज थाना शोहरतगढ़ पर पंजीत मु0अ0सं0 219/2024 धारा 317(2) से संबन्धित अभियुक्तगण को नकथर से परिगवां जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार व बरामी कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

पूछताछ में अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि हम चारों दोस्त है और बेरोजगार है। हम लोग एक साथ ही छोटी मोटी चोरी आदि करके सामान नेपाल में ले जाकर औने पौने दाम पर बेचकर अपना जीवन निर्वहन करते है और अक्सर नेपाल में ही रहते है कुछ दिनों के अन्तराल पर सिद्धार्थगर मे आते है। जो सामान अकरम अली के पास से आप लोग बरामद किये है वह हम चारों 30 जून को कपिलवस्तु थाने के ग्राम महदेवा मिश्र में दोनों मोटरसाईकिलों से जाकर एक घर में चोरी किये थे जिसका कुछ माल नेपाल में बेचे थे जिसके पैसे से खर्चा चलाये थे और जो सामान बचा हुआ था जिसका अभी हम चारो ने हिसाब नहीं किया था। फिर आकर शोहरतगढ़ के पकड़ी बाजार में एक सोनार की दुकान में 10 सितम्बर की रात में मौका पाकर नकब लगाकर दुकान के पीछे से घुस गये थे ,जिसमें जो सामान मिला है वह सब सामान रंजीत निषाद के पास से अभी बरामद हुआ था डीवीआर और करधन आदि को हम लोगों ने नेपाल में बेच दिया था जिसमें रू. 10,000 पाये थे और दुकान से नकद रू 1, 500 मिला था जो क्रमशः करीमुल्ला तथा रफीक उर्फ पंचर के पास से बरामद हुआ है उस घटना में भी हम लोगों ने इसी मोटर सईकिल से जाकर चोरी किये थे चोरी करने में सब्बल व छेनी का प्रयोग करते है।



पकड़े गए चोर, साथ में पुलिस बल। फोटो - एसएनबी

गिरफ्तार अभियुक्तगण मे रंजीत निषाद पुत्र जयमूरत निषाद साकिन नवडिहवा थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर, अकरम अली पुत्र सफी मोहम्मद साकिन सेहरिया टोला औरहवां थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर ,करीमुल्ला पुत्र अदालत साकिन मधवापुर थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर, मोहम्मद रफीक उर्फ पंचर पुत्र.हबीबुल्लाह साकिन सेहरिया टोला औरहवां थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर है।

# यूपी में साढ़े सात साल में 49 दुर्दांत ढेर, 872 बदमाश गिरफ्तार

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। एसटीएफ ने योगी सरकार के साढ़े सात साल में दुर्दान्त अपराधियों, असलहा और मादक पदार्थ की सप्लाई करने वाले गिरोह पर बड़ी कार्रवाई की।

पर्चा लीक कराने वाले गिरोह का पर्दाफाश करने के अलावा साइबर अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। इस दौरान एसटीएफ ने 49 माफिया व शातिर अपराधियों को मुठभेड़ में ढेर किया। 872 बदमाश जेल भेजे।

सात हजार से अधिक इनामी अपराधियों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा एसटीएफ ने 559 से अधिक अपराधिक घटनाएं होने से पहले ही साजिश रचने वालों को दबोच लिया।

एडीजी एसटीएफ अमिताभ यश ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए एसटीएफ लगातार अभियान चला रही है। साढ़े सात सालों में 7,015 इनामी अपराधी पकड़े गए। मुठभेड़ में मारे गए अपराधियों पर 10 हजार से लेकर पांच लाख रुपये तक का इनाम घोषित था। इसके साथ ही 3970 संगठित अपराधियों को भी गिरफ्तार किया गया।



अमिताभ यश, एडीजी एसटीएफ

- एसटीएफ ने हत्या, लूट-डकैती और असलहा सप्लाई गिरोह पर भी कसा शिकंजा
- प्रतियोगी परीक्षाओं का पर्चा लीक कराने 926 गिरफ्तार

### इन पर हुई सख्त कार्रवाई

एसटीएफ ने साढ़े सात साल में पर्चा लीक कराने वाले 193 गिरोहों के 926 अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की। कई प्रतियोगी परीक्षाओं के पर्चे लीक करने में यूपी के अलावा अन्य प्रदेशों में छिपे अपराधियों को भी एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। अवैध शराब तस्करी के 523 अपराधी पकड़े गए। मादक पदार्थ सप्लाई में 1083 गिरफ्तार हुए। डिप्टी एसपी दीपक सिंह ने बताया नशे के सौदागरों पर कार्रवाई हुई है।

### 379 बड़े साइबर अपराधियों को जेल भेजा

एसटीएफ ने साइबर अपराधियों पर भी बड़ी कार्रवाई की। कुछ दिन पहले ही पीजीआई की एसोसिएट प्रोफेसर को डिजिटल अरेस्ट कर दो करोड़ की ठगी करने वाले 16 अपराधियों को भी पकड़ा। सबसे ज्यादा साइबर अपराधी लखनऊ, नोएडा और गाजियाबाद से पकड़े गए। सबसे बड़े ऑनलाइन ठगी गिरोह से जुड़े 105 साइबर अपराधियों सलाखों के पीछे पहुंचाया।

**3970** संगठित अपराधियों को भी गिरफ्तार किया गया।

### 225 साइबर ठग नोएडा में गिरफ्तार

डिप्टी एसपी दीपक सिंह के साढ़े सात साल में लखनऊ के अलावा नोएडा, गाजियाबाद में सबसे ज्यादा साइबर अपराधी पकड़े गए। इनमें 225 साइबर अपराधी नोएडा, 116 अपराधी लखनऊ और नौ अपराधी गाजियाबाद से पकड़े गए।

# 20 बोतल शराब के साथ पकड़ी गई महिला

जासं, उस्का बाजार : उस्का थाना क्षेत्र के शिवाजी नगर वार्ड के उसकिया से रविवार को पुलिस ने एक महिला के झोले से 20 बोतल देशी के आरोप में पड़कर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बिंद्रावती के घर दबिश दी। वहां से वह झोले में शराब लेकर कहीं जाने की तैयारी में थी। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में हेड कांस्टेबल शैलेंद्र, महिला कांस्टेबल पूनम विश्वकर्मा अन्य शामिल रहे। थानाध्यक्ष रवीन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को 20 बोतल देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

## दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर : इटवा थाना पुलिस ने रविवार को दुष्कर्म के मामले के आरोपित को गिरफ्तार किया है। वह घटना के बाद से ही फरार चल रहा था। आरोपित का नाम राजेंद्र प्रसाद है। कार्रवाई करने वाली टीम में एसआइ राजेश कुमार तिवारी, मुख्य आरक्षी हरिकेश बहादुर चौहान समेत अन्य सम्मिलित रहे।

# दुष्कर्म के आरोप में फरार चल रहा आरोपित गिरफ्तार

इटवा। इटवा पुलिस ने दुष्कर्म के आरोप में फरार चल रहे एक आरोपित को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव ने बताया कि इटवा क्षेत्र के छोटकी भरहिया धोबहा एहतमाली गांव निवासी राजेन्द्र प्रसाद पुत्र कल्लू प्रसाद पर धारा 376, 313, 406, 506 के तहत मुकदमा दर्ज था। वह फरार चल रहा था। रविवार को उसे सहियापुर राप्ती नदी के पास से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया है।

# शराब के साथ एक महिला गिरफ्तार

उस्का बाजार। शिवाजी नगर वार्ड के उसकिया से रविवार को पुलिस ने एक महिला को झोले में भरकर शराब ले जाने के आरोप में पकड़कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। थाना प्रभारी रवीन्द्र सिंह ने बताया कि महिला के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

# कमाऊ पुत्र था शिवकुमार मासूम के सिर से उठा साया

डुमरियागंज/भवानीगंज हिन्दुस्तान संवाद। क्षेत्र के भड़रिया गांव का एक ऐसा दुखद मामला सामने आया है जिसे सुनकर हर कोई दुखी हो जा रहा है। अपने परिवार की खुशियों के लिए बाहर कमाने गए एक युवक की मौत की खबर सुनकर हर किसी की आंखें नम हो गईं। युवक की मौत से न सिर्फ 10 माह के बच्चे के सिर से पिता का साया उठ गया बल्कि परिवार के समक्ष पोषण का संकट उत्पन्न हो गया है।

भड़रिया गांव निवासी शिवकुमार (26) पुत्र शिव नारायण निषाद करमाला सोलापुर महाराष्ट्र में पीओपी का काम कर परिवार का भरण पोषण करता था। मार्ग दुर्घटना में शुक्रवार को उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की शादी दो वर्ष पूर्व हुई थी। उसके पास 10 माह का एक लड़का नितेश है। मासूम नितेश के सिर से पिता का साया उठ गया। उसे क्या पता कि उसके पिता अब इस दुनिया में नहीं रहे। मृतक की 50 वर्षीय मां अवतारी फालिज की शिकार हैं, पिता शिव नारायण मेहनत मजदूरी करते हैं। मृतक दो भाई व तीन बहनों में सबसे बड़ा था। उसके ऊपर परिवार की सारी जिम्मेदारियां थीं। उसे अभी अपने तीनों बहनों की शादी भी करनी थी लेकिन इस घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। घर का इकलौता कमाऊपूत अब इस दुनिया में नहीं रहा। रविवार को मृतक शिवकुमार का शव जब गांव में पहुंचा तो हर किसी की आंखें नम हो गईं। पूरा गांव शोकाकुल है।

**चारो धाम की यात्रा को निकले पिता लौटे घर :** भड़रिया गांव निवासी शिव नारायण पितृपक्ष में तीर्थ यात्रा के लिए तीन दिन पहले घर से निकले थे। इसी बीच बेटे की मौत की खबर मिली। इस पर वह यात्रा को छोड़कर घर वापस आ गए।



शिवकुमार (फाइल फोटो)।

■ भड़रिया गांव निवासी शिवकुमार की मुंबई में हादसे में शुक्रवार को हो गई थी मौत

## शव घर पहुंचते ही परिजनों के बीच मचा कोहराम

भवानीगंज। भवानीगंज थाना क्षेत्र के भड़रिया गांव निवासी एक युवक की शुक्रवार को मुंबई में मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई थी। उसका शव रविवार को घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। दोपहर बाद उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

भड़रिया गांव निवासी शिवकुमार (26) पुत्र शिव नारायण सोलापुर महाराष्ट्र में पीओपी का काम करता था। शुक्रवार को काम कर देर शाम पूना के भिगवन स्थित अपने कमरे के लिए बाइक से जा रहा था कि मकाई चीनी मिल के पास बाइक की टक्कर से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। रविवार को निजी वाहन से मृतक का शव गांव लाया गया। शव गांव पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया।

# शोहरतगढ़ व मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं आरोपित

# चोरी के गहनों के साथ चार बदमाश गिरफ्तार

## कार्रवाई

शोहरतगढ़, हिन्दुस्तान संवाद। एसओजी, सर्विलांस व शोहरतगढ़ पुलिस की संयुक्त टीम ने रविवार को नकथर से परिगवां जाने वाले मार्ग से चार शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके पास से 25 हजार रुपये नगदी, सोने-चांदी के जेवरात, दो बाइक, चार फोन बरामद किया है।

शोहरतगढ़ थाने पर सीओ अरुणकांत सिंह ने रविवार को बताया कि पकड़े गए आरोपितों में एक मिश्रौलिया थाना क्षेत्र का और तीन शोहरतगढ़ क्षेत्र के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि पकड़े गए चारो आरोपित दोस्त हैं। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वह लोग एक साथ छोटी मोटी चोरी आदि करके सामान नेपाल में ले जाकर बेचकर अपना जीवन निर्वहन करते हैं और अक्सर नेपाल में ही रहते हैं। कुछ दिनों के अंतराल पर सिद्धार्थगर में आते हैं। आरोपितों ने 30 जून को कपिलवस्तु थाना क्षेत्र के महदेवा मिश्र गांव के एक घर से चोरी करने की बात कबूल की है। आरोपितों ने चोरी किए गए कुछ सामान नेपाल में बेचे थे जिसके पैसे से खर्च चलाए थे और जो सामान बचा हुआ था इसका अभी हिसाब नहीं किए थे। आरोपितों ने 10 सितंबर की रात शोहरतगढ़ के पकड़ी बाजार में एक सोनार की दुकान में सेंध काटकर चोरी किए थे। उन्होंने डीवीआर आदि को नेपाल में बेच दिया था। इसे बेचने पर 10 हजार रुपये मिले थे और दुकान से नगद 1500 सौ रुपये मिला था। चोरी की दोनों घटनाएं बाइक से जाकर किए थे।

**ये सामान हुए बरामद :** दो मंगलसूत्र, दो अंगूठी, पांच नाक का कील, एक मक्खी, दो बिछुआ, दो पायल, दो बाइक, चार मोबाइल, 25 हजार रुपये नगदी।



एसओजी, सर्विलांस व शोहरतगढ़ पुलिस की संयुक्त टीम ने रविवार को चोरी के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

### ये आरोपित हुए गिरफ्तार

गिरफ्तार आरोपितों में मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के नवडिहवा गांव निवासी रंजीत निषाद पुत्र जयमूरत निषाद, शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के सेहरिया गांव के औरहवां टोला निवासी अकरम अली पुत्र सफी मोहम्मद व मोहम्मद रफीक उर्फ पंचर पुत्र हबीबुल्लाह और मधवापुर गांव निवासी करीमुल्ला पुत्र अदालत शामिल हैं।

### गिरफ्तार करने वाली टीम

प्रभारी निरीक्षक बिन्देश्वरी मणि त्रिपाठी,एसओजी प्रभारी शेषनाथ यादव, प्रभारी सर्विलांस सेल एसआई सुरेन्द्र सिंह,एसआई गोवर्धन, हेड कांस्टेबल राजीव शुक्ल, दिलीप कुमार, परमानन्द राय, रविशंकर शुक्ल, दिलीप कुमार, सुरेश कन्नौजिया, अमरनाथ यादव, जनार्दन प्रजापति, विवेक मिश्र, कांस्टेबल सत्येन्द्र यादव, छविराज यादव, रोहित, वीरेन्द्र तिवारी शामिल रहे।



रविवार को डुमरियागंज क्षेत्र के जबजौवा में अतिक्रमण हटाने में लगी प्रशासन की जेसीबी। इस दौरान उमड़ी भीड़। • हिन्दुस्तान

# डुमरियागंज-बस्ती मार्ग पर अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

## चेतावनी

- हल्लौर, भटंगवा, जबजौवा आदि स्थानों पर सड़क की पटरियों से हटा अतिक्रमण
- एसडीएम के नेतृत्व में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

**बेंवा, हिन्दुस्तान संवाद।** डुमरियागंज क्षेत्र के हल्लौर, भटंगवा, जबजौवा आदि स्थानों पर रविवार को प्रशासन ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। जेसीबी से अवैध कब्जे हटवाए गए। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि दोबारा अतिक्रमण हुआ तो संबंधित के विरुद्ध केस दर्ज कराया जाएगा।

एसडीएम डॉ. संजीव दीक्षित, सीओ सतीश चंद्र पांडेय, थानेदार रमेश कुमार यादव बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों के साथ रविवार सुबह 10 बजे जेसीबी के साथ पहुंच गए। डुमरियागंज से बस्ती की ओर जाने वाली सड़क के दोनों तरफ हल्लौर, भटंगवा, जबजौवा आदि स्थानों पर सरकारी जमीन पर किए गए अतिक्रमण को हटवाया गया। पक्के निर्माणों को ध्वस्त करा दिया गया। हालांकि कुछ लोग पूर्व में हुए घोषणा के चलते स्वयं हटा लिए थे बाकी जगहों पर तहसील प्रशासन का बुलडोजर खूब गरजा। एसडीएम ने बताया कि प्रशासन अतिक्रमण को लेकर बेहद गंभीर है। डीएम के निर्देश के अनुपालन में अभियान लगातार चलता रहेगा। अगर किसी ने दोबारा अतिक्रमण किया तो केस दर्ज कराया जाएगा।

## एक नजर में



शोरूम में लगी आग ● जागरण

# वैल्यू प्लस के शोरूम में शार्ट सर्किट से लगी आग

सिद्धार्थनगर : शहर के उस्का रोड स्थित हाईडिल तिराहे के पास रविवार सुबह शार्ट सर्किट से वैल्यू प्लस के शोरूम में आग लग गई। इससे शोरूम में रखे लाखों के इलेक्ट्रानिक सामान जल गए। पीड़ित दुकानदार घनश्याम गुप्ता ने बताया कि इससे उन्हें तीन से चार लाख का नुकसान हुआ है। दुकानदार घनश्याम गुप्ता ने बताया कि करीब साढ़े आठ बजे दुकान से धुआं निकलता देख कुछ लोगों ने फोन पर उन्हें जानकारी दी। उन्होंने अपने पुत्र को बताया तो वह तत्काल शोरूम पर पहुंच गए। वहां जाने पर पता चला कि दुकान में शार्ट सर्किट से तीन एसी, चार वाशिंग मशीन, चार कूलर सहित अन्य सामान जल गया है।

# मामा के साथ गई थी किशोरी रातभर परेशान रही पुलिस

जागरण संवाददाता, जोगिया : ब्लाक संसाधन केंद्र जोगिया पर आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान शनिवार को एक किशोरी गायब हो गई। अपहरण का मुकदमा लिखकर जोगिया कोतवाली पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई। बाद में पता चला कि किशोरी अपने मामा के साथ गई थी। उसके मामा ने उसे उसके एक सहेली के यहां छोड़ दिया। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया है। पुलिस ने किशोरी के मामा को हिरासत में ले लिया था। बाद में उसे चेतावनी देकर छोड़ा।

ब्लाक संसाधन केंद्र जोगिया पर परिषदीय विद्यालयों की खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित थी। इस दौरान एक किशोरी वहां से गायब हो गई। देरशाम तक किशोरी जब घर नहीं पहुंची तो उसके मां-बाप ब्लाक संसाधन केंद्र जोगिया पहुंच गए। वह बीआरसी की टीम पर बेटी को गायब करने का आरोप लगाने लगे। बाद में पुलिस ने किशोरी के प्रधानाध्यापक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करके मामले की छानबीन शुरू कर दी।

छानबीन के दौरान पुलिस ने जब बीआरसी में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालना शुरू किया तो पता चला कि एक व्यक्ति किशोरी को अपनी बाइक से बिठाकर ले जा रहा है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज किशोरी के मां-बाप को दिखाया तो पता चला कि वह उसका मामा है। पुलिस के अनुसार मामा नशे में था। उसे सीसीटीवी फुटेज दिखाया गया तो बताया कि वह उसे उसकी सहेली के यहां छोड़ आया है।

## एक नजर में

# मारपीट मामले में वांछित दो वारंटी गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर : खेसरहा थाना पुलिस ने रविवार को मारपीट के मामले में वांछित चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। न्यायालय ने इनकी गिरफ्तारी के लिए आदेश जारी किया था। आरोपितों का नाम खेसरहा थाना के परसा पंडित गांव निवासी राजेद्र कुमार व देवेंद्र कुमार है। कार्रवाई करने वाली टीम में एसओ चंदन कुमार, एसआइ ऋषिदेव प्रसाद, मुख्य आरक्षी मलखा साहनी रहे।

# धान खरीद में और बढ़ सकते हैं गबन के आरोपित

## पीसीएफ के जिला प्रबंधक सहित पांच के विरुद्ध दर्ज है मुकदमा, दो आरोपितों की हो चुकी है गिरफ्तारी

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : साढ़े 16 करोड़ रुपये के धान खरीद गबन में आरोपितों का नाम अभी और बढ़ सकता है। अभी तक धान खरीद के गबन में जितने भी मामले प्रकाश में आये हैं, अधिकतर क्रय केंद्र जिला सहकारी फेडरेशन लिमिटेड (डीसीएफ) के हैं। पुलिस अब अपनी विवेचना में इसको भी जांच कर रही है कि आखिर डीसीएफ के अधिकारियों ने धान खरीद की निगरानी किस तरह की। उन्होंने निगरानी की है अथवा वह गबन के लिए मौका देते रहे हैं। क्रय केंद्रों का मानक पूरा था अथवा पहले इनकी नीयत गलत थी। पुलिस इन सभी बिंदुओं की जांच कर रही है। उसका मानना है कि इन बिंदुओं की जांच आरोपितों की संख्या अभी और बढ़ सकती है।

जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर के निर्देश पर धान खरीद मामले की जांच हुई तो पता चला कि छह हजार टन से अधिक धान राइस मिलों पर पहुंचा ही नहीं है। इस मामले को लेकर बीते 31 अगस्त को पीसीएफ के जिला प्रबंधक अमित कुमार चौधरी व भुगतान अधिकारी उमानंद उपाध्याय पर सदर थाने में व डीसीएफ के चार क्रय केंद्र प्रभारियों पर बांसी, खेसरहा व त्रिलोकपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया। इसमें बांसी कोतवाली पुलिस ने दो क्रय केंद्र प्रभारियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। त्रिलोकपुर थाने में सिसवा के क्रय केंद्र प्रभारी सिद्धार्थ सिंह व खेसरहा थाने में लमुईताल क्रय केंद्र के प्रभारी पंकज यादव के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। सिद्धार्थ सिंह पर 58 लाख व पंकज यादव पर 62 लाख रुपये के धान के गबन का आरोप है। पुलिस के अनुसार इसमें एक क्रय केंद्र प्रभारी फरार है। दूसरा लखनऊ में अपना उपचार करा रहा है। पुलिस इस मामले में अब यह भी जांच कर रही है कि आखिर इतना बड़ा घोटाला हो कैसे गया। इसके लिए उसने चारों वादी से अभिलेख मांगा है। वह इसकी जानकारी ले रही है, जब सप्ताह भर के भीतर डीसीएफ व अन्य अन्य अधिकारियों के निगरानी की व्यवस्था है तो क्रय केंद्र प्रभारियों को गबन का मौका कैसे मिल गया। कहीं इस गबन में कोई अन्य अधिकारी तो नहीं शामिल है। पुलिस का मानना है कि संभव है कि यह पहला मामला पकड़ में आया है। यह खेल लंबे समय से चल रहा होगा तो छानबीन में पूरा गिरोह पकड़ में आ सकता है।

ऐसे होती है धान खरीद: पीसीएफ धान क्रय की एक एजेंसी है। उसने डीसीएफ के माध्यम से धान की खरीद की। डीसीएफ ने धान खरीद के लिए जिले में 35 क्रय केंद्र बनाए। इन केंद्रों धान की कितनी खरीद हुई। कितना धान राइस मिलों पर गया, डीसीएफ के अधिकारियों की निगरानी की अहम जिम्मेदारी होती है।

- 10 अगस्त को दर्ज हुआ था सिद्धार्थ सिंह व पंकज यादव के विरुद्ध मुकदमा
- 31 अगस्त को पीसीएफ के जिला प्रबंधक के विरुद्ध दर्ज हुआ था मुकदमा
- 2023-24 में 51116.230 टन धान की हुई थी खरीद
- 44038.518 टन धान ही संबद्ध राइस मिलों को भेजी गई
- 16.5 करोड़ रुपये के धान का हुआ है गबन
- 13.4 करोड़ रुपये की हो चुकी है रिकवरी
- 3.10 करोड़ रुपये की रिकवरी है शेष
- 13 सितंबर को बांसी कोतवाली क्षेत्र से हो चुकी है अच्युतानंद मणि व शिवानंद मणि की गिरफ्तारी
- 5 अगस्त को लिखा गया था अच्युतानंद व शिवानंद के विरुद्ध मुकदमा



धान खरीद गबन के मामले में अभी और नाम सामने आ सकते है। इसकी जांच की जा रही है। दो आरोपितों को जेल भेजा जा चुका है। वादी व अन्य संबंधित विभागों से अभिलेख मांगे गए है। ताकि निष्पक्षता के साथ इसकी जांच की जा सके।
प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक

# अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

## डुमरियागंज-बस्ती मार्ग के हल्लौर से बेंवा चौराहे पर ढहाया गया अतिक्रमण

संवाद न्यूज एजेंसी

डुमरियागंज। तहसील प्रशासन ने क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू कर दिया। रविवार को एसडीएम और सीओ की अगुवाई और पुलिस व पीएसी फोर्स की मौजूदगी में हल्लौर, भँटगवा सड़क से लेकर जबजौआ, सिकाहरा से लेकर बेंवा चौराहे तक तहसील प्रशासन की दो जेसीबी ने अतिक्रमण ध्वस्त कर दिया।

प्रशासन की इस कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा रहा। रविवार की सुबह लगभग 10 बजे एसडीम डुमरियागंज डॉ. संजीव दीक्षित, सीओ सतीशचंद्र पांडेय के नेतृत्व में डुमरियागंज पुलिस सर्किल की फोर्स के साथ दो जेसीबी लेकर हल्लौर चौराहे पर अतिक्रमण ढहाना शुरू कर दिया।

अतिक्रमण हटाओ अभियान हल्लौर, भटगवा चौराहे से लेकर जबजौआ, सिकाहरा, तिलगडिया होते हुए बेंवा चौराहा तक चलाया गया। इस दौरान नाली के ऊपर और नाली से सटाकर बनाई गई दुकानों के अलावा पक्के घरों के बाहर लगे टीनशेड और सीढ़ियों को भी जेसीबी के माध्यम से तोड़ दिया गया।

अतिक्रमण हटाओ अभियान का असर हल्लौर से महुआरा तक दिखाई दिया। लोग अपने घरों के सामने टीनशेड और अन्य निर्माण को खुद तोड़ते व हटाते दिखाई दिए। इस दौरान तहसीलदार आर के यादव, बीडीओ अमित सिंह, प्रभारी निरीक्षक डुमरियागंज रमेश यादव, हल्का लेखपाल देवेंद्र राठौर मौजूद रहे।



डुमरियागंज क्षेत्र के बेंवा चौराहे पर अतिक्रमण हटाती प्रशासन की टीम। संवाद

### इनके तोड़े गए बाउंड्रीवाल और टीनशेड

तहसील प्रशासन की पांच दिन पहले कराई गई चेतावनी मुनादी के बावजूद नाला और नाली के ऊपर से टीनशेड और उनके अवैध निर्माण ना हटाने से एसडीएम नाराज हुए और उनके निर्देश पर कर्मचारियों ने दो जेसीबी के जरिए हल्लौर चौराहे पर बरन, रजजब अली, सलमान, जग्गा, हरिप्रकाश, गुडडु, भटगवा सड़क पर हरिहर, राजू, शबलू, नेहाल, शादाब तथा जबजौआ मे हबीब, सलऊर, खुर्शीद, अकरम, समरू आदि की सीढी ,बाउंड्रीवाल तथा टीनशेड को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान एक चाय होटल के दुकानदार का हैण्डपम्प भी ऊखाड़ दिया गया। प्रसाशन के मुताबिक हैण्डपम्प नाला के अन्दर लगा था। अतिक्रमण हटाओ अभियान को देखने के लिए भारी भीड चौराहो पर जुटी रही।

मुनादी और चेतावनी की समय सीमा बीत जाने के बाद आज डुमरियागंज-बस्ती मार्ग के हल्लौर से लेकर बेवा चौराहा तक अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया है। डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के किसी भी चौराहे या रोड पर अवैध अतिक्रमण नहीं रहने दिया जाएगा। अतिक्रमणकारी अगर खुद अपना अतिक्रमण हटा ले रहे हैं, तो बेहतर है। नहीं तो अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई निरंतर चलती रहेगी। -डॉ. संजीव दीक्षित, एसडीएम डुमरियागंज

# दुर्गा पूजा आयोजकों को समझाया नियम

जागरण संवाददाता, जोगिया : रविवार की शाम जोगिया कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीओ बांसी मयंक द्विवेदी ने किया। उन्होंने दुर्गा पूजा आयोजन को सकुशल संपन्न कराने को लेकर आयोजकों को नियम समझाया। लोगों की समस्याएं सुनी।

उन्होंने बैठक को कहा कि दुर्गा पूजन में किसी तरह की अराजकता नहीं होनी चाहिए। दुर्गा पूजन को लेकर सड़क पर अतिक्रमण न किया जाए। डीजे की ध्वनि कम हो। उस दौरान उन्होंने बैठक में उपस्थित संभ्रांत नागरिकों से उनकी समस्या के बारे में पूछा। प्रधान प्रतिनिधि मनीष मिश्रा ने जोगिया कस्बे में नादेपार मोड़ के पास बैटरी वाला रिक्शा व टैक्सी के खड़े होने से दुर्घटना होने की आशंका व्यक्त करते हुए शिकायत की। कस्बा निवासी रवि जायसवाल ने नवरात्रि त्योहार दुर्गा मूर्ति पंडाल के आसपास मीट मछली व अंडा की दुकान न लगने की मांग की। बैठक में प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान प्रभू दयाल यादव , अब्दुल कयूम, अवनीश कर पाठक, सेमरा शिव मंदिर के पुजारी सुखराम , गौरी प्रसाद साहनी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# फर्जी डिप्लोमा-डिग्री के जरिये आवेदन, 50 आवेदकों पर केस

अमर उजाला ब्यूरो

## उत्तर प्रदेश फार्मेसी काउंसिल ने की कार्रवाई

लखनऊ। उत्तर प्रदेश फार्मेसी कांउसिल की तरफ से गाजीपुर थाने में 50 आवेदकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। आरोप है कि इन सभी ने फर्जी डिग्री-डिप्लोमा अन्य फर्जी दस्तावेजों के के जरिये काउंसिल में आवेदन कर पंजीकरण कराने की कोशिश की। पुलिस अब आरोपों की जांच कर रही है।

इंदिरानगर लेखराज मार्केट-2 में उप्र फार्मेसी काउंसिल का कार्यालय है। काउंसिल के रजिस्ट्रार डॉ. भानू प्रताप सिंह ने एफआईआर दर्ज कराई है। उनके मुताबिक डिग्री और डिप्लोमा धारकों का काउंसिल में पंजीकरण किया जाता है। आवेदन की प्रक्रिया ऑनलाइन है। सैकड़ों आवेदन प्राप्त होते हैं। आवेदकों के दस्तावेजों का सत्यापन कराने के बाद पंजीकरण होता है। 50 ऐसे आवेदन थे, जिनके दस्तावेजों के सत्यापन के दौरान खुलासा हुआ कि उन्होंने शैक्षणिक दस्तावेज फर्जी लगाए हैं। उन फर्जी दस्तावेजों के आधार वह पंजीकरण कराने की कोशिश में थी। गाजीपुर इंस्पेक्टर विकास राय ने बताया कि मामले में धोखधड़ी, कूटरचित दस्तावेज तैयार करने व साजिश रचने की धारा में केस दर्ज किया गया है। साक्ष्य के तौर पर काउंसिल की तरफ से दस्तावेज उपलब्ध कराये गए हैं। इनका सत्यापन करने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## सिद्धार्थनगर, संतकबीरनगर के भी आवेदकों पर केस

बलरामपुर के बृजमोहन यादव, गोरखपुर के सुधीर कुमार, सलमान मंजर व अनिल कुमार गुप्ता, बुलंदशहर के पुष्पेंद्र शर्मा व सरफराज, गाजियाबाद के आदित्य सिंह, बागपत के शुभम पवार, गौतमबुद्धनगर के योगेश सिंह, खुर्जा के मोहित सोलंकी, बिजनौर के अजय कुमार, कानपुर के देवेंद्र सिंह, शिवानी सचान, हिबा फुरकान, राजेश साहू, शैलेंद्र सिंह, अखिलेश शर्मा, हमीरपुर के शुभ ओमर, बांदा के सुमित गुप्ता व आलोक, सिद्धार्थनगर के रवि शर्मा व अखिलेश्वर लाल प्रसाद, संतकबीरनगर के महेंद्र, बलिया के अभिनय, उन्नाव के महेश कुमार, सुल्तानपुर के विनय कुमार, शाहजहांपुर के हर्ष गुप्ता आदि पर केस दर्ज हुआ है।

# गश्त कर पुलिस ने दिया सुरक्षा का भरोसा

**बिस्कोहर।** त्रिलोकपुर पुलिस ने रविवार शाम को नगर पंचायत बिस्कोहर में पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। प्रभारी थानाध्यक्ष विजय शंकर सिंह के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने मुख्य मार्ग सहित परशुराम तिराहा, अटल नगर में गश्त कर नागरिकों को सुरक्षा का एहसास कराया।

चौकी प्रभारी नगर मनोज कुमार सिंह ने कहा कि गश्त का उद्देश्य लोगों को सुरक्षित महसूस कराना एवं शांति व सुरक्षा व्यवस्था को कायम रखना है। इस मौके पर अर्जुन यादव आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे। संवाद

# खेल प्रतियोगिता से छात्रा लापता 12 घंटे बाद सहेली के घर मिली

## जोगिया कोतवाली क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय जोगिया का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

**जोगिया।** कोतवाली क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय जोगिया में शनिवार को खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन पर प्रतिभाग करने आई क्षेत्र के एक प्राथमिक विद्यालय की कक्षा आठ की बच्ची गायब हो गई। बच्ची के गायब होने की जानकारी होते हैं सब हड़बड़ा गए। परिवारवालों ने देर शाम कोतवाली में तहरीर देकर पुलिस की मदद मांगी। मामले को गंभीरता से लेते पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

सीओ बांसी के नेतृत्व में तीन थाने की पुलिस बच्ची की खोजबीन में जुट गई। 12 घंटे के अथक प्रयास और सीसी फुटेज की मदद से पुलिस ने उसे रविवार भोर में शोहरतगढ़ क्षेत्र के एक गांव से उसके सहेली के घर से बरामद करने में सफलता पा ली।

बच्ची को ले जाने में उसके मामा की भूमिका संदिग्ध रही। उसे

### बच्ची के मामा को पुलिस ने हिरासत में लिया

हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय जोगिया में खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन चल रहा था। क्षेत्र के समस्त प्राथमिक विद्यालयों के बच्चे प्रतिभाग कर रहे थे। उसी दौरान खो-खो व कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने आई एक गांव के प्राथमिक विद्यालय की कक्षा आठ की बच्ची गायब हो गई।

प्रधानाध्यापक ने बच्ची को ढूंढा पर वह नहीं मिली। अंत में देर शाम थक-हार कर उन्होंने पुलिस को तहरीर दिया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते मुकदमा दर्ज कर लिया।और बच्ची के खोजबीन में जुट गई। बच्ची के गायब होने की सूचना पर सीओ बांसी भी मौके पर पहुंच गये। उन्होंने खेसरहा व शोहरतगढ़ थाने की पुलिस को भी लगाया।देर रात्रि तक छानबीन चलती रही। इस बीच कस्बे में लगा सीसी फुटेज भी खंगाला गया। अंत में बीआरसी जोगिया में लगा सीसी फुटेज खंगालने के दौरान बच्ची के गायब होने का सुराग मिल गया।

फुटेज में बच्ची को एक युवक बाइक पर बैठा कर ले जाता दिखा। 12 घंटे के अथक प्रयास पर पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में उसने बच्ची का मामा बताया । उसने बच्ची को उसके एक सहेली के घर पहुंचाने की बात कही। सहेली के घर बच्ची बरामद हुई।

इस संबंध में कोतवाल जोगिया मनोज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि प्रधानाध्यापक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।बच्ची और उसके मामा को हिरासत में लेने के बाद विधिक कार्यवाही की जा रही है

# सुलह समझौते से बनी बात तीन परिवार फिर हुए साथ

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। महिला थाना में रविवार को नई किरण जनसुनवाई का आयोजन हुआ। इसमें कुल पांच मामले आए थे। सुलह समझौता से तीन मामले में निस्तारित हुए और दंपती एक साथ रहने को राजी हो गए। अन्य दो मामलों में बात नहीं बन सकी। इसके लिए अगली तारीख में बुलाया गया।

किन्हीं कारणों से अलग हुए दंपती के बीच विवाद निस्तारण करके उन्हें दोबारा एक साथ करने के लिए महिला थाना में नई किरण जन सुनवाई का आयोजन होता है। थानाध्यक्ष शाइस्ता खान की अगुवाई में आयोजित सुनवाई में कुल पांच मामलों में दोनों पक्षों को बुलाया गया था। इसमें तीन मामलों में बारी-बारी से बुलाकर समझाने और घर बिखर जाने का हवाला दिया गया।

इसके बाद अलग रह रहे तीन जोड़े दोबारा एक साथ रहने को राजी हो गए। जबकि, दो मामलों में बात नहीं बन पाई, इसके लिए अगली तारीख में बुलाया गया। इसके बाद नये सिरे से उनकी सुनवाई की जाएगी।

## महिला थाना में नई किरण जनसुनवाई का हुआ आयोजन

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर।** इटवा पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी को रविवार को दबोच लिया। उसकी पहचान राजेन्द्र प्रसाद निवासी छोटकी भरहिया धोबहा एहतमाली थाना इटवा के रूप में हुई। पूछताछ करने के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। यह जानकारी एसओ इटवा श्रीप्रकाश यादव ने दी। संवाद

# दो वारंटी गिरफ्तार, गए जेल

**सिद्धार्थनगर।** खेसरहा पुलिस ने फरार चल रहे दो वारंटी को रविवार को दबोच लिया। उनकी पहचान राजेंद्र कुमार, देवेन्द्र कुमार परसा पंडित थाना खेसरहा के रूप में हुई। थाने पर लाकर पूछताछ करने के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। यह जानकारी एसओ खेसरहा चंदन कुमार ने दी है। संवाद

# शराब के साथ पकड़ी गई महिला

**सिद्धार्थनगर।** उसका थाना क्षेत्र के कस्बे के शिवा जी नगर वार्ड के उर्सकिया से रविवार को पुलिस ने एक महिला को झोले में भरकर शराब ले जाने के आरोप में पड़कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। सूचना पर पुलिस ने महिला को उसके घर झोले में शराब के साथ पकड़ी है। गिरफ्तार करने वाली टीम हेड कांस्टेबल शैलेंद्र,महिला कांस्टेबल पूनम विश्वकर्मा, कांस्टेबल राम करन रहे। थाना प्रभारी रवीन्द्र कुमार सिंह ने बताया की मुखबीर की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को देसी शराब के साथ गिरफ्तार की। संवाद

# सिर पर लकड़ी लेकर आ रहा युवक गिरा, मौत

**सिद्धार्थनगर।** भवानीगंज थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव का एक युवक रविवार को सूखे पेड़ से लकड़ी काटकर सिर पर रखकर पैदल घर जा रहा था। इस दौरान वह रास्ते में गिर गया। इससे उसकी मौत हो गई। ग्राम प्रधान गौतम सोनी ने बताया कि बालेदीन (40) पुत्र बरखुल्लाह गांव के बाहर एक सूखे पेड़ से लकड़ी तोड़ने गया था। आते समय अचानक गिर गया। इससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। उसे एक निजी चिकित्सक के पास ले जाया गया जहां डॉक्टर ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। संवाद

# चोरी के आभूषण और नकदी बरामद, चार संदिग्ध गिरफ्तार

## एसओजी और शोहरतगढ़ पुलिस की संयुक्त टीम ने परिगवा से पकड़ा

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। एसओजी और शोहरतगढ़ पुलिस की संयुक्त टीम ने रविवार को चार संदिग्धों को परिगवा गांव के पास गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से आभूषण और नकदी बरामद किया। पूछताछ के बाद करने के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। पकड़े गए सभी आरोपी जिले के ही रहने वाले हैं।

शोहरतगढ़ अरुण कांत सिंह ने बताया कि चोरी की वारदात का पर्दाफाश करने के लिए टीम लगी थी। इसी बीच सूचना मिली चार संदिग्ध नकथर-परिगवा मार्ग पर आने वाले हैं। सूचना को संज्ञान में लेते एसओ शोहरतगढ़ बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी के साथ एसओजी प्रभारी शेषनाथ यादव सर्विलांस सेल प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह टीम के साथ बताए हुए स्थान पर पहुंच गए। इसी बीच जवानों ने घेराबंदी करके पकड़ लिया। पूछताछ में उन्होंने पहचान रंजीत निषाद निवासी नवडिहवा थाना मिश्रौलिया,.अकरम अली निवासी सेहरिया टोला औरहवां ,करीमुल्ला निवासी मधवापुर मोहम्मद रफीक उर्फ पंचर निवासी सेहरिया टोला औरहवां थाना शोहरतगढ़ के रूप में हुई। इनके कब्जे के आभूषण और 25000 रुपये नकदी बरामद हुआ।

### पूछताछ में आरोपियों ने उगले राज

पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि हम चारो दोस्त हैं और बेरोजगार हैं। हम लोग एक साथ छोटी-मोटी चोरी आदि करके सामान नेपाल में बेचकर अपना जीवन निर्वहन करते हैं और अक्सर नेपाल में ही रहते हैं। कुछ दिनों के अंतराल पर सिद्धार्थनगर में आते हैं। जो सामान अकरम अली के पास से आप लोग बरामद किए हैं वह हम चारों 30 जून को कपिलवस्तु थाने के ग्राम महदेवा मिश्र में इन्ही दोनों मोटरसाइकिलों से जाकर एक घर में चोरी किए थे, जिसका कुछ माल नेपाल में बेचे थे और जो सामान बचा हुआ था। फिर शोहरतगढ़ के पकड़ी बाजार में एक सोनार की दुकान में 10 सितंबर की रात में मौका पाकर नकब लगाकर दुकान के पीछे से घुस गए थे, जिसमें जो सामान मिला है, वह सब सामान रंजीत निषाद के पास से अभी बरामद हुआ था डीवीआर और करघन आदि को हम लोगों ने नेपाल में बेच दिया था जिसमें 10 हजार रुपये पाए थे और दुकान से नकद 1500 मिला था जो क्रमशः करीमुल्ला तथा रफीक उर्फ पंचर के पास से बरामद हुआ है।

# शार्ट सर्किट से दुकान में लगी आग

सिद्धार्थनगर। शहर के उसका रोड पर हाईडिल तिराहे के पास एक बिजली के सामान की दुकान में रविवार सुबह अचानक लग गई, जिससे दुकान में रखा में सारा सामान नष्ट हो गया। दुकान के उपरी हिस्से में स्थित गोदाम में चल रहे मरम्मत कार्य के लिए जब मजदूर पहुंचे आग लगने की जानकारी हुई। जिसके बाद मौके पर पहुंचे दुकानदार ने सहयोगियों के साथ आग पर काबू पाया। पीड़ित दुकानदार घनश्याम गुप्ता का कहना है कि दुकान में शार्ट सर्किट से लगी आग से तीन लाख रुपये से अधिक सामान की क्षति हुई है। संवाद

# महाराष्ट्र से गांव आई युवक की लाश

**सिद्धार्थनगर।** भवानीगंज थाना क्षेत्र के भड़रिया गांव निवासी युवक की लाश घर पहुंची तो चीख पुकार मच गया। युवक की मौत की खबर सुनकर हर किसी की आंखें नम हो गई थीं। युवक की मौत से न सिर्फ 10 माह के बच्चे के सिर से पिता का साया उठ गया, बल्कि परिवार के समक्ष पोषण का संकट उत्पन्न हो गया है।

क्षेत्र के भड़रिया गांव निवासी शिवकुमार (26) पुत्र शिव नारायण निषाद करमाला सोलापुर महाराष्ट्र में पीओपी का काम कर परिवार का भरण पोषण करता था। मार्ग दुर्घटना में शुक्रवार को उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की शादी दो वर्ष पूर्व हुई थी। उसके पास 10 माह का एक लड़का नितेश है।

मृतक की 50 वर्षीय मां अवतारी फालिज की शिकार हैं, पिता शिव नारायण मेहनत मजदूरी करते हैं। मृतक दो भाई व तीन बहनों में सबसे बड़ा था। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-23-09-2024

# नाबालिग किशोरी का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोप में नामजद आरोपी गिरफ्तार

धनघटा : धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर उसका अपहरण करने के बाद उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोप में नामजद आरोपी को धनघटा पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया और कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसे जेल भेज दिया। विदित हो कि धनघटा थाना क्षेत्र के किठियुरी गांव निवासी सोनू पुत्र ब्रह्मानन्द गुप्ता उर्फ भोपई ने बीते दिनों थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर उसका अपहरण कर लिया और किशोरी को कहीं दूर ले जाकर उसके साथ शारीरिक संबंध भी बनाता रहा। दूसरी तरफ किशोरी के अपहरण के बाद काफी खोजबीन पर जब परिजनों को किशोरी के बारे में जानकारी नहीं मिली तो परिजन धनघटा थाने पहुंचकर किशोरी के अपहरण के आरोप में पुलिस को तहरीर देकर आरोपी सोनू के विरूद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज करा दिया। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस प्रयास कर किशोरी को तो बरामद कर लिया लेकिन आरोपी अभी तक पुलिस पकड़ से फरार चल रहा था। किशोरी को बरामद करने के बाद जब पुलिस ने किशोरी का बयान दर्ज किया तो उसने अपने बयान में आरोपी सोनू के उपर दुष्कर्म करने का भी आरोप मंढ दिया। उसके बाद पुलिस आरोपी के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 137 (2), 87, 65 (1) तथा 3/4 (2) पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी सोनू की तलाश सरगर्मी से शुरू कर दी। रविवार की सुबह करीब 11 बजे पुलिस को जरिए मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी सोनू थाना क्षेत्र के हैंसर बाजार से पूर्व किठियुरी गांव के मोड़ पर खड़ा है और कही दूर भागने की फिराक में है। मुखबिर की सूचना पर थाने के उपनिरीक्षक अनिल कुमार यादव हमराही पुलिसकर्मी आशुतोष पांडेय और विनय सिंह के साथ किठियुरी गांव के मोड़ पर पहुंच गए जहां छिपा मुखबिर आरोपी की तरफ इशारा कर पुलिस को आरोपी सोनू की पहचान करा दी। उसके बाद पुलिस ने आरोपी सोनू को गिरफ्तार कर लिया और उसे थाने लाकर कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसे जेल भेज दिया।

# महिला बीट पुलिसकर्मियों की हुई बैठक

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** आगामी त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत पुलिस लाइन सभागार अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने महिला बीट पुलिस आरक्षी के साथ बैठक की। एएसपी ने महिला संबंधी अपराध एवं उसके नियंत्रण में महिला बीट पुलिसकर्मियों द्वारा क्षेत्र में जाकर किस प्रकार से सहभागिता की जाय उस संबंध में शासन द्वारा दिए गए दिशा निर्देश को बताया।

रविवार को पुलिस लाइन सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने जनपद के समस्त महिला बीट पुलिस आरक्षी के साथ मीटिंग की। इस संबंध में महिला आरक्षियों के कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। आगामी आने वाले त्योहारों की तैयारी के संबंध में कानून व्यवस्था स्थापित करने में महिला पुलिसकर्मियों की अहम भागीदारी किस प्रकार से है। इस बारे में भी जानकारी दी गई। महिला संबंधी अपराध एवं उसके नियंत्रण में महिला बीट पुलिसकर्मियों द्वारा क्षेत्र में जाकर किस प्रकार से सहभागिता की जाय। उस संबंध में शासन द्वारा दिए गए दिशा निर्देश को बताया गया। महिला बीट रजिस्टर पर संपूर्ण कार्रवाई का विवरण अंकित किया जाय। अपराध से संबंधित किसी भी महिला के साथ यह सुनिश्चित किया जाय कि अपराध की दोबारा पुनरावृति न हो। सभी महिला बीट आरक्षी से उनके कार्यों का फीडबैक लिया जाएगा।

# ग्रामवासियों से ट्रेन पर पत्थर न फेंकने की अपील

मगहर (एसएनबी)। रेल सुरक्षा बल के सहायक सब इंस्पेक्टर मजहरुल हक अंसारी एवं राजकीय रेलवे पुलिस के चौकी प्रभारी मनोज यादव की संयुक्त टीम ने रविवार को लोगों से ट्रेनों पर पत्थर न फेंकने की अपील की है। साथ ही रेल लाइन के निकट निवास कर रहे ग्रामवासियों को रेलवे ट्रैक पर संदिग्ध वस्तुओं के दिखने पर तुरंत सूचना देने की अपील की है।

मगहर रेलवे स्टेशन के सामने स्थित मोहिउद्दीनपुर, इस्लामनगर रेलवे ट्रैक के किनारे बसा हुआ है। पुलिस ने किनारे बसे गांव के ग्रामीणों से मिलकर चलती अथवा खड़ी ट्रेनों पर पत्थर न फेंकने की अपील करने के साथ ही रेलवे ट्रैक पर संदिग्ध वस्तु को दिखने पर तत्काल आरपीएफ के इंचार्ज, सिपाहियों,नजदीक के पुलिस स्टेशनों पर तत्काल जानकारी दें। जिससे किसी भी अप्रिय घटना, दुर्घटना को होने से बचाया जा सके। इस संबंध में •सीओ सदर अजीत चौहान ने कोतवाली में भी बैठक में लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। जिसके क्रम में जीआरपी चौकी प्रभारी मनोज यादव एवं रेलवे सुरक्षा बल सहायक उप निरीक्षक मजहरुलक अंसारी ने बताया कि आज कल रेलवे ट्रैक पर तमाम संदिग्ध वस्तुएं पाई जा रही हैं। जिस लेकर रेलवे प्रशासन बहुत चिंतित होने के साथ ही सतर्क भी है। उन्होंने हमराही सिपाहियों के साथ रेलवे ट्रैक की सुरक्षा के मद्देनजर रेलवे ट्रैक के किनारे बसे गांवों जिनमें इस्लामनगर, मोहनबरा, रसूलपुर, नेहिया आदि गांव में जाकर लोगों को रेलवे सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि रेल संपत्ति आपकी सम्पत्ति है। इसे नुकसान न पहुंचाये और क्षति पहुंचाने वाले संदिग्ध की सूचना भी दें। ताकि होने वाली किसी घटना को रोक जा सके। चलती या खड़ी ट्रेनों पर पत्थर न फेंके और बच्चों से भी कह दें ऐसा न करें नहीं तो पकड़े जाने पर उनके खिलाफ सख्त कानूनी करवाई होगी और कड़े दण्ड के भागी होंगे। लोगों से अपील करते हुए कहा कि रेलवे ट्रैक पर यदि कोई संदिग्ध वस्तु अथवा संदिग्ध व्यक्ति दिखे तो उसे गम्भीरता से लेते हुए रेलवे पुलिस एवं नजदीकी पुलिस स्टेशनों, रेलवे स्टेशन पर कार्यरत कर्मचारियों को तत्काल बतायें। ताकि कोई भी अप्रिय घटना होने से बचाया जा सके।



ग्रामवासियों से वार्ता करते जीआरपी एवं आरपीएफ। फोटो : एसएनबी

**रेलवे ट्रैक पर संदिग्ध वस्तुओं के दिखने पर तुरंत दें सूचना**

# बगैर परमिट बसों का संचालन जारी, राजस्व की भारी क्षति

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा क्षेत्र से होकर बगैर परमिटों की बसों का संचालन धड़ल्ले से जारी है। स्थानीय लोगों की तमाम शिकायत के बाद भी परिवहन विभाग व स्थानीय पुलिस इन बगैर परमिट के बसों के संचलन पर रोक नहीं लगा रही है। परिवहन व पुलिस विभाग की निष्क्रियता का नतीजा है कि जिला मुख्यालय से धनघटा होते हुए आजमगढ़ व अम्बेडकरनगर के साथ लखनऊ और दिल्ली तक दर्जनों की संख्या में सवारी ढोने में जुटे बस मालिक मालामाल हो जा रहे है।

दूसरी ओर दर्जनों की संख्या में चलने वाली बगैर परमिट की यह बसे हर माह सरकार को लाखों ₹ के सरकारी राजस्व का चूना लगा रही है। विदित हो कि बीते वर्षों में बिड़हरघाट पुल पर आवागमन शुरु होने के बाद से ही आजमगढ़ व अम्बेडकरनगर जिले के बस मालिकों के लिए वरदान सिद्ध हो गया। इस मार्ग पर सवारी अधिक निकलने की स्थिति में उक्त दोनों जिलों के बस मालिकों ने इस मार्ग पर बस चलाकर भारी कमाई करने की उम्मीद देखा और अपनी राजनैतिक पहुंच का इस्तेमाल किया। उसके बाद बस मालिकों ने अपनी-अपनी बसों को अपने जिला मुख्यालय आजमगढ़ व अम्बेडकरनगर से बिड़हरघाट पुल होकर धनघटा होते हुए संतकबीरनगर जिला मुख्यालय से बस्ती व गोरखपुर तक सवारी ढोने के लिए लगा दिया।

दूसरी तरफ क्षेत्र के विभिन्न कस्बों एवं बाजारों से लखनऊ से लगायत दिल्ली तक रोज दर्जनों की संख्या में बगैर परमिट की बसे सवारी ढोने में जुटी हुई हैं। ऐसा नहीं है कि इन बसों को सवारी ढोने के लिए शासन से परमिट जारी किया गया है सब कुछ राजनैतिक पहुंच की बदौलत चल रहा है। सूत्रों की माने तो बस मालिकों ने अपनी पहुंच का उपयोग करके जगह-जगह पुलिस थानों और तीनों जिलों के परिवहन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से मिलकर अपनी गोटी फिट कर ली है और हर जगह से रजामंदी लेकर बसों से रोज बेधड़क सवारी ढोने में जुटे हुए है। गोटी फिट होने की पुष्टि रोज देखने को मिलती रहती है। इन बसों के चालक इतने निडर है कि थाने के सामने ही घंटों बसों को खड़ी करके सवारी बैठाते देखे जाते है लेकिन स्थानीय पुलिस चुप्पी साधकर तमाशा देखने में मस्त रहती है।

**परिवहन विभाग व स्थानीय पुलिस के संरक्षण में बस मालिक हो रहे हैं मालामाल**

**आए दिन सवारी बैठाने को लेकर मारपीट भी करते रहते हैं बगैर परमिट की बसों के संचालक**

सवारी बैठाने को लेकर आए दिन जगह-जगह बगैर परमिट के सवारी ढोने में जुटे बसों के संचालक मारपीट भी करते रहते हैं। कई बार तो मारपीट के बीच खूनी संघर्ष की स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है। अभी हाल ही में थाना क्षेत्र के पौली कस्बे में लखनऊ जाने वाली बगैर परमिट की दो बसों के संचालकों के बीच सवारी बैठाने को लेकर जबरजस्त मारपीट-खून-खराबा भी हुआ है जिसको लेकर पुलिस द्वारा घायलों की तहरीर पर कई के विरूद्ध मुकदमा भी दर्ज किया गया है लेकिन इतना सब कुछ हो जाने के बाद भी बगैर परमिट की बसों का संचालन पुलिस व परिवहन विभाग की जिम्मेदारियों के प्रति ईमानदारी पर सवाल खड़ा करने के लिए काफी है। कुल मिलाकर बगैर परमिट के सवारी ढोने में जुटी प्राइवेट बसों के इस पूरे खेल में परिवहन विभाग के जिम्मेदार अफसरों व जगह-जगह की पुलिस के साथ यह बस मालिक भले ही रोज मालामाल हो रहे हो लेकिन इस तिकड़ी के आपसी गठजोड़ से हर माह सरकारी राजस्व को लाखों ₹ का चूना अवश्य लग रहा है। इस बारे में पूछे जाने पर एआरटीओ संतकबीरनगर इस बगैर परमिट की बसों के संचालन से स्वयं को अनभिज्ञ बताते हुए कहा कि अब जानकारी मिली है जल्द ही छापेमारी करके बगैर परमिट की बसों को पकड़कर सीज करके भारी जुर्माना लगाया जाएगा। दूसरी ओर स्थानीय पुलिस का कहना है कि जल्द ही अभियान चलाकर बगैर परमिट की बसों के संचालन पर पाबन्दी लगाई जाएगी।

# दुष्कर्म का आरोपित हुआ गिरफ्तार

संतकबीरनगर। धनघटा पुलिस ने रविवार को किठुरी मोड़ हैंसर बाजार के पास से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया। एसओ अनिल कुमार ने बताया कि आरोपी युवक बहला फुसला कर किशोरी को भगा ले गया था। पीड़ित पिता ने 13 सितंबर को आरोपी युवक के खिलाफ बेटी को भगाने और पॉक्सो एक्ट का केस दर्ज कराया था। विवेचना से साक्ष्य संकलन कर दुष्कर्म की धारा बढ़ाई गई। सूचना के आधार पर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपी युवक को न्यायिक अभिरक्षा में लेते हुए जेल भेज दिया।

# दो परिवारों में कराया समझौता

संतकबीरनगर (एसएनबी)। साथ-साथ कार्यक्रम (टूटते परिवार को जोड़ने की एक पहल) के तहत रविवार को परिवार परामर्श केन्द्र महिला थाना पर प्रभारी निरीक्षक सुश्री सरोज शर्मा एवं नियुक्त सदस्य रिफातुल्लाह अंसारी की अध्यक्षता में दो मामले आये। जिसमें सुलह समझौता करवाया गया।

प्रभारी निरीक्षक सुश्री सरोज शर्मा ने बताया कि अमिता गुप्ता पत्नी शेषप्रकाश गुप्ता निवासी मटिहना थाना कोतवाली, द्वितीय पक्ष शेषप्रकाश गुप्ता पुत्र अखिलेन्द्रनाथ निवासी मटिहना थाना कोतवाली खलीलाबाद तथा पूजा पत्नी रामबरन निवासी टोटध थाना मेंहदावल एवं रामबरन पुत्र मिश्री निवासी टोटध थाना मेंहदावल के मध्य पारिवारिक विवाद के कारण इनका रिश्ता टूटने की कगार पर था। दोनों पक्षों को काफी समझाने बुझाने के उपरांत दोनों पक्ष एक साथ खुशी-खुशी रहने को तैयार है। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों में आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया।

# मनबढ़ों ने प्राइवेट विद्यालय के शिक्षक को पीटा, मुकदमा दर्ज

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। धर्मसिंहवा क्षेत्र के यादवपुर टोटहा स्थित विद्यालय के पास कुछ मनबढ़ों ने एक शिक्षक की पिटाई कर दी। रविवार को इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की।

जनपद महराजगंज के बृजमनगंज थाना क्षेत्र के कानापार धानी बाजार के रहने वाले श्रीकृष्ण पुत्र इंद्रजीत का आरोप है कि वह रामनाथ यादव सुभावती देवी प. इ. कॉलेज यादवपुर टोटहा थाना धर्मसिंहवा जनपद संतकबीरनगर में सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत हैं। 20 सितंबर 2024 को दोपहर में वे विद्यालय से घर जा रहे थे। विद्यालय से 500 मीटर आगे मोड़ तक पहुंचे थे। आरोप है कि वहां पर पहले से घात लगार कर बैठे दुर्गेश यादव निवासी तुर्कवलिया थाना कैम्पियरगंज जनपद गोरखपुर व चार-पांच अज्ञात उसकी बाइक रोक लिए और उसका नाम पता पूछने लगे। उन्होंने अपना नाम कृष्णा बताया तभी उक्त लोग उसे अपशब्द कहते हुए लाठी-डंडे से व लात-घूसे से मारने-पीटने लगे। पिटाई से उसके सिर और शरीर के अन्य हिस्से में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के समय रास्ते में जा रहे राजेश निवासी बलुआ थाना कैम्पियरगंज गोरखपुर व सत्यदेव निवासी जैवैनिहा थाना कैम्पियरगंज गोरखपुर और तमाम अन्य लोगों ने घटना को देख और बीच बचाव किया। आरोप है कि विपक्षी दुर्गेश यादव व अन्य ने जानमाल की धमकी दी। उक्त लोगों के मारने-पीटने से उसकी मोबाइल गिर गई। विद्यालय के लोग उसे इलाज के लिए सीएचसी मेंहदावल ले गए। जहां से डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# महिला आरक्षियों की सहभागिता पर जोर

संतकबीरनगर। एएसपी सुशील कुमार सिंह ने रविवार को पुलिस लाइंस सभागार में महिला बीट आरक्षियों के साथ बैठक की। जिसमें आगामी त्यौहारों को सकुशल संपंन कराने पर जोर दिया। इसके साथ ही महिला आरक्षियों के कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

एएसपी ने कहा कि त्योहारों की तैयारी के संबंध में कानून व्यवस्था स्थापित करने में महिला पुलिसकर्मियों की अहम भागीदारी होती है। महिला संबंधी अपराध एवं उसके नियंत्रण में महिला बीट पुलिसकर्मियों द्वारा क्षेत्र में जाकर किस प्रकार से सहभागिता की जाए। उसके संबंध में शासन द्वारा दिए गए दिशा निर्देश को बताया। महिला बीट रजिस्टर पर संपूर्ण कार्यवाही का विवरण अंकित किया जाए।

# रेलवे ट्रैक के किनारे बसे लोगों को किया जागरूक

मगहर, हिन्दुस्तान संवाद। आरपीएफ के सहायक सब इंस्पेक्टर मजहरुल हक अंसारी के नेतृत्व में एक टीम ने रविवार को रेलवे ट्रैक के किनारे बसे गांव वालों से मुलाकात की। इस दौरान चलती या खड़ी ट्रेनों पर पत्थर न फेंकने को लेकर जागरूक किया। रेलवे ट्रैक पर संदिग्ध वस्तु को दिखने पर तत्काल आरपीएफ के नजदीक के पुलिस स्टेशनों पर जानकारी देने की अपील की। जिससे भविष्य में कोई भी अप्रिय घटना होने से बचाया जा सके। इसकी एक बैठक सीओ सदर की अध्यक्षता में कोतवाली ख़लीलाबाद में भी हुई। जिसमें आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

सीओ सदर के निर्देशानुसार रेलवे लाइन के किनारे पड़ने वाले सभी चौकी प्रभारी को भी निर्देशित किया गया। जिसमें शहर कोतवाल के साथ जीआरपी चौकी प्रभारी मनोज यादव, रेलवे सुरक्षा बल सहायक उप निरीक्षक मजहरुलक अंसारी मौजूद थे। इसके बाद चौकी प्रभारी जीआरपी के साथ उक्त ग्राम में जाकर जागरूक किया गया। आरपीएफ चौकी इंचार्ज मनोज कुमार यादव व सहायक सब इंस्पेक्टर मजहरुल हक अंसारी ने बताया कि आजकल रेलवे ट्रैक पर तमाम संदिग्ध वस्तुएं पाई जा रही हैं। जिससे रेलवे विभाग चिंतित होने के साथ ही सतर्क भी है। हमराही सिपाहियों के साथ रेलवे ट्रैक की सुरक्षा के मद्देनजर रेलवे ट्रैक के किनारे बसे गांवों जिनमें इस्लामनगर, मोहनबरा, रसूलपुर, नेहिया आदि गांव में जाकर लोगों को रेलवे सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए बताया गया कि रेल सम्पत्ति आपकी सम्पत्ति है। इसे नुकसान न पहुंचाएं।

# प्राइवेट बस चालक पर दुर्घटना का केस

संतकबीरनगर। मगहर तिराहे के पास हुए हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो जाने और दूसरे युवक के घायल होने के मामले में पुलिस ने प्राइवेट बस चालक के खिलाफ केस दर्ज किया।

कोतवाली क्षेत्र के कुसफर उर्फ उरदहवा निवासी पीड़ित पिता हरिराम ने बताया कि शनिवार को उसका 27 वर्षीय बेटा अजय अपने साथ काम करने वाले 28 वर्षीय अभिषेक पाल पुत्र मेवालाल निवासी काजीखेड़ा थाना बिंदकी जनपद फतेहपुर हाल मुकाम बेलवनिया कोतवाली खलीलाबाद के साथ बाइक से मगहर ज़ा रहे थे। मगहर तिराहे के पास प्राइवेट बस के चालक ने लापरवाही पूर्वक व तेज गति से वाहन चलाते हुए उसके बेटे की बाइक में टक्कर मार दिया।

# एएसपी ने विवेचनाएं लंबित रखने वालों को चेताया

**बैठक**

संतकबीरनगर। एएसपी सुशील कुमार सिंह ने रविवार को धनघटा सर्किल के महुली और धनघटा थाने के विवेचकों के साथ बैठक की। सभी विवेचकों के साथ विवेचनाओ की समीक्षा की और अकारण विवेचनाओं को लंबित रखने को लेकर सख्त हिदायत दी। विवेचनाओं का समय से निस्तारण करने के लिए संबंधित को निर्देशित किया। साथ ही विवेचकों को भविष्य में विवेचनाओं के प्रति लापरवाही एवं शिथिलता न बरतने की चेतावनी दी।

एएसपी ने थाने के सभी महत्वपूर्ण रजिस्टर को देख कर उसमें सभी प्रविष्टियां पूर्ण करने का आदेश दिया। आगामी त्योहार की तैयारियों की समीक्षा की। उच्चाधिकारीगण से प्राप्त आदेशों- निर्देशों से अवगत करा कर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही किए जाने का निर्देश दिया। महिला पुलिस कर्मियों को बीट क्षेत्र में भेज कर कानून व्यवस्था बनाए रखने में मदद ली जाए। थाने में रखे वाहनों का निस्तारण समय से सुनिश्चित किया जाए। विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की। इस दौरान सीओ धनघटा अजय सिंह, एसओ घनघटा अनिल कुमार, एसओ महुली रामकृष्ण मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस ने जनसहयोग से 8 सीसीटीवी कैमरे लगवाए

संतकबीरनगर। बखिरा पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत रविवार को जनसहयोग से 8 सीसीटीवी कैमरा लगवाया। एसओ श्याम मोहन ने कैमरे का महत्व बताते हुए कहा कि जब लोग घर से दूर होते है और मकान खाली होता है तो कैमरे रखवाली का कार्य करते हैं। इस बीच किसी तरह की आपराधिक वारदात होने पर कैमरे की मदद से आरोपी को चिन्हिति कर कार्रवाई करने में पुलिस को मदद मिलती है। एसओ ने अपील किया कि लोग अपने घरों, कॉलोनियों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरें जरुर लगवाएं। क्रम से कम एक कैमरे से सड़क पर भी निगरानी रखें।

# दो नामजद और एक अज्ञात पर केस दर्ज

नाथनगर। महुली क्षेत्र के धायपोखर गांव निवासी एक व्यक्ति की तहरीर पर गांव के ही दो नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ गाली देने, चोट पहुंचाने, धमकी व सम्पत्ति को नुकसान करने का केस महुली पुलिस ने दर्ज किया है।

धायपोखर गांव निवासी अमित कुमार पर पुत्र महेन्द्र कुमार शर्मा ने महुली थाने में दी गई तहरीर में बताया कि शुक्रवार की रात्रि करीब दस बजे गांव के शत्रुघ्न पुत्र बैजनाथ, निलेश पांडेय व एक अन्य व्यक्ति नाम पता अज्ञात उनकी दुकान पर आए। गाली देते हुए दुकान खोलकर सामान देने को कहा। जब वह रात्रि होने के कारण दुकान न खोलने की बात उसने कही तो उपरोक्त लोग नाराज होकर उसकी गुमटी को ढकेल कर गिरा दिया।

# एमवी एक्ट में 90 वाहनों का चालान

संतकबीरनगर। एसपी सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को सभी थाना क्षेत्रों की पुलिस ने संदिग्धों की तलाश में वाहनों की चेकिंग की। पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत 90 वाहनों का चालान किया। इसके साथ ही 1,14,500 रुपये शमन शुल्क की वसूली की। अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# तीन दिन पूर्व बाइक चोरी मामले में केस

संतकबीरनगर। तीन दिन पूर्व नवीन मंडी परिसर से गायब हुई बाइक मामले में रविवार को पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ़ चोरी का केस दर्ज किया।

कुसम्हीडाड़ी निवासी सिकंदर पुत्र झीनक प्रसाद का आरोप है कि वह बाइक से 18 सितंबर को नवीन मंडी में खरीदारी करने गए थे। बाइक को नवीन मंडी परिसर में पानी की टंकी के पास खड़ी किए थे। कुछ देर बाद वापस बाइक लेने गए तो बाइक नहीं थी। काफी खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। पीड़ित ने रविवार को कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की। कोतवाल सतीश सिंह ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# दो परिवारों में कराया सुलह-समझौता

सन्तकबीरनगर। साथ-साथ कार्यक्रम के तहत रविवार को परिवार परामर्श केन्द्र महिला थाना में दो मामलों में सुलह कराया गया। दोनों को साथ रहने के लिए रवाना किया। प्रभारी निरीक्षक सुश्री सरोज शर्मा एवं नियुक्त सदस्य रिफातुल्लाह अंसारी ने समझौता कराया।

# मामूली विवाद में दो पक्ष भिड़े मां-बेटी समेत तीन घायल

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। बखिरा क्षेत्र के हरदी में रविवार को मामूली विवाद में दो पक्ष भिड़ गए। मारपीट की घटना में मां-बेटी समेत तीन महिलाएं घायल हो गईं। घटना के बाद आस-पास के लोग जुट गए। सूचना पर पीआरवी टीम मौके पर पहुंच गई और घायलों को एबुलेंस से पीएचसी बखिरा भेजवायी। इसके साथ ही घटना की सूचना बखिरा पुलिस को दिया।

पीआरवी टीम के आरक्षी विशाल गुप्ता ने बताया कि सूचना मिली कि हरदी गांव में किसी बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो रही है। सूचना पर पीआरवी टीम मौके पर पहुंच गई और विवाद को शांत कराई। मारपीट की घटना में साइबुन्निशा पत्नी अजाद अली, साईदा खातून पुत्री अजाद अली, राशिदा पत्नी मोहम्मद खुर्शीद निवासी हरदी घायल हो गई। मारपीट में घायल हुई महिलाओं को इलाज के लिए 108 नंबर एबुलेंस से बखिरा अस्पताल भेजवाया गया। घटना के संबंध में थाना बखिरा को अवगत कराया गया।

# अशांति फैलाने के चार आरोपियों पर कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** पुलिस टीम ने अलग-अलग मामलों में चार आरोपियों को पकड़ कर अशांति फैलाने के आरोप में कानूनी कार्रवाई की।

जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के खिलाफ धर-पकड़ के लिए चलाए गए अभियान के तहत पुलिस टीम ने कई स्थानों पर दबिश दी।

थाना बखिरा व धर्मसिंहवा पुलिस ने दो-दो आरोपी को पकड़ कर कानूनी कार्रवाई पूरी करके संबंधित मजिस्ट्रेट के सामने पेश कर दिया।

# रेलवे ट्रैक पर सुरक्षा के प्रति किया सचेत, दीं जानकारियां

जागरण संवाददाता, मगहर : रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की टीम ने रविवार को जन-जागरण किया। रेलवे ट्रैक पर सुरक्षा के प्रति लोगों को सचेत किया। ट्रैक पर संदिग्ध वस्तुएं व खतरा को देखते हुए तत्काल सूचित करने की अपील की। खड़ी व चलती ट्रेन पर पत्थर आदि न फेंकने के लिए भी लोगों को समझाया।

आरपीएफ के उप निरीक्षक मजहरूल हक अंसारी के नेतृत्व में एक टीम मोहिउद्दीनपुर के साथ आस-पास के गांव में ग्रामीणों को जानकारी दी। इस्लामनगर, मोहनबरा, रसूलपुर, नेहिया आदि गांव में बड़े-बुर्जुर्गों के साथ युवाओं व बच्चों को जागरूक किया।

उप निरीक्षक ने कहा कि रेलवे ट्रैक पर संदिग्ध वस्तु दिखने पर रेलवे पुलिस, नजदीक के पुलिस स्टेशनों पर तत्काल सूचित करें। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने निगरानी के लिए चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया है। इसके लिए पुलिस कर्मियों की बैठक भी हुई। इस मौके पर जीआरपी चौकी प्रभारी मनोज यादव सहित अनेक पुलिस कर्मी मौजूदरहे।



मोहिउद्दीनपुर में ग्रामीणों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करते आरपीएफ उप निरीक्षक मजहरूल हक अंसारी● जागरण

# ऑनलाइन एफआईआर में अब नहीं दिखेगा पूरा मोबाइल नंबर

## खुद को पुलिस अधिकारी बता पीड़ित से वसूली नहीं कर सकेंगे साइबर ठग

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। यूपी कॉप एप में सेंधमारी करके साइबर ठगों ने जालसाजी का जो धंधा शुरू किया था, पुलिस ने उस पर लगाम लगाने का रास्ता निकाल लिया है।

यूपी कॉप एप पर उपलब्ध रहने वाली एफआईआर की कॉपी में अब शिकायतकर्ता का पूरा मोबाइल नंबर नहीं दिखेगा। इसलिए अब साइबर ठग इस एप से एफआईआर की कॉपी डाउनलोड करके पीड़ित या आरोपियों के मोबाइल नंबर के जरिये उन्हें शिकार नहीं बना सकेंगे।

एफआईआर की कॉपी से मोबाइल नंबर हासिल करके फोन पर कार्रवाई की धौंस देकर जालसाज पीड़ितों से वसूली करने लगे थे। बीते दिनों में जिले में भी ऐसे कई मामले सामने आए थे। साइबर थाने और एसपी के माध्यम से मुख्यालय को इसकी रिपोर्ट भेजी गई थी। प्रदेशभर में बढ़ते ऐसे मामलों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस ने रास्ता निकाल लिया है।

एफआईआर में दर्ज मोबाइल नंबर का दुरुपयोग रोकने के लिए यूपी कॉप के पोर्टल पर बदलाव किया गया है। नई व्यवस्था में अब एफआईआर में दर्ज पीड़ित, शिकायत लेखक और आरोपियों के मोबाइल नंबर के सभी 10 अंक दिखाई नहीं देंगे। यूपी कॉप एप पर एफआईआर की कॉपी में केवल शुरुआत के चार अंक ही स्पष्ट होंगे, बाद के छह अंकों को गोपनीय रखा जाएगा। ऐसे में फोन पर खुद को पुलिस अधिकारी या विवेचक बताकर कार्रवाई के नाम पर वसूली पेर लगाम लगेगी।

**इस तरह करते हैं ठगी**

साइबर ठग यूपी कॉप एप से एफआईआर में दर्ज शिकायतकर्ता का मोबाइल नंबर लेकर फोन करते थे। फोन पर खुद को पुलिस अधिकारी बताते हुए धौंस जमाते थे और संबंधित एफआईआर का हवाला देते हुए दर्ज केस में मनमाफिक या खिलाफ कार्रवाई के नाम पर डराते हुए रुपये की मांग करते थे। पीड़ित मनमाफिक कार्रवाई तो आरोपी कार्रवाई से बचने के लालच में जाल में फंस जाते थे। कई मामलों में थाने पहुंचने पर जालसाजी का खुलासा होता था।

### आरोपियों का नाम भी कॉलम में नहीं दिखेगा

पिछले कुछ दिनों से यूपी कॉप एप पर अपलोड की जाने वाली एफआईआर में आरोपी के कॉलम में नाम दिखना बंद हो गया है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक यह व्यवस्था भी साइबर ठगों पर लगाम लगाने के लिए ही बनाई गई है। साइबर ठग पुलिस अधिकारी बनकर एफआईआर करने वाले वादी को झांसे में लेकर आरोपियों का नंबर लेकर उन्हें कार्रवाई से बचाने के नाम पर रुपयों की मांग करते थे।

### यूपी कॉप एप पर एफआईआर में सिर्फ चार नंबर दिखेंगे स्पष्ट

**पुलिस ने एफआईआर में दर्ज नंबर के दुरुपयोग पर लगाई लगाम**

यूपी कॉप एप से शिकायतकर्ताओं के मोबाइल नंबर लेकर साइबर ठगी के मामले तेजी से बढ़ रहे थे। इस पर लगाम लगाने के लिए व्यवस्था में बदलाव किया गया है। एप पर एफआईआर में पूरे नंबर नहीं दिखने से जालसाज कोई दुरुपयोग नहीं कर सकेंगे। - सत्यजीत गुप्ता, एसपी

# किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थाना धनघटा पुलिस ने मामले में वांछित आरोपी सोनू पुत्र ब्रम्हानन्द गुप्ता उर्फ भोपई निवासी किठुरी थाना धनघटा को किठुरी मोड़ हैंसर बाजार के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने 13 सितंबर को किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया और दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। जिसके संबंध में थाने में 16 सितंबर को तहरीर देकर अभियोग पंजीकृत कराया गया।

थाना धनघटा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद संबंधित न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। साथ ही पुलिस ने अपहृता को भी बरामद किया। संवाद

# अपहृत लड़की बरामद, दुष्कर्म के आरोपित को भेजा जेल

जासं, संतकबीर नगर : धनघटा पुलिस ने रविवार को हैंसर बाजार चौराहे से अपहृत नाबालिग लड़की को बरामद कर लिया। वहीं अपहरण, दुष्कर्म के आरोपित युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

तहरीर में एक व्यक्ति ने उल्लेख किया था कि इसी थाना के किठुरी गांव निवासी सोनू गुप्ता उसकी नाबालिग बेटी को गत 13 सितंबर को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। उसके साथ उसने दुष्कर्म किया। इस मामले में पुलिस ने गत 16 सितंबर को आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। सूचना मिलने पर उप निरीक्षक अनिल कुमार यादव रविवार को आरक्षी आशुतोष पाण्डेय व विनय सिंह के साथ हैंसर बाजार चौराहे के पास दबिश दी। यहां से अपहृत लड़की को बरामद कर उसे महिला अभिरक्षा में चिकित्सकीय परीक्षण के लिए भेज दिया।

# एक स्थान पर लगवाए आठ सीसीटीवी कैमरा

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने स्थानीय जन सहयोग से एक स्थान पर आठ सीसीटीवी कैमरा लगवाया।

थाना बखिरा पुलिस ने एक स्थान पर आठ कैमरा लगवाकर सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्ति को सम्मानित किया। साथ ही पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र और हर कैमरा अभियान के तहत जनसामान्य से अपील किया कि वह घरों, कॉलोनियों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरें जरूर लगवाएं। संवाद

# मिट्टी के अवैध खनन को लेकर छापा, सात ट्रैक्टर-ट्राली सीज

जासं, दुधारा : छीतरापार गांव में मिट्टी के अवैध खनन की सूचना पर मेंहदावल के एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव व नायब तहसीलदार गौरव कुमार ने छापेमारी की। इस दौरान मौके से सात ट्रैक्टर-ट्राली बरामद किया गया। सभी को दुधारा पुलिस को सुपुर्द किया गया। बाद में सभी ट्रैक्टर-ट्राली को सीज कर दिया गया है। शनिवार की देर रात एसडीएम को मिट्टी के अवैध खनन की सूचना मिली। मामले को गंभीरता से लेते हुए वह तत्काल दुधारा थाना क्षेत्र के छीतरापार गांव में जांच के लिए पहुंचे। अधिकारियों का वाहन देखकर खनन करने वाले भाग निकले। मिट्टी के अवैध खनन में लिप्त ट्रैक्टर-ट्राली को बरामद करते हुए उन्हें दुधारा पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। एसडीएम के निर्देश पर सभी ट्रैक्टर-ट्राली को सीज कर दिया गया है।

# बाइक चोरी के मामले में केस दर्ज

**संतकबीरनगर।** कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में पीड़ित की शिकायत मिलने पर केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार सिकंदर निवासी कुसमीड़ाड़ी ने बताया कि 18 सितंबर को सुबह आठ बजे वह खरीदारी करने के लिए नवीन सब्जी मंडी में आए हुए थे। वहां पर वह अपनी बाइक को पानी की टंकी के पास खड़ा करके सामान लेने लगे। खरीदारी करके वापस आने के बाद देखे तो बाइक वहां से गायब थी। काफी खोजबीन व तलाश के बाद भी बाइक के बारे में कुछ पता नही चल पाया। पुलिस ने मामले में पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर बाइक चोरी का केस दर्जकर खोजबीन में जुट गई।

# निजी बस चालक पर मार्ग दुर्घटना का केस

**सीसंतकबीरनगर।** खलीलाबाद पुलिस ने मगहर में एक दिन पूर्व हुए मार्ग दुर्घटना के मामले में निजी बस चालक पर केस दर्ज किया है।

हरीराम निवासी कुसफर उर्फ उर्दहवां ने शिकायत में बताया कि 21 सितंबर को शाम 7:30 बजे 27 वर्षीय बेटा अजय अपने साथ अभिषेक पाल निवासी काजी खेड़ा थाना बिंदकी जनपद फतेहपुर के साथ बाइक लेकर मगहर जा रहा था। तिराहे के पास निजी बस चालक ने तेज गति से गाड़ी चलाते हुए बाइक में ठोकर मार दिया। जिससे बेटे की मौके पर ही मौत हो गई।

**मगहर तिराहे के पास हादसे में युवक की हुई थी मौत**

बेटे के साथी अभिषेक को गंभीर चोट आई और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। घायल को जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति देखकर प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया।

पुलिस ने इस मामले में बस चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। संवाद

# दो परिवारों को टूटने से बचाया

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने टूटते परिवार को जोड़ने की एक पहल साथ-साथ कार्यक्रम के तहत रविवार को दो परिवारों को बिखरने से बचाया। परिवार परामर्श केंद्र महिला थाना पर प्रभारी निरीक्षक सरोज शर्मा और नियुक्त सदस्य रिफातुल्लाह अंसारी की अध्यक्षता में दो मामले प्रस्तुत हुए। अमिता गुप्ता व शेषप्रकाश गुप्ता, पूजा व रामबरन के मध्य पारिवारिक विवाद के कारण रिश्ता टूटने के कगार पर पहुंच गया था। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर एक साथ रहने के लिए राजी कराया। संवाद

# 'लंबित विवेचनाओं का समय से करें निस्तारण'

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। एएसपी सुशील कुमार सिंह ने धनघटा सर्किल के थाना धनघटा व थाना महुली के विवेचकों की विवेचना की समीक्षा की। सभी विवेचकों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि लंबित विवेचनाओं का समय से निस्तारण करें। विवेचकों को भविष्य में विवेचनाओं के प्रति लापरवाही और शिथिलता न बरतने की चेतावनी दी।

थाने के सभी महत्वपूर्ण रजिस्टर को देख कर उसमे सभी प्रविष्ठियां पूर्ण करने का आदेश दिया। आगामी त्योहार की तैयारियों की समीक्षा की। एएसपी ने कहा कि महिला पुलिस कर्मियों को बीट क्षेत्र में भेज कर कानून व्यवस्था बनाए रखने में मदद ली जाए। थाने में रखे वाहनों का निस्तारण समय से सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी धनघटा अजय सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना घनघटा अनिल कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**एएसपी ने धनघटा और महुली थाने में विवेचनाओं की समीक्षा की**

## महिला संबंधी अपराध की दी जानकारी

**संतकबीरनगर।** एएसपी सुशील कुमार सिंह ने रविवार को पुलिस लाइन सभागार में जनपद के समस्त महिला बीट पुलिस आरक्षी के साथ बैठक किया। महिला आरक्षियों के कार्यों के संबंध में जानकारी दी गयी। त्योहारों की तैयारी के संबंध में कानून व्यवस्था स्थापित करने में महिला पुलिसकर्मियों की अहम भागीदारी किस प्रकार से है, उन्हें इस बारे में भी बताया गया। महिला संबंधी अपराध एवं उसके नियंत्रण में महिला बीट पुलिसकर्मियों द्वारा क्षेत्र में जाकर किस प्रकार से सहभागिता की जाए, उस संबंध में शासन द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के बारे में बताया गया। महिला बीट रजिस्टर पर संपूर्ण कार्रवाई का विवरण अंकित करने, अपराध से संबंधित किसी भी महिला के साथ यह सुनिश्चित करने कि अपराध की दोबारा पुनरावृति ना हो। संवाद

# हादसे के मामले में ट्रक चालक पर केस

संतकबीरनगर। खलीलाबाद पुलिस ने सड़क हादसे में ट्रक चालक के पर केस दर्ज किया है। पंकज गिरि निवासी दीनापुर थाना करंड़ा जनपद गाजीपुर ने बताया कि 21 सितंबर को भाई सूर्यप्रकाश गिरि प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक थे, पत्नी भी अध्यापक हैं, जो बस्ती के रुधौली में किराए के मकान में रहती हैं। सूर्यप्रकाश बुलेट से पत्नी से मिलने जा रहा था। कांटें पहुंचते ही ट्रक ड्राइवर ने बुलेट में टक्कर मार दिया। सूर्यप्रकाश की मौके पर ही मौत हो गई। संवाद

# गुमटी पलटने के मामले में तीन पर केस

धनघटा। महुली क्षेत्र के घायपोखर गांव में गुमकी पलटने के मामले में दुकानदार की तहरीर पर दो नामजद और एक अज्ञात पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। अमित कुमार पर पुत्र महेन्द्र कुमार शर्मा ने महुली थाने में दिए तहरीर में बताया कि शुक्रवार की रात्रि करीब दस बजे गांव के शत्रुधन पुत्र बैजनाथ, निलेश पांडेय व एक अन्य व्यक्ति दुकान पर आकर सामान देने को कहा। रात होने के कारण दुकान न खोलने की बात कही तो नाराज होकर गुमटी गिरा दिए। संवाद

b

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-23-09-2024

# पति सहित नौ लोगों पर दहेज उत्पीड़न का केस

संवाद न्यूज एजेंसी

कटरा बाजार (गोंडा)। कटरा बाजार थाना क्षेत्र के खानपुर गांव की एक युवती ने पति समेत ससुराल के नौ लोगों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाकर केस दर्ज कराया है।

कटरा बाजार थाना क्षेत्र के खानपुर गांव निवासी हिना ने थाने पर दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उनकी शादी 21 नंवबर 2021 को वजीरगंज थाना क्षेत्र के बिरहमतपुर गांव निवासी लैस मोहम्मद के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिनों बाद ही ससुराल वाले दहेज में बुलेट, एसी, रेफ्रिजरेटर की मांग करने लगे। दहेज की मांग पूरी ना होने पर पति लैस मोहम्मद, जेठ करम अली, मुअज्जम अली, रहमत अली, कैश मोहम्मद, तैश मोहम्मद, रिश्तेदार रजवा, जेठानी हदीसुन व लैस की भतीजी कुलसुम ताना देकर उन्हें प्रताड़ित करने लगे। प्रताड़ना से तंग आकर वह अपने मायके में रहने लगी। बताया कि पति मजदूरी के लिए दुबई चले गए थे।

26 अक्तूबर 2023 को जब वह वापस लौटे तो उनके पिता से मिलने आए और कहा कि वह दूसरी शादी करना चाह रहे हैं, शादी में जो भी खर्च हुआ है, वह देने को तैयार हैं। सुलह-समझौता से तलाक कराने की बात कही। बताया कि उनके पिता ने इन्कार कर दिया तो पति लैस मोहम्मद तीन बार तलाक बोलकर घर से चला गया। कोतवाल संजय गुप्ता ने बताया कि हिना की तहरीर पर पति लैस मोहम्मद सहित नौ लोगों पर दहेज उत्पीड़न समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

## पति समेत चार पर मुकदमा दर्ज

रुपईडीह (गोंडा)। कौड़िया पुलिस ने एसपी के निर्देश पर पति समेत चार लोगों के विरुद्ध दहेज के लिए प्रताड़ित करने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। कौड़िया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत महापारा निवासी तरन्नुम ने एसपी को दिए पत्र में कहा कि उसकी शादी 15 वर्ष पहले ठड़क्की पुरवा उसरैना निवासी अकबाल के साथ हुई थी। उसके तीन बच्चे हैं। शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज में सोने की अंगूठी व चेन की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने उसे मारपीट कर मायके छोड़ दिया। एसपी विनीत जायसवाल ने कौड़िया पुलिस को मामले की प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया। प्रभारी निरीक्षक दुर्ग विजय सिंह ने बताया कि पति अकबाल, ससुर शब्बीर, सास खातून, देवर इरफान के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। (संवाद)

# पति सहित छह पर दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज

बभनजोत, संवाददाता। खोड़ारे थाना क्षेत्र की महिला ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया है कि शादी के बाद से उसे ससुरालवाले प्रताड़ित करते थे। थाना प्रभारी एसके राणा ने बताया कि एसपी के निर्देश पर दहेज उत्पीड़न सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज करके जांच की जा रही है।

थाना क्षेत्र के राघवपुर निवासिनी कंचन देवी ने एसपी गोंडा को दिए तहरीर में बताया कि उसकी शादी 6 जून 2012 को राजेश कुमार पुत्र लखन निवासी सबना थाना खोड़ारे के साथ हिंदू-रीति रिवाज के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल में पति, सास, ससुर, देवर व ननद द्वारा कम दहेज को लेकर उत्पीड़न करते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता था। इसकी शिकायत थाने पर की गई थी जहां पति द्वारा साथ में रखने तथा मारपीट नहीं करने की बात पर सुलह समझौता कर दिया गया था। इसके बाद भी पति न तो अपने साथ ले गए और न ही कोई वास्ता रखा। जब उसने फोन किया तो पति ने धमकी व अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए कहा कि कहीं और शादी कर लो हम नहीं ले जाएंगे। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति राजेश कुमार, सास कृष्णावती, ससुर लखन, देवर अशोक व भारत कुमार तथा ननद चंद्रावती के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

## खेत में पानी लगाने के विवाद में खूनी संघर्ष

उमरी बेगमगंज। खेत में पानी लगाने के विवाद में दो लोगों के बीच संघर्ष हुआ। घटना में एक व्यक्ति के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं उसे तत्काल सीएचसी बेलसर भेजा गया जहां से उन्हें रेफर कर दिया गया तत्पश्चात गोंडा मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है।

# वन्यजीवों के हमलों पर जागरूक किया

**आयोजन**

रुपईडीह, संवाददाता। क्षेत्र के दो ग्राम पंचायतों में जंगली जानवर ने एक ही रात में तीन बच्चों व दो मवेशियों को नोचकर घायल कर देने वाले गांव में अब भी लोग दहशत में है। वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने शनिवार को दोनों गांव के लोगों के साथ भ्रमण कर जानवर से बचने के लिए लोगों को जागरूक किया।



रुपईडीह क्षेत्र के गांव में ग्रामीणों के साथ गश्त करती टीम।

विकास खंड रुपईडीह के ग्राम पंचायत फरेंदा शुक्ल व तेलियानी पाठक में जंगली जानवर ने तीन बच्चों व दो मवेशियों को नोंचकर घायल कर दिया था। गांव में चीख पुकार सुनकर ग्रामीण एकत्रित हो गए थे। जानवर के बारे में सूचना डायल 112 पुलिस व वन विभाग के अधिकारियों को देते हुए घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले गए, जहां पर सभी का उपचार किया गया। सूचना पर गांव में पहुंचे वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने ड्रोन कैमरे के निगरानी में जंगली जानवर की पहचान करने का प्रयास किया लेकिन असफल रहे। जानवर ड्रोन कमरे में नजर नहीं आया। इस घटना के बाद से ही गांव के सभी लोग जंगली जानवर से भयभीत हैं। वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने घटना के दूसरे दिन दोनों गांव के ग्रामीणों के साथ गांव में भ्रमण कर लोगों को जानवर से बचने के लिए जागरूक किया। इस दौरान वन दरोगा बिष्णु प्रसाद कुशवाहा, रेंजर बद्री प्रसाद चौहान, फारेस्टर इबरार, सुरक्षा प्रभारी सुरेन्द्र मिश्रा, वाचर मैन दूबे संत राम, रामजी यादव रहे।

# संदिग्ध युवकों को पीटकर पुलिस को सौंपा

- तीनों आरोपी युवकों को लेकर नगर कोतवाली ले गई पुलिस टीम
- कोतवाली नगर के मुसौली गांव की घटना, जांच में जुटी पुलिस

बालपुर, संवाददाता। झाड़ी में मोटरसाइकिल छिपाकर रात के समय गांव में घूमना तीन युवकों को भारी पड़ गया। गांव वालों ने तीनों युवकों को पहले जमकर धुना और फिर डायल 112 बुलाकर पुलिस के हवाले कर दिया। डायल 112 की पुलिस तीनों युवकों को लेकर नगर कोतवाली चली आई। नगर कोतवाली पुलिस युवकों से पूछताछ करने में जुटी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार तीनों युवक गैर जिले के हैं और किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने के लिए गांव में आए थे।

बताया जाता है कि शनिवार की रात में कोतवाली नगर अंतर्गत ग्राम पंचायत मुसौली में तीन अज्ञात को ग्रामीणों ने पकड़कर लिया । गांव वालों के पूछताछ करने पर संतोषजनक उत्तर न देने पर ग्रामीणों ने उनकी जमकर पिटाई भी की और पुलिस को बुलाकर उनके सुपुर्द कर दिया। प्रधान प्रतिनिधि रज्जू शुक्ला ने बताया कि रात में करीब दो बजे तीन अज्ञात लोगों को गांव में घूमते देखा गया।

शक होने पर ग्रामीणों ने उन्हें रोका तो वह भागने लगे। जिन्हें ग्रामीणों ने घेरकर पकड़ लिया और गांव में घूमने का कारण पूछा लेकिन संतोषजनक जवाब न देने पर ग्रामीणों ने पिटाई कर दी। गांव वालों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को लेकर कोतवाली चली आई। गांव वालों से पूछताछ में सभी आरोपियों ने बहराइच निवासी होना बताया है। तीनों आरोपियों के बहराइच का होने और मुसौली गांव से पकड़े जाने को लेकर सभी लोग अचंभित हैं। पुलिस भी मुसौली गांव से बहराइच का कनेक्शन ढूंढने में जुटी हुई है। नगर कोतवाल मनोज पाठक ने कहा कि कोतवाली क्षेत्र के मुसौली गांव से तीन संदिग्ध युवक पकड़े गए हैं।

# अभियान में 12 घंटे में 75 वारंटी गिरफ्तार किए गए

गोण्डा/नवाबगंज, हिटी। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में जिले की पुलिस ने वारंटियों के खिलाफ अभियान चलाया। अभियान के तहत वारण्टी, गैंगस्टर, वांछित, जिला बदर अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने का निर्देश दिया गया था। अभियान के तहत पुलिस ने 12 घंटे में 75 वारंटियों को गिरफ्तार किया है।

जिसमें थाना कोतवाली नगर पुलिस से 10, कोतवाली देहात से 07, खरगूपुर से 14, इटियाथोक से 07, मोतीगंज से 02, छपिया से 06, खोड़ारे से 01, मनकापुर से 05, तरबगंज से 03, वजीरगंज से 02, परसपुर से 01, उमरीबेगमगंज से 04, करनैलगंज से 05, कटराबाजार से 04, कौड़िया से 01 वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। नवाबंगज पुलिस ने पांच वारंटियों को गिरफ्तार करते हुए मजिस्ट्रेट के समक्ष रिमांड के लिए प्रस्तुत किया। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि गिरफ्तार वांछितों में कनकपुर के यदुन्दन, मंहगूपूर के झिनकारी, नगवा के मानसिंह, अकबरपुर के सादिक अली और कस्बा नवाबगंज के नकछेद पुत्र बेकारू रहे। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे एसआई विभव सिंह, राजीव कनौजिया, उत्कर्ष पाण्डेय , उमेश सिंह , शिव प्रकाश पाठक और कांस्टेबल विजय बहादुर यादव, सुनील यादव, लक्ष्मी कान्त, दया यादव, विकास प्रजापति, राम वीर यादव रहे। खरगूपुर पुलिस ने 14 वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के सुपुर्द किया।

# चोर समझ ग्रामीणों ने दो लोगों को पीटा और पुलिस को सौंपा

संसू, जागरण • हलधरमऊ (गोंडा) : नगर कोतवाली के मुसौली गांव के पास बेसहारा पशुओं से खेत की रखवाली कर रहे ग्रामीणों ने चोर समझकर दो लोगों को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

**मुसौली गांव के बेलहा पीपल पेड़ के पास छह आपस में बातचीत कर रहे थे, खेत की रखवाली पर निकले ग्रामीणों ने पकड़ लिया**

शनिवार की रात करीब दो बजे मुसौली गांव स्थित बेलहा पीपल पेड़ के पास तीन बाइक पर छह लोग सवार थे। बाइक खड़ी कर आपस में बातचीत कर रहे थे। गांव के लोग खेतों की रखवाली करने के लिए लाठी डंडा टार्च लेकर टहल रहे थे। इन लोगों की निगाह उन पर पड़ गई।

ग्रामीणों ने शोर मचाते हुए उन्हें घेर लिया, इतने में मौका पाकर चार लोग फरार हो गए, लेकिन एक बाइक सहित दो लोगों को ग्रामीणों ने घेर कर पकड़ लिया। उनकी पिटाई की। दोनों व्यक्तियों ने बताया कि वह चमगादड़ का शिकार करने के लिए आए हैं और वह शिकारी हैं। पूरी रात उनको वहीं बैठाए रखा गया। सुबह होने पर 112 की टीम आई और बाइक समेत उन्हें सौंप दिया गया।

एससीपीएम चौकी प्रभारी बलराम सिंह ने बताया कि वह आवश्यक कार्य से आउट आफ स्टेशन हैं। नगर कोतवाली के अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक अरविंद यादव ने कहा कि डायल 112 पुलिस चोरी की आशंका में दो लोगों को लेकर आई। हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# रातभर चला अभियान, 75 वारंटी गिरफ्तार

गोंडा। एसपी विनीत जायसवाल के निर्देश पर जिले के 18 थानों की पुलिस ने शनिवार को अभियान चलाकर रातभर दबिश दी। इस दौरान पुलिस ने 75 वारंटी गिरफ्तार किए हैं। (संवाद)

## 75 वांछित गिरफ्तार

गोंडा : पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देश पर जिले में विशेष अभियान चलाया गया। विभिन्न थानों की पुलिस ने 75 वांछित आरोपितों को गिरफ्तार किया है। एएसपी राधेश्याम राय ने कहा कि सभी वांछितों को जेल भेज दिया गया है। (संसू)

## ट्रैक किनारे मिला शव

झंझरी : गोंडा-गोरखपुर रेल मार्ग पर मोतीगंज के पास रेलवे ट्रैक के किनारे शव मिला है। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी है। प्रभारी निरीक्षक अनीता यादव ने कहा कि शव की पहचान के लिए प्रयास किया जा रहा है। (संसू)

## किशोरी का अपहरण

डुमरियाडीह (गोंडा) : गांव निवासी व्यक्ति ने कहा कि नवाबगंज थाना के एक गांव के युवक ने उसकी बेटी का अपहरण कर लिया। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि मुकदमा किया गया है। (संसू)

# गोंडा के युवक को लूटने वाला बदमाश गिरफ्तार

गोरखपुर। रामगढ़ताल इलाके में तमंचे के बल पर बाइक, नकदी और एक महिला के गले से चेन लूटने वाले आरोपी को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से लूट का पर्स व 930 रुपये नकदी भी बरामद हुई है। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। लूट में शामिल उसके साथियों की तलाश जारी है।

गोंडा के मनकापुर इलाके के बंदरही निवासी योगेश उपाध्याय नगर निगम में कूड़ा निस्तारण का काम करने वाली फर्म में ऑपरेटर के पद पर तैनात हैं। वह चार सितंबर को सरदारनगर से नगर निगम जा रहे थे। देवरिया बाईपास रोड पर दोपहर ढाई बजे के करीब तीन बदमाशों ने तमंचा दिखाकर उनकी बाइक को जबरन रोक लिया। इसके बाद जेब में रखा पर्स, बाइक व मोबाइल लूटकर फरार हो गए।

योगेश ने पास के एक पेट्रोल पंप पर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में लूट की बाइक ले जाते तीन बदमाश दिखाई दे रहे थे। इससे पहले यह बदमाश 18 जुलाई को महिला से चेन लूट की घटना को भी अंजाम दे चुके थे। पुलिस दोनों मामलों में केस दर्ज कर इनकी तलाश में लगी थी। मुखबिर की सूचना पर रामगढ़ताल पुलिस ने रविवार को एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसकी पहचान रामगढ़ताल इलाके के ही रसूलपुर इंद्रानगर निवासी विजय निषाद उर्फ छोटे के रूप में हुई। उसने दोनों लूट में शामिल होने की बात स्वीकार की है। (संवाद)

# घर में घुसकर किशोरी से छेड़छाड़, केस दर्ज

परसपुर (गोंडा)। क्षेत्र के एक गांव निवासी 14 वर्षीय किशोरी के घर में घुसकर उसके साथ छेड़खानी करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। किशोरी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उनके मामा बीमार थे। एक सप्ताह पूर्व उनके पिता मामा को देखने कोलकाता चले गए थे। दो सितंबर को वह छोटी बहनों के साथ घर में थी। तभी पास के गांव का रहने वाला सलमान घर में घुस आया और छेड़खानी करने लगा। विरोध करने पर पीटा और धमकी देते हुए भाग गया। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि सलमान के खिलाफ छेड़छाड़ व पॉक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# उधार लेकर 50 हजार रुपये हड़पे

**मनकापुर।** क्षेत्र के दिनकरपुर गांव निवासी मोहम्मद इबरार ने शनिवार को कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि 05 दिसंबर 2023 को तामापार मिश्रौलिया गांव निवासी अखिलेश मिश्र उनके घर आए थे। उन्होंने बाइक खरीदने के लिए 50 हजार रुपये उधार मांगे थे। एक माह में रुपये लौटाने का वादा किया था। मगर रकम देने के बाद अब वह लौटाने से इन्कार कर रहे हैं। कोतवाल संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। (संवाद)

# धार्मिक स्थल तोड़ने की शिकायत

**करनैलगंज (गोंडा)।** क्षेत्र के कचनापुर गुलाबी पुरवा निवासी सुमन ने डीएम व एसपी को पत्र देकर शिकायत दर्ज कराई है। आरोप लगाया कि गांव में आबादी की जमीन पर बने धार्मिक स्थल पर कुछ लोगों ने हथौड़ा व फावड़े से तोड़फोड़ की। धार्मिक स्थल का अस्तित्व खत्म कर दिया और उसी जमीन पर मवेशी बांधने लगे। विरोध करने पर पीटा। कोतवाल श्रीधर पाठक ने बताया कि शिकायत मिली है। जांच कराई जा रही है। (संवाद)

# सेवानिवृत्त अवर अभियंता को पीटा

**गोंडा।** पटेल नगर एलआईसी कॉलोनी निवासी सेवानिवृत्त अवर अभियंता राघवेंद्र प्रसाद तिवारी के बेटे रामकृष्ण तिवारी ने बताया कि उनके पिता रविवार देर शाम दुखहरननाथ मंदिर गए थे। वहां फूलमाला व प्रसाद लेते समय दुकानदार निर्धारित कीमत से अधिक रुपये मांगने लगा। इसी बात को लेकर कहासुनी होने पर दुकानदार ने उनके पिता पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मेडिकल कॉलेज में उनका इलाज कराया गया है। कोतवाल मनोज कुमार पाठक ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कराई जा रही है। (संवाद)

# 14 आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

**खरगूपुर (गोंडा)।** विभिन्न मामलों में वांछित 14 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया है। प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि अभियान चलाकर थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें मटेरा निवासी प्रधाने चौहान, नंदनगर के साधु, महादेवा कला के ननके व मायाराम, खरगूपुर कस्बा के मोहल्ला पूरे हरवाहन के असलम, देवरिया खाम के ननकन उर्फ पारस, स्वामीनाथ व कुल्ली, सिसई माफी के छत्रपाल, कहारन पुरवा बलहीजोत के मनोज कुमार व पाटनदीन, पंडित पुरवा मिश्रौलिया के सालिकराम, कर्मडीह के मंशाराम व शिवकुमार आदि शामिल हैं। (संवाद)

# युवती का फोटो वायरल, केस

**मुजेहना (गोंडा)।** नगर पंचायत धानेपुर क्षेत्र की रहने वाली एक युवती का अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में आरोपी युवक के खिलाफ युवती की मां ने केस दर्ज कराया है। थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप है कि उनकी बेटी (20) के साथ चौक बाजार का रहने वाला कौशल अक्सर छेड़छाड़ करता था। आरोपी ने बेटी का अश्लील फोटो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। थानाध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। (संवाद)

# रेलवे ट्रैक के पास मिला युवक का शव

**मोतीगंज (गोंडा)।** गोंडा-गोरखपुर रेल प्रखंड पर बरूआचक-मोतीगंज रेलवे स्टेशन के मध्य घरवासजोत गांव के पास रविवार दोपहर रेलवे ट्रैक के किनारे 35 वर्षीय युवक का शव पड़ा मिला। कीमैन गुलाम मोहम्मद की सूचना पर सीओ सदर शिल्पा वर्मा व मोतीगंज इंस्पेक्टर अनीता यादव ने मौके पर पहुंचकर पड़ताल की। फॉरेंसिक टीम के विशेषज्ञ मनोज कुमार ने मौके पर खून आदि के नमूने लिए। कोतवाल ने बताया कि आसपास के लोगों से शव की पहचान कराने की कोशिश की गई मगर सफलता नहीं मिली। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। (संवाद)

# पंचायत भवन से सबमर्सिबल पंप चोरी

**मुजेहना (गोंडा)।** थाना क्षेत्र धानेपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत गूंगीदेई में पंचायत भवन में लगा सबमर्सिबल पंप चोर खोल ले गए। ग्राम प्रधान सोनी सिंह ने थानाध्यक्ष धानेपुर को शिकायती पत्र दिया है। कहा कि चौकीदार जगदीश सिंह ने सूचना दी कि पंचायत भवन में पानी की आपूर्ति के लिए लगाया गया सबमर्सिबल पंप अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चुरा लिया गया है। पाइप लाइन को उखाड़कर बाहर फेंक दिया गया है। थानाध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी। (संवाद)

# 14 दिन बाद दर्ज हुई चोरी की रिपोर्ट

**मसकनवा (गोंडा)।** छपिया के भवाजितपुर गांव निवासी संजय यादव ने बताया कि सात सितंबर की रात उनके पिता राजेंद्र प्रसाद रानीजोत मसकनवा अपनी ससुराल गए थे। जहां घर के बाहर खड़ी उनकी मोपेड चोरी हो गई थी। मसकनवा चौकी प्रभारी तेज नारायण गुप्ता ने बताया कि संजय यादव की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-23-09-2024

# मंदिर की जमीन से अवैध कब्जा हटवाने की मांग



सोनपुर में मंदिर से अवैध कब्जा हटवाए जाने को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

**हरैंया सतघरवा, संवाददाता।** ग्राम पंचायत सोनपुर के मजरे पुरवा भूलभुलिया में मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। इसको लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र देकर अवैध कब्जाधारकों पर कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम भूलभुलिया में स्थापित 50 वर्षों से अधिक पुरानी काली माता मंदिर पर नवरात्रि में ग्रामीण पूजन अर्चन करते हैं। मंदिर के पास ही पुराना कुआं है। ग्रामीणों ने बताया कि वहां जब मंदिर प्रवेश के लिए फर्श बनावाने का काम शुरू किया गया तो मंदिर के बगल का एक व्यक्ति विरोध करने लगा। ग्रामीणों का कहना कि यह व्यक्ति मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जा कर रहा है।

# वांछित अभियुक्त गिरफ्तार किया गया

बलरामपुर। थाना रेहरा बाजार पुलिस में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। धरमपुर ऐलरा निवासी रामदीन पुत्र डोमे की पुलिस को काफी समय से तलाश थी। उसके विरुद्ध न्यायालय ने वारंट जारी कर रखा था। रविवार को उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

# पुलिस ने चार वांछित अभियुक्तों को पकड़ा

बलरामपुर। थाना ललिया पुलिस ने चार वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। पुलिस कार्यालय से प्राप्त सूचना के मुताबिक मुने पुत्र राम पदारथ, तुलाराम पुत्र राम समुझ, बंशीलाल पुत्र स्वामी गुप्ता व राज कुमार पुत्र जगनारायण को ललिया पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

# एक वारंटी को पुलिस ने दबोचा

बलरामपुर। थाना गैड़ास बुजुर्ग के उपरीक्षक अनिल कुमार ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि मलमलिया निवासी मनीराम उर्फ धनीराम पुत्र रामसुख के खिलाफ न्यायालय ने गैर जमानती वारंट जारी किया था। जिन्हें रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

Image

**तैयारी** | 515.7 करोड़ की लागत से शुरु हुआ रिंग रोड का निर्माण, युद्ध स्तर पर चल रहा काम, 16 अंडरपास, तीन प्रमुख जंक्शन तथा 31 माइनर भी रिंगरोड पर बनाए जाएंगे

# झारखंडी रेलवे क्रासिंग पर बनेगा अंडरपास, जाम से बचेंगे

■ राकेश सिंह

बलरामपुर। जिले में रिंगरोड के साथ ही झारखंडी रेलवे क्रासिंग पर अंडरपास का भी निर्माण होगा। इससे नगर वासियों को जाम से निजात मिल सकेगी। अंडरपास का निर्माण राष्ट्रीय राजमार्ग खंड को कराना है। रिंगरोड निर्माण के साथ ही एक वर्ष में अंडरपास का निर्माण पूरा करा लिया जाएगा। इस बात की जानकारी जिलाधिकारी ने दी है। बलरामपुर में रिंग रोड का निर्माण 515.7 करोड़ की लागत से शुरू करा दिया गया है। 20 किलोमीटर लम्बी यह रिंग रोड जिला मुख्यालय से सटे 16 गांवों से होकर गुजरेगी।

जिलावासियों के लिए यह खबर राहत भरी है। झारखंडी रेलवे क्रासिंग पर जाम में फंसकर लोगों को समय



झारखंडी रेलवे क्रासिंग जहां बनना है अंडरपास।

गंवाना पड़ता है। इस जाम में सरकारी कर्मियों, यात्रियों के साथ स्कूली बच्चों को भी फंसना पड़ता है। समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है, लेकिन अब इससे छुटकारा मिलने उम्मीद जागी है। जिले में सिरसिया से बिजलीपुर रिंगरोड निर्माण के लिए शासन स्तर से

515.7 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति मिली है। भूमि अधिग्रहण का काम पूरा होने पर मिट्टी पटाई काम शुरू हो गया है। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने बताया कि इस रिंगरोड की कुल लम्बाई 20.515 किमी है। इस पर एक बड़ा तथा सात छोटे पुल बनाए जाएंगे। छह वाहन

## अंडरपास का ड्राइंग तैयार, जल्द शुरू होगा काम

जिलाधिकारी पवन अग्रवाल बताते हैं कि रिंग रोड निर्माण के साथ-साथ झारखंडी रेलवे क्रासिंग पर अंडरपास का निर्माण कराया जाएगा। एनएच ने अंडरपास का ड्राइंग तैयार कर लिया है। अंडर की गहराई इतनी होगी कि बड़े वाहन भी सुगमता से निकल सकेंगे। पानी के ठहराव की कोई गुंजाइश नहीं रहेगी। जल निकास के लिए चैनल बनाए जाएंगे। पानी को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया जाएगा। अंडरपास निर्माण पूरा होने पर हजारों लोगों को इसका लाभ मिलेगा। अभी तक शहर वासियों को भारी जाम से जूझना पड़ रहा है। आने वाले दिनों में यह समस्या समाप्त हो जाएगी। रिंगरोड के साथ-साथ अंडरपास का निर्माण भी कुछ ही माह में शुरू करा दिया जाएगा।

अंडपास, तीन प्रमुख जंक्शन, 31 माइनर कार्नर का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस रिंगरोड के बन जाने से नगर में यातायात का दबाव कम हो जाएगा। बहराइच से तुलसीपुर, गोण्डा व उतरौला जाने वाले बड़े वाहनों को शहर के अंदर नहीं जाना पड़ेगा।

अभी तक शहर के चारों तरफ से आने वाले छोटे-बड़े सभी वाहन नगर से होकर ही गुजरते हैं, जिससे हर दिन भीषण जाम लगता है, जिससे आम जामानस को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जिलाधिकारी ने बताया कि दुलहिनपुर जंगल से होते हुए बहराइच रोड पार कर तुलसीपुर रोड पर बिजलीपुर गांव के पास तक बनने वाली इस रिंगरोड का कार्य जल्द ही शुरू हो जाएगा।

**सदर विकास खंड के 16 गांवों को जोड़ेगी रिंग रोड :** मुख्यालय से सटे सदर विकास खंड के 16 गांवों को यह रिंगरोड जोड़ेगी, जो जाम की समस्या से निजात दिलाने में बेहद कारगर साबित होगी। जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने बताया कि रिंगरोड निर्माण के लिए सभी 16 गांव सिरसिया, बेलवा सुल्तानजोत, दुलहिनपुर, बालपुर, गोपालपुर, बरोध, पखागपुर, ज्योनार, कलंदरपुर, कोयलरा, शेखरपुर, हंसुआडोल, शंकरपुर, सेखुईकलां, बलरामपुर देहात तथा मनवरिया गांव में जमीन अधिग्रहण हो चुका है। किसानों की सहमति पर जमीनों का अधिग्रहण किया गया है। उन्हें मुआवजा भी दिया जा चुका है।

# तीन पारिवारिक मामलों का समाधान

बलरामपुर। पुलिस के परामर्श पर तीन पारिवारिक मामलों का सफल निस्तारण हुआ। सोनी पांडेय, नबीरा व सोनी के पारिवारिक विवादों का निस्तारण पुलिस ने कराया। मुख्य परामर्शदाता अरुण कुमार यादव, वंदना मिश्रा, देवता दीन दुबे, महिला थाना प्रभारी विनीत चतुर्वेदी, महिला कांस्टेबल गुलफशा बानो, हेमा व ज्योति का सराहनीय योगदान रहा।

# घायल महिला को पहुंचाया अस्पताल

बलरामपुर। आपातकालीन सेवा यूपी 112 पीआरबी 3385 ने दुर्घटना में घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। पुलिस कर्मियों को सूचना मिली कि थाना गैड़ास बुजुर्ग अंतर्गत मधुपुर के निकट एक व्यक्ति दुर्घटना में घायल हो गया है। पीआरबी कर्मियों ने पहुंचकर घायल को अस्पताल पहुंचाया।

# हलौरा गांव में तीन किमी की परिधि में दिख रहा तेंदुआ, ग्रामीणों में दहशत

## रात में पटाखे फोड़ व आग जलाकर लोग कर रहे पहरेदारी

संसू, जागरण • गैसड़ी (बलरामपुर): हलौरा गांव में तेंदुए की दहशत कम नहीं हो रही है। गांव के आसपास तेंदुआ रोजाना देखा जा रहा है। वन विभाग ने पिंजरा तो लगाया है, लेकिन तेंदुआ कैद में नहीं आ रहा है। गांव के करीब तीन किमी परिधि में तेंदुआ दिखने से ग्रामीण सहमे हुए हैं। ग्रामीण मुर्गी फार्म के पास रात में पटाखा फोड़ने के साथ आग जलाकर पहरेदारी करने को मजबूर हैं। गांव वालों की सतर्कता व वन कर्मियों के साथ गश्त के कारण किसी तरह की कोई घटना नहीं हुई है लेकिन, दहशत कम नहीं हो रही है।

गांव के राम नरेश ने बताया कि बीते शनिवार की शाम बालापुर चौराहे की तरफ जा रहे थे। तेंदुआ गन्ने के खेत से निकलकर सड़क पार करते दिखा। डर के मारे उल्टे पांव घर भाग आए। हनुमान ने बताया कि रविवार सुबह तालाब के पास बादशाह व सलमान अपनी भैंस चरा रहे थे। नर व मादा तेंदुआ दो शावकों के साथ देख सभी जल्दी-जल्दी भैंस लेकर गांव भाग आए। शफीक ने बताया कि



हलौरा गांव में लगा पिंजरा • जागरण

गांव के पश्चिम ईदगाह के पास बने मदरसे की छत पर भी तेंदुआ दिखा था। मोहम्मद रफीक का कहना है कि कि वह गांव के बाहर मुर्गी फार्म के पास प्रतिदिन देर रात पटाखा और आग जलाकर रखवारी की जा रही है। इससे तेंदुआ रात में तो गांव में नहीं दिखता है।

पिंजरे की जगह बदलने की आवश्यकता: ग्राम प्रधान इंद्रजीत साहू, इरशाद, अब्दुल अहद, हाफिज, रफीक, हामिद ने बताया कि जहां पिंजरा लगा है, वहां बारिश होने से पानी और कीचड़ हो गया था। बकरी तो बांधी जा रही है। कीचड़ के कारण तेंदुआ वहां नहीं जा रहा। पिंजरे की जगह बदल कर दूसरी जगह लगाने की जरूरत है। तेंदुआ हलौरा गांव के बाहर अपना ठौर बना रखा है, जो बदलपुर, संग्रामपुर, कुडोहा, सेमरी, गनेशपुर, दुर्गापुर, लैबुडवा, भोजपुर के बीच में दिखता है। हलौरा गांव के बाहर रात में रहता है।

### प्रतिदिन बांधी जा रही बकरी

उपप्रभागीय वनाधिकारी मनोज कुमार, वन क्षेत्राधिकारी अमरजीत प्रसाद ने बताया कि तेंदुआ पकड़ने के लिए पिंजरा में बकरी प्रतिदिन बांधी जा रही है। गांव में वनकर्मी गश्त कर रहे हैं। साथ ही लाउडस्पीकर, बैनर व अन्य माध्यम से लोगों को जागरूक कर सुरक्षित रहने की अपील की जा रही है। ग्रामीणों को सतर्क रहने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

# विधायक जी आए तो लगा अब होगा कार्य!

## एसडीएम ने भी बाढ़ प्रभावित गांवों में देखा था कटान का हाल, बाढ़ खंड के अफसर बेपरवाह

जासं • वलरामपुरः राप्ती के तटवर्ती गांवों में लगातार हो रही कटान ने बाढ़ खंड के बचाव के दावों की पोल खोल दी है। वहीं, कटानरोधी कार्य न होने से टेंगनहिया मानकोट, ढोंढरी, जमालीजोत, सिकंदरबोझी गांव के सोनडीहा व चौका कला गांवों के लोग सहमे हैं। तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल लगातार कटान प्रभावित गांवों का दौरा कर रहे हैं, लेकिन बाढ़ खंड के अधिकारी चुप्पी साधे हैं। बचाव कार्यों में लापरवाही पर बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता समेत सहायक एवं अवर अभियंता निलंबित हो चुके हैं। ऐसे में मुखियाविहीन विभाग द्वारा बचाव कार्य चुनौती से कम नहीं है।

15 दिन पहले तुलसीपुर विधायक ने वाढ़ खंड अफसरों को दिए थे निर्देशः सिकंदरबोझी गांव का मजरा सोनडीह पहाड़ी नाला हेंगहा की कटान की जद में है। गांव निवासी रामकुमार ने बताया कि सिकंदरबोझी-रमवापुर मार्ग सोनडीह के पास कटकर नाला में समाहित हो गया है। इससे आवागमन बाधित हो गया। वहीं, अशोक कुमार ने कहा कि जब विधायक गांव में कटान का निरीक्षण करने आए, तो लगा कि अब बचाव कार्य होगा, लेकिन अब तक बाढ़ खंड का कोई अधिकारी यहां नहीं आया।

यही हाल सदर तहसील में स्थित चौका कला गांव के मजरे मधवापुर का भी है। राप्ती ग्राम पंचायत सचिवालय से मात्र 50 मीटर की दूरी पर है। तुलसीपुर विधायक ने करीब 15 दिन पहले कटान का जायजा लेकर बाढ़ खंड के अफसरों को निर्देश दिया था। अपर जिलाधिकारी (एसडीएम) सदर संजीव यादव ने भी कटान की स्थिति परखी, लेकिन कोई बचाव कार्य नहीं हुआ।

- कटानरोधी कार्यों के नाम पर बाढ़ खंड ने बहाया बजट, अनुरक्षण मद से खर्च का नहीं हिसाब
- कटान प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामीणों की बढ़ती जा रही परेशानी अधिकारियों को नहीं फिक्र



सोनडीह गांव में ग्रामीणों से जानकारी लेते तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल • जागरण

### 16 संवेदनशील स्थलों पर नियंत्रण का दावा

बलरामपुर-भड़रिया तटबंध में कुल 13 गैप हैं। इन्हें पूर्ण करने के लिए बाढ़ खंड ने परियोजना तैयार की थी। साढ़े छह करोड़ की लागत से पांच अति संवेदनशील स्थलों नसीबगंज, करमहना, मझौवा, कोइरवा व खम्हरिया में कटान निरोधक परियोजना का कार्य कराने का दावा किया जा रहा है। वहीं, सहायक अभियंताओं ने बचाव के नाम पर अनुरक्षण मद से कितनी धनराशि खर्च की, इसका हिसाब नहीं है।

## यहां भी तबाही की आहट से सहमे लोग, बीते 30 जून राप्ती कर रही कटान

सदर विकास खंड के टेंगनहिया मानकोट गांव निवासी नफीस खान, अमान, जगमोहन, मोहम्मद सिरताज, वसीम आदि ने बताया कि राप्ती नदी बीते 30 जून से ही कटान कर रही है। कटानरोधी कार्य के नाम पर बाढ़ खंड के अभियंताओं ने खूब खेल किया। कई बार जिलाधिकारी से शिकायत की, तो बाढ़ खंड ने बंबू कैरट व बोरी में मिट्टी भरकर काम शुरू किया। 26 अगस्त से एक सितंबर तक किए गए कटानरोधी कार्य के नाम पर मात्र नौ बंबू कैरट ही डाले गए। इसके बाद कार्य बीच में ही रोक दिया गया। जो बंबू कैरट डाले गए थे, वह भी कटान में समा गए। इससे गांव के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है। इसके बाढ़ खंड के अभियंता अब तक गांव में झांकने नहीं आए हैं।



सदर विकास खंड के टेंगनहिया मानकोट में कटान करती राप्ती • जागरण

**50** मीटर की मात्र दूरी पर है ग्राम पंचायत से राप्ती नदी ग्रामीणों में दहशत

**6** कटान प्रभावित गांवों का निरीक्षण अधिकारियों ने किया है। बाढ़ खंड के अभियंताओं को कटान रोकने के लिए प्रभावी उपाय करने के निर्देश दिए गए हैं। कटानरोधी कार्यों की जांच होगी।
–प्रदीप कुमार, अपर जिलाधिकारी

# जंगली जानवर का बछड़े पर हमला, दहशत

## सींगनाथ गांव में बलरामपुर फ्लोर मिल के पीछे हुई घटना

संवाद न्यूज एजेंसी

गौरा चौराहा (बलरामपुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के सींगनाथ गांव में बलरामपुर फ्लोर मिल के पीछे जंगली जानवर ने हमला कर बछड़े को मार डाला। मौके पर मिले पगचिह्न के आधार पर ग्रामीण जहां तेंदुए का हमला बता रहे हैं, वहीं वन विभाग कुत्ते के काटने का दावा कर रहा है। जानवर के हमले से गांव में दहशत का माहौल है।

### ग्रामीणों का दावा, दिखे तेंदुए के पगचिह्न



बलरामपुर के गौरा चौराहा के सींगनाथ गांव में ग्रामीणों से घटना की जानकारी लेते वनकर्मी। संवाद

ग्राम सींगनाथ निवासी राजमन जैतापुर-बिस्कोहर राजमार्ग पर बलरामपुर फ्लोर के पीछे अपने परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार की रात जंगली जानवर ने हमला करके डेढ़ माह के बछड़े को मार डाला। मौके पर बड़े-बड़े पगचिह्न भी मिले हैं। उनका कहना है कि यह पगचिह्न तेंदुए के लग रहे हैं। उनका यह भी कहना है कि बछड़े के शरीर का कुछ भाग जंगली जानवर खा गया था।

बछड़े का अवशेष खेत में दफन कर दिया है। वहीं पशुपालक राजमन की पत्नी राजमति का कहना है कि बछड़ा मरने से अब गाय दूध नहीं देगी, जिससे परिवार को पालन-पोषण करने में दिक्कत होगी। ग्रामवासी शमशुद्दीन खां, आशुतोष पांडेय व गुलाम रसूल का कहना है कि जंगली जानवर आने की खबर से लोगों में दहशत है। इन लोगों ने उप प्रभागीय वनाधिकारी को जंगली जानवर के संबंध में सूचना दी। सूचना मिलने पर वन दारोगा मनमोहन पांडेय एवं वन रक्षक राहुल कुमार आदि ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की।

**कुत्ते ने किया था बछड़े पर हमला :** उप प्रभागीय वनाधिकारी मनोज कुमार का कहना है कि ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम ने घटनास्थल पर जाकर जांच की है। लोगों से बातचीत भी की गई है। ग्रामीणों से बातचीत करने पर पता चला है कि बछड़े पर जंगली जानवर ने नहीं बल्कि कुत्ते ने हमला किया था। हालांकि स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

### सांड़ के हमले में वृद्ध महिला की मौत

जरवा (बलरामपुर)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के झिंगहा गांव में रविवार की सुबह सांड़ के हमले से 65 वर्षीय महिला की मौत हो गई। कई लोगों पर सांड़ हमला कर चुका है। क्षेत्र के लोगों ने सांड़ को पकड़वाने की मांग की है। ग्राम प्रधान हरीश मिश्र ने बताया कि सांड़ खंगुर की पशुशाला में बैठा था। उनकी पत्नी सुरसता (65) डिब्बा उठाने पशुशाला में गई थीं। सांड़ ने उनपर हमला कर दिया। सांड़ के हमले से सुरसता की मौके पर ही मौत हो गई। प्रधान का कहना है कि सांड़ अब तक 12 लोगों को घायल कर चुका है। कुछ दिन पहले एक सिपाही पर भी हमला कर घायल कर दिया था। ग्रामीण ननकुन, संतोष कमलापुरी, भोला व अर्जुन आदि ने सांड़ को पकड़वाकर जंगल में छोड़े जाने की मांग की है। कोतवाली जरवा के प्रभारी निरीक्षक अखिलेश पांडेय ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। परिजन शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए तैयार नहीं है। गैसड़ी ब्लॉक के बीडीओ अवनींद्र पांडेय ने बताया कि सांड़ को पकड़ने के लिए टीम गठित की गई है। (संवाद)

# जंगली जानवरों की दस्तक से नौ गांव के लोगों की उड़ी नींद

### वन विभाग काबू में नहीं कर सका कोई भी हिंसक जानवर चारों तहसील में खौफजदा हैं लोग

संवाद न्यूज एजेंसी

रुपईडीह/गोंडा। जंगली जानवरों की दस्तक से नौ गांवों के बाशिंदों की नींद उड़ी है। जंगली जानवर ने जिन गांवों में हमले किए हैं, वहां वन विभाग की ओर से भी महज खानापूर्ति की गई है। आम लोगों को यह भी स्पष्ट नहीं बताया कि आखिर वह जानवर कौन है। वन विभाग कुछ गांवों में सियार होने की आशंका जता रहा है लेकिन कई गांवों में जानवर के बारे में स्पष्ट नहीं कर सका। जंगली जानवर के पकड़े नहीं जाने से ग्राम पंचायत फरेंदा शुक्ल व तेलियानीपाठक के लोग अभी भी दहशत में हैं।

कटरा बाजार वन रेंज के फरेंदा शुक्ल गांव, रमलला पुरवा, दर्जी पुरवा व तेलियानी पाठक व डिहवा में शुक्रवार देर रात जंगली जानवर ने हमला कर तीन बच्चों को चोटिल किया था। वहीं, मवेशी पर भी हमला किया था। हमले में घायल तीनों बच्चों को मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया गया था। हालत ठीक होने पर शनिवार देर शाम तीनों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। ग्रामीण शिवनारायण यादव, उमेश साहू, श्रीदेवी, गीता, जगदीश प्रसाद यादव का कहना है कि हमला करने वाला जंगली जानवर भेड़िया ही था।

इसके अलावा नवाबगंज के महंगूपुर, लौव्वीरपुर, बिश्नोहरपुर, तरबगंज के रंगधारपुरवा, नगवही, पंडरीकृपाल के केवलपुर आदि गांवों में भी इसी महीने जंगली जानवर ने हमला किया था। इन क्षेत्रों के लोगों को आज तक जंगली जानवर का भय सता रहा है। उप प्रभागीय वनाधिकारी सुदर्शन का कहना है कि प्रभावित गांवों में लगातार निगरानी की जा रही है। गांव के लोगों को भी जागरूक किया गया है।

### जंगली जानवरों के हमले पर रोक लगाने की मांग

सपा के राष्ट्रीय सचिव मसूद आलम खान का कहना है कि जंगली जानवर मासूम बच्चों को निशाना बना रहा है। यह दुखद है। शासन इसे गंभीरता से ले। पुलिस और वन विभाग की जिम्मेदारी दी जाए। ताकि आम लोग खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें। उन्होंने कहा कि सरकार लोगों को सुरक्षित माहौल देने में विफल है। वहीं, कांग्रेस के जिला प्रवक्ता शिवकुमार दुबे ने मांग की है कि प्रभावित गांवों में वन विभाग ठोस कदम उठाए।

# बेटियों को शिक्षित करने का लिया संकल्प

बलरामपुर। नगर के बलुहा मोहल्ला स्थित राम जानकी मंदिर में रविवार को चौरसिया समाज की बैठक हुई। बैठक में समाज के लोगों ने बेटियों को शिक्षित करने का संकल्प लिया। वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. बीआर चौरसिया ने कहा कि समाज का उत्थान तभी संभव है जब बेटों के समान बेटियों को भी शिक्षा का अवसर मिले। इसलिए सभी लोग बेटियों को भी प्रारंभिक शिक्षा के साथ ही उच्च शिक्षा दिलाएं। (संवाद)

# यातायात नियमों की जानकारी होने पर ही खरीद सकेंगे वाहन

बलरामपुर। सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए परिवहन विभाग ने नई पहल शुरू की है। उप संभागीय परिवहन अधिकारी ने वाहन विक्रेताओं को अपने शोरूम पर रोड सेफ्टी कॉर्नर स्थापित करने का निर्देश दिया है। वाहन खरीदने के लिए आने वाले ग्राहकों को पहले यहां पर यातायात नियमों की जानकारी दी जाएगी। यातायात नियमों की जानकारी के बाद ही ग्राहक को वाहन की डिलीवरी देनी होगी।

**वाहन विक्रेताओं को रोड सेफ्टी कॉर्नर स्थापित करने का निर्देश**

एआरटीओ बृजेश यादव ने बताया कि सड़कों पर आए दिन होने वाले हादसों में कमी लाने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा यह निर्णय लिया गया है। इस संबंध में शासन से निर्देश मिलने के बाद सभी वाहन डीलरों को अपने शोरूम पर रोड सेफ्टी कॉर्नर (जागरूकता कॉर्नर ) स्थापित करने को कहा गया है। शोरूम पर वाहन खरीदने के लिए आने वाले ग्राहकों को पहले यातायात से जुड़े सभी नियमों की जानकारी दी जाएगी।

रोड सेफ्टी कार्नर में ऑडियो व वीडियो के जरिए सड़क दुर्घटना को रोकने और हादसे के बाद क्या किया जा सकता है, इसके बारे में जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले के सभी दो पहिया व चार पहिया वाहन शोरूम संचालकों को रोड सेफ्टी कॉर्नर स्थापित करने का निर्देश दिया जा चुका है। (संवाद)

# परामर्श केंद्र में मजबूत हो रही रिश्तों की डोर

## केंद्र में 15 सालों में 10 हजार से अधिक मामलों का किया गया निपटारा

मंगल देव गिरि



परामर्श केंद्र में मौजूद परामर्शदात्री समिति के सदस्य। -संवाद

**बलरामपुर।** पति-पत्नी के रिश्तों में परिवार परामर्श केंद्र के सुझाव व सलाह मिठास घोल रहे हैं। 15 साल में परिवार परामर्श केंद्र पर 10 हजार से अधिक विवादों का निस्तारण कराया जा चुका है।

वर्ष 2009 में परिवार परामर्श केंद्र का संचालन शुरू हुआ था। तत्कालीन एसपी जे रवींद्र गौड़ ने पति-पत्नी के बीच छोटे-मोटे विवादों का आपसी सुलह-समझौते से निस्तारण कराने के लिए यह पहल शुरू की थी। तत्कालीन इंस्पेक्टर भरत लाल यादव के कंधों पर परिवार परामर्श केंद्र को संचालित कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

15 साल के सफर में परिवार परामर्श केंद्र पर आपसी सुलह-समझौते के जरिए 10 हजार से ज्यादा मामलों का निस्तारण कराया जा चुका है। परामर्शदाताओं की टीम ने पति-पत्नी के बीच छोटे-मोटे विवादों का निस्तारण कराने में अहम भूमिका निभाई है।

परामर्शदाता वंदना मिश्रा बताती हैं कि परिवार परामर्श केंद्र पर दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर उनके बीच छोटे-मोटे विवाद निस्तारित कराकर उन्हें एक साथ रहने के लिए राजी किया जाता है। (संवाद)

### हर रविवार को होता है आयोजन

- महिला थाना प्रभारी विनीता चतुर्वेदी ने बताया कि हर रविवार को परिवार परामर्श केंद्र पर बैठक आयोजित कर पारिवारिक मामले निस्तारित कराए जाते हैं। दहेज, शराब की लत, अहंकार व अन्य मामले पति-पत्नी के बीच विवाद का कारण बनते हैं। इन विवादों का निस्तारण कराने के लिए दोनों पक्षों को नोटिस दिया जाता है। परिवार परामर्श केंद्र की बैठक में दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर उनके बीच सुलह-समझौता कराया जाता है।

### छह महीने में 66 मामलों का निपटारा

छह महीने में परिवार परामर्श केंद्र की बैठक में 66 मामलों के निस्तारण कराया गया है। जनवरी से जून 2024 तक कुल 71 मामले परिवार परामर्श केंद्र में दाखिल हुए। आपसी सुलह-समझौते के जरिए 66 मामले निस्तारित करा दिए गए हैं। पांच मामलों का निस्तारण कराया जा रहा है। रविवार को 18 पत्रावलियां रखी गईं, जिसमें अरुण कुमार यादव, तनवीर जहां, वंदना मिश्रा व देवतादीन दुबे ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर तीन मामलों का निस्तारण कराया।

### टूटते परिवारों को जोड़ने का अच्छा मंच

" परिवार परामर्श केंद्र टूटते परिवारों को जोड़ने का अच्छा मंच है। परामर्शदाताओं के समझाने-बुझाने के बाद पति-पत्नी एक साथ रहने को राजी हो जाते हैं।

-योगेश कुमार, एएसपी

# बघेलखंड चौकी के प्रभारी लाइन हाजिर

**बलरामपुर।** कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए एसपी विकास कुमार ने जिले के तीन चौकी प्रभारियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है। सभी को तत्काल तैनाती वाले क्षेत्र में जॉइन करने का निर्देश दिया गया है। एसपी ने देहात कोतवाली के श्रीनगर चौकी प्रभारी जितेंद्र बहादुर को कोतवाली जरवा के बघेलखंड चौकी का प्रभार सौंपा है। पुलिस लाइन में तैनात दिलीप कुमार सिंह को श्रीनगर चौकी का प्रभारी बनाया गया है। कोतवाली जरवा के बघेलखंड चौकी के प्रभारी ओमकार को लाइन हाजिर कर दिया गया है। (संवाद)

# अब जागरूकता से रोकेंगे सड़क हादसे

संवाद न्यूज एजेंसी

बलरामपुर। तमाम कोशिशों के बावजूद हादसों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। दुर्घटना बहुल जिले के 20 स्थानों पर चालू वित्तीय वर्ष में पुलिस विभाग ने संकेतक लगाने में चार लाख रुपये खर्च कर दिए हैं। इसके बाद भी आए दिन हादसे हो रहे हैं। ऐसे में अब जागरूकता की मुहिम शुरू करने का निर्णय लिया गया है।

नगर कोतवाली में बिजलीपुर, महेशभारी, मधवाजोत व भगवतीगंज चौराहा पर अधिकतर सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। देहात कोतवाली के नहर बालागंज, रेणुकानाथ मंदिर के पास गिद्धरैया गांव, चकवा, कोड़रीघाट, कल्ला भट्ठा मोड़, रमईडीह व बलुहा मोड़ के बीच, तहसील गेट व धुसाह गांव के पास भी हादसे हो रहे हैं।

उतरौला कोतवाली में पिपराराम तिराहा व पुरैना बुलंद भी दुर्घटना बहुल क्षेत्र चिह्नित हैं। तुलसीपुर थाना में रमवापुर व गनवरिया एवं पचपेड़वा थाना में जूड़ीकुइंया सहित जनपद के 20 स्थानों को दुर्घटना बहुल चिह्नित किया गया है। पुलिस विभाग ने इन सभी स्थानों पर संकेतक बोर्ड, रोड मार्किंग, चेतावनी बोर्ड लगवाने पर चार लाख रुपये खर्च किए हैं।

## दुर्घटना बहुल 20 स्थानों पर संकेतक लगाने में चार लाख रुपये किए जा चुके हैं खर्च

### लोगों को किया जाएगा जागरूक

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने व लोगों को जागरूक करने के लिए समय-समय पर कार्यक्रम कराए जाते हैं। दुर्घटना बहुल क्षेत्रों को चिह्नित करने का निर्देश दिया गया है, जिससे वहां पर संकेतक बोर्ड लगाए जा सकें। अब जागरूकता को लेकर विशेष गतिविधियां संचालित करने की तैयारी की जा रही है।

**– विकास कुमार, एसपी**

# पीआरवी ने घायल महिला को पहुंचाया अस्पताल

बलरामपुर। यूपी 112 की मदद से हादसे में घायल महिला को समय पर अस्पताल पहुंचाया गया। इससे महिला का तत्काल इलाज संभव हो सका। एएसपी योगेश कुमार ने बताया कि 21 सितंबर शाम 6.35 बजे गैड़ास बुजुर्ग थाना के पाटनडीह गांव निवासी एक व्यक्ति ने यूपी 112 पर फोन किया कि मधपुरपुल के पास पिकअप व स्कूटी भिड़ गई है। इसमें एक महिला नीचे फंस गई है। तत्काल एंबुलेंस व पुलिस सहायता चाहिए। पीआरवी 3385 को सूचना मिलते ही कमांडर कांस्टेबल सूरज यादव व चालक रामयश दुर्घटनास्थल पर पहुंच गए और घायल महिला को कम रिस्पांस टाइम में सीएचसी उतरौला में भर्ती कराया। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-23-09-2024

हिन्दुस्तान

# नारी जागरण को पूजा पंडालों पर लगेगी चौपाल

## सुरक्षा संग घरेलू हिंसा से बचाने को उठाए जाएंगे कदम, पुलिस अधीक्षक ने महिला बीट प्रभारियों को सुझाए सुरक्षा के मंत्र

**पहल**

बहराइच, संवाददाता। महिला सुरक्षा योगी सरकार की प्राथमिकता में है। घरेलू हिंसा से लेकर सभी तरह की समस्याओं के निस्तारण को लेकर एसपी ने भी इस दिशा में एक बड़ी पहल की है। अब बीट प्रभारी अपने बीट में ऐसी महिलाओं की तलाश कर रिपोर्ट तैयार करेंगी, जो सुरक्षा, घरेलू हिंसा समेत अन्य मामलों में पीड़ित हैं। इनके घर माह में तीन दिन पहुंचकर हालचाल लेंगी। पूजा पंडालों के बाहर महिला चौपाल लगाकर उन्हें योजनाओं व कानूनी मदद की जानकारी साझा करेंगी।

जिले में महिला सशक्तिकरण को लेकर कई विभाग काम कर रहे हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी पुलिस विभाग के कंधों पर है। मिशन शक्ति/शक्ति दीदी अभियान के तहत स्कूली छात्राओं की सुरक्षा को लेकर महिला पुलिस कर्मी तैनात हैं।



पुलिस लाइन के प्रशिक्षण सत्र में मौजूद एसपी व अन्य।

महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े अन्य मामलों को भी पुलिस प्राथमिकता से निपटा रही है।

इसी क्रम में एसपी वृंदा शुक्ला ने एक और बड़ी पहल की है। इसके तहत रिजर्व पुलिस लाइन, सभी थानों और पुलिस कार्यालयों में तैनात महिला कर्मियों को बीट आवंटित की गई है। प्रभावी रूप से धरातल पर कैसे क्रियान्वित करना है, इसके संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। एसपी ने कहा कि अपनी-अपनी आवंटित बीट में ग्राम प्रधान, आशा बहू, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्थानीय स्कूल कॉलेज में पढ़ने वाली लड़कियों के साथ संवाद स्थापित करें।

एक- दूसरे लोग अपना मोबाइल नंबर साझा करें। उस क्षेत्र में सभी शराब के ठेकों की, जुओं के अड्डों की जानकारी करें, जो उस गांव में शोहदे हैं या आदतन शराबी हैं, जो महिलाओं के आवागमन को बाधित करते हैं, परेशान करते हैं उनकी पहचान कर उनके खिलाफ कार्यवाही करें।

नियमित रूप से महिला चौपाल लगाकर स्थानीय महिलाओं को पुलिस की सेवाओं संग घर तक सुगमता से पहुंचने के संबंध में जानकारी प्रदान करें।

घरेलू हिंसा होने की संभावना को देखते हुए पुलिस अपनी नियमित निगरानी महिला बीट अधिकारी को पीड़िता के घर पर भेजकर सात दिवस, 15 दिवस व 01 माह के अंतराल पर विवादित दंपति की नियमित चेकिंग कराना सुनिश्चित करें। सभी महिला बीट अधिकारी थाना प्रभारी के सहयोग से अपने- अपने क्षेत्र में दुर्गा पूजा/नवरात्रि के दौरान महिला चौपालों का आयोजन करें।



पुलिस लाइन सभागार में अपराध समीक्षा बैठक करती एसपी।

### बीट की हर गतिविधि पर रखें नजर

एसपी ने कहा कि महिला बीट प्रभारी अपनी डायरी में अपने बीट से जुड़ी हर गतिविधियों को अंकित करें, ताकि ऐसे स्थान, लोगों के बारे में जानकारी रहे। महिलाओं से जुड़े मामलों में त्वरित कदम उठाएं। उनको इंसाफ दिलाने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएं, ताकि नारी खुद को सुरक्षित व प्रताड़ना से बचें।

### अपराधों पर कड़ाई से लगाएं अंकुश : एसपी

बहराइच। एसपी वृंदा शुक्ला ने रविवार को पुलिस लाइन सभागार में अपराध समीक्षा बैठक में बीट स्तर से कड़ी निगरानी रख अपराधों पर कड़ाई से अंकुश लगाने को कहा है, उन्होंने लंबित विवेचनाओं पर कड़ी नाराजगी जताई है। बाल व महिला अपराधों पर संवेदनशीलता बरतने, फरियादियों से मृदुल व्यवहार अपनाए जाने को कहा है। शारदीय नवरात्र व विजया दशमी पर्व को लेकर सुरक्षा व्यवस्था का ठोस प्लान बनाए जाने की हिदायत दी। एसपी ने सभी प्रभारी निरीक्षकों, थानाध्यक्षों को समय से कार्रवाई करने को कहा। घटना होने पर संबंधित बीट अधिकारी से लेकर एएसपी नगर, ग्रामीण तक संज्ञान लेंगे। ऐसा प्रायः देखने में आ रहा है कि शिकायतकर्ता से बिना संपर्क स्थापित किए प्रकरण का निस्तारण किया जा रहा है, जो किसी भी दशा में उचित नहीं है।

# अभियान चलाकर पकड़े 23 वांछित

बहराइच। थाना रामगांव पुलिस ने वांछित लोनियनपुरवा नौतला निवासी मुन्ना, नेवादा निवासी रामू वर्मा, लक्खाबौडी निवासी लल्लू, खैराधौकल निवासी मनीराम, गुल्हरिया निवासी अकील, दामोदरजोत सिसइया निवासी चेतराम को पकड़ा। पयागपुर पुलिस ने मसूदपुर निवासी रामधीरज शर्मा उर्फ सिक्का, परसिया आलम निवासी सलामत व दरगाह शरीफ पुलिस ने हमजापुरा निवासी बरकत अली, सलारगंज निवासी रिजवान, बक्सीपुरा निवासी नौशाद, गुलामअलीपुरा निवासी रमेश गुप्ता, नन्हे गुप्ता उर्फ अश्विनी को दबोच लिया। खैरीघाट पुलिस ने वांछित लल्लूराम, रहीस अहमद, हरिराम, रूपनरायन लोध, पप्पू सिंह, मटेरा पुलिस ने रमेश कुमार, इबरार व कैसरगंज पुलिस ने सोधे उर्फ महमूद, सत्यदेव, तेजराम को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। (संवाद)

हिन्दुस्तान

# पुलिस पेंशनर्स संग एसपी ने की गोष्ठी

**बहराइच।** पुलिस लाइन सभागार में एसपी वृन्दा शुक्ला ने पुलिस विभाग के पेंशनर्स के साथ गोष्ठी की। जिसमें उन्होंने बताया गया कि पुलिस बल से सेवानिवृत्त होने के बाद भी हम समाज के प्रति अपने दायित्व निभाते रहते हैं।

विभाग के पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं को विस्तार पूर्वक सुनते हुए उनके समयबद्ध निराकरण को सम्बंधित अधीनस्थ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि पेंशनर्स की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता में शामिल है। उनकी सहूलियत के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। ताकि उन्हें किसी भी तरह की असुविधा न हो। पेंशनर्स अपनी समस्याएं पूर्व से संचालित हो रहे वाट्सएप ग्रुप के जरिये भी अवगत करा सकते हैं।

# अपहरण का आरोपी गिरफ्तार किया

बहराइच। पुलिस की पकड़ से फरार चल रहे अपहरण के आरोपी को कोतवाली नानपारा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाल प्रदुम्न कुमार सिंह ने बताया कि पूछताछ के बाद आरोपित को जेल रवाना कर दिया गया है।

# नवरात्र पर महिला चौपाल का करें आयोजन

बहराइच। महिला सशक्तीकरण के लिए मिशन शक्ति दीदी अभियान के तहत पुलिस लाइन में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान एसपी वृंदा शुक्ला ने महिला बीट अधिकारी को पीड़िता के घर भेजकर सात दिन, 15 दिन और एक माह के अंतराल पर विवादित दंपति की नियमित चेकिंग करने के निर्देश दिए। नवरात्र के मौके पर चौपालों का आयोजन कर महिलाओं को जागरूक करने के निर्देश भी दिए। (संवाद)

# किशोरी अपहरण मामले में नामजद गिरफ्तार

बहराइच। नवाबगंज एसएचओ शीला यादव ने बताया कि दरोगा रणजीत यादव, मुख्य सिपाही इंद्रजीत यादव, राकेश यादव, सिपाही अमित मदेशिया ने निम्ननिहारा गांव के पास दबिश दी। किशोरी अपहरण मामले में नामजद फरार आरोपी जमदान निवासी उदयवीर वर्मा को धर दबोचा। पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

# ग्रामीणों ने तमंचा सहित युवक को दबोचा

बहराइच। विशेश्वरगंज थाने के गुलहरिया के पंडितपुरवा में शनिवार शाम प्रतापपुर उपरहर निवासी पंकज मिश्रा उर्फ रवीन्द्र मिश्रा सूर्यराम मिश्रा की दुकान पर आकर मारपीट करने लगा। उसने 315 बोर का तमंचा निकाल लिया। जिस पर ग्रामीणों ने उसे दबोचकर तमंचा छीनकर पुलिस को सूचना दी। एसएचओ नवीन कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी पर मारपीट व शस्त्र अधिनियम के तहत केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।

# विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत, हत्या का आरोप

जासं,बहराइच : रुपईडीहा इलाके की रहने वाली महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। जानकारी पाकर पहुंचे परिवारजन ने ससुरालजन पर दहेज के प्रताड़ित कर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

देहात कोतवाली इलाके के चौगड़िया निवासी मुसीबत अली ने बताया कि उसने अपनी पुत्री रुखसार का विवाह सात माह पूर्व रुपईडीहा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रंजीत बोझा निवासी नियामत अली से किया था। अपनी हैसियत के हिसाब से उन्होंने दान-दहेज भी दिया। इसके बाद भी बेटी को और दहेज के मारा-पीटा जाता था। थानाध्यक्ष शमसेर बहादुर सिंह ने बताया कि मृतका के पिता ने तहरीर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।



सीतापति व रुखसार (फाइल फोटो)

महिला ने खाया विषाक्त, मौत -चित्तौरा : दनावल निवासी सीतापति ने शनिवार की देर शाम को विषाक्त पदार्थ खा लिया था। हालत गंभीर होने पर परिवारजन उसे बहराइच मेडिकल कालेज लेकर आए थे। इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई।

# बालिका से दुष्कर्म का प्रयास, मुकदमा दर्ज

संसू,जागरण,फखरपुर(वहराइच) : थाना क्षेत्र की रहने वाली एक छह वर्षीय बालिका से मुस्लिम समुदाय के किशोर ने जबरन दुष्कर्म का प्रयास किया। घर पहुंची बालिका ने आपबीती परिवारजन को बताई। पीड़िता के पिता ने नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

बालिका के पिता ने बताया गांव में प्राथमिक विद्यालय बना हुआ है। शनिवार को छुट्टी के कुछ देर बाद छह वर्षीय बेटी विद्यालय के बाहर खेल रही थी, तभी एक मुस्लिम किशोर पहुंचा और उसे जबरन स्कूल परिसर में बने शौचालय में ले जाकर जबरन दुष्कर्म का प्रयास किया। उसके रोने-चिल्लाने पर किशोर भाग गया। घर पहुंची बालिका की बात सुनकर जब आरोपित किशोर के पिता से पीड़ित शिकायत करने पहुंचे तो उन्हें जानमाल की धमकी दी गई। थानाध्यक्ष अभिनव प्रताप सिंह ने बताया कि किशोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# फरियादियों से करें सौम्य व्यवहार

**बहराइच।** पुलिस लाइन सभागार में रविवार को एसपी वृंदा शुक्ला ने सीओ व थानाध्यक्षों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की। इसमें डीआइजी देवीपाटन मंडल द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत वारंटियों की गिरफ्तारी, जिला बदर, पुरस्कार घोषित अपराधियों पर कार्रवाई करने की हिदायत दी गई। फरियादियों से सौम्य व्यवहार करने व समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश भी दिए गए। वहीं थाना स्तर पर आये प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में ढिलाई बरतने वाले थानाध्यक्षों पर सख्त कार्यवाही करने की बात भी कही गई। (संवाद)

# किशोर पर दुष्कर्म के प्रयास करने का केस दर्ज

**फखरपुर।** थाना क्षेत्र में एक छह वर्षीय मासूम के साथ प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को एक किशोर ने दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़िता के पिता ने आरोप लगाते हुए पुलिस को बताया कि गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को छुट्टी हो गई थी जिसके बाद उसकी बेटी विद्यालय के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान एक किशोर आया और बेटी को शौचालय में ले गया। जहां उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। इस दौरान बेटी ने जोर-जोर से शोर मचाते हुए मदद की गुहार लगाई। जिसके बाद किशोर उसे छोड़कर भाग गया। थाना प्रभारी अभिनव प्रताप सिंह ने बताया पिता की तहरीर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्जकर आरोपी की तलाश की जा रही है। (संवाद)

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-23-09-2024

# 18 वांछित गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिले में शनिवार रात पुलिस ने 18 वांछितों को गिरफ्तार किया। एकघरवा निवासी मन्नान व अंगनू, केवलपुर निवासी रामबहाल सिंह, रेहली बिशुनपुर निवासी त्रिवेनी यादव व चांदे, लौकी पुरवा निवासी छोटकऊ उर्फ शाहिद, साई पुरवा निवासी सलीम उर्फ नियामत, सचौली निवासी छोटकऊ व इसराइल, सिरसिया के संतोष, टेड़िया निवासी सुखराम सहित 18 वांछितों के विरुद्ध कार्रवाई कर संबंधित रिमांड मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया। (संवाद)

## युवतियों को किया जागरूक

**श्रावस्ती।** मिशन शक्ति अभियान के तहत शक्ति मोबाइल टीम ने गिलौला के कोलाभार, गिलौला कस्बे में चौपाल लगाया। अर्जिता यादव ने महिलाओं व युवतियों को मिशन शक्ति अभियान के बारे में बताया। वहीं सुषमा सिंह ने महिलाओं के लिए बनाए गए नियमों की जानकारी दिया। सरिता जायसवाल ने गुड टच व बैड टच तथा पूजा देवी ने टोल फ्री नंबर की जानकारी दिया। वहीं हरदत्त नगर नगर गिरन्ट में उप निरीक्षक अनीश गौड़ ने एंटी रोमियो, आरक्षी भोला सिंह ने साइबर सुरक्षा और महिला आरक्षी सरला अवस्थी ने ग्राम डांडेकुइयां में महिलाओं व बालिकाओं को वीमेन पावर लाइन 1090 सहित उनके अधिकार के लिए बनाए गए कानून व नियमों के बारे में जानकारी दिया। (संवाद)

## 71 वाहनों का हुआ चालान

**श्रावस्ती।** पुलिस ने रविवार जांच अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 71 वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में ई चालान किया। इस दौरान पुलिस ने 10,7000 रुपये जुर्माना भी वसूल किया। (संवाद)

## सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाएं त्योहार

**कटरा (श्रावस्ती)।** नवीन मॉडर्न थाना कटरा में रविवार को शांति समिति की बैठक हुई। उसमें थानाध्यक्ष गणनाथ प्रसाद ने लोगों से शांति व सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की। कहा कि शांति व्यवस्था को बिगाड़ने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे। (संवाद)